सूर्योदय 7:09 सूर्यास्त 6:03

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 7.0 न्यू | 17.0 अधि |
| धर्मशाला | 8.0 न्यू | 20.0अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 83,313 |
| निफ्टी | 25,642 |
| सोना 1,49,000 | चांदी 2,52,750 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | रविवार, 8 फरवरी 2026 | 28 माघ, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 3, अंक 42, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### रितु तावड़े भाजपा की मुंबई मेयर की प्रत्याशी

**एजेंसी, मुंबई।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के मुंबई अध्यक्ष अमित साटम ने शनिवार को मुंबई में कहा कि उनकी पार्टी की पार्षद रितु तावड़े मुंबई महापौर की उम्मीदवार बनाया गया है, जबकि शिंदे गुट की शिवसेना की ओर से पार्षद संजय शंकर घाड़ी को उपमहापौर का उम्मीदवार घोषित किया गया। मुंबई नगर निगम मुख्यालय में आज भाजपा और शिंदे गुट के सभी पार्षद मौजूद थे। इस मौके मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा, मुंबई भाजपा अध्यक्ष अमित साटम, शिंदे गट के नेता राहुल शेवाले भी उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)

### पप्पू यादव को दो दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

**एजेंसी, पटना।** पूर्णिया सांसद पप्पू यादव को पटना की एक अदालत ने दो दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। फिलहाल पप्पू यादव इलाज के लिए पटना मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में भर्ती रहेंगे। इससे पहले, पप्पू यादव को देर रात उनके पटना स्थित आवास से गिरफ्तार किया गया था। शहर के एसपी भानु प्रताप ने बताया कि उनके खिलाफ 1995 से एक ट्रायल कोर्ट केस चल रहा है। वारंट जारी किया गया था और उन्हें अदालत में पेश होना था, लेकिन वे पेश नहीं हुए। पेश न होने के कारण उनकी गिरफ्तारी की गई। (अनंत ज्ञान)

### यमुना एक्सप्रेस-वे पर सड़क हादसा, 6 की मौत

**एजेंसी, मथुरा।** उत्तर प्रदेश में मथुरा जिले में यमुना एक्सप्रेस-वे पर शनिवार सड़क हादसे में छह यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक यात्री गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा थाना सुरीर क्षेत्र के माइल स्टोन 88 के पास तड़के करीब पौने तीन बजे हुआ। मृतकों में दो लोगों की अभी पहचान नहीं हो सकी है। वहीं, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सड़क हादसे का संज्ञान लिया है। मुख्यमंत्री ने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की हैं। उन्होंने अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंच कर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। (अनंत ज्ञान)

### शाह ने कर्नल सोफिया मामले में फिर मांगी माफी

**एजेंसी, भोपाल।** कर्नल सोफिया को लेकर दिए बयान को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई से दो दिन पहले एमपी के जनजातीय कार्य मंत्री विजय शाह ने एक बार फिर माफी मांगी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर कहा- मैंने पहले भी कई बार कहा है, मेरा किसी महिला अधिकारी, भारतीय सेना का अपमान करने का कोई इरादा नहीं था। वे शब्द निस्संदेह मेरी भावना के अनुरूप नहीं थे। वे शब्द देश भक्ति के उत्साह, उत्तेजना और आवेश में निकले थे। मैंने अंतःकरण से कई बार क्षमा याचना की। आज फिर कर रहा हूं। मेरे लिए अत्यंत पीड़ादायक है कि मेरी छोटी से त्रुटि से ऐसा विवाद उत्पन्न हुआ। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- सरकार ने 3 साल में अर्जित किया 26,683 करोड़ राजस्व -पेज 3
- धर्मशाला के टंग नरवाणा में बायो डायवर्सिटी पार्क जल्द होगा शुरू -पेज 4
- नहीं भटकेंगे पेंशनर्स, दहलीज पर होगा समस्याओं का समाधान -पेज 5
- भाजपा की सबसे बड़ी ताकत कार्यकर्ता : अनुराग ठाकुर -पेज 6
- भुंतर का क्षतिग्रस्त जिया फुट ब्रिज पुनर्निर्माण फाइलों में दफन -पेज 11


# हिमाचल का बजट सत्र 16 फरवरी से

## सुक्खू सरकार आरडीजी को लेकर रखेगी अपना पक्ष, लाया जाएगा प्रस्ताव

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** केंद्र सरकार द्वारा राज्यों के लिए राजस्व घाटा अनुदान का प्रावधान खत्म किए जाने के बाद राज्य की राजनीति में हलचल तेज हो गई है। इस मुद्दे पर विधानसभा का एक दिन का विशेष सत्र बुलाने के प्रस्ताव को राज्यपाल की मंजूरी नहीं मिली है, लेकिन इसके साथ ही बजट सत्र बुलाने को हरी झंडी दे दी गई है। लोकभवन के सुझाव के बाद अब प्रदेश में सीधे बजट सत्र ही आयोजित होगा, जिसमें आरडीजी को लेकर सरकार अपना पक्ष रखेगी और प्रस्ताव लाया जाएगा। इससे साफ हो गया है कि अलग से कोई विशेष सत्र नहीं होगा और पूरा विमर्श अब बजट सत्र के मंच पर ही होगा।

इससे पहले विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने शुक्रवार को लोकभवन जाकर राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से मुलाकात की। इस दौरान विशेष सत्र के प्रस्ताव पर विस्तार से चर्चा हुई। लोकभवन का रुख स्पष्ट रहा कि यह समय बजट सत्र का है और आरडीजी से जुड़ा प्रस्ताव उसी सत्र में पारित किया जा सकता है। सरकार की ओर से यह दलील दी गई कि आरडीजी बंद होने से प्रदेश की माली हालत पर गंभीर असर पड़ेगा और विधानसभा के माध्यम से केंद्र तक कड़ा संदेश जाना चाहिए।

आरडीजी को लेकर सरकार और लोकभवन के बीच मतभेद भी खुलकर सामने आए हैं। सरकार का मानना है कि इस ग्रांट के बंद होने से हिमाचल की वित्तीय संरचना पर गहरा दबाव पड़ेगा और इसका विरोध दर्ज कराना जरूरी है। वहीं विपक्ष और भाजपा की ओर से सोशल मीडिया पर सरकार पर तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर पेश करने के आरोप लगाए जा रहे हैं।

इस पूरे घटनाक्रम ने प्रदेश की सियासत को और गरमा दिया है और बजट सत्र के दौरान तीखी बहस के संकेत मिल रहे हैं।




◆ आरडीजी पर अब अलग से कोई विशेष सत्र नहीं होगा

### बजट सत्र की अधिसूचना जारी : विस अध्यक्ष



**विधानसभा** अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने बताया कि राज्यपाल की संस्तुति के बाद बजट सत्र की अधिसूचना जारी कर दी गई है। चौदहवीं विधानसभा का ग्यारहवां सत्र 16 फरवरी 2026 से अपराह्न दो बजे शुरू होगा, जिसकी शुरुआत राज्यपाल के अभिभाषण से की जाएगी। इसके बाद शोक प्रस्ताव और विधायी कार्य होंगे। अध्यक्ष ने कहा कि अब आरडीजी सहित सभी अहम मुद्दों पर चर्चा बजट सत्र में ही होगी।

### सरकार ने स्वीकार किया राज्यपाल का सुझाव : सीएम



**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि विशेष सत्र को लेकर राज्यपाल की ओर से दिए गए सुझाव को सरकार ने स्वीकार कर लिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अब विशेष सत्र नहीं, सीधे बजट सत्र में आरडीजी को लेकर विस्तार से चर्चा होगी और हिमाचल प्रदेश की जनता को यह पता चलना चाहिए कि केंद्र सरकार ने प्रदेश को क्या दिया है। उन्होंने कहा कि राज्यों के करों की हिस्सेदारी हर साल बढ़ती है, लेकिन हिमाचल को 72 वर्षों से मिल रही विशेष ग्रांट आरडीजी के रूप में अब बंद कर दी गई है, जो गंभीर विषय है। आरडीजी बंद होने से कर्मचारियों को वेतन और पेंशनर्स को पेंशन देने में समस्या आएगी।

# सरकाघाट में भाजपा नेता बिजली चोरी करते पकड़ा

अनंत ज्ञान

**रितेश चौहान, सरकाघाट।** सरकाघाट विधानसभा क्षेत्र से संबंध रखने वाले भारतीय जनता पार्टी के एक जिला उपाध्यक्ष को बिजली विभाग ने बिजली चोरी करते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। यह कार्रवाई बिजली विभाग की फ्लाइंग स्क्वाड टीम द्वारा की गई, जिसकी अगुवाई विभाग के एसडीओ कर रहे थे।



◆ बिजली विभाग ने ठोंका एक लाख रुपए का जुर्माना

जानकारी के अनुसार, सरकाघाट विधानसभा के कश्मैला पंचायत के रोपड़ी गांव से संबंधित भाजपा नेता जो कि वर्तमान में पार्टी में भाजपा जिला उपाध्यक्ष के पद पर तैनात है बीते करीब एक वर्ष से अवैध रूप से बिजली चोरी कर उपयोग कर रहा था विभाग को लंबे समय से नेता के परिसर में लगे मीटर की बिजली की खपत का ग्राफ नीचे जा रहा था 125 यूनिट मुफ्त मिलने के बावजूद 0 मीटर रेंट ही आ रहा था जिसके बाद गुप्त सूचना के आधार पर फ्लाइंग टीम ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नेता के परिसर में बिजली मीटर के साथ छेड़छाड़ और अवैध कनेक्शन के स्पष्ट प्रमाण पाए गए। मौके पर ही विभागीय अधिकारियों ने नियमों के तहत कार्रवाई करते हुए एक साल की बिजली चोरी की एवज में करीब एक लाख रुपए का जुर्माना लगाया। कार्रवाई के दौरान पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी की गई, ताकि किसी भी प्रकार की विवाद की स्थिति न बने। भाजपा नेता ने मौके पर ही स्वीकार करते हुए डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से जुर्माने की राशि विभाग को सौंप दी है।

इस संबंध में बिजली विभाग के एसडीओ राजीव शुक्ला ने कहा बिजली चोरी एक गंभीर अपराध है। विभाग द्वारा लगातार ऐसे मामलों पर नजर रखी जा रही है और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। मामले की पुष्टि करते हुए विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता इंजीनियर राजकुमार गुप्ता ने कहा कि आरोपी ने मेन सर्विस पीवीसी वायर को पंचर करके मीटर को बाईपास कर दिया था। टीम ने बिजली चोरी करते उसे रंगे हाथों दबोचा और जुर्माना ठोंका।

# लोक निर्माण विभाग ने रेस्ट हाउस और सर्किट हाउस के किराये बढ़ाए

## नई दरें तत्काल प्रभाव से लागू, राजस्व बढ़ाने की कवायद

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में लोक निर्माण विभाग के अधीन आने वाले रेस्ट हाउस और सर्किट हाउस में ठहरना अब महंगा हो गया है। राज्य सरकार ने इन भवनों के कमरों के किराये में वृद्धि करते हुए नई दरें तत्काल प्रभाव से लागू कर दी हैं। इसके साथ ही रेस्ट हाउस को तीन श्रेणियों में विभाजित किया गया है, ताकि पर्यटन और धार्मिक क्षेत्रों के अनुसार अलग-अलग टैरिफ लागू किया जा सके। कमरों की बुकिंग पहले की तरह अब भी ऑनलाइन व्यवस्था के तहत ही होगी। जानकारी के अनुसार संशोधित व्यवस्था के तहत प्रमुख पर्यटन क्षेत्रों, राजधानी और जिला मुख्यालयों में स्थित रेस्ट हाउस प्रथम श्रेणी में रखे गए हैं। धार्मिक और आध्यात्मिक स्थलों तथा उप मंडल मुख्यालयों में स्थित रेस्ट हाउस दूसरी श्रेणी में आए हैं, जबकि अन्य स्थानों के रेस्ट हाउस तीसरी श्रेणी में शामिल किए गए हैं। बुकिंग के दौरान श्रेणी के अनुसार अतिरिक्त शुल्क भी तय किया गया है। प्रमुख क्षेत्रों में यह शुल्क 300 रुपए, धार्मिक क्षेत्रों में 200 रुपए और अन्य क्षेत्रों में 100 रुपए रखा गया है। इस संबंध में लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता की ओर से अधिसूचना जारी कर दी गई है।

### हिमाचलियों व बाहरी लोगों के लिए अलग-अलग रेट

**नई** दरों के अनुसार सर्किट हाउस में हिमाचली लोगों को एसी कमरे के लिए 900 रुपए और नॉन एसी कमरे के लिए 700 रुपए देने होंगे। वहीं गैर हिमाचलियों के लिए यही किराया क्रमशः 1200 रुपए और 1000 रुपए तय किया गया है। रेस्ट हाउस में श्रेणी के अनुसार किराये में 100 से 300 रुपए तक की बढ़ोतरी की गई है। राज्य सरकार का मानना है कि इस फैसले से विभाग के राजस्व में वृद्धि होगी और रखरखाव व्यवस्था को बेहतर किया जा सकेगा।

# बुजुर्ग महिला की गोली मारकर हत्या

**अनंत ज्ञान, ऊना।** हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले के तहत गोंदपुर जयचंद के समीप मेहिन्दवानी गुजरा में एक बुजुर्ग महिला की गोली मारकर हत्या कर दी गई, जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल व्याप्त हो गया है। शनिवार को अज्ञात हमलावर बाइक पर सवार होकर आए और एक बुजुर्ग महिला पर जानलेवा हमला करते हुए गोलियां चला दीं, जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक महिला की पहचान रचना देवी पत्नी शाम लाल के रूप में हुई है। बुजुर्ग महिला प्रतिदिन की तरह गांव के धार्मिक स्थल पर माथा टेकने गई थीं और जब वह पूजा-अर्चना के बाद घर लौट रही थीं, तभी मोटरसाइकिल पर सवार एक अज्ञात व्यक्ति ने उन पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। इस गोलीकांड में बुजुर्ग महिला को तीन गोलियां लगीं और उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

# सर्वदलीय बैठक से दूर रहेगी भाजपा

## विधायकों की व्यस्तता का दिया हवाला, अलग तारीख तय करने की मांग

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश सरकार की ओर से 8 फरवरी को बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में भाजपा के विधायक शामिल नहीं होंगे। यह जानकारी भाजपा विधायक राकेश जम्वाल ने दी। उन्होंने कहा कि पहले से तय कार्यक्रमों के चलते कई विधायक अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में लौट चुके हैं। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर का स्पष्ट कहना है कि यदि सरकार बैठक करना चाहती है, तो इसके लिए अलग तारीख तय कर समय रहते सभी विधायकों को सूचना दी जाए। उन्होंने यह भी साफ किया कि इसे बैठक के बहिष्कार के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। राकेश जम्वाल ने प्रदेश में राजस्व घाटा अनुदान यानी आरडीजी बंद होने के लिए कांग्रेस सरकार को जिम्मेदार ठहराया। उनका आरोप है कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू वित्त आयोग के समक्ष प्रदेश का पक्ष प्रभावी ढंग से नहीं रख सके।

◆ आरडीजी बंद होने और वित्तीय कुप्रबंधन पर सरकार को घेरा

उन्होंने कहा कि वित्तीय कुप्रबंधन के कारण यह ग्रांट बंद हुई है और आरडीजी बंद होने के बाद भी सरकार ने नए चेयरमैन नियुक्त किए, जो वित्तीय अनुशासन पर सवाल खड़े करता है। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा ही नहीं, बल्कि कांग्रेस के विधायक भी निधियां जारी न होने से परेशान हैं।

### विधायक प्राथमिकता बैठकें औपचारिकता

**भाजपा** विधायक विपिन परमार ने विधायक प्राथमिकता बैठकों को केवल औपचारिकता करार दिया। उनका कहना है कि विधायकों ने अपने क्षेत्रों की सड़कों, सिंचाई और पेयजल जैसी बुनियादी समस्याएं रखीं, लेकिन सरकार गंभीर नजर नहीं आ रही। कई योजनाओं की डीपीआर तक तैयार नहीं हुई है। उन्होंने मांग की कि यदि सरकार प्राथमिकता बैठकें कर रही है तो विधायकों की प्राथमिकता की राशि बढ़ाई जाए और विधायक क्षेत्र विकास निधि की रोकी गई किस्तें तुरंत जारी की जाएं।

# पाकिस्तान को नहीं दिया जाएगा सिंधु का पानी : सीआर पाटिल

**एजेंसी, जयपुर**

केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने कहा- सिंधु नदी का पानी पाकिस्तान को नहीं दिया जाएगा। पाकिस्तान की ओर जाने वाले पानी को रोककर भारत के हित में उपयोग किया जाएगा। इस पानी का लाभ हरियाणा, पंजाब, राजस्थान और दिल्ली को मिलेगा। उन्होंने कहा कि इसे लेकर केंद्र सरकार की ओर से कार्य योजना तैयार की जा रही है।



पाकिस्तान जाने वाले पानी को डायवर्ट करने के लिए डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार कर ली गई है। हालांकि, जो पानी मजबूरी में छोड़ा जाता है, उस पर उन्होंने कोई बयान नहीं दिया। पाटिल ने यह भी बताया कि यमुना जल परियोजना पर काम तेज किया जाएगा, ताकि पानी के बेहतर प्रबंधन और उपयोग से राज्यों को ज्यादा लाभ मिल सके। केंद्रीय मंत्री ने शनिवार को जयपुर में बीजेपी मुख्यालय में मीडिया से ये बात कही। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पिछले 12 सालों में भारत की अर्थव्यवस्था स्थिर गति से आगे बढ़ी है। सरकार ने महंगाई को नियंत्रण में रखा है। (अनंत ज्ञान)

### भारत और अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते का दिखा असर

# अमेरिका ने पीओके और अक्साई चिन को भारत का हिस्सा दिखाया

**एजेंसी,नई दिल्ली**

भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते की रुपरेखा की घोषणा के तत्काल बाद संयुक्त राज्य व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) कार्यालय द्वारा जारी नक्शे में पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) और चीन के कब्जे वाले अक्साई चिन समेत पूरे जम्मू-कश्मीर को भारत के हिस्से के रूप में दिखाया गया है।

यूएसटीआर कार्यालय के एक्स पोस्ट पर शेयर किए गए इस नए नक्शे में न केवल जम्मू-कश्मीर और लद्दाख को भारत का हिस्सा दिखाया गया है, बल्कि अरुणाचल प्रदेश के सभी हिस्सों को भी भारत की क्षेत्रीय सीमा के भीतर दर्शाया गया है। इससे पहले भारत कई बार अमेरिकी और अन्य वैश्विक एजेंसियों द्वारा जारी नक्शों में जम्मू-कश्मीर और अरुणाचल प्रदेश की गलत प्रस्तुति पर आपत्ति जताता रहा है। अब ट्रंप प्रशासन द्वारा जारी नक्शा को उन आपत्तियों के बाद सही से तैयार किया गया है। यह कदम भारत के रुख के अनुरूप और अमेरिका की पुरानी नीति से अलग है, क्योंकि पहले अमेरिकी एजेंसियों द्वारा जारी नक्शों में पीओके को विवादित क्षेत्र बताने के लिए डॉटेड लाइनों या अलग लेबल का इस्तेमाल किया जाता था। (अनंत ज्ञान)



# एपस्टीन फाइल्स में खुले अनिल अंबानी के राज

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट ने यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन ने जो दस्तावेज जारी किए हैं, उसमें अनिल अंबानी से जुड़े नए खुलासे सामने आए हैं।

◆ सुनहरे बालों वाली स्वीडिश महिला की हुई थी पेशकश

◆ उद्योगपति ने कहा था- इसका इंतजाम कर लो



ये दस्तावेज एपस्टीन और उद्योगपति अनिल अंबानी के बीच 2017 से 2019 के दौरान हुई बातचीत से जुड़े हैं। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, इनमें कारोबार, वैश्विक मामलों और महिलाओं को लेकर चर्चा हुई। 9 मार्च 2017 की बातचीत में अनिल ने एपस्टीन से पूछा- क्या सुझाव है? इस पर एपस्टीन ने लिखा कि मुलाकात 'मजेदार' बनाने के लिए 'लंबी स्वीडिश ब्लॉन्ड महिला' बेहतर होगी। इसके बाद अंबानी ने जवाब दिया, 'इसे अरेंज करो।' बातचीत तब की है। दावा किया जा रहा है कि अनिल अंबानी एपस्टीन के घर भी गए थे। (अनंत ज्ञान)

# मलेशिया में जल्द लॉन्च करेंगे यूपीआई : मोदी

## कहा- दोनों देशों के बीच रक्षा-सुरक्षा, आर्थिक संबंध होंगे और प्रगाढ़

**एजेंसी, कुआलालंपुर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को मलेशिया के दो दिवसीय आधिकारिक दौरे पर कुआलालंपुर पहुंचे। उन्हें मलेशिया के पीएम अनवर इब्राहिम ने एयरपोर्ट पर अपनी कार से रिसीव किया। इसके बाद पीएम मोदी कुआलालंपुर में भारतीय समुदाय को संबोधित किया। प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम खुद एयरपोर्ट पर मेरा स्वागत करने आए। वे मुझे अपनी कार से यहां लाए। इतना ही नहीं, उन्होंने मुझे अपनी सीट पर भी बैठाया।

उन्होंने कहा कि यह खास सम्मान भारत और भारतीय समुदाय के प्रति उनके प्यार और सम्मान को दिखाता है। भारत जल्द यहां अपना पमेंट सिस्टम यूपीआई लॉन्च करेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने रवानगी पूर्व अपने बयान में कहा, 'मैं आज अपने मित्र, प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के निमंत्रण पर मलेशिया की आधिकारिक यात्रा पर जा रहा हूं।' भारत और मलेशिया के ऐतिहासिक संबंधों में हाल के वर्षों में निरंतर प्रगति हुई है। मैं प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के साथ होने वाली चर्चाओं और हमारी व्यापक रणनीतिक साझीदारी को और मजबूत करने के लिए उत्सुक हूं। हमारा लक्ष्य रक्षा और सुरक्षा संबंधों को और प्रगाढ़ करना, आर्थिक और नवाचार साझेदारी को बढ़ाना और नए क्षेत्रों में सहयोग का विस्तार करना होगा।' (अनंत ज्ञान)



पीएम मोदी का स्वागत करते मलेशिया के पीएम इब्राहिम। अनंत ज्ञान

**जानकारी** भारत-अमेरिका व्यापार समझौते से भारतीय किसानों और मछुआरों को होगा फायदा

# यूएस में भारतीय कृषि उत्पादों पर जीरो शुल्क: पीयूष

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के फ्रेमवर्क की घोषणा की तारीफ की। उन्होंने बताया कि भारतीय कृषि उत्पाद अमेरिका में जीरो टैरिफ पर निर्यात किए जाएंगे, जबकि अमेरिका के कृषि उत्पादों को भारत में कोई टैरिफ छूट नहीं दी गई है।

भारत-अमेरिका व्यापार समझौते में भारत ने अगले 5 साल में अमेरिका से 50 हजार करोड़ डॉलर (45 लाख 30 हजार करोड़ रुपए) के उत्पाद खरीदने पर सहमति जताई है। भारत और अमेरिका ने शुक्रवार को अंतरिम व्यापार समझौते का फ्रेमवर्क जारी किया है। दोनों देशों ने कहा कि इस फ्रेमवर्क को जल्द लागू किया जाएगा और व्यापक द्विपक्षीय व्यापार समझौते की दिशा में बातचीत आगे बढ़ेगी। भारत-अमेरिका के संयुक्त बयान के मुताबिक, यह फ्रेमवर्क 13 फरवरी 2025 को शुरू हुई भारत-अमेरिका समझौते पर वार्ता को आगे बढ़ाएगा। इस व्यापार समझौते को लेकर दोनों देशों ने यह भी कहा है कि वे कुछ चुने हुए क्षेत्रों में अपने-अपने नियमों पर चर्चा करेंगे, ताकि इनका पालन करना आसान हो सके। अगर भविष्य में कोई देश तय टैरिफ में कोई बदलाव करता है, तो दूसरा देश भी अपने वादों में संशोधन कर सकता है। (अनंत ज्ञान)



### जीएम फूड को भारत में प्रवेश की अनुमति नहीं

**पीयूष** गोयल ने साफ किया कि इस समझौते में जेनेटिकली मॉडिफाइड (जीएम) फूड को भारत में प्रवेश की अनुमति नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि यह समझौता भारतीय निर्यातकों के लिए 30 ट्रिलियन डॉलर (लगभग 27.18 लाख करोड़ रुपए) के बाजार को खोलेगा।

### नॉन-टैरिफ बाधाओं को दूर करेंगे दोनों देश

**पीयूष** गोयल ने बताया भारत और अमेरिका का इस व्यापार समझौते में नॉन-टैरिफ बैरियर्स को दूर करने पर खास फोकस है। ये बाधाएं टैरिफ नहीं होतीं, लेकिन व्यापार को मुश्किल बनाती हैं। अमेरिकी मेडिकल डिवाइसेस कंपनियों को भारत में कीमत तय करने के नियम, रजिस्ट्रेशन में देरी जैसी रुकावटों का सामना करना पड़ा रहा था। भारत ने वादा किया है कि इन लंबे समय से चली आ रही बाधाओं को दूर करेगा, ताकि अमेरिकी मेडिकल डिवाइस आसानी से भारत में बिक सकें। इससे भारतीय अस्पतालों और मरीजों को बेहतर और सस्ती अमेरिकी तकनीक मिल सकती है।

### ट्रेड डील की तीन महत्वपूर्ण बातें

- **समझौते** में साफ किया गया है कि भारत में जेनेटिकली मॉडिफाइड खाद्य पदार्थों को अनुमति नहीं दी जाएगी।
- **मसाले,** चाय, कॉफी, नारियल तेल, काजू, एवोकाडो, केला, आम, अनानास, मशरूम जैसे कई फल-सब्जियां और कुछ बेकरी उत्पाद भी अमेरिका में जीरो टैरिफ पर निर्यात हो सकेंगे।
- **यह** द्विपक्षीय व्यापार समझौता 2030 तक भारत-अमेरिका व्यापार को 50 हजार करोड़ डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य रखता है।

## न्यूज ब्रीफ

### मशोबरा-बसंतपुर में फलदार पौधों का वितरण 9 से

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** उद्यान विभाग आगामी 9 फरवरी से मशोबरा और बसंतपुर में किसानों को सरकारी दरों पर फलदार पौधे उपलब्ध करवाएगा। विषय विशेषज्ञ मशोबरा डॉ. शरद गुप्ता ने बताया कि प्रथम चरण में सेब, पर्सिमन, प्लम, खुमानी और कीवी के प्रमाणित व रोगमुक्त पौधों का वितरण किया जाएगा। सेब गाला किस्म का पौधा 180 रुपए, खुमानी 90 रुपए, पर्सिमन 150 रुपए, प्लम 80 रुपये और कीवी 100 रुपए में मिलेगा। डॉ. गुप्ता ने कहा कि पहाड़ी क्षेत्रों की बदलती जलवायु को देखते हुए पर्सिमन और कीवी जैसी वैकल्पिक फसलों को विशेष रूप से शामिल किया गया है, ताकि बागवान सेब के साथ फसल विविधीकरण कर सकें। इससे आय के नए अवसर खुलेंगे और जोखिम भी कम होगा। पौधे लेने से पहले गड्ढों की तैयारी, जैविक खाद, जल निकास और कीवी में सहारा प्रणाली जरूरी है। मशोबरा में जितेंद्र ठाकुर 9817693000 और बसंतपुर में नरवदा 9418432338 से संपर्क करें।

### गेयटी थियेटर में लोक-शास्त्रीय कला का संगम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो शिमला।** राजधानी शिमला के ऐतिहासिक गेयटी थियेटर के बहुदेशीय हॉल में पारंपरिक लोक और शास्त्रीय कला का सुंदर संगम देखने को मिला। पाशी ठोडा दल बतियूड़ा की पारंपरिक ठोडा प्रस्तुति ने जहां पहाड़ी संस्कृति की वीर रस परंपरा को जीवंत किया, वहीं एक छात्रा की शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुति ने भाव, लय और ताल से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। दोनों प्रस्तुतियों को दर्शकों से खूब सराहना मिली और हॉल तालियों से गूंज उठा। इस अवसर पर छैला सैंज छात्र कल्याण संगठन की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वन निगम के उपाध्यक्ष केहर सिंह खाची मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि समाजसेवी टिक्का दिग्विजय चंद मधान और उनकी धर्मपत्नी चंद्रेश कुमारी विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहीं। अतिथियों ने कलाकारों के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन लोक परंपराओं और शास्त्रीय कलाओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाते हैं।

### शिमला में 15 वर्षीय किशोरी लापता

**अनंत ज्ञान, शिमला।** राजधानी के न्यू शिमला थाना क्षेत्र से 15 वर्षीय किशोरी के लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों ने आशंका जताई है कि किसी व्यक्ति ने उसका अपहरण किया है। पुलिस को दी शिकायत में महिला ने बताया कि उनकी 15 वर्षीय बेटी 25 दिसंबर 2025 को अपनी सहेली के साथ एक-दो दिन के लिए घर से गई थी। उसने संदेश भेजकर 29 या 30 दिसंबर तक लौटने की बात कही थी, लेकिन कई दिन बीत जाने के बाद भी वह घर वापस नहीं लौटी। परिवार ने अपने स्तर पर काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। परिजनों की शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है। इस संबंध में बीएनएस की धारा 137(2) के तहत एफआईआर दर्ज की गई है।

### संयुक्त निदेशक की माता के निधन पर शोक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** सूचना एवं जन संपर्क विभाग के निदेशक राजीव कुमार सहित विभाग के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने संयुक्त निदेशक अजय पाराशर की माता सुरेखा पाराशर के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। सुरेखा पाराशर का चंडीगढ़ में लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। विभाग की ओर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिवार को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की गई है।

# हाटकोटी-कुड्डू स्नेल नेशनल हाईवे पर लेटलतीफी से उबाल

## भाजपा के साथ जनता सड़कों पर उतरी, सेब सीजन से पहले सड़क दुरुस्त न हुई तो आंदोलन होगा तेज

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हाटकोटी-कुड्डू स्नेल नेशनल हाईवे के निर्माण में वर्षों से चली आ रही देरी अब जनआक्रोश का रूप ले चुकी है। जुब्बल-कुड्डू क्षेत्र में भाजपा के नेतृत्व में हुए जोरदार धरना-प्रदर्शन ने सरकार की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए। सर्द मौसम और कठिन पहाड़ी परिस्थितियों के बावजूद सड़क पर उतरे लोगों की एक ही आवाज थी कि हाईवे की बदहाली अब और बर्दाश्त नहीं। आंदोलन में शामिल लोगों का कहना था कि यह सड़क केवल आवागमन का साधन नहीं, बल्कि सेब उत्पादक क्षेत्र की जीवनरेखा है, जिसकी अनदेखी सीधे तौर पर बागवानों की आजीविका पर चोट है।

धरने को संबोधित करते हुए भाजपा नेता चेतन बरागटा ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार



हाटकोटी-कुड्डू स्नेल नेशनल हाईवे की बदहाली के विरोध में धरना-प्रदर्शन करते भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय लोग। अनंत ज्ञान

द्वारा इस नेशनल हाईवे के लिए लगभग 100 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए थे और वर्ष 2022-23 में टेंडर प्रक्रिया भी पूरी हो चुकी थी, इसके बावजूद 2026 करीब आने पर भी सड़क की हालत जस की तस है। बरागटा ने इसे क्षेत्र की जनता और बागवानों के साथ खुला अन्याय बताते हुए कहा कि सेब सीजन से पहले सड़क पूरी तरह दुरुस्त न हुई तो आंदोलन को और उग्र रूप दिया जाएगा।

उन्होंने दो टूक चेतावनी देते हुए कहा कि यदि निर्माण कार्य की रफ्तार तुरंत नहीं बढ़ी, तो 14 नवंबर 2014 की ऐतिहासिक सड़क संघर्ष यात्रा का पार्ट-2 शुरू किया जाएगा। साथ ही जरूरत पड़ने पर उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने से भी पीछे नहीं हटेंगे। बरागटा ने स्थानीय विधायक और मंत्रियों की चुप्पी पर सवाल उठाते हुए कहा कि जनता की पीड़ा के समय जनप्रतिनिधियों का मौन सरकार की असंवेदनशीलता को उजागर करता है।

एचपीएमसी की बदहाली का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि न खाद उपलब्ध है, न टीएसओ की व्यवस्था, और एचपीएमसी केंद्रों के बाहर बागवानों की लंबी कतारें सरकार की नाकामी का आईना हैं। शिक्षा मंत्री पर कटाक्ष करते हुए बरागटा ने कहा कि सोशल मीडिया में चर्चाएं हैं कि न उनकी पूर्व मुख्यमंत्री स्व. राजा वीरभद्र सिंह से बनती थी और न वर्तमान मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से, तो आखिर शिक्षा मंत्री की बनती किससे है?

वहीं, धरना-प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने एक स्वर में सरकार से तत्काल ठोस कार्रवाई की मांग की। चेतावनी दी गई कि यदि हाईवे निर्माण को लेकर जल्द निर्णय नहीं लिया गया और जमीनी स्तर पर काम तेज नहीं हुआ, तो आने वाले दिनों में आंदोलन को और व्यापक तथा निर्णायक बनाया जाएगा।

# भाजपा महिला मोर्चा की शिमला में बजट 2026-27 पर विस्तृत चर्चा



महिला संवाद कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारी व कार्यकर्ता। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** भाजपा महिला मोर्चा द्वारा शिमला स्थित पार्टी कार्यालय दीपकमल, चक्कर में महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला मोर्चा अध्यक्षा डेजी ठाकुर ने की, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में पार्टी नेता एवं विधायक रणधीर शर्मा उपस्थित रहे। संवाद कार्यक्रम में संसदीय क्षेत्र के 30 से अधिक महिला मंडलों की सहभागिता रही। इस अवसर पर केंद्रीय बजट 2026-27 को लेकर महिलाओं द्वारा कई प्रश्न रखे गए, जिन पर विस्तार से चर्चा की गई।

महिला मोर्चा अध्यक्षा डेजी ठाकुर ने कहा कि यह संवाद विशेष

**◆ महिलाओं की शिक्षा स्वरोजगार और रोजगार अवसर बढ़ाने वाला विजनरी बजट: रणधीर**

रूप से बजट में महिलाओं के लिए किए गए प्रावधानों और योजनाओं को समझाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था

मुख्य वक्ता रणधीर शर्मा ने कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट 2026-27 विकसित और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि बजट में महिलाओं की शिक्षा, स्वरोजगार और रोजगार अवसर बढ़ाने पर विशेष फोकस किया गया है।

# एनएच-5 पर बढ़ा ट्रैफिक, लोग परेशान

अनंत ज्ञान

**रामपुर बुशहर।** राष्ट्रीय उच्च मार्ग-05 पर बढ़ते भारी ट्रैफिक ने रामपुर शहर में लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। खासकर बुजुर्गों, महिलाओं और स्कूली बच्चों के लिए पैदल सड़क पर चलना जोखिम भरा बन गया है। तेज रफ्तार वाहनों की आवाजाही के चलते हर समय हादसे की आशंका बनी रहती है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि करीब दो दशक पहले बनाया गया बाजीर बावड़ी-झाखड़ी बायपास आज भी पूरी तरह इस्तेमाल में नहीं लाया जा रहा, पुल पर आवारा पशुओं का जमावड़ा लगा रहता है। गौर हो कि इस मार्ग से रामपुर के साथ-साथ जिला किन्नौर की ओर जाने वाला भारी ट्रैफिक आसानी से डायवर्ट



किया जा सकता है।बायपास का उपयोग न होने के कारण अधिकतर वाहन शहर के बीच से गुजर रहे हैं, जिससे ट्रैफिक दबाव बढ़ता जा रहा है। रामपुर के खोपड़ी क्षेत्र में सतलुज जल विद्युत निगम द्वारा बायपास के लिए सतलुज नदी पर करोड़ों रुपये की लागत से पुल बनाया गया था, लेकिन उपयोग कम होने से अब इसके रखरखाव को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं, जबकि लोक निर्माण विभाग का दावा है कि बायपास मार्ग पूरी तरह चालू हालत में है।

नगरवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि बायपास को सक्रिय कर भारी वाहनों को शहर से बाहर डायवर्ट किया जाए और एनएच-05 पर पैदल यात्रियों की सुरक्षा के लिए पैदल मार्ग जाए ताकि किसी बड़े हादसे से पहले व्यवस्था सुधारी जा सके।

# एसजेवीएन के रामपुर जलविद्युत स्टेशन ने 2000 मिलियन यूनिट उत्पादन का बनाया रिकार्ड

अनंत ज्ञान

**आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर।** एसजेवीएन लिमिटेड के 412 मेगावाट क्षमता वाले रामपुर जलविद्युत स्टेशन ने एक वित्तीय वर्ष में 2000 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन का अब तक का सबसे तेज रिकॉर्ड स्थापित कर नया इतिहास रच दिया है। यह उपलब्धि 5 फरवरी 2026 को हासिल की गई, जो 14 फरवरी 2020 को बने पिछले रिकॉर्ड से पूरे नौ दिन पहले है।

एसजेवीएन के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक भूपेंद्र गुप्ता ने बताया कि पिछले ग्यारह वर्षों के संचालन में यह स्टेशन का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए



कर्मचारियों, प्रबंधन टीम और परियोजना से जुड़े सभी सहयोगियों को बधाई देते हुए भारत सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, विद्युत मंत्रालय, केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण तथा शिमला व कुल्लू जिला प्रशासन के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। गुप्ता ने परियोजना प्रमुख विकास मारवाह के नेतृत्व में टीम की अनुशासित कार्यशैली और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि यह सफलता सामूहिक प्रयास का परिणाम है।

निदेशक (कार्मिक) अजय कुमार शर्मा ने इसे बेहतर मानव संसाधन प्रबंधन और विभागीय समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। वहीं, निदेशक (वित्त) सिपन कुमार गर्ग ने ठोस वित्तीय प्रबंधन और परिचालन उत्कृष्टता के तालमेल को इस उपलब्धि का आधार बताया। कमीशनिंग के बाद से रामपुर जलविद्युत स्टेशन लगातार उत्पादन के नए मानक स्थापित कर रहा है, जो इसके मजबूत इंजीनियरिंग डिजाइन, उच्च स्तर के रखरखाव और सतत उत्कृष्टता को दर्शाता है।

## संदिग्ध हालात में युवक की मौत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** जिला शिमला के नेरवा थाना क्षेत्र में 26 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। युवक को उपचार के लिए अस्पताल लाया गया था, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार फिलहाल मौत के कारण स्पष्ट नहीं हो पाए हैं और पूरे मामले की जांच की जा रही है। जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान अरमान पुत्र शकील निवासी जिला बाराबंकी, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। अस्पताल में मौजूद साहिल ने पुलिस को बताया कि अरमान पिछले करीब एक वर्ष से मानसिक बीमारी से संबंधित दवाएं ले रहा था। शाम करीब साढ़े पांच बजे जब वह अपने दोस्तों के साथ कमरे में पहुंचा तो अरमान सो रहा था और उसके मुंह से हल्की झाग निकल रही थी।

युवक की हालत गंभीर देख उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असल कारणों का खुलासा हो सकेगा।

# विरोध के बीच एचपीयू परिसर से अवैध ढाबे हटाए

## संचालकों व पुलिस में धक्का-मुक्की, अचानक कार्रवाई से भड़के ढाबा संचालक

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय परिसर में शनिवार को उस समय तनाव की स्थिति बन गई जब विश्वविद्यालय प्रशासन ने पुलिस और जिला प्रशासन के सहयोग से अवैध रूप से चल रहे ढाबों और अस्थायी ढांचों को हटाने की कार्रवाई शुरू की। कार्रवाई के दौरान ढाबा संचालकों ने मौके पर पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया और प्रशासन के साथ तीखी नोक-झोंक हुई। कुछ देर के लिए हालात बिगड़े और धक्का-मुक्की की नौबत आ गई।

**◆ सीटू ने रोजगार के उठाए सवाल**

प्रदर्शनकारियों का कहना था कि बिना किसी वैकल्पिक व्यवस्था के यह कार्रवाई उनकी रोजी-रोटी पर सीधा हमला है। इस दौरान सीटू के प्रदेश अध्यक्ष विजेंद्र मेहरा भी मौके पर मौजूद रहे और उन्होंने पहले दिए गए आश्वासनों का हवाला देते हुए कार्रवाई को अन्यायपूर्ण बताया। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार खसरा नंबर 175 सहित आसपास के क्षेत्रों में लंबे समय



एचपीयू परिसर में कार्रवाई के दौरान अवैध ढाबों को हटाते प्रशासनिक कर्मचारी। अनंत ज्ञान

से अतिक्रमण किया गया था और यह भूमि विश्वविद्यालय की संपत्ति है।

प्रशासन ने स्पष्ट किया कि परिसर की भूमि को शैक्षणिक और संस्थागत जरूरतों के लिए सुरक्षित रखना प्राथमिकता है और भविष्य में किसी भी तरह के अवैध कब्जे को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# हिमाचल में नकल रोकने के लिए सख्त कानून लागू

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** सार्वजनिक परीक्षाओं में नकल और पेपर लीक जैसी गड़बड़ियों पर रोक लगाने के लिए हिमाचल प्रदेश सरकार ने कड़ा कदम उठाया है। प्रदेश सरकार द्वारा बनाए गए हिमाचल प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा अनुचित साधनों की रोकथाम अधिनियम, 2025 को नौ फरवरी से लागू किया जा रहा है। इस संबंध में कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। कानून का उद्देश्य भर्ती परीक्षाओं, बोर्ड परीक्षाओं और अन्य सरकारी परीक्षाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करना है, ताकि परीक्षा व्यवस्था पर जनता का भरोसा मजबूत हो सके।

जानकारी के अनुसार नए कानून के तहत किसी भी सार्वजनिक परीक्षा में नकल करना, पेपर लीक करना या अनुचित साधनों का प्रयोग करना दंडनीय अपराध होगा। दोषी पाए जाने पर दो वर्ष तक का कारावास और जुर्माने का प्रावधान रखा गया है। हाल के वर्षों में सामने आए परीक्षा घोटालों और संगठित

**◆ नौ फरवरी से प्रभावी होगा नया अधिनियम, नकल और पेपर लीक पर दो साल की सजा का प्रावधान**

**परीक्षा स्टाफ की मिलीभगत पर भी होगी सख्त कार्रवाई**

**अधिनियम** के अनुसार परीक्षा प्रश्नपत्र, उत्तर कुंजी या किसी भी गोपनीय सामग्री को लीक करना या करवाना गंभीर अपराध माना जाएगा। यदि परीक्षा प्रक्रिया में शामिल अधिकारी, कर्मचारी या कोई बाहरी व्यक्ति मिलीभगत में पाया जाता है, तो उसके खिलाफ भी कठोर कार्रवाई की जाएगी।

नकल माफिया की गतिविधियों को देखते हुए सरकार को इस तरह के सख्त कानून की आवश्यकता महसूस हो रही थी।

## शिमला में चिट्टे समेत दो युवक दबोचे

**अनंत ज्ञान, शिमला।** शिमला जिला के रामपुर और चिड़गांव थाना क्षेत्रों में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो युवकों के कब्जे से कुल 3.79 ग्राम चिट्टा/हेरोइन बरामद किया है। दोनों मामलों में आरोपियों को नोटिस पर रिहा कर दिया गया है और जांच जारी है। पहले मामले में पुलिस थाना रामपुर की टीम हेड कांस्टेबल नरेंद्र राज के नेतृत्व में लाहासा क्षेत्र में गश्त पर थी। इसी दौरान पुलिस ने तलाशी के दौरान रोहड़ू तहसील के नसारी गांव निवासी 32 वर्षीय जगमोहन से 2.580 ग्राम चिट्टा/हेरोइन बरामद किया।

दूसरा मामला थाना चिड़गांव के अंतर्गत सामने आया, जहां पुलिस पोस्ट जांगला प्रभारी एएसआई दीपक अपनी टीम के साथ बड़ीयारा क्षेत्र में वाहनों की जांच कर रहे थे। जांच के दौरान मोटरसाइकिल नंबर एचपी-10सी-2508 पर सवार 23 वर्षीय जतिन रंगटन निवासी सुंधा, तहसील चिड़गांव के कब्जे से 1.21 ग्राम चिट्टा/हेरोइन बरामद किया गया। दोनों आरोपियों को कानूनी प्रक्रिया के तहत नोटिस पर रिहा किया गया है और मामलों की जांच क्रमशः थाना रामपुर तथा पुलिस पोस्ट जांगला द्वारा की जा रही है। दोनों मामलों में रामपुर व चिड़गांव थानों में एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 के तहत एफआईआर दर्ज की गई है।

**अवसर** राज्य के 773 मेधावी छात्र चरणबद्ध रूप से करेंगे व्यावहारिक प्रशिक्षण

# हेल्थकेयर वोकेशनल स्टूडेंट्स को पीजीआई चंडीगढ़ में 'ऑन-द-जॉब' ट्रेनिंग

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** समग्र शिक्षा ने व्यावसायिक शिक्षा को मजबूत बनाने की दिशा में एक ठोस और दूरगामी पहल की है। इसके तहत हेल्थकेयर वोकेशनल कोर्स कर रहे राज्य के सरकारी स्कूलों के जमा दो कक्षा के विद्यार्थियों को पहली बार प्रदेश से बाहर देश के प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थान पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च चंडीगढ़ में इंटर्नशिप और ऑन-द-जॉब ट्रेनिंग का अवसर दिया जा रहा है। यह पहल विद्यार्थियों को कक्षा आधारित पढ़ाई से आगे ले जाकर वास्तविक कार्यस्थल का अनुभव देने की दिशा में अहम मानी जा रही है।

**◆ रोजगारोन्मुख शिक्षा को मजबूती देने की दिशा में ऐतिहासिक कदम**

जानकारी के अनुसार पहले चरण में सिरमौर, बिलासपुर और सोलन जिलों के 210 मेधावी विद्यार्थी पीजीआई में व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इनमें सिरमौर के 67, बिलासपुर के 72 और सोलन के 71 विद्यार्थी शामिल हैं। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को अलग-अलग समूहों में बांटकर विभिन्न विभागों में तैनात किया गया है, जहां वे अस्पताल की दैनिक कार्यप्रणाली को नजदीक से समझ रहे हैं। उन्हें पर्ची प्रक्रिया, ओपीडी सेवाएं, मरीजों की देखभाल, स्टाफ नर्स की भूमिका और सामान्य ड्यूटी से संबंधित जानकारी दी जा रही है, जिससे उन्हें हेल्थकेयर सेक्टर की वास्तविक समझ मिल रही है।

समग्र शिक्षा के निदेशक डॉ. राजेश शर्मा ने पीजीआई पहुंचकर प्रशिक्षण ले रहे विद्यार्थियों से संवाद किया और उनके अनुभवों को जाना। उन्होंने विद्यार्थियों को इस अवसर का पूरा लाभ उठाने और इसे अपने भविष्य के करियर से जोड़ने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर पीजीआई के अधिकारियों ने भी विद्यार्थियों को अनुशासन, मेहनत और निरंतर प्रयास के महत्व से अवगत कराया और पढ़ाई के साथ जीवनशैली में सकारात्मक आदतें अपनाने की सलाह दी।

**अगले चरणों में इन जिलों के विद्यार्थी होंगे शामिल : डॉ. राजेश शर्मा**

**निदेशक** डॉ. राजेश शर्मा ने कहा कि शिक्षा के तहत कुल 773 मेधावी विद्यार्थियों को 6 से 14 फरवरी तक चरणबद्ध तरीके से पीजीआई में प्रशिक्षण दिया जाएगा। अगले चरणों में चंबा, कांगड़ा, शिमला, ऊना, कुल्लू, मंडी और



हमीरपुर जिलों के विद्यार्थी भी इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। डॉ. राजेश शर्मा ने कहा कि इस तरह की व्यावहारिक शिक्षा से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ता है और वे रोजगार के लिए बेहतर रूप से तैयार होते हैं।

# प्रदेश में बदलेगा मौसम, बढ़ेगी ठंड

## पश्चिमी विक्षोभ से बर्फबारी के आसार, ट्रैफिक जाम से बढ़ी परेशानी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश में जारी शीतलहर के बीच अब मौसम एक बार फिर करवट लेने जा रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र के पूर्वानुमान के अनुसार 8 फरवरी की रात से सक्रिय हो रहा पश्चिमी विक्षोभ 9 से 11 फरवरी तक असर दिखा सकता है। इसका सबसे अधिक प्रभाव राजधानी शिमला और ऊंचाई वाले पर्यटन क्षेत्रों में रहने की संभावना है। दिन में धूप से राहत जरूर मिली है, लेकिन रात के तापमान अब भी कई स्थानों पर पांच डिग्री से नीचे बने हुए हैं, जिससे सर्द हवाओं की चुभन बरकरार है।

राजधानी शिमला के आसपास के पर्यटन स्थलों कुफरी मशोबरा नारकंडा आदि क्षेत्रों में पर्यटकों की आवाजाही बढ़ी है। बर्फ के पुराने पैच और ठंडी हवा के बीच सैलानी अठखेलियां करते नजर आ रहे हैं।



स्थानीय कारोबारियों को उम्मीद है कि ताजा बर्फबारी से पर्यटन गतिविधियों में तेजी आएगी, हालांकि प्रशासन ने खराब मौसम के दौरान सतर्कता बरतने की अपील की है। पहाड़ी सड़कों पर फिसलन और तेज हवाओं के कारण वाहनों को सावधानी से चलाने की सलाह दी गई है।

मौसम के साथ-साथ शिमला शहर में ट्रैफिक की समस्या भी गंभीर बनी हुई है। चलौंटी क्षेत्र में सड़क धंसने और ऊपर-नीचे की लाइनों में खराब हालात के चलते मार्ग बंद करना पड़ा है। इसके कारण बाइपास से संजौली की ओर जाने वाला रास्ता भी प्रभावित हुआ है, जिससे वैकल्पिक मार्गों पर दबाव बढ़ गया है और शहर के भीतर लंबा जाम लग रहा है।

सुबह और शाम के समय जाम की स्थिति सबसे ज्यादा खराब देखी जा रही है। कई स्थानों पर लोगों को एक-एक घंटे तक वाहनों में फंसे रहना पड़ रहा है। स्कूल, दफ्तर और आपात सेवाओं पर भी इसका असर पड़ा है। ट्रैफिक पुलिस वैकल्पिक व्यवस्था संभालने में जुटी है, लेकिन संकरी सड़कों और बढ़ते वाहनों के कारण राहत सीमित दिख रही है।

प्रशासन का कहना है कि सड़क मरम्मत और सुरक्षा जांच पूरी होने के बाद ही प्रभावित मार्ग खोले जाएंगे।

**अगले 48 घंटों में न्यूनतम तापमान में हल्की बढ़ोतरी के आसार**

**मौसम** विभाग के अनुसार अगले 48 घंटों में न्यूनतम तापमान में हल्की बढ़ोतरी संभव है, लेकिन इसके बाद फिर गिरावट आ सकती है। 9 से 11 फरवरी के बीच कई क्षेत्रों में बारिश और ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी के आसार हैं। 12 फरवरी से मौसम साफ होने की संभावना जताई गई है, हालांकि तब तक शीतलहर और ट्रैफिक दोनों ही आम लोगों की परीक्षा लेते रहेंगे।

# सुक्खू सरकार ने 3 साल में अपने संसाधनों से अर्जित किया 26,683 करोड़ राजस्व

## कुल्लू, मंडी और शिमला जिला के विधायकों के साथ विधायक प्राथमिकता बैठक, विशेष परिस्थितियों को देखते हुए राजस्व घाटा अनुदान बहाल करने और विशेष आर्थिक सहायता देने का आग्रह

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए आयोजित विधायक प्राथमिकता बैठक के दूसरे दिन के पहले सत्र में कुल्लू, मंडी और शिमला जिला के विधायकों के साथ उनकी प्राथमिकताओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार ने बीते तीन वर्षों में अपने संसाधनों से 26,683 करोड़ रुपए का राजस्व अर्जित किया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि वाइल्ड फ्लावर हॉल होटल के स्वामित्व से प्रदेश को लगभग 401 करोड़ रुपए का वित्तीय लाभ हुआ है और इससे प्रतिवर्ष करीब 20 करोड़ रुपए की आय होने का अनुमान है। इसके अलावा कड़छम-वांगतू जल विद्युत परियोजना में राज्य की रॉयल्टी 12 प्रतिशत से बढ़कर 18 प्रतिशत होने से प्रदेश को हर वर्ष लगभग 150 करोड़ रुपए की अतिरिक्त आय प्राप्त होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 15वें वित्त आयोग के तहत हिमाचल प्रदेश को कुल 37,199 करोड़ रुपए का राजस्व घाटा अनुदान मिला, जो हर वर्ष घटते अनुपात में जारी किया गया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2021-22 में 10,249 करोड़ रुपए, 2022-23 में 9,377 करोड़ रुपए, 2023-24 में 8,057 करोड़ रुपए, 2024-25 में 6,249 करोड़ रुपए तथा 2025-26 में 3,257 करोड़ रुपए की राशि प्राप्त हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि 16वें वित्त आयोग द्वारा राजस्व घाटा अनुदान समाप्त किए जाने से प्रदेश को लगभग 50 हजार करोड़ रुपए का नुकसान होगा, जो पहाड़ी और कठिन भौगोलिक परिस्थितियों वाले राज्य के साथ अन्याय है। उन्होंने कहा कि इससे विकास योजनाएं, कल्याणकारी कार्यक्रम, वेतन और पेंशन व्यवस्था प्रभावित होगी।



विधायक प्राथमिकता बैठक में चर्चा करते सीएम सुक्खू, साथ हैं अन्य। अनंत ज्ञान

### भुवनेश्वर ने सड़क व पर्यटन से जुड़ी रखी मांगें



**मनाली** के विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने कहा कि आरडीजी का बंद होना प्रदेश के हित में नहीं है और इसे बहाल करवाने के लिए सभी को मिलकर केंद्र सरकार पर दबाव नाना चाहिए। उन्होंने मनाली में आइस स्केटिंग रिंक के निर्माण, लेफ्ट बैंक सड़क को सुदृढ़ करने, पर्यटन सीजन में पुलिस बल बढ़ाने तथा बर्फ हटाने के लिए छोटी मशीनें उपलब्ध करवाने की मांग रखी।

### विधायक दिलीप ठाकुर ने अस्पताल और पेयजल परियोजना का उठाया मुद्दा



**सरकाघाट** के विधायक दिलीप ठाकुर ने सिविल अस्पताल के अधूरे भवन कार्य को पूरा करने, चिकित्सकों के खाली पद भरने और निर्माणाधीन पेयजल परियोजना शीघ्र पूरी करने की मांग की।

### विधायक बलबीर वर्मा ने की सड़क और बिजली व्यवसथा सुधारने की मांग



**चौपाल** के विधायक बलबीर वर्मा ने सैंज-देहा-चौपाल सड़क के सुधारीकरण, सरकारी कार्यालयों में रिक्त पद भरने और बर्फबारी के दौरान बेहतर विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था करने की मांग रखी।

मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार से हिमाचल की विशेष परिस्थितियों को देखते हुए राजस्व घाटा अनुदान बहाल करने और विशेष आर्थिक सहायता देने का आग्रह किया। उन्होंने यह भी कहा कि सीमावर्ती पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए शिपकी-ला दर्रे पर बॉर्डर टूरिज्म गतिविधियां शुरू की गई हैं, जबकि केंद्रीय बजट में बौद्ध सर्किट से हिमाचल को बाहर रखना भेदभावपूर्ण है। इस बैठक में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर, लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह, राज्य योजना आयोग के उपाध्यक्ष भवानी सिंह पठानिया, मुख्य सचिव संजय गुप्ता, प्रधान सचिव वित्त देवेश कुमार व अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### विधायक सुंदर सिंह ने उठाया हवाई अड्डा विस्तार का मुद्दा



**कुल्लू** के विधायक सुंदर सिंह ठाकुर ने कुल्लू हवाई अड्डे के विस्तार की मांग की और कुल्लू के लिए हैली-टैक्सी सुविधा शुरू करने पर मुख्यमंत्री का आभार जताया। उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत स्वीकृत सड़कों के कार्य समय पर पूरा करने, मणिकर्ण के लिए वैकल्पिक सड़क निर्माण और मदर एंड चाइल्ड अस्पताल में स्टाफ बढ़ाने का आग्रह किया।

### विधायक सुरेंद्र शौरी ने सड़क और बिजली व्यवस्था पर दिया जोर



**बंजार** के विधायक सुरेंद्र शौरी ने क्षेत्र में सड़क व्यवस्था को मजबूत करने और बिजली की समस्या के समाधान के लिए बजौरा सब-स्टेशन को सुदृढ़ करने की मांग की। उन्होंने औट-लुहरी सड़क में सुधार और लारजी में वाटर स्पोर्ट्स शुरू करने का भी प्रस्ताव रखा।

### लोकेंद्र कुमार ने स्वास्थ्य और कानून व्यवस्था की उठाई मांग



**आनी** के विधायक लोकेंद्र कुमार ने आनी आदर्श स्वास्थ्य संस्थान में सुविधाएं सुदृढ़ करने की मांग की। उन्होंने चिट्टा माफिया पर सख्त कार्रवाई, ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के लिए पुलिस बल बढ़ाने और बागवानों के लिए एंटी हेल गन लगाने का आग्रह किया।

### दीपराज ने शिक्षण संस्थानों के भवनों का मामला उठाया



**करसोग** के विधायक दीपराज ने करसोग आईटीआई और पॉलिटेक्निक कॉलेज के भवन निर्माण का मुद्दा उठाया। उन्होंने बस सुविधा बढ़ाने और क्षेत्र की सड़कों के निर्माण में तेजी लाने की मांग की।

### विधायक राकेश जम्वाल ने पेयजल व सीवरेज सुधार की रखी मांग



**सुंदरनगर** के विधायक राकेश जम्वाल ने सीएचसी निहरी और पीएचसी बलग के भवन निर्माण में तेजी, सतलुज से निहरी के लिए पानी उठाने, डैहर में पेयजल सुविधा और सुंदरनगर में सीवरेज व्यवस्था सुधारने का आग्रह किया। उन्होंने आईटीआई डैहर और सुंदरनगर इंडोर स्टेडियम के कार्य शीघ्र पूरा करने की मांग की।

### विधायक विनोद कुमार ने पुल और सड़क निर्माण पर दिया जोर



**नाचन** के विधायक विनोद कुमार ने आपदा से प्रभावित फुटओवर ब्रिज के निर्माण, डिग्री कॉलेज के इंडोर स्टेडियम का कार्य पूरा करने और चैलचौक-पंडोह सड़क को सीआरआईएफ के तहत स्वीकृत करने की मांग की।

### विधायक पूर्ण सिंह ठाकुर ने बस सेवा और सड़कों का उठाया मुद्दा



**द्रंग** के विधायक पूर्ण सिंह ठाकुर ने क्षेत्र की सड़कों में सुधार और बस सेवा बढ़ाने की मांग की। उन्होंने पधर-मंडी फोरलेन के कारण स्थानीय लोगों को हुए नुकसान और ज्वालापुर पीएचसी भवन निर्माण में तेजी की बात भी रखी।

### विधायक प्रकाश राणा ने पानी-बिजली व्यवस्था सुधारने का किया आग्रह



**जोगिंद्रनगर** के विधायक प्रकाश राणा ने बंद सड़कों को खोलने, विधानसभा क्षेत्रफल के अनुपात में कर्मचारियों की तैनाती और क्षेत्र में पानी व बिजली व्यवस्था सुधारने की मांग की।

### विधायक चंद्रशेखर ने सेतु और स्वास्थ्य सेवाओं पर दिया जोर



**धर्मपुर** के विधायक चंद्रशेखर ने लाल बहादुर शास्त्री सेतु का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा करने, धर्मपुर, संधोल और टिहरा में स्वास्थ्य सेवाएं सुधारने तथा दूध कलेक्शन सेंटर और चिलिंग प्लांट स्थापित करने की मांग रखी।

### विधायक इंद्र सिंह गांधी ने पुल और पेयजल योजनाओं की रखी मांग



**बल्ह** के विधायक इंद्र सिंह गांधी ने अधूरे कलवर्ट और पुलों के निर्माण कार्य जल्द पूरा करने तथा पेयजल परियोजनाओं को सुदृढ़ करने का आग्रह किया।

### विधायक अनिल शर्मा ने बाईपास और जेल शिफ्ट करने का उठाया मुद्दा



**मंडी** के विधायक अनिल शर्मा ने बड़े वाहनों के लिए मंडी बाईपास सड़क, मंडी जेल को स्थानांतरित करने और आपदा में क्षतिग्रस्त पेयजल योजनाओं की बहाली के साथ-साथ टारना स्टोरेज टैंक शिफ्ट करने की मांग की।

# रेणुका बांध प्रभावितों को राहत : विनय कुमार

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं श्रीरेणुका जी के विधायक विनय कुमार ने रेणुका बांध से प्रभावित लोगों की प्रमुख मांगें पूरी करने पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि बांध निर्माण के कारण हाउस लैस हुए 152 परिवारों को अब आर-आर नीति के तहत भूमिहीन मानते हुए बांध प्रभावित श्रेणी में शामिल किया गया है। राजीव भवन में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रतिनिधिमंडल के माध्यम से यह मांग मुख्यमंत्री के समक्ष रखी गई थी, जिसे सरकार ने स्वीकार किया है।

विनय कुमार ने कहा कि श्री रेणुका जी क्षेत्र में सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और पेयजल सुविधाओं के विस्तार को प्राथमिकता दी जा रही है। गिरी नदी पर बनने वाले पुल को पर्यावरण स्वीकृति मिल चुकी है और 14 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले इस पुल का शेष कार्य शीघ्र पूरा होगा। उन्होंने बताया कि नई दिल्ली में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा नव नियुक्त जिला अध्यक्षों की बैठक बुलाई गई है, जिसमें संगठन सृजन अभियान के तहत पीसीसी, जिला व ब्लॉक स्तर के गठन पर चर्चा होगी।



शिमला में पत्रकार वार्ता में जानकारी देते हुए विनय कुमार। अनंत ज्ञान

#### संगठन सृजन और शिमला कांग्रेस में नई जिम्मेदारियां

राजस्व घाटा अनुदान को लेकर बुलाई गई सर्वदलीय बैठक पर उन्होंने कहा कि भाजपा से भी प्रदेश हित में सहयोग की उम्मीद है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन की मजबूती के लिए एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शिमला शहरी के नव नियुक्त जिलाध्यक्ष इंद्रजीत सिंह एक कर्मठ और अनुभवी कार्यकर्ता हैं। पदभार ग्रहण समारोह में लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह और शिमला शहरी विधायक हरीश जनारथा सहित अन्य नेताओं ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष जैनब चंदेल को हिमाचल प्रदेश बाल कल्याण परिषद की महासचिव नियुक्त किए जाने पर भी बधाई दी गई।

# विधायी प्राथमिकता बैठक बनी औपचारिकता : विपिन परमार

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** भाजपा नेता एवं विधायक विपिन परमार ने छोटा शिमला स्थित सचिवालय के बाहर मीडिया से बातचीत में कहा कि शिमला और कांगड़ा जिला के विधायकों की विधायी प्राथमिकता बैठक केवल औपचारिकता बनकर रह गई है। उन्होंने कहा कि भाजपा विधायकों ने अपने-अपने क्षेत्रों के विकास से जुड़े मुद्दे तथ्यों के साथ रखे, लेकिन सरकार ने उन्हें गंभीरता से लेने के बजाय औपचारिक प्रक्रिया तक सीमित कर दिया।



बातचीत करते विपिन परमार। अनंत ज्ञान

परमार ने बताया कि लोक निर्माण विभाग, जल शक्ति विभाग और वर्षों से लंबित डीपीआर से जुड़े मामलों को बैठक में प्रमुखता से उठाया गया, परंतु इन पर ठोस निर्णय या समयबद्ध कार्ययोजना सामने नहीं आई।

परमार ने आरोप लगाया कि सड़कों, फ्लो इरिगेशन और पेयजल योजनाओं के लिए लंबे समय से धन स्वीकृति का इंतजार है, लेकिन डीपीआर तक तैयार नहीं हो पा रही। उन्होंने कहा कि विधायक क्षेत्र विकास निधि, जो चार किस्तों में जारी होती थी, उसकी दो किस्तें समाप्त कर दी गई हैं, जो किस्त जारी हुई, वह जिलाधीश स्तर से स्वीकृत होने के बावजूद ट्रेजरी से भुगतान के लिए लंबित है। यही स्थिति ऐच्छिक निधि की भी है, जो जरूरतमंदों, बीमारों, गरीब परिवारों, बेटियों के विवाह और युवा खिलाड़ियों की सहायता के लिए उपयोगी होती है, लेकिन उसका भुगतान भी रोका जा रहा है।

बैठक में भाजपा विधायकों ने स्पष्ट किया कि वर्ष 2022 से पहले स्वीकृत अस्पताल, पुल, सड़क, भवन, रेस्ट हाउस, पॉलिटेक्निक कॉलेज और आईटीआई जैसे कई कार्य आज भी अधूरे पड़े हैं।

#### भाजपा विधायकों ने उठाए गंभीर मुद्दे

**परमार** ने बताया कि बैठक में विधायक विक्रम ठाकुर ने क्षेत्रीय विकास पर तथ्यात्मक प्रस्तुति दी, पवन काजल ने शिक्षा और सड़कों के विषय रखे, जबकि रणवीर सिंह निक्का ने चक्की क्षेत्र में अवैध खनन और बाहरी राज्यों के हस्तक्षेप का मुद्दा उठाया। भाजपा विधायकों ने कहा कि सरकार चाहे उद्घाटन का श्रेय ले, लेकिन अधूरे प्रोजेक्ट्स को तुरंत पूरा करे और औपचारिकता छोड़कर वास्तविक विकास पर ध्यान दे।

## शिमला और कांगड़ा जिला के विधायकों के साथ गहन मंथन

# स्वास्थ्य, शिक्षा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर सरकार का फोकस : सीएम सुक्खू

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** प्रदेश सरकार ने वित्त वर्ष 2026-27 के बजट से पहले विकास की प्राथमिकताओं को अंतिम रूप देने की दिशा में अहम पहल करते हुए शिमला और कांगड़ा जिला के विधायकों के साथ गहन मंथन किया।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में स्वास्थ्य, शिक्षा, ग्रामीण अर्थव्यवस्था, पर्यटन और डिजिटल नवाचार जैसे क्षेत्रों को सशक्त करने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में विधायकों ने अपने-अपने क्षेत्रों की जमीनी जरूरतों को सरकार के समक्ष रखा, वहीं मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि बजट जन-अपेक्षाओं और विकास की वास्तविक प्राथमिकताओं को ध्यान में रखकर तैयार किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार प्रदेश में स्वास्थ्य, शिक्षा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए ठोस और दूरगामी निर्णय ले रही है। उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश दूध, प्राकृतिक रूप से उगाए गए गेहूं, जौ, मक्की और हल्दी पर देश में सबसे अधिक समर्थन मूल्य देने वाला पहला राज्य बन चुका है, जिससे ग्रामीण आर्थिकी को नई मजबूती मिली है।

उन्होंने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी हिमाचल ने उल्लेखनीय प्रगति की है। हालिया राष्ट्रीय सर्वे में राज्य गुणात्मक शिक्षा के मामले में 21वें स्थान से छलांग लगाकर 5वें स्थान पर पहुंचा है। वहीं, चमियाणा और टांडा मेडिकल कॉलेज में रोबोटिक सर्जरी की सुविधा शुरू हो चुकी है और जल्द ही सभी मेडिकल कॉलेजों में यह सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी।

राज्य योजना बोर्ड के उपाध्यक्ष भवानी सिंह पठानिया ने कहा कि ऐसी प्राथमिकता बैठकें लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करती हैं और योजनाबद्ध विकास का आधार बनती हैं। बैठक में कृषि मंत्री चौधरी चंद्र कुमार, आयुष मंत्री यादविंद्र गोमा, एचपीटीडीसी अध्यक्ष रघुबीर सिंह बाली, मुख्य सचिव संजय गुप्ता सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।



विधायक प्राथमिकता बैठक में उपस्थित विधायक। अनंत ज्ञान

### ये रहीं विधायकों की मांगें

**रोहड़ू से विधायक मोहन लाल ब्राक्टा:** एमआईएस के तहत सेब की रिकॉर्ड खरीद और दूध के समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया। सीमा कॉलेज में बीएड कक्षाएं शुरू करने और पेयजल योजनाएं शीघ्र पूरी करने की मांग रखी।

**शिमला शहरी से विधायक हरीश जनारथा:** शहर में संपर्क सड़कों के निर्माण व मरम्मत के लिए अलग बजट, पेयजल योजनाओं में तेजी और अंडरग्राउंड डक्ट कार्य शीघ्र पूरा करने की मांग की।

**नूरपुर से विधायक रणबीर निक्का:** मदर एंड चाइल्ड अस्पताल का निर्माण पूरा करने, सिविल अस्पताल में डॉक्टरों के पद भरने और अवैध खनन रोकने के लिए सीमांकन की मांग उठाई।

**इंदौरा से विधायक मलेंद्र राजन:** बाढ़ से हुए नुकसान का शीघ्र मुआवजा, तटीयकरण कार्य, गन्ना किसानों के लिए शुगर पॉलिसी और शुगर मिल स्थापना की मांग रखी।

**जसवां-परागपुर से विधायक बिक्रम सिंह:** रक्कड़-शांतला सड़क को सीआरआईएफ में शामिल करने, लोक निर्माण विभाग कार्यालय भवन और औद्योगिक क्षेत्र में बिजली व्यवस्था सुधारने का आग्रह किया।

**ज्वालामुखी से विधायक संजय रतन:** हेलिपोर्ट निर्माण, पॉलिटेक्निक या आईटीआई खोलने, अस्पताल सुविधाएं बढ़ाने और निर्माणाधीन पुल शीघ्र पूरा करने की मांग की।

**सुलह से विधायक विपिन सिंह परमार:** बैर खड्ड पर निर्माणाधीन पुलों, अस्पताल भवन, पॉलिटेक्निक और आईटीआई निर्माण में तेजी तथा कुहलों की मरम्मत का मुद्दा उठाया।

**कांगड़ा से विधायक पवन काजल:** शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने तथा कुहलों की स्थिति सुधारने की मांग रखी।

**पालमपुर से विधायक आशीष बुटेल:** पर्यटन विकास के प्रयासों की सराहना करते हुए पानी के बढ़े बिलों, डे-बोर्डिंग स्कूल और लाइब्रेरी निर्माण में तेजी की मांग की।

**बैजनाथ से विधायक किशोरी लाल:** होली-उतराला सड़क निर्माण, स्वास्थ्य सेवाएं मजबूत करने और एचआरटीसी डिपो के लिए नई बसों की मांग की।

# पंचायत चुनाव टालकर लोकतंत्र का गला घोंट रही सुक्खू सरकार : भाजपा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में पंचायत चुनावों को बार-बार टालने को लेकर सुक्खू सरकार पर तीखा हमला करते हुए शिमला जिला भाजपा ने इसे लोकतंत्र के मूल्यों पर सीधा आघात बताया है। शिमला जिला भाजपा अध्यक्ष केशव चौहान, जिला प्रवक्ता जितेंद्र भोटका, सक्षम गुडिया बोर्ड की पूर्व उपाध्यक्षा रूपा शर्मा सहित कई पदाधिकारियों ने संयुक्त बयान में आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने पंचायत चुनावों को अपनी प्रतिष्ठा का प्रश्न बनाकर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को बाधित किया है। उनका कहना है कि लोकतंत्र में सरकारें हठधर्मिता से नहीं, बल्कि लोकराज से चलती हैं, जबकि मौजूदा सरकार न्यायालयी आदेशों के विपरीत जाकर चुनाव टालने के लिए सुप्रीम कोर्ट तक पहुंची और राज्य के करोड़ों रुपये खर्च कर रही है। भाजपा नेताओं ने सवाल उठाया कि आपदा का हवाला देकर आखिर कब तक चुनाव टाले जाएंगे, क्योंकि एक न एक दिन पंचायत चुनाव कराने ही पड़ेंगे। उन्होंने तर्क दिया कि अतीत में जब प्रदेश के अनेक इलाकों में सड़क और बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं का अभाव था, तब भी चुनाव स्थगित नहीं हुए। इसके बावजूद आज सरकार की कथनी और करनी में फर्क साफ दिख रहा है। सार्वजनिक मंचों से समय पर चुनाव कराने के दावे किए गए, लेकिन अंदरखाते चुनाव टालने का षड्यंत्र रचकर प्रदेशवासियों के साथ छल किया गया।

# केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत आज शिमला प्रवास पर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** भाजपा प्रदेश महामंत्री संजीव कटवाल ने बताया कि केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत 8 फरवरी को शिमला प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे बजट 2026-27 पर आधारित संवाद कार्यक्रम, प्रेस वार्ता और प्रबुद्ध जन संगोष्ठी में भाग लेंगे।

उन्होंने कहा कि यह दौरा सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण, पर्यटन विकास और विकसित भारत के विजन को लेकर अहम रहेगा तथा बजट के प्रमुख प्रावधानों को आम लोगों तक पहुंचाने में मदद करेगा। उन्होंने बताया कि केंद्रीय मंत्री 7 फरवरी की रात्रि नई दिल्ली से चंडीगढ़ पहुंचेंगे और 8 फरवरी की सुबह सड़क मार्ग से शिमला आएंगे।

शिमला पहुंचने पर मॉल रोड स्थित गुफा आशियाना में सुबह 11 बजे से बजट 2026-27 पर प्रेस कॉन्फ्रेंस और संवाद कार्यक्रम होगा। इसके बाद वे पार्टी कार्यालय भाजपा के दीपकमल, चक्कर में प्रबुद्ध जन संगोष्ठी में सहभागिता करेंगे। दोपहर बाद वे चंडीगढ़ के लिए रवाना होंगे और वहीं से नई दिल्ली लौटेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी संगठन ने सभी कार्यक्रमों की तैयारियां पूरी कर ली हैं और यह दौरा प्रदेश में विकास के नए अवसरों पर सकारात्मक चर्चा को गति देगा।

# व्यवस्था परिवर्तन का खोखला राग अलापना बंद कर काम पर ध्यान दें मुख्यमंत्री : जयराम ठाकुर

## कहा-स्मार्ट मीटर टेंडर में चहेतों को लाभ देने में नहीं दिखा मुख्यमंत्री का वित्तीय अनुशासन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने अपने कांगड़ा प्रवास के पहले दिन पालमपुर में भाजपा के शहरी और ग्रामीण मंडलों की महत्वपूर्ण बैठकों में शिरकत की और कार्यकर्ताओं में नया जोश भरते हुए आगामी राजनीतिक चुनौतियों के लिए सक्रिय रहने का आह्वान किया। जयराम ने प्रदेश की वर्तमान राजनीतिक और आर्थिक स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा कि राज्य में हालात गंभीर हैं और भाजपा कार्यकर्ताओं को सतर्क और सक्रिय होना होगा। उन्होंने मुख्यमंत्री पर आरोप लगाया कि वह केवल व्यवस्था परिवर्तन का खोखला राग अलाप रहे हैं और अपनी हठधर्मिता के कारण राज्य को कर्ज के भारी बोझ से बाहर निकालने के ठोस कदम नहीं उठा रहे हैं।



जयराम ठाकुर का स्वागत करते कार्यकर्ता। अनंत ज्ञान

नेता प्रतिपक्ष ने तंज कसते हुए कहा कि मुख्यमंत्री पिछले तीन वर्षों से दावा कर रहे थे कि 2027 तक हिमाचल आत्मनिर्भर और 2032 तक देश का सबसे समृद्ध राज्य बनेगा, लेकिन अब उनकी सारी हेकड़ी खत्म हो चुकी है। बजट संकट और राजस्व घाटे का रोना रोने के बजाय मुख्यमंत्री ने वित्तीय तैयारी और अनुशासन में कोई कदम नहीं उठाया। उन्होंने कहा कि 15वें वित्त आयोग के समय ही राजस्व घाटा अनुदान के बंद होने की जानकारी दी जा चुकी थी, लेकिन वित्त विभाग का जिम्मा संभालने वाले मुख्यमंत्री ने कोई तैयारी नहीं की और केवल झूठी गारंटियों का ढोल पीटते रहे। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार केवल अपने मित्रों को लाभ पहुंचाने में व्यस्त है। उन्होंने स्मार्ट मीटर टेंडर में बड़े घोटाले और नियमों की अनदेखी का हवाला देते हुए कहा कि केवल चहेतों को फायदा पहुंचाने के लिए प्रक्रिया में अनियमितताएं की गईं। उन्होंने चेतावनी दी कि वित्तीय कुप्रबंधन के कारण प्रदेश में हर माह सैलरी और पेंशन रुकने का खतरा है। विधायक निधि रोक दी गई है और पंचायतों का कार्यकाल समाप्त होने के बावजूद चुनाव कराने से सरकार डर रही है।

#### लगता नहीं, कार्यकाल पूरा कर पाएगी प्रदेश सरकार : जयराम

**अनंत ज्ञान, जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** जिस ढंग से प्रदेश की कांग्रेस सरकार कार्य कर रही है, उससे लगता नहीं कि यह सरकार अपना कार्यकाल पूरा कर सकेगी। उक्त शब्द पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहे। उन्होंने कहा कि अभी वह कुछ समय के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं से मिले है, लेकिन शीघ्र ही वह बैजनाथ में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रम में भाग लेंगे। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व विधायक मुल्खराज प्रेमी के नेतृत्व में पूर्व मुख्यमंत्री का ढोल व पटाखों के साथ बैजनाथ में आने पर स्वागत किया। इस अवसर पर संगठनात्मक जिला भाजपा पालमपुर की अध्यक्ष रागिनी रुकवाल, जिला उपाध्यक्ष पवन चौधरी, मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र कपूर, सुरेंद्र राणा, प्रदेश किसान मोर्चा कार्य समिति सदस्य संजय सोनी आदि ने भाग लिया।

# धर्मशाला के टंग नरवाणा में बायो डायवर्सिटी पार्क जल्द होगा शुरू

## वन विभाग ट्रिपल पी के तहत करेगा संचालन, विभाग ने वर्किंग प्लान में स्वीकृत करवाई है साइट

◆ प्रदेश मंत्रिमंडल से मिल चुकी है स्वीकृति

अनंत ज्ञान

**राजेश कुमार, धर्मशाला।** जिला मुख्यालय धर्मशाला के साथ लगते टंग नरवाणा स्थित बायो डायवर्सिटी पार्क जल्द शुरू होने वाला है। वन विभाग की ओर से पार्क का संचालन ट्रिपल पी मोड के तहत किया जाएगा। विभाग ने इस साइट को वर्किंग प्लान में स्वीकृत करवाया है। साथ ही प्रदेश मंत्रिमंडल से भी इस साइट के संचालन को मंजूरी मिल चुकी है।

सरकार के आदेशानुसार, अब वन विभाग ने इस पार्क का संचालन शुरू करने के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी है। विभाग ने अप्रैल माह में इस पार्क को आम जनता के लिए शुरू करने का लक्ष्य तय किया है। गौरतलब है कि टंग नरवाणा में वर्ष 2019-2020 में यह पार्क बनकर तैयार हुआ था। पार्क का निर्माण पर्यटन विभाग ने किया था, जिसके चलते पहले यह पार्क पर्यटन विभाग के अधीन था। इसके बाद वन विभाग के पास भी यह पार्क आया था। अब सरकार ने निर्णय लिया है कि पार्क का संचालन वन विभाग करेगा। पार्क में जो आधारभूत ढांचा निर्मित किया गया है, विभाग के अनुसार, उक्त ढांचा समुचित है। स्थानीय पक्षियों व जैव विविधता को प्रमोट करने के लिए विभाग की ओर से प्रयास किए जाएंगे।

### 4 हेक्टेयर एरिया करवाया मंजूर

**वन** विभाग ने अपने वर्किंग प्लान में इस साइट को स्वीकृत करवाया गया है, जिसमें 4 हेक्टेयर एरिया को मंजूर करवाया गया है, जिसमें प्रदेश मंत्रिमंडल की भी स्वीकृति मिल चुकी है। सरकार के आदेशानुसार अब वन विभाग इसका संचालन करेगा, जिसके लिए विभाग की ओर से ट्रिपल पी मोड के तहत पार्क को शुरू करने जा रहा है।

### बोली प्रक्रिया के तहत दिया जाएगा पार्क

**वन** विभाग का प्रयास है कि इस पार्क को जल्द से जल्द आम लोगों के लिए खोल दिया जाए। इसके लिए बोली प्रक्रिया अपनाई जानी है, अब देखना यह होगा कि कितने लोग बोली प्रक्रिया में भाग लेते हैं। विभाग ने अप्रैल माह में इस पार्क को शुरू करने का लक्ष्य तय किया है, जिसके लिए प्रभावी प्रक्रिया अपनाई जा रही है।



“जो ढांचा पार्क में निर्मित है, उसी के अनुसार पार्क के संचालन की अनुमति दी जाएगी। जो भी बोलीदाता पार्क को लेगा, उसे स्थायी निर्माण की अनुमति नहीं दी जाएगी, जबकि टेंट आदि लगाने की मंजूरी बारे विभाग विचार कर सकता है।

**अमित शर्मा, डीएफओ, धर्मशाला**

## शीला चौक और भटेड़ में कल बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** सहायक अभियंता, विद्युत उपमंडल नंबर-2, रमेश चंद ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्युत लाइनों के सामान्य रख-रखाव कार्य के कारण 11 केवी दाड़ी फीडर के क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति अस्थायी रूप से बंद रहेगी। प्रभावित क्षेत्र शीला चौक, भटेड़, पास्सू का कुछ हिस्सा, अचीवर्स हब स्कूल और दाड़ी सेक्शन के अन्य आसपास के क्षेत्र हैं। यह कार्य 9 फरवरी 2026 को सुबह 9 बजे से सायं 5 बजे तक या कार्य पूर्ण होने तक किया जाएगा। रमेश चंद ने नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे इस दौरान आवश्यक विद्युत उपकरणों का सुरक्षित संचालन सुनिश्चित करें और किसी भी आपात स्थिति में नजदीकी विद्युत कार्यालय से संपर्क करें। उन्होंने यह भी बताया कि खराब मौसम या अन्य अपरिहार्य परिस्थितियों के कारण यदि कार्य पूरा नहीं हो पाया तो इसे अगले दिन पूरा किया जाएगा। उन्होंने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की गई है।

# 140 ग्राम चरस के साथ तीन लोग गिरफ्तार

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला पुलिस ने 140 ग्राम चरस सहित तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई की है। शनिवार को पुलिस थाना पंचरुखी की टीम द्वारा ट्रैफिक चेकिंग के दौरान गाड़ी पिकअप ट्राला नंबर एचपी-37जे-2225 में सवार 30 वर्षीय लक्की निवासी गांव सलियाणा तहसील पालमपुर, 35 वर्षीय प्यार चंद निवासी वटाहण डाकघर पंचरुखी व 29 वर्षीय सालव विकास चंद निवासी टिक्कर डाकघर लामहण तहसील पालमपुर के कब्जे से 140 ग्राम चरस बरामद करने में सफलता प्राप्त की है। तीनों आरोपियों को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस थाना पंचरुखी में मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। साथ ही ट्राला को भी कब्जे में लिया गया है।

एसपी कांगड़ा अशोक रत्न ने पुष्टि करते हुए बताया कि जिला पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ निरंतर जारी विशेष अभियान में लगातार गश्त, नाकाबंदी, गुप्त सूचना एकत्रित करना व ट्रैफिक चेकिंग जारी है। शनिवार को पुलिस थाना पंचरुखी की टीम द्वारा ट्रैफिक चेकिंग के दौरान दयोग्रां नजदीक पंचायत घर में पालमपुर की ओर से आ रहे पिकअप ट्राला नंबर एचपी-37जे-2225में सवार उक्त आरोपियों को 140 ग्राम चरस के साथ धर दबोचा। जिला कांगड़ा पुलिस का नशे के खिलाफ यह अभियान भविष्य में भी निरंतर जारी रहेगा।



पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर की कार्रवाई। अनंत ज्ञान

## चौहजड़ कुलदेवी मंदिर में वार्षिक भंडारा आज

**अनंत ज्ञान, गरली।** बग्गी स्थित ऐतिहासिक चौहजड़ कुलदेवी मंदिर में 8 फरवरी को वार्षिक भंडारे का आयोजन किया जाएगा। लगभग 500 वर्ष पुराने इस कुलधाम में प्रातः वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन-यज्ञ, तत्पश्चात कुलदेवी पूजन, आरती व भजन-कीर्तन होंगे। इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। ट्रस्ट सचिव बृजमोहन सूद ने बताया कि इस वर्ष मुख्य अतिथि सीबीआई डायरेक्टर प्रवीण कुमार सूद होंगे। मंदिर का जीर्णोद्धार अमर चंद बुटेल परिवार द्वारा कराया गया है। आयोजन की सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

## भारतीय नौसेना में धार गांव के कुलदीप सिंह बने कप्तान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला कांगड़ा तहसील देहरा गांव धार के रहने वाले कुलदीप सिंह का नौसेना में कप्तान के रैंक में प्रमोशन हुआ है। कैप्टन कुलदीप सिंह ने एक सैनिक के रूप में जून 1977 में नौसेना में प्रवेश किया था। कड़ी मेहनत, लगन और कर्तव्य निष्ठा के फल स्वरूप वह अक्तूबर 1986 में नौसेना में एक कमीशन अधिकारी के तौर पर नियुक्त हुए। कैप्टन कुलदीप सिंह ने अपने 39 साल के लंबे अंतराल में भारतीय नौसेना में संभारिकी अधिकारी के रूप में सेवाएं प्रदान की हैं। यह भी बताया जाता है कि कैप्टन कुलदीप सिंह प्रदेश के कांगड़ा जिले के अपने कैडर में सर्वप्रथम कैप्टन बने हैं। उनके रिश्तेदारों में खुशी का माहौल है।



# सरकार की विफलताओं, दिशाहीन फैसलों से आर्थिक अराजकता की कगार पर खड़ा हिमाचल: परमार

अनंत ज्ञान

**राकेश डोगरा, डरोह।** प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष व सुलह के विधायक विपिन सिंह परमार ने प्रेस बयान में कहा कि जिस प्रदेश को देवभूमि कहा जाता है, आज वही प्रदेश कांग्रेस सरकार की नीतिगत विफलताओं, दिशाहीन फैसलों और मित्रों की सरकार के कारण आर्थिक अराजकता के कगार पर खड़ा है।

मुख्यमंत्री सुक्खू का यह कहना कि प्रदेश की जनता लंबे संघर्ष के लिए तैयार हो जाए, न केवल सरकार की नाकामी का सार्वजनिक स्वीकार है, बल्कि यह जनता को डराने और अपनी विफलताओं से ध्यान भटकाने की एक शर्मनाक कोशिश भी है। मुख्यमंत्री द्वारा बार-बार यह दोहराया जाना कि प्रदेश की वित्तीय स्थिति बेहद खराब है, इस बात का प्रमाण है कि कांग्रेस सरकार सत्ता संभालने से पहले न तो तैयार थी और न ही उसके पास कोई ठोस रोडमैप था। अगर सरकार वाकई आर्थिक संकट को लेकर गंभीर होती, तो सबसे पहले अपने राजनीतिक मित्रों और चहेतों को बोर्ड-निगमों, अध्यक्ष और चेयरमैन जैसे अनावश्यक पदों से हटाती, लेकिन इसके उलट, प्रदेश का खजाना मित्रों की मौज-मस्ती और सत्ता सुख का साधन बना दिया गया। एक ओर कांग्रेस सरकार आर्थिक बदहाली का रोना रोती है, दूसरी ओर सत्ता के नजदीकी लोगों पर बेहिसाब खर्च जारी है। मुख्यमंत्री, मंत्रियों और मित्रों की आवभगत पर लाखों रुपए खर्च किए जा रहे हैं, जबकि जमीन पर विकास कार्य ठप पड़े हैं। विकास कार्य रुक चुके हैं, कर्मचारी और पेंशनर भविष्य को लेकर चिंतित हैं, युवा हताश हैं और निवेशकों का भरोसा डगमगा चुका है। कभी एडीबी जैसी संस्थाओं के समर्थन पर बयान आते हैं, तो कभी अचानक स्वीकार किया जाता है कि ऐसे हालात की कल्पना तक नहीं की गई थी। यह सब दर्शाता है कि सरकार बिना योजना, बिना वित्तीय समझ और बिना किसी स्पष्ट दिशा के फैसले ले रही है। सबसे चिंताजनक तथ्य यह है कि मुख्यमंत्री स्वयं मान रहे हैं कि हालात गंभीर हैं, लेकिन यह बताने में पूरी तरह विफल हैं कि प्रदेश को इस संकट से बाहर निकालने के लिए सरकार ने अब तक किया क्या है। आज प्रदेश में यह स्पष्ट हो चुका है कि कांग्रेस सरकार धरातल से पूरी तरह कट चुकी है। सत्ता में आने के बाद सरकार ने जनसेवा के बजाय मित्रसेवा को प्राथमिकता दी। बोर्ड-निगमों में नियुक्तियां जनता के हित के लिए नहीं, बल्कि सत्ता संतुलन और राजनीतिक लाभ के लिए की गईं। वीआईपी फिजूलखर्ची पर पूर्ण विराम लगाना होगा, जनता को डराने वाली भाषा छोड़कर स्पष्ट कार्ययोजना सामने रखनी होगी। यह बताना होगा कि केंद्र से मिले धन का उपयोग कहां और कैसे किया गया।

# राज्यपाल ने बैजनाथ कॉलेज के अभिषेक को नवाजा

अनंत ज्ञान

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** पंडित संत राम डिग्री कॉलेज के छात्र अभिषेक ठाकुर को राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल की ओर से सम्मानित किया गया। अभिषेक ठाकुर को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनके अनुशासन, नेतृत्व क्षमता तथा राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया।

यह उपलब्धि न केवल अभिषेक ठाकुर, बल्कि उनके परिवार, शिक्षण संस्थानों और पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। अभिषेक ठाकुर, शिव कुमार एवं सरोज कुमारी के पुत्र हैं, जो कि लड़भड़ोल के चलोटी गाव से संबंध रखते हैं। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा भारती विद्या पीठ बैजनाथ से प्राप्त की तथा बारहवीं कक्षा की शिक्षा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बैजनाथ से पूरी की। वर्तमान में वे पंडित संत राम डिग्री कॉलेज, बैजनाथ से बीसीए की पढ़ाई कर रहे हैं। अभिषेक को प्राप्त यह सम्मान क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है और यह संदेश देता है कि समर्पण, मेहनत और अनुशासन से राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई जा सकती है। अभिषेक ठाकुर 5 एचपी बटालियन एनसीसी, धर्मशाला के कैडेट हैं, जो शिमला ग्रुप के अंतर्गत आती है।

एनसीसी के माध्यम से उन्होंने अनुशासन, राष्ट्रसेवा और नेतृत्व के मूल्यों को आत्मसात किया, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें यह प्रतिष्ठित राज्यपाल सम्मान प्राप्त हुआ। भारती विद्या पीठ, बैजनाथ के निदेशक नवनीत डोगरा, पंडित संत राम डिग्री कॉलेज, बैजनाथ के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार कौंडल तथा कॉलेज के एनसीसी एएनओ लेफ्टिनेंट डॉ. विक्रम सिंह के लिए यह अत्यंत गौरव की बात है।



एनसीसी में उल्लेखनीय योगदान के लिए नवाजा। अनंत ज्ञान

## धीरा में जिलास्तरीय होली मेले की बनाई रूपरेखा

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** धीरा मैं मार्च माह में जिलास्तरीय होली मेले के आयोजन को लेकर संयुक्त परिसर कार्यालय में एक बैठक का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन संजय सिंह चौहान ने की। इस बैठक में एसडीएम धीरा सलीम आजम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में होली मेले के सफल आयोजन के लिए रूपरेखा तैयार की गई। इस वर्ष मेले का आयोजन 5, 6 और सात मार्च को होगा। मेले का शुभारंभ 5 मार्च को कालीनाथ महादेव मंदिर से शुरू होने वाली शोभायात्रा के साथ होगा।

# मोदी सरकार का कार्यकाल हिमाचल के विकास के लिए मील पत्थर: इंदु

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** राज्य सभा सांसद इंदु गोस्वामी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में प्रदेश में चार नए हवाई अड्डे और 22 नए एयर रूट चालू किए गए हैं। उड़ान योजना के तहत शिमला, कुल्लू, मंडी और रामपुर के एयरपोर्ट/हेलिपोर्ट्स पर क्रमशः 116.70 करोड़, 37.29 करोड़, 8.76 करोड़ और 4.84 करोड़ रुपए खर्च किए गए।



उन्होंने कहा कि प्रदेश में हवाई यात्रा के विस्तार के लिए सरकार ने मंडी में ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट के निर्माण के लिए साइट क्लीयरेंस प्रदान करके इसके निर्माण का रास्ता साफ कर दिया है। उन्होंने बताया कि भारतमाला परियोजना के पहले चरण में प्रदेश में 9,964 करोड़ रुपए की लागत से 167 किलो मीटर लंबे राष्ट्रीय राजमार्ग कॉरिडोर का निर्माण किया गया है। उन्होंने बताया कि मोदी शासनकाल में हिमाचल प्रदेश में 30 जून, 2025 तक 2,607 किलोमीटर लंबे राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण किया गया है। उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश को मेडिकल डिवाइस पार्क विकसित करने के लिए देश के चार राज्यों में से एक चुना गया है और इसके लिए प्रारंभिक तौर पर 100 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। उन्होंने बताया कि नालागढ़ में 350 करोड़ रुपए की लागत से मेडिकल डिवाइस पार्क विकसित किया जाएगा, जिससे पूरे उतर भारत में मेडिकल उपकरणों की आपूर्ति होगी और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और खुशहाली के नए दौर की शुरुआत होगी। उन्होंने बताया कि बॉर्डर एरिया डेवलपमेंट योजना के तहत राज्य के 75 गांवो में मूलभूल ढांचा, रोजगार और संपर्क मार्गों को सुदृढ़ किया जा रहा है।

## नौरा कॉलेज में स्किल इंडिया मिशन पर व्याख्यान

**अनंत ज्ञान, डरोह।** राजकीय महाविद्यालय नौरा के करियर मार्गदर्शन एवं प्लेसमेंट प्रकोष्ठ द्वारा स्किल इंडिया मिशन पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप प्राचार्य एवं प्रभारी डॉ. प्रदीप सिंह ने की। मुख्य वक्ता डॉ. विवेक (विज्ञान विभाग) ने स्किल इंडिया पोर्टल, उपलब्ध कौशल आधारित पाठ्यक्रम, ऑनलाइन प्रशिक्षण, प्रमाणन सुविधाएं और रोजगार अवसरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने रुचि के अनुसार कोर्स चुनकर निजी और सरकारी क्षेत्र में रोजगार प्राप्त करने तथा स्वरोजगार की दिशा में प्रेरित होने की सलाह दी। व्याख्यान में करियर योजना, बायोडाटा निर्माण और कौशल उन्नयन के महत्व पर भी मार्गदर्शन दिया गया। उप प्राचार्य डॉ. प्रदीप सिंह ने विद्यार्थियों को लक्ष्य स्पष्ट करने और समय के अनुरूप स्वयं को सक्षम बनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में कॉलेज स्टाफ और बीए संकाय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# बड़ा भंगाल के लोगों को सामुदायिक अधिकार पट्टे वितरित

अनंत ज्ञान

**बैजनाथ।** वन अधिकार अधिनियम 2006 के अंतर्गत बीड़ में सामुदायिक अधिकार पट्टा वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपमंडल बैजनाथ के दूरदराज क्षेत्र बड़ा भंगाल के पात्र लोगों को सामुदायिक अधिकार पट्टे वितरित किए गए। कार्यक्रम में उपमंडलाधिकारी बैजनाथ संकल्प गौतम ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की।

उन्होंने सामुदायिक अधिकार पट्टे प्राप्त करने वाले लोगों को बधाई देते हुए कहा कि कहा कि वन अधिकार अधिनियम, 2006 का उद्देश्य वर्षों से जंगलों में निवास कर रहे लोगों को उनके वैधानिक अधिकार प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि इस अधिनियम के तहत व्यक्तिगत एवं सामुदायिक, दोनों प्रकार के वन अधिकार पट्टे प्रदान किए जाते हैं, जिससे स्थानीय समुदायों को आजीविका के साथ-साथ जंगलों के संरक्षण एवं प्रबंधन में सहभागिता का अधिकार मिलता है। उन्होंने बताया कि वन अधिकार अधिनियम के अंतर्गत ग्राम स्तर पर एक समिति का गठन किया जाता है। यह समिति पात्र व्यक्तियों एवं समुदायों की पहचान कर दावों की प्राथमिक जांच करती है तथा ग्राम सभा की स्वीकृति के उपरांत प्रस्ताव उपमंडल स्तरीय समिति को भेजे जाते हैं। इसके उपरांत दावों की गहन जांच-पड़ताल, अभिलेखों का सत्यापन एवं आवश्यकतानुसार स्थल निरीक्षण के बाद प्रकरण जिला स्तरीय समिति को भेजा किया जाता है। जिलास्तरीय समिति जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त द्वारा की जाती है और सभी पहलुओं की अंतिम समीक्षा कर दावों को स्वीकृति प्रदान की जाती है, जिसके पश्चात वन अधिकार पट्टे जारी किए जाते हैं। उन्होंने प्रदेश सरकार तथा उपायुक्त कांगड़ा का धन्यवाद करते हुए कहा कि वन अधिकार अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन से जहां पात्र लोगों को उनके वैधानिक अधिकार प्राप्त हो रहे हैं, वहीं, स्थानीय समुदायों की भागीदारी से वनों का संरक्षण भी सुनिश्चित हो रहा है। एसडीएम ने विश्वास व्यक्त किया कि सामुदायिक अधिकार पट्टों के माध्यम से स्थानीय लोगों को आजीविका के नए अवसर प्राप्त होंगे तथा वे वनों के सतत संरक्षण एवं प्रबंधन में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अनुराग शर्मा, पूर्व अनुसूचित जाति सैल के अध्यक्ष रविंदर बिट्टू सहित पंचायत प्रतिनिधि, वन अधिकार समिति के सदस्य एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



बीड़ में सामुदायिक अधिकार पट्टा वितरण समारोह का आयोजन किया। अनंत ज्ञान

## आईटीआई धर्मशाला में कैंपस इंटरव्यू 10 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** आईटीआई धर्मशाला के प्रधानाचार्य राजेश कुमार पुरी ने जानकारी दी कि आईटीआई धर्मशाला में 10 फरवरी को हैंड टूल्स बनाने वाली कंपनी एचआर इंडस्ट्रीज जालंधर की ओर से कैंपस इंटरव्यू लिए जाएगा। 2020 से 2026 तक के पास आउट अभ्यर्थी भाग ले सकते है। इस दिन मशीनिस्ट, फिटर, टर्नर, वेल्डर, इलेक्ट्रीशियन, डीजल मकैनिक, मोटर व्हीकल मैकेनिक और फूड प्रोडक्शन आदि के कुल 70 पद भरे जाएंगे। कंपनी द्वारा चयनित होने पर अभ्यर्थियों को 18 हजार 693 रुपए मासिक वेतन प्रदान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त निःशुल्क आवास व अन्य सुविधायें प्रदान की जाएंगी। इच्छुक अभ्यर्थी 10 फरवरी सुबह 10:00 बजे संस्थान में आकर साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। साक्षात्कार में भाग लेने वाले उम्मीदवार अपने साथ दसवीं व आईटीआई के मूल प्रमाण पत्र, आधार कार्ड और उनकी फोटो स्टेट प्रतियां व 3 फोटोग्राफ लेकर आएं। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 9779461331, 981599210 पर संपर्क कर सकते हैं।

**अनदेखी** देखरेख के लिए कोई कर्मचारी नियुक्त नहीं, झाड़ियों ने जमाया डेरा

# कोसरी में वन विभाग का विश्राम गृह गिरने की कगार पर



बदहाल स्थिति में वन विभाग का विश्रामगृह। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान मुद्दा

अनंत ज्ञान

**अजय पाल, पालमपुर।** विधानसभा जयसिंहपुर की कोसरी पंचायत में वन विभाग की ओर से बनाया गया विश्रामगृह पूरी तरह गिरने की कगार पर है। खिड़कियां, दरवाजे आदि सब टूट गए हैं। बिजली की तारें लटकी हुई हैं, जिससे कोई भी हादसा हो सकता है। विश्राम गृह के इर्द-गिर्द झाड़ियों ने डेरा जमाया हुआ है।

जनता के लाखों रुपए से बने इस विश्राम गृह की कोई सुध लेने वाला नहीं है। इसकी देखरेख के लिए न तो यहां कोई चौकीदार है और न ही कोई अन्य कर्मचारी।

यहां सरेआम जनता के धन की बर्बादी हो रही है। आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता एवं विधानसभा क्षेत्र जयसिंहपुर के सचिव काली दास ने कहा कि एक तरफ सरकार अपनी राजनीति चमकाने के लिए नए-नए विश्राम गृह बनाने के लिए शिलान्यास कर रही हैं और दूसरी तरफ पहले से बनाए गए विश्राम गृहों की अनदेखी करके प्रदेश का करोड़ों का नुकसान कर रही है। उन्होंने कहा कि अगर सरकार नए विश्राम गृहों के शिलान्यास की जगह पहले से बने विश्रामगृहों का जीर्णोद्धार करके वहां पर स्थायी कर्मचारी नियुक्त कर दे तो आर्थिक मंदी से जूझ रहे प्रदेश को लाखों का फायदा हो सकता है। कालिदास ने सरकार से मांग की है कि जल्द ही इस विश्राम गृह की मरम्मत करवा कर वहां पर स्थाई कर्मचारी की नियुक्ति की जाए, ताकि पर्यटकों या अन्य किसी कार्यक्रम के लिए इस विश्राम गृह का उपयोग कर सके। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश के लोग सरकार के तानाशाही फैसलों से परेशान हो गए हैं। लोगों का दोनों पार्टियों से मोह भंग हो गया है, इसलिए अब लोग तीसरे विकल्प की तलाश में हैं।

## नाग मंदिर करियाड़ा में मन्नत से 3 माह की राधिका हुई स्वस्थ

**अनंत ज्ञान, परागपुर।** नैहरनपुखर सौंत के अंकुश शर्मा और शालनी शर्मा की तीन माह की बेटी राधिका जन्म के तुरंत बाद गंभीर बीमारी की चपेट में आ गई थी। हालत इतनी नाजुक थी कि डॉक्टरों ने भी इसे ईश्वर भरोसे छोड़ दिया। इस कठिन समय में माता-पिता ने नाग मंदिर करियाडा में सच्चे मन से मन्नत मांगी। जैसे ही उन्होंने पूरी आस्था के साथ प्रार्थना की, राधिका की सेहत में धीरे-धीरे सुधार आने लगा और बच्ची अब पूरी तरह स्वस्थ है। बेटी के स्वस्थ होने पर माता-पिता अपने सास-ससुर सहित नाग मंदिर करियाडा पहुंचे और बाबा जी का आशीर्वाद लिया। मंदिर प्रबंधक कुलदीप सिंह गुलेरिया ने कहा कि सच्ची श्रद्धा से मांगी गई मन्नत कभी खाली नहीं जाती। यह घटना न केवल परिवार की आस्था की कहानी है, बल्कि कठिन समय में उम्मीद बनाए रखने का संदेश भी देती है। राधिका की मुस्कान अब उस विश्वास की गवाही बन गई है, जिसने निराशा को मात दी।

# ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल में दसवीं कक्षा के छात्रों को विदाई पार्टी



प्रधानाचार्य अनुमीत कौर ने स्टूडेंट्स को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**अशोक ठाकुर, इंदौरा।** ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल सूरजपुर मोहटली में स्कूल के चेयरमैन रणवीर सिंह, सेक्रेटरी कमलजीत सिंह तथा प्रधानाचार्य अनुमीत कौर की अध्यक्षता में दसवीं कक्षा के छात्रों को विदाई पार्टी दी। इस कार्यक्रम में प्रबंधक कमेटी की तरफ से स्कूल के नौवीं कक्षा के छात्रों की तरफ से स्वागत तथा मनोरंजन किया गया।

इस मौके पर दसवीं कक्षा के छात्राओं द्वारा केक भी काटा गया। स्कूल की प्रबंधक कमेटी की तरफ से उनके खाने-पीने प्रबंध भी किया गया था। छात्रों को उपहार देकर उन्हें सम्मानित भी किया गया। अनुमीत कौर ने कक्षा दसवीं के छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# अब नहीं भटकेंगे पेंशनर्स, दहलीज पर होगा समस्याओं का समाधान

## शिक्षा बोर्ड की पहल: 18 को सेवानिवृत्त कर्मियों के साथ सुलझाएंगे पेंशन व लंबित भुगतानों के मामले

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड अब अपने सेवानिवृत्त अधिकारियों और पेंशनर्स की सुध लेने के लिए पूरी तरह एक्शन मोड में आ गया है। सालों की सेवा के बाद पेंशन और अपने हक के लिए दफ्तरों के चक्कर काटने वाले कर्मचारियों को राहत देने के लिए बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने एक विशेष मुहिम शुरू की है। इसी कड़ी में शनिवार को धर्मशाला में अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक कर 18 फरवरी को होने वाले महा-मंथन की रूपरेखा तैयार की गई।

◆ **बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने शुरू की विशेष मुहिम**

### पेंशन और एरियर की बाधाएं होंगी दूर



**बोर्ड** के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने स्पष्ट किया कि 18 फरवरी को होने वाली बैठक महज एक औपचारिक चर्चा नहीं, बल्कि परिणाम देने वाला मंच होगी। इसमें पेंशनर्स से जुड़े संवेदनशील मुद्दों जैसे पारिवारिक पेंशन, लंबित एरियर, चिकित्सा बिलों का भुगतान और तकनीकी बाधाओं को मौके पर ही सुलझाने की कोशिश की जाएगी। डॉ. शर्मा ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि हर मामले को संवेदनशीलता और पारदर्शिता के साथ देखा जाए ताकि बुजुर्ग पेंशनर्स को सम्मानजनक समाधान मिले।

### ऑन-द-स्पॉट फैसले और प्रभावी मॉनिटरिंग

**बैठक** के दौरान रणनीति बनाई गई कि जो मामले बोर्ड के अधिकार क्षेत्र में हैं, उनका निपटारा तुरंत प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। वहीं, जिन फाइलों पर प्रदेश सरकार या अन्य विभागों की मंजूरी अनिवार्य है, उन्हें बोर्ड खुद आगे बढ़कर संबंधित अथॉरिटी के पास पैरवी के लिए भेजेगा। डॉ. शर्मा के अनुसार, इस पूरी कवायद का उद्देश्य पेंशनर्स की समस्याओं को व्यावहारिक और विधिसम्मत तरीके से हल करना है।

### पेंशनर्स के सम्मान में बोर्ड का सार्थक कदम

**स्कूल** शिक्षा बोर्ड के इस कदम से हजारों सेवानिवृत्त कर्मचारियों में उम्मीद की नई किरण जगी है। शिक्षा बोर्ड ने यह संदेश दिया है कि बोर्ड अपने पूर्व कर्मचारियों के अनुभवों का सम्मान करता है और उनकी परेशानियों को दूर करने के लिए प्रतिबद्ध है। शनिवार को हुई इस तैयारी बैठक में सहायक सचिव सहित बोर्ड के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे, जिन्होंने आगामी 18 फरवरी की बैठक को सुव्यवस्थित और उद्देश्यपूर्ण बनाने का रोडमैप साझा किया।

# अनुराग आज करेंगे सीयू देहरा कैंपस का निरीक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर के सांसद अनुराग ठाकुर रविवार को देहरा विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर होंगे। इस दौरान जहां अनुराग ठाकुर देहरा में बन रहे सेंट्रल यूनिवर्सिटी कैंपस का निरीक्षण करेंगे, वहीं प्रदेश भाजपा पूर्व कर्मचारी प्रकोष्ठ की विशेष कार्यशाला में भी शिरकत करेंगे। इसके उपरांत अनुराग ठाकुर को बिलासपुर के बरमाणा में कार्यक्रम निर्धारित है। गौरतलब है कि देहरा में बन रहे सेंट्रल यूनिवर्सिटी कैंपस में सीयू प्रशासन जल्द कक्षाएं शिफ्ट करने की तैयारी में है। निर्माण एजेंसी को सीयू प्रशासन की ओर से निर्माण कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश जारी किए गए हैं। देहरा कैंपस में बिजली-पानी की व्यवस्था करवाने की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है। जहां जल शक्ति विभाग, सीयू कैंपस देहरा के लिए पेयजल योजना के कार्य में जुटा हुआ है, जिसके दिसंबर तक पूरा होने की संभावना है। वहीं बिजली व्यवस्था हेतू मामला प्रदेश सरकार के समक्ष उठाने की बात कही जा रही है। यही नहीं पीएमओ से भी देहरा कैंपस के बारे में रिपोर्ट मांगी गई थी, जो कि भेज दी गई है। सीयू प्रशासन की मानें तो देहरा कैंपस तैयार होने के साथ ही पीएम से इसका उदघाटन करवाया जाएगा, इस संबंध में जल्द पीएमओ से संपर्क साधने की भी बात कही जा रही है।

◆ **प्रदेश भाजपा पूर्व कर्मचारी प्रकोष्ठ की कार्यशाला में भी करेंगे शिरकत**

# कलेहड़ में लोगों को दी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी




कलेहड़ गांव में ग्राहक जागरुकता शिविर के दौरान मौजूद लोग। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**पिंकी, डाडासीबा।** पंचायत डाडासीबा के कलेहड़ गांव में नाबार्ड के सहयोग से कांगडा केंद्रीय सहकारी डाडासीबा की ओर से ग्राहक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीण जनता को वित्तीय और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के प्रति जागरूक करना था।

शिविर में अधिकारी विजय कुमार और विनोद कुमार ने उपस्थित लोगों को डिजिटल लेनदेन, बैंकिंग स्कीमों, ऋण सुविधाओं और विभिन्न सरकारी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने ग्रामीण जनता को आधुनिक बैंकिंग सुविधाओं के उपयोग, ऑनलाइन लेनदेन की सुरक्षा और वित्तीय योजना बनाने के महत्व के बारे में बताया। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे, जिन्होंने ग्रामीणों को जागरुकता कार्यक्रम में भाग लेने और लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। शिविर के माध्यम से ग्रामीणों में बैंकिंग और वित्तीय योजनाओं के प्रति समझ विकसित करने के साथ-साथ डिजिटल लेनदेन और वित्तीय सुरक्षा के महत्व को उजागर किया गया। इस पहल को स्थानीय स्तर पर सराहना प्राप्त हुई और इसे भविष्य में भी नियमित रूप से आयोजित करने की योजना बनाई गई।

# नृत्य में स्नेहा और गायन में निशिता बेस्ट

## द्रोणाचार्य कॉलेज रैत में टैलेंट हंट 'मेरी प्रतिभा मेरी पहचान' का आयोजन



प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए टैलेंट हंट मेरी प्रतिभा मेरी पहचान का आयोजन किया गया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**कोहली, शाहपुर।** द्रोणाचार्य स्नातकोत्तर शिक्षा महाविद्यालय रैत में बीबीए और बीकॉम के प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए टैलेंट हंट मेरी प्रतिभा मेरी पहचान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं की ओर से रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

नृत्य में स्नेहा, गायन में निशिता, कुकिंग में सतविंद्र, मॉडल मेकिंग में अभिनव, म्यूजिक में मयन, वीडियोग्राफी में सतविंद्र, मेंहदी में सोनम, हेयर स्टाइल में वंशिका बेस्ट रहे एवं मल्टी टेलेंटेड स्टूडेंट सतविंद्र को विजेता घोषित किया गया। कार्यकारिणी निदेशक डॉ. बीएस पठानिया ने भी छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम की सराहना की एवं उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। निर्णायक मंडल में सहायक प्रो. विशाखा, अनीश कोरला, कुसुम पठानिया एवं सभी अध्यापक वर्ग उपस्थित रहे। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष वितिका महाजन, क्लब को-ऑर्डिनेटर चंदन, विशाल, शिवालिका, रिधम, अभिनव उपस्थित रहे। क्रिएटिव टेक कंपनी की ओर से ऋतिक एवं अरविंद ने विद्यार्थियों को डिजिटल मार्केटिंग का महत्व बताया।

## नूरपुर पुलिस का अवैध खनन के खिलाफ विशेष अभियान जारी, पांच लोगों के किए चालान

# शिकंजा: एक जेसीबी और चार ट्रैक्टर किए जब्त

अनंत ज्ञान




अवैध खनन में संलिप्त 1 जेसीबी मशीन और 4 ट्रैक्टरों को कब्जे में लिया। अनंत ज्ञान

**अशोक ठाकुर, इंदौरा।** अवैध खनन गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस जिला नूरपुर के एसपी कुलभूषण वर्मा के नेतृत्व में खनन एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम के तहत लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान जिले में अवैध खनन को रोकने, प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और पर्यावरण संरक्षण को सुदृढ़ करने के लिए शुरू किया गया है। अभियान के तहत पुलिस टीमों ने संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष चेकिंग और नाकाबंदी की। पिछले 24 घंटों के दौरान जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई में अवैध खनन में संलिप्त 1 जेसीबी मशीन और 4 ट्रैक्टरों को कब्जे में लिया गया।

इसके अतिरिक्त अवैध खनन और खनन सामग्री के अवैध परिवहन में शामिल 5 लोगों के खिलाफ चालान जारी किए गए। इस कार्रवाई से यह स्पष्ट संदेश गया कि पुलिस अवैध खनन के मामलों में शून्य सहनशीलता की नीति अपनाए हुए है और किसी भी प्रकार के नियम उल्लंघन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। एएसपी नूरपुर धर्मचंद वर्मा ने बताया कि अवैध खनन के खिलाफ यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी, ताकि जिले में खनन गतिविधियों में नियमों का पालन सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने आम जनता से भी अपील की कि वे अवैध खनन और खनन सामग्री के अवैध परिवहन के किसी भी मामले की जानकारी पुलिस के साथ साझा करें। इस सहयोग से न केवल अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण रहेगा, बल्कि प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण भी सुदृढ़ होगा। पुलिस प्रशासन का यह कदम नूरपुर जिले में पर्यावरण संरक्षण, संसाधनों के न्यायसंगत उपयोग और प्राकृतिक खनिजों के सतत विकास को सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। अभियान के माध्यम से जनता में जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ अवैध खनन पर अंकुश लगाने की ठोस पहल की जा रही है, जिससे जिले में स्थायी विकास और प्राकृतिक संतुलन बनाए रखा जा सके।

# करियाड़ा कृषि सेवा सहकारी समिति ने ब्याज दरों में कटौती का लिया निर्णय

**अनंत ज्ञान, गरली।** करियाड़ा कृषि सेवा सहकारी सभा समिति समिति के चेयरमैन अजीत लाल शर्मा की अध्यक्षता में अधिवेशन हुआ। इसमें बड़ा फैसला ब्याज दरों में कटौती का लिया। अब यदि कोई किसान ट्रैक्टर या अन्य वाहन के लिए ऋण लेता है तो उसे 10 प्रतिशत की बजाय मात्र 8 प्रतिशत ब्याज देना होगा। इतना ही नहीं, हाउस लोन भी अब 8 प्रतिशत ब्याज दर पर उपलब्ध होगा। इस निर्णय से सीधे तौर पर किसानों की आर्थिक बोझ में राहत मिलेगी।

सभा समिति के सचिव सुरेंद्र सिंह ठाकुर ने वर्ष भर का आय-व्यय लेखा-जोखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि संस्था का वार्षिक मुनाफा इस वर्ष 57 लाख रुपये से अधिक पहुंच गया है, जबकि गत वर्ष यह 36 लाख 28 हजार रुपये था। मुनाफे में इस उल्लेखनीय बढ़ोतरी ने सभा की मजबूत वित्तीय स्थिति को साबित कर दिया है। अधिवेशन में मौजूद सैकड़ों खाताधारकों की सहमति से 1957 सदस्यों को 14 प्रतिशत लाभांश वितरित करने का निर्णय लिया गया। करीब 38 करोड़ रुपये की परिसंपत्ति वाली करियाड़ा सोसायटी जिला कांगड़ा में लगातार लगभग 26 बार प्रथम स्थान हासिल कर चुकी है और अनेक पुरस्कार अपने नाम कर चुकी है।

# 10वीं-12वीं की उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन को शिक्षा विभाग से मांगे 5030 विषय विशेषज्ञ

## मूल्यांकन के लिए पहले बोर्ड स्वयं तैनात करता था शिक्षक

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की 3 मार्च से आरंभ हो रही दसवीं व बारहवीं की वार्षिक परीक्षाओं की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन इस बार विषय विशेषज्ञ करेंगे। इसके लिए स्कूल शिक्षा बोर्ड की ओर से शिक्षा विभाग से 5030 विषय विशेषज्ञों की मांग की गई है, जबकि इससे पहले उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए शिक्षा बोर्ड द्वारा ही शिक्षक तैनात किए जाते थे। इसके लिए बोर्ड की ओर से शिक्षकों से मूल्यांकन कार्य के लिए आवेदन मांगे जाते थे, लेकिन कई शिक्षक आवेदन करने के बाद भी मूल्यांकन स्थल पर नहीं पहुंचते थे, जिसके चलते मूल्यांकन का कार्य प्रभावित होता था। वहीं, परीक्षाओं के परिणाम को घोषित करने में भी देरी होती थी।

ऐसी समस्या से बचने के लिए इस बार बोर्ड प्रशासन ने शिक्षा निदेशालय से ही शिक्षकों की ड्यूटी उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए लगाने को कहा है। मूल्यांकन कार्य के लिए न पहुंचने वाले शिक्षकों की मनमानी को रोकने के लिए ही इस बार स्कूल शिक्षा बोर्ड अपने स्तर पर मूल्यांकन के लिए शिक्षकों की तैनाती न करके, शिक्षा विभाग से विषय विशेषज्ञों की मांग की है। इसके लिए शिक्षा बोर्ड ने विभाग ने 10वीं कक्षा के लिए 2,901, जबकि 12वीं कक्षा के लिए 2,130 एक्सपर्ट की मांग की है। गौरतलब है कि स्कूल शिक्षा बोर्ड की वार्षिक परीक्षाएं तीन मार्च से शुरू होंगी, जबकि स्कूल शिक्षा बोर्ड ने परीक्षा परिणाम को घोषित करने का लक्ष्य 30 अप्रैल रखा है।

> **इस** बार 10वीं और 12वीं कक्षा की उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन का कार्य करवाने के लिए शिक्षा विभाग से एक्सपर्ट मांगे हैं। बोर्ड ने 10वीं कक्षा के लिए 2901 और 12वीं कक्षा के लिए 2130 एक्सपर्ट की मांग की है, ताकि मूल्यांकन कार्य निर्धारित समय तक पूरा किया जा सके और तय समय पर ही परीक्षा परिणाम को घोषित किया जा सके।
>
> **डॉ. राजेश शर्मा, चेयरमैन, स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला।**




लंज कॉलेज में 7 दिवसीय एनएसएस शिविर का आयोजन किया। अनंत ज्ञान

# छात्रों को बताया समाजसेवा व स्वच्छता का महत्व

अनंत ज्ञान

**कोहली, शाहपुर।** लंज कॉलेज में शनिवार को सात दिवसीय एनएसएस शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नसीब राणा, युवा उद्यमी एवं लंज ग्राम में होटल व्यवसाय में सक्रिय प्रतिष्ठित व्यवसायी उपस्थित रहे।

उन्होंने छात्रों को समाजसेवा, स्वच्छता और स्थानीय विकास के महत्व पर प्रकाश डाला। समारोह में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संजय कुमार शर्मा ने एनएसएस छात्रों को सामाजिक जिम्मेदारी, नेतृत्व कौशल और सामुदायिक सेवा के महत्व पर मार्गदर्शन किया। उन्होंने बताया इसमें स्वच्छता अभियान, ग्रामीण जागरुकता, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य और शिक्षा से संबंधित कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। शिविर का उद्देश्य छात्रों में समाज के प्रति जिम्मेदारी, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक संवेदनशीलता को बढ़ावा देना है। छात्रों को इस दौरान टीम वर्क, संगठन कौशल और सार्वजनिक सेवा में सक्रिय भागीदारी का अनुभव प्राप्त होगा। मुख्य अतिथि ने अपने उद्यमी अनुभव साझा करते हुए कहा कि युवा वर्ग को शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक सेवा और उद्यमिता में भी सक्रिय रहना चाहिए, ताकि वे न केवल अपने लिए बल्कि समाज के लिए भी योगदान दे सकें। इस शिविर में एनएसएस छात्रों द्वारा गांव के विभिन्न विकास कार्य, स्वच्छता अभियान और सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# संस्कृत भाषा से भारतीय ज्ञान परंपरा का उज्जीवन एवं विश्व पोषण: प्रो. मिश्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय, धर्मशाला में आयोजित दस दिवसीय आवासीय संस्कृत संभाषण कार्यशाला के दूसरे दिन बौद्धिक सत्र में प्रोफेसर बृहस्पति मिश्र ने संस्कृत भाषा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संस्कृत संभाषण से चेतना का विकास होता है और यह भारतीय ज्ञान परंपरा को उज्जीवित करता है। प्रो. मिश्र ने प्रतिभागियों को सौभाग्यशाली बताते हुए आशा व्यक्त की कि मोबाइल फोन से दूर रहते हुए संस्कृतमय वातावरण में अभ्यास करना समाज एवं अन्य भाषा के छात्रों के लिए प्रेरक होगा। कार्यशाला में प्रात:कालीन सत्र में योगाभ्यास कराने एवं प्रगत वर्ग के छात्रों को व्याकरण का विशेष अभ्यास कराने का दायित्व डॉ. जयकृष्ण ने निभाया। डॉ. जयकृष्ण संस्कृत महाविद्यालय में सहायक आचार्य हैं और स्वयं योगमय जीवन जीते हैं। तीसरे दिन प्रात:कालीन सत्र में प्रोफेसर रोशन लाल शर्मा ने प्रतिभागियों को मार्गदर्शन देते हुए आशा व्यक्त की कि कार्यशाला के समापन तक प्रतिभागी संस्कृत संभाषण में सहजता प्राप्त करेंगे और निरंतर अभ्यास से शास्त्रों की भाषा को गहराई से समझ सकेंगे।

# जाइका मिशन ने किया सब्जी बीज गुणन फार्म भट्टू में कार्यों का निरीक्षण

अनंत ज्ञान



मॉडल प्रदर्शनी प्लॉट का अवलोकन किया। अनंत ज्ञान

**अजय पाल, पालमपुर।** जाइका मध्यावधि समीक्षा मिशन ने हिमाचल प्रदेश फसल विविधिकरण प्रोत्साहन परियोजना के तहत खंड परियोजना प्रबंधन इकाई पालमपुर द्वारा सब्जी बीज गुणन फार्म भट्टू में किए गए विकासात्मक कार्यों का निरीक्षण किया। जाइका भारत कार्यालय के चीफ रिप्रेजेंटेटिव और हिमाचल प्रदेश कृषि सचिव डॉ. सी. पालरासु की अध्यक्षता में हुए इस दौरे में फार्म में जल भंडारण टैंक की मरम्मत एवं नए निर्माण, नलकूप में सौर ऊर्जा से संचालित पंपिंग प्रणाली, बाड़बंदी, वर्मीकम्पोस्ट यूनिट, पॉलीहाउस की रिपेयर और सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली का निरीक्षण किया गया, जो 4.755 हेक्टेयर क्षेत्र को सिंचित करती है। फार्म में 2.5 बीघा मॉडल प्रदर्शनी प्लॉट का भी अवलोकन किया गया, जिसमें विभिन्न सब्जियों और स्ट्रॉबेरी की रोपाई उन्नत तकनीक द्वारा की गई।

समीक्षा टीम ने सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली और मल्चिंग द्वारा मृदा जल संरक्षण के उपायों को भी देखा। निरीक्षण के दौरान मिशन और कृषि सचिव ने परियोजना द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की और भविष्य में विकास बढ़ाने के निर्देश दिए। इसके अलावा मिशन ने कलेक्शन सेंटर, रिटेल आउटलेट और हल्दी प्रसंस्करण इकाई का भी दौरा किया और किसानों को अपने उत्पादों का सीधे बाजारीकरण करने का महत्व समझाया। परियोजना निदेशक डॉ. सुनील चौहान, वरिष्ठ सलाहकार बी.एस. संधू, उप-निदेशक डॉ. राजेश कुमार, खंड परियोजना प्रबंधक डॉ. आमित भूषण, राज्य एवं तकनीकी विशेषज्ञ सहित परियोजना टीम इस दौरे में उपस्थित रहे।

# डीएलएड सीटों को भरने के लिए दूसरे चरण की काउंसिलिंग 10 से

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** जिले के संस्थानों में डीएलएड की खाली सीटों को भरने के लिए दूसरे चरण की काउंसिलिंग का आयोजन हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की ओर से 10 से 12 फरवरी तक किया जाएगा। इस दौरान डीएलएड प्रवेश परीक्षा में शून्य अंक हासिल करने वाली छात्रा सहित 5,112 अभ्यर्थियों को शार्ट लिस्ट किया है। फेज-2 में आयोजित हुई पहले चरण की काउंसिलिंग के बाद भी सबसिडाइज्ड और नॉन सबसिडाइज्ड स्तर की 331 सीटें रिक्त हैं, जिन्हें भरने के लिए 10 फरवरी से काउंसिलिंग प्रक्रिया बोर्ड मुख्यालय में दोबारा से शुरू होगी।

प्रदेश सरकार ने निजी संस्थानों की मांग पर स्कूल शिक्षा बोर्ड 697 के करीब सबसिडाइज्ड और नॉन सबसिडाइज्ड स्तर की सीटों को भरने के लिए काउंसिलिंग प्रक्रिया शुरू की थी। इस दौरान पहले चरण की काउंसिलिंग प्रक्रिया चार से सात फरवरी तक बोर्ड मुख्यालय धर्मशाला में आयोजित हुई। बोर्ड प्रबंधन ने 7100 से अधिक अभ्यर्थियों को शार्ट लिस्ट किया था। बावजूद इसके चार दिन चली काउंसिलिंग प्रक्रिया के बाद भी सबसिडाइज्ड की 81 और नॉन सबसिडाइज्ड की 250 सीटें विभिन्न निजी संस्थानों में रिक्त रह गई हैं। अब इन सीटों को भरने के लिए दूसरे चरण की काउंसिलिंग प्रक्रिया 10 फरवरी से शुरू होगी। इस दौरान शिक्षा बोर्ड ने 10 फरवरी को 34 से 32, 11 फरवरी को 31 से 28 और 12 फरवरी को 27 से कम अंक हासिल करने वाले अभ्यर्थियों को शार्ट लिस्ट किया गया है। दूसरे चरण की पहले चरण की चार दिन चली काउंसिलिंग में 366 सीटें भरी हैं।

काउंसिलिंग के अंतिम दिन शनिवार को 125 के करीब अभ्यर्थियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। उधर, स्कूल शिक्षा बोर्ड के सचिव डॉ. मेजर विशाल शर्मा ने बताया कि दूसरे चरण की काउंसिलिंग प्रक्रिया 10 फरवरी से शुरू होगी, जिसके लिए अभ्यर्थियों को शार्ट लिस्ट कर उनकी सूची बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

# अंशुमन मिस्टर और खुशबू को मिस विवेका फाउंडेशन्ज का खिताब




विवेका फाउंडेशन्ज वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पालमपुर में विदाई समारोह का आयोजन किया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**राकेश डोगरा, डरोह।** विवेका फाउंडेशन्ज वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पालमपुर में 12वीं कक्षा के छात्रों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस बीच खेलों का आयोजन भी किया गया। जिसके बाद विद्यालय की संस्थापक, प्राचार्य एवं निर्देशिका कुसुम राणा ने विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी। उनके प्रोत्साहन और ज्ञान के शब्दों ने छात्रों को आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प के साथ अपने जीवन के अगले चरण में कदम रखने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान 11वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करके 12वीं के विद्यार्थियों को आगामी शैक्षणिक अध्ययन के लिए शुभकामनाएं दीं। विदा होने वाले विद्यार्थियों को विभिन्न टाइटल एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया और बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने अपने-अपने विद्यालय में बीते दिनों की यादों को साझा किया। वहीं, समारोह के दौरान मिस्टर विवेका फाउंडेशन्ज का खिलाफ अंशुमन एवं मिस विवेका फाउंडेशन्ज का खिताब खुशबू को दिया गया। मिस्टर पर्सनेलिटी का खिताब विश्रुत व मिस पर्सनेलिटी का खिताब निष्मया को दिया गया। मिस्टर फेयरवेल का खिताब सूर्यांशु और मिस फेयरवेल का खिताब मन्नत को दिया गया। विद्यालय की प्रबंधन कमेटी ने इस अवसर पर बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

## न्यूज ब्रीफ

### 10 तक बिजली बिल जमा करवाएं उपभोक्ता

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल लंबलू के तहत आने वाले उपभोक्ताओं को बिजली के बिल जमा करवाने के लिए 10 फरवरी तक का समय दिया गया है। सहायक अभियंता ज्ञान चंद भाटिया ने कहा कि उपमंडल के अंतर्गत आने वाले जिने उपभोक्ता ने बिलों का भुगतान नहीं किया है, वे 10 फरवरी तक उपमंडल कार्यालय के काउंटर पर या ऑनलाइन माध्यम से भुगतान कर दें। इस तिथि तक बिल जमा न करवाने वाले उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन पूर्व सूचना के बगैर ही काट दिए जाएंगे। सहायक अभियंता ने उपमंडल के सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### हमीरपुर में 100 पदों के लिए साक्षात्कार 9 को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** बद्दी की कंपनी ईस्टमैन ऑटो एंड पावर लिमिटेड की प्रोडक्शन, मेंटेनेंस और क्वालिटी कंट्रोल विंग में ट्रेनी के 100 पदों को भरने के लिए 9 फरवरी को सुबह साढ़े दस बजे जिला रोजगार अधिकारी कार्यालय हमीरपुर में साक्षात्कार लिए जाएंगे। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए दसवीं फेल, दसवीं पास, बारहवीं पास, स्नातक और इलेक्ट्रीशियन एवं फिटर ट्रेडों के आईटीआई डिप्लोमा धारक युवा पात्र होंगे। आयु 18 से 35 वर्ष के बीच होनी चाहिए। मूल प्रमाण पत्रों तथा हिमाचली प्रमाण पत्र के साथ साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं।

### धरोड़ में शोभायात्रा के साथ छिंज मेले का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, बड़ा।** शोभायात्रा की शुरुआत पंचायत बड़ा के अंदारा गांव में पीर बाबा की पूजा-अर्चना के बाद की गई। इसमें दंगल कमेटी के प्रधान सुंदर्शन कुमार जरियाल, पंचायत प्रतिनिधि, सर्व समाज कल्याण सभा के सदस्य, बुद्धिजीवी वर्ग तथा बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने भाग लिया। शोभायात्रा कस्बा बड़ा से होती हुई दोपहर 12 बजे हनुमान धाम के अखाड़ा स्थल पर पहुंची। दंगल का उद्घाटन हिमाचल के प्रसिद्ध समाजसेवी व विख्यात डॉ. राजिंदर सिंह पटियाल ने किया। देर शाम तक चले दंगल के लिए बिजली की उत्तम व्यवस्था की गई थी। महासचिव परमजीत डोगरा ने बताया कि 8 फरवरी को विशाल वार्षिक भंडारे का आयोजन होगा।

### विद्यार्थियों को बताए नशीले पदार्थों के दुष्परिणाम

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** पुलिस विभाग की ओर से सीनियर सेकेंडरी स्कूल परोल में विद्यार्थियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें नशा उन्मूलन, यातायात नियमों के पालन तथा सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग पर विस्तार से चर्चा की गई। पुलिस अधिकारियों ने विद्यार्थियों को नशीले पदार्थों के दुष्परिणाम, यातायात नियमों की अनदेखी से होने वाली दुर्घटनाओं और सोशल मीडिया के दुरुपयोग से जुड़े साइबर अपराधों की जानकारी सरल भाषा में दी। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए प्रश्न पूछे और अपनी जिज्ञासाओं का समाधान किया। विद्यालय प्रशासन ने इस पहल की सराहना की, वहीं पुलिस विभाग ने भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम जारी रखने की बात कही।

### गुरुद्वारा नादौन में आज मनाया जाएगा फतेह दिवस

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन शहर स्थित गुरुद्वारा दसवीं पातशाही गुरु गोबिंद सिंह में 8 फरवरी को फतेह दिवस (जोड़ मेला) श्रद्धा व हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। इसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और गुरुद्वारे को भव्य रूप से सजाया गया है। 6 फरवरी से अखंड पाठ साहिब आरंभ हो चुके हैं। हेड ग्रंथी सिमरजीत सिंह ने बताया कि 8 फरवरी को भोग डाले जाएंगे, सुबह 10 बजे कीर्तन दरबार होंगे तथा दोपहर 1 बजे शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस अवसर पर अटूट लंगर का आयोजन भी होगा। कार्यक्रम में एसजीपीसी के प्रतिनिधि व अन्य गणमान्य उपस्थित रहेंगे। नादौन में गुरु गोबिंद सिंह जी ने मुगल सेना को पराजित किया था। यह विजय पहाड़ी राजाओं के शोषण के विरुद्ध लड़ी गई थी, जिसकी स्मृति में फतेह दिवस मनाया जाता है।

### बचत भवन की दुकान की नीलामी 18 को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** उपायुक्त कार्यालय परिसर स्थित बचत भवन की प्रथम मंजिल पर बाजार की ओर नवनिर्मित दुकान को मासिक किराए पर नीलाम किया जाएगा। नीलामी 18 फरवरी को सुबह 11 बजे बचत भवन में होगी। दुकान का न्यूनतम आरक्षित किराया 18 हजार रुपये निर्धारित किया गया है। प्रत्येक बोलीदाता को 10 हजार रुपये की धरोहर राशि जमा करनी होगी। दुकान अधिकतम बोलीदाता को तीन वर्षों के लिए दी जाएगी। इच्छुक व्यक्ति 17 फरवरी सायं 5 बजे तक आवेदन जमा कर सकते हैं।

### हिम आंचल पेंशनर्स संघ ने निधन पर जताया शोक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिम आंचल पेंशनर्स संघ सुजानपुर खंड के 91 वर्षीय वरिष्ठतम सदस्य एवं सेवानिवृत्त खंड शिक्षा अधिकारी राज कुमार शर्मा, निवासी ब्रह्मपुरी मोहल्ला सुजानपुर तथा नादौन खंड सदस्य रोशन लाल सहोल, निवासी डडोह, गलोड़ जिला हमीरपुर के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। संघ प्रदेशाध्यक्ष केसी गौतम सहित अन्य पदाधिकारियों व सदस्यों ने दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट कीं।

### धमरोला गांव में कल होगा सड़क का शिलान्यास

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** खरवाड़ पंचायत के धमरोला गांव में विधायक सुरेश कुमार 9 फरवरी को सुबह 11 बजे सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास करेंगे। इस अवसर पर जनसभा का आयोजन भी किया जाएगा। यह सड़क गांव के लोगों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करेगी। विधायक जनसभा के दौरान सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी देंगे।

### एनसीसी कैडेट्स 'बी' प्रमाणपत्र परीक्षा में लेंगे भाग

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय सुजानपुर टीहरा के 16 एनसीसी कैडेट्स एनसीसी 'बी' प्रमाणपत्र परीक्षा में भाग लेने के लिए बिलासपुर जाएंगे। यह परीक्षा 1 एचपी नेवल यूनिट के अंतर्गत राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बिलासपुर में प्रातः 8:30 बजे आरंभ होगी। परीक्षा में 350 अंकों की लिखित तथा 150 अंकों की प्रायोगिक परीक्षा आयोजित की जाएगी। मार्गदर्शन सत्र में प्राचार्या प्रो. विभा ठाकुर, उपप्राचार्य प्रो. जितेंद्र ठाकुर एवं एएनओ राजेश खरवाल ने कैडेट्स का उत्साहवर्धन किया।

### बकाया राशि का भुगतान करने पर जताया आभार

**अनंत ज्ञान, नादौन।** हिम आंचल पेंशनर्स संघ, नादौन खंड इकाई की मासिक बैठक खंड प्रधान जगदीश चंद शर्मा (कारगू) की अध्यक्षता में कांगू में आयोजित की गई। बैठक में संघ की वर्तमान गतिविधियों की जानकारी दी गई तथा संस्थापक बीडी शर्मा सहित दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। पेंशनरों की मांगों पर चर्चा करते हुए सरकार द्वारा बकाया भुगतान पर आभार व्यक्त किया गया। साथ ही सभी देनदारियां एकमुश्त जारी करने की मांग उठाई गई। प्रदेश वित्त सचिव शंभू राम जसवाल ने संघ गतिविधियों पर जानकारी दी।

### 9 दिवसीय शिव महापुराण कथा का शुभारंभ आज

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोंरज के तहत श्री सर्वेश्वर महादेव मंदिर, गरसाहड़ में ग्रामवासियों के सहयोग से शिव महापुराण कथा का आयोजन 8 से 16 फरवरी तक किया जाएगा। कथा वाचन आचार्य मुकेश शर्मा (सौटा वाले) द्वारा किया जाएगा। 8 फरवरी को प्रातः पूजन, कलश यात्रा व स्वागत होगा। प्रतिदिन दोपहर 12:15 से सायं 4 बजे तक कथा होगी। समापन 16 फरवरी को हवन, पूर्णाहुति व विशाल भंडारे के साथ होगा। आयोजन समिति ने श्रद्धालुओं से सपरिवार भाग लेने का आग्रह किया है।

### डीसी के समक्ष रखी दिव्यांगों की समस्याएं

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हमीरपुर जिला समीक्षा समिति के सदस्य एवं हिमाचल प्रदेश व्हीलचेयर क्रिकेट टीम के डायरेक्टर राजन कुमार ने शनिवार को उपायुक्त गंधर्वा राठौर से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने दिव्यांगजनों से जुड़ी समस्याओं, सहारा योजना और हिमवास कार्ड से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की और एक ज्ञापन सौंपा। इसके अलावा सुगम भारत अभियान के अंतर्गत कमियों और जिला हमीरपुर में व्हीलचेयर क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित करने के प्रस्ताव पर भी विचार किया गया। उपायुक्त ने इन मुद्दों को प्राथमिकता से हल करने का आश्वासन दिया।

### केंद्र दे हिमाचल को विशेष आर्थिक सहायता पैकेज

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राजकीय प्रशिक्षित कला स्नातक (टीजीटी) संघ ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और केंद्रीय वित्त मंत्री को ज्ञापन भेजकर हिमाचल प्रदेश को विशेष आर्थिक सहायता पैकेज देने की मांग की है। संघ ने बताया कि प्राकृतिक आपदाओं से 22 हजार करोड़ रुपये की क्षति हुई है और कर्मचारियों के वेतन आयोग की 9 हजार करोड़ रुपये की अदायगी लंबित है। संघ ने आरडीजी ग्रांट बहाल करने, ऋण सीमा बढ़ाने और ब्याज मुक्त ऋण देने की भी सिफारिश की। प्रदेश महासचिव विजय हीर ने शिक्षा पर जीडीपी खर्च बढ़ाने और केंद्र से तुरंत ठोस कार्रवाई की अपील की।

### छात्राओं ने बेंगलुरु विजिट के अनुभव साझा किए

**अनंत ज्ञान, नादौन।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नादौन की छात्राओं अक्षिता, कृतिका, रिद्धिमा शर्मा और अस्मिता ठाकुर ने हाल ही में बेंगलुरु एक्सपोजर विजिट के अनुभव विद्यालय में साझा किए। छात्राओं ने बताया कि यह शैक्षणिक यात्रा ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायक और रोमांचकारी रही। बेंगलुरु पैलेस, लालबाग बॉटनिकल गार्डन, वंडरला एम्यूजमेंट पार्क और इसरो भ्रमण ने उन्हें विज्ञान, तकनीक और टीमवर्क की नई सीख दी। इस्कॉन मंदिर ने आध्यात्मिक सुकून भी प्रदान किया। अक्षिता ने कहा कि यात्रा से उन्हें आत्मविश्वास और अविस्मरणीय अनुभव मिले।

---

#### परिवहन सेवानिवृत्त कर्मचारियों की बैठक में पेंशन भुगतान में देरी पर जताया रोष, कहा-

# पेंशनर्स की मांगें पूरी नहीं हुईं तो बजट सत्र में विधानसभा का होगा घेराव

अनंत ज्ञान

**अनिल कुमार, हमीरपुर।** हिमाचल परिवहन सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण मंच हमीरपुर इकाई की मासिक बैठक बस अड्डा हमीरपुर में जिला अध्यक्ष नंद लाल चौहान की अध्यक्षता में हुई। बैठक में प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष अजमेर ठाकुर तथा जिला सचिव बलबीर पठानिया विशेष रूप से उपस्थित रहे।



हमीरपुर में आयोजित मासिक बैठक उपस्थित पेंशनर्स। अनंत ज्ञान

जिला कार्यकारी अध्यक्ष शिव कुमार ने निगम प्रबंधन के प्रति कड़ा रोष व्यक्त करते हुए कहा कि 65 वर्ष से अधिक आयु के पेंशनरों को दिसंबर माह की पेंशन 14 जनवरी को दी गई, जबकि 65 वर्ष से कम आयु के पेंशनरों को 27 जनवरी को भुगतान किया गया। इसी प्रकार अगस्त और नवम्बर माह की पेंशन का भुगतान नियम 1972 के विपरीत किया गया, जिसे कल्याण मंच बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने बताया कि फरवरी की 7 तारीख हो चुकी है, पर जनवरी माह की पेंशन अभी तक नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि एचआरटी और पेंशनर संयुक्त संघर्ष समिति की 8 दिसंबर 2025 की बैठक में प्रबंध निदेशक ने पेंशन एक साथ देने का आश्वासन दिया था, लेकिन यह आश्वासन भी पूरा नहीं हुआ। नंद लाल चौहान ने कहा कि 1-1-2016 से संशोधित वेतनमान का एरियर, तीन वर्ष के चिकित्सा बिल, 16 प्रतिशत महंगाई भत्ता और 65-70-75 वर्ष से अधिक आयु के पेंशनरों के एरियर का शीघ्र भुगतान किया जाए। अन्यथा 8500 पेंशनर शिमला मुख्यालय एवं विधानसभा बजट सत्र का घेराव करेंगे। प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष अजमेर ठाकुर ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया, जिसमें 2009 से 2019 तक महंगाई भत्ते का भुगतान तुरंत करने का आदेश दिया गया और इसे कर्मचारियों का वैधानिक अधिकार बताया गया। उन्होंने कहा कि लंबित 16 प्रतिशत डीए और अन्य बकाया राशि का शीघ्र भुगतान किया जाए। हिमाचल प्रदेश संयुक्त संघर्ष समिति की 20 फरवरी को बैठक होगी, जिसमें विधानसभा घेराव और भूख हड़ताल सहित आगामी रणनीति पर चर्चा की जाएगी।

## दिव्यांग सशक्तिकरण की मिसाल बने राजन 'शान-ए-हमीरपुर' अवॉर्ड से सम्मानित



राजन को उत्कृष्ट सामाजिक कार्यों के लिए नवाजा। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र के गांव भगेटू निवासी 100 प्रतिशत दिव्यांग एवं समाजसेवी राजन कुमार को उनके उत्कृष्ट सामाजिक कार्यों, दिव्यांग अधिकारों की आवाज़ बनने और दिव्यांग सशक्तिकरण के क्षेत्र में अनुकरणीय योगदान के लिए 'शान-ए-हमीरपुर' अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह भव्य कार्यक्रम हिमाचल एकता मंच राष्ट्रीय फाउंडेशन के तत्वावधान में संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपलाल भारद्वाज के नेतृत्व में करियर पॉइंट यूनिवर्सिटी, भोरंज (हमीरपुर) में आयोजित किया गया। पुरस्कार राजन कुमार को मुख्य अतिथि दिनेश भाटिया, भाजपा प्रदेश सचिव मोर्चा एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष भारत मजदूर किसान संगठन ने प्रदान किया।

उन्होंने कहा कि राजन कुमार जैसे लोग समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं, जो दिव्यांगता को कभी बाधा नहीं बनने देते और सेवा को जीवन का उद्देश्य बनाते हैं। राजन ने कहा कि यह सम्मान व्यक्तिगत नहीं, बल्कि पूरे दिव्यांग समाज का है। उन्होंने इसे और अधिक ऊर्जा और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने की प्रेरणा बताया और आयोजकों का धन्यवाद किया।

## मेधावी स्टूडेंट्स रोशन लाल पुरस्कार से किए सम्मानित



मेधावी बच्चों के साथ डॉ. ओपी शर्मा व अन्य। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**नादौन।** नादौन उपमंडल के सीनियर सेकेंडरी स्कूल रंगस के मेधावी छात्रों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 9500 रुपए रोशन लाल पुरस्कार के रूप में प्रदान किए गए। यह पुरस्कार नेशनल डेवलपमेंट सोसायटी द्वारा स्कूल में जाकर छात्रों को दिया गया। इस दौरान प्रिंसिपल नरेश ठाकुर भी उपस्थित रहे। सोसायटी के अध्यक्ष एवं पूर्व निदेशक डॉ. ओपी शर्मा ने बताया कि प्लस टू कक्षा की छात्रा समीक्षा कौशल को प्रथम स्थान पर 2500 रुपए तथा अंजली को 2000 रुपए, जबकि दसवीं कक्षा में प्रथम स्थान पर खुशबू कौशल को 2000 रुपए और दूसरा स्थान प्राप्त करने वाले अंजली एवं आदित्य को 1500-1500 रुपए प्रदान किए गए। उन्होंने नशे से दूर रहने और दूसरों को भी इससे बचाने की सलाह दी।

### विकास सभा करेगी गेंदबाज अर्जुन को रणजी ट्रॉफी में 34 विकेट लेने पर सम्मानित

**अनंत ज्ञान, नादौन।** ज्वालामुखी विकास सभा के अध्यक्ष अमर चंद कमल, हिमाचल चैप्टर चेयरमैन डॉक्टर सुरेश शर्मा और महासचिव राकेश चंद्र ने अर्जुन शर्मा को रणजी ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी। महासचिव राकेश चंद्र ने कहा कि अर्जुन शर्मा ने रणजी ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन कर ज्वालामुखी के बेटे ने पूरे प्रदेश में हमारे क्षेत्र का मान बढ़ा दिया। सिर्फ 6 मुकाबलों में 34 विकेट लेकर प्रदेश की शान बढ़ाई है। अर्जुन युवाओं की प्रेरणा हैं और उन्होंने हमारे क्षेत्र का नाम रोशन कर दिया। इसके लिए ज्वालामुखी किसान सभा अर्जुन शर्मा को सभा के समारोह में सम्मानित करेगी।

### 5 मार्च तक बंद रहेगी बुंबलू पुल-समन कोठी-कठियाणा सड़क

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** उपमंडल बड़सर के तहत बुंबलू पुल-समन कोठी-कठियाणा सड़क की मरम्मत एवं अपग्रेडेशन कार्य के चलते इस सड़क पर वाहनों की आवाजाही 5 मार्च तक बंद की गई है। इस संबंध में आदेश जारी करते हुए जिलाधीश गंधर्वा राठौड़ ने बताया कि बुंबलू पुल-समन कोठी-कठियाणा सड़क की मरम्मत एवं अपग्रेडेशन कार्य को सुचारु रूप से जारी रखने तथा इसे अतिशीघ्र पूरा करने के लिए इस सड़क पर यातायात 5 मार्च तक बंद किया गया है। इस दौरान क्षेत्र के वाहन चालक सलौणी-पंजारडा-कुलहेड़ा सड़क से आवाजाही कर सकते हैं।

## हिम अकादमी स्कूल की शिवाली ने शतरंज में हासिल की शानदार उपलब्धि

◆ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हासिल किया तृतीय पुरस्कार

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकासनगर हमीरपुर के विद्यार्थियों ने बौद्धिक खेल शतरंज में अपनी विलक्षण प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए राज्य, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है।



उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी किए सम्मानित। अनंत ज्ञान

शतरंज लॉजी शतरंज अकादमी की ओर से आयोजित बारहवीं रैपिड शतरंज प्रतियोगिता-2026 में कक्षा छठी की छात्रा आधारिका ने तृतीय स्थान तथा आर्णा ने चतुर्थ स्थान प्राप्त कर विद्यालय की उत्कृष्टता को सिद्ध किया। इसी क्रम में 3 व 4 जनवरी को आयोजित प्रथम इंटरनेशनल ओपन फाइड रेटेड रैपिड शतरंज टूर्नामेंट-2026 में भी विद्यालय के अनेक होनहार विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के अंडर-12 वर्ग में कक्षा छठी की आर्णा, आधारिका व पार्थ, कक्षा सातवीं के आतिक्ष व अभिजय, कक्षा आठवीं के उत्कर्ष व उन्नति, कक्षा पांचवीं के दिव्यम, कक्षा चौथी के आद्विक व रचित तथा कक्षा तीसरी के हर्षुल, शिवाली एवं शिवाय ने सहभागिता की। तीसरी कक्षा की छात्रा शिवाली ने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तृतीय पुरस्कार अर्जित किया। इसके अलावा अंडर-19 वर्ग में 11वीं कक्षा की छात्राएं शैरिल एवं पलक ने स्कूल का प्रतिनिधित्व किया। पलक को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 'श्रेष्ठ खिलाड़ी पुरस्कार' से सम्मानित किया गया, जबकि शैरिल ने भी सराहनीय प्रदर्शन किया। इस उपलब्धि पर विशेष प्रार्थना सभा में अकादमिक प्रधानाचार्या डॉ. हिमांशु शर्मा, उपप्रधानाचार्य अश्वनी कुमार एवं क्रीड़ा विभाग द्वारा विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

#### बड़सर में अनुराग ठाकुर का जोरदार स्वागत, विधायक लखनपाल के नेतृत्व में किया अभिनंदन

# भाजपा की सबसे बड़ी ताकत कार्यकर्ता : अनुराग

◆ केंद्र सरकार की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया

अनंत ज्ञान

**एसके ठाकुर, बड़सर।** बड़सर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के आगमन पर पूरे क्षेत्र में उत्साह और उल्लास का वातावरण था। बड़सर के विधायक इंद्रदत्त लखनपाल के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने अनुराग ठाकुर का जोरदार स्वागत किया। भाजपा कार्यकर्ताओं, युवाओं और स्थानीय नागरिकों ने फूलों की मालाओं, ढोल-नगाड़ों, पुष्पवर्षा और नारों के साथ अनुराग का अभिनंदन किया।



सांसद अनुराग ठाकुर का स्वागत करते कार्यकर्ता। अनंत ज्ञान

विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि अनुराग ठाकुर का बड़सर आगमन भाजपा संगठन के लिए ऊर्जा और प्रेरणा का स्रोत है। केंद्र सरकार में रहते हुए अनुराग ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश के विकास के लिए कई ऐतिहासिक कार्य किए हैं, जिसका लाभ आज प्रदेश की जनता को मिल रहा है। इस अवसर पर भाजपा मंडल पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता, पूर्व जनप्रतिनिधि, युवा मोर्चा, महिला मोर्चा सहित पार्टी के विभिन्न मोर्चों के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

विधायक लखनपाल ने कहा कि भाजपा की नीतियां राष्ट्रवाद, विकास और जनकल्याण पर आधारित हैं और पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश को मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने में विफल रही है, जबकि भाजपा जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठा रही है।

अनुराग ठाकुर ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की सबसे बड़ी ताकत उसका अनुशासित और समर्पित कार्यकर्ता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाए और संगठन को और अधिक सशक्त बनाएं।

सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है और आने वाले समय में हिमाचल प्रदेश में भी भाजपा को जनता का पूर्ण समर्थन मिलेगा।

## भोरंज के डॉ. रिंकू का 'पोस्ट डॉक्टोरल फेलोशिप' के लिए चयन

अनंत ज्ञान

**भोरंज।** भोरंज विधानसभा क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है कि कैरियर प्वॉइंट यूनिवर्सिटी हमीरपुर में सहायक आचार्य के पद पर कार्यरत डॉ. रिंकू कुमार का चयन भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएसएसआर), शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 'पोस्ट-डॉक्टोरल फेलोशिप' के लिए हुआ है। डॉ. रिंकू यह उच्च स्तरीय शोध कार्य प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला के प्रो. नितिन व्यास के मार्गदर्शन में पूर्ण करेंगे। उनके शोध का मुख्य विषय 'हिमाचल प्रदेश में योग पर्यटन को प्रोत्साहन' है।



अपनी विस्तृत रिपोर्ट शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार को सौंपेंगे। भोरंज के गांव पलपल निवासी डॉ. रिंकू कुमार एक साधारण परिवार से हैं। उनके दादी सावित्री देवी, पिता उत्तम चंद और माता प्रोमिला देवी के संस्कारों ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। प्रारंभिक शिक्षा उन्होंने राजकीय प्राथमिक पाठशाला नगरोटा गजिया और सेकेंडरी शिक्षा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भरेड़ी से प्राप्त की। स्नातक नागपुर विश्वविद्यालय से, जबकि एमए, एमफिल और पीएचडी योग विषय में हिमाचल विश्वविद्यालय, शिमला से पूरी की। इसके अतिरिक्त उन्होंने डॉ. भीमराव अंबेडकर स्टडीज और केशव बलिराम हेडगेवार स्टडीज में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा प्राप्त किया है। एक उत्कृष्ट शिक्षाविद होने के साथ-साथ डॉ. रिंकू समाजसेवी भी हैं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता के रूप में छात्र राजनीति और समाजसेवा की शुरुआत करने वाले डॉ. रिंकू का राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के साथ गहरा जुड़ाव है।

## नादौन शहर को स्वच्छता में देश स्तर पर रैंकिंग दिलाना लक्ष्य : शम्मी सोनी

अनंत ज्ञान

**नादौन।** स्वच्छता के मामले में प्रदेशभर में दूसरा स्थान हासिल कर चुकी नगर परिषद नादौन ने शहर को और साफ-सुथरा और हरित शहर बनाने के लिए कमर कस ली है। नगर परिषद नादौन में शनिवार को कार्यशाला व बैठक का आयोजन किया गया। इसमें नादौन शहर को शानदार रैंकिंग दिलाने के लिए सामूहिक शपथ ली गई। आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण में प्रदेश व देश स्तर पर पहचान दिलाने के उद्देश्य से टीईएचएस का सहयोग लिया जाएगा।

कार्यशाला की अध्यक्षता नगर परिषद के अध्यक्ष शम्मी सोनी ने की। इस दौरान नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी रमन कुमार शर्मा, टीईएचएस के प्रतिनिधि संजीव राणा, पार्षद तरुण कपिल, योगराज,संदीप जैन, सेनेटरी इंस्पेक्टर अक्षित सोनी, जेई अंशुल सहोत्रा के अलावा व्यापार मंडल के अध्यक्ष त्रिभुवन ठाकुर, सचिव अमित सोनी, सब्जी मंडी के प्रतिनिधि, टैक्सी यूनियन के पदाधिकारी, स्ट्रीट वेंडर्स तथा टीईएचएस से अंजली एवं दिक्षु सहित नादौन नगर परिषद के सभी कर्मचारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि स्कूलों में प्लास्टिक बैंक, पिट कम्पोस्टिंग, सेनेटरी वेस्ट के लिए इनसिनरेटर तथा स्रोत पर कचरे के पृथक्करण से शहर की तस्वीर बदली जा सकती है। प्रत्येक परिवार को प्रति माह 5 सेनेटरी बैग दिए जाएंगे। ठोस कचरा प्रबंधन स्थल पर आधुनिक मशीनों की स्थापना कर वैज्ञानिक तरीके से कचरे का निपटान सुनिश्चित किया जाएगा। जन जागरुकता अभियान की जिम्मेदारी टीईएचएस एनजीओ को सौंपी गई। सफाई कर्मारियों को प्रॉपर पीपीई किट उपलब्ध करवाई जाएगी तथा नियमित स्वास्थ्य जांच व प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाएगी। टैक्सियों, गाड़ियों में भी डस्टबिन रखने होंगे। इसके लिए टैक्सी यूनियन ने पूरा समर्थन देने का भरोसा दिलाया।

**गुड न्यूज** 90 प्रतिशत निर्माण कार्य हो चुका है पूरा, शेष कार्य भी तेजी से होगा

# 31 मार्च तक चकाचक होगा हमीरपुर-आवाहदेवी एनएच

अनंत ज्ञान

**संजीव चौहान, टौणी देवी।** हमीरपुर से आवाहदेवी तक नेशनल हाईवे नंबर-03 का निर्माण कार्य अब अपने अंतिम चरण में पहुंच चुका है। निर्माण कंपनी द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं कि 31 मार्च तक इस हाईवे का निर्माण कार्य पूर्ण कर यातायात के लिए खोल दिया जाए। कंपनी के अनुसार, अब तक करीब 90 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा हो चुका है।

हालांकि, कुछ स्थानों पर स्थानीय स्तर पर आपसी जमीनी रास्तों से जुड़े विवादों के चलते शेष करीब 10 प्रतिशत कार्य प्रभावित हुआ था। इन विवादों को लेकर कुछ लोग अनावश्यक रूप से निर्माण कंपनी को जिम्मेदार ठहराने की कोशिश कर रहे थे। इस पर जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए स्पष्ट किया है कि विकास कार्यों में बाधा डालने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



नेशनल हाईवे 03 का जारी निर्माण कार्य। अनंत ज्ञान

प्रशासनिक सहयोग से अब शेष कार्य भी तेजी से आगे बढ़ रहा है और इसे तय समय से पहले पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। नेशनल हाईवे-03 के पूरा होने से न केवल यात्रियों को आरामदायक और सुरक्षित सफर मिलेगा, बल्कि समय और ईंधन की भी बड़ी बचत होगी। इसके साथ ही, हाईवे पर बनाए गए बाईपासों के आसपास नई मार्केट, दुकानों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के खुलने की भी प्रबल संभावनाएं हैं, जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार और व्यापार के नए अवसर मिलेंगे।

### दरोगण में बन रहा आधुनिक रेस्ट एरिया

**नेशनल** हाईवे नंबर-03 के प्वाइंट नंबर 149, दरोगण गांव में यात्रियों की सुविधा के लिए आधुनिक सुविधाओं से लैस रेस्ट एरिया का निर्माण कार्य जोरों पर है। यहां रेस्टोरिया, कैफेटेरिया, कार पार्किंग, वॉशरूम और टॉयलेट की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। हाईवे इंजीनियर अंकित सिंह ने बताया कि कैफेटेरिया में हाईवे से गुजरने वाले यात्रियों और वाहन चालकों के लिए चाय, कॉफी और स्नैक्स की सुविधा रहेगी। इसके अलावा पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए यहां सोलर प्लांट भी लगाया जा रहा है। कुल मिलाकर, आने वाले दिनों में हमीरपुर से आवाहदेवी तक का सफर न केवल सुहाना और आरामदायक होगा, बल्कि आधुनिक सुविधाओं से युक्त यह नेशनल हाईवे क्षेत्र के विकास को नई गति देगा।

# विशेष पुलिस अधिकारी आठ महीने से वेतन से वंचित: सुरजीत भरमौरी

अनंत ज्ञान

**चंबा।** विशेष पुलिस अधिकारी (एसपीओ) कर्मचारियों को बीते करीब आठ महीनों से वेतन न मिलने का गंभीर मामला एक बार फिर सामने आया है। इस विषय को लेकर चंबा कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुरजीत भरमौरी ने कहा कि पांगी, लाहौल-स्पीति और चुराह क्षेत्रों में तैनात लगभग 500 विशेष पुलिस अधिकारी लंबे समय से वेतन न मिलने के कारण आर्थिक कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं।



जिला अध्यक्ष सुरजीत भरमौरी ने बताया कि विशेष पुलिस अधिकारी कर्मचारियों का एक प्रतिनिधिमंडल उनसे मिला था, जिसमें वेतन न मिलने और अन्य समस्याओं को उनके समक्ष रखा गया। उन्होंने कहा कि इस महत्वपूर्ण मुद्दे को वह प्रदेश स्तर पर उठाएंगे और इसे मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के संज्ञान में भी लाया जाएगा, ताकि कर्मचारियों को शीघ्र राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि विशेष पुलिस अधिकारी पहले ही कम मानदेय पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। ऐसे में दूरस्थ क्षेत्रों में तैनाती के कारण यदि उन्हें अपने घर से दूर रहना पड़ता है तो किराया और अन्य खर्च उनके लिए बड़ी समस्या बन जाते हैं। कम वेतन और बढ़ते खर्चों के बीच विशेष पुलिस अधिकारी कर्मचारियों की परेशानियां लगातार बढ़ रही हैं। इसके साथ ही हाल ही में सामने आए पुन:तैनाती (स्थानांतरण) के मुद्दे ने भी कर्मचारियों की चिंताओं को और गहरा कर दिया है। सुरजीत भरमौरी ने कहा कि इस मामले को लेकर वह पुलिस अधीक्षक चंबा से भी बातचीत करेंगे और विशेष पुलिस अधिकारी कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए गंभीरता से प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि प्रदेश नेतृत्व इस विषय पर संवेदनशीलता दिखाते हुए शीघ्र सकारात्मक कदम उठाएगा।

# हादसे को न्योता देता कोटी पुल

## कभी भी घट सकती है बड़ी दुर्घटना, स्थानीय लोगों में भारी रोष

अनंत ज्ञान

**आरके सहगल, चंबा।** चंबा जिला की दो प्रमुख विधानसभा क्षेत्रों—डलहौजी और चुराह—को जोड़ने वाला कोटी पुल इन दिनों गंभीर खतरे का कारण बना हुआ है। पुल की हालत इस कदर जर्जर हो चुकी है कि यह कभी भी किसी बड़े हादसे को न्योता दे सकता है। स्थानीय लोगों में इसे लेकर भारी रोष और डर का माहौल बना हुआ है।

जानकारी के अनुसार, कोटी पुल निर्माण के समय ही एक ओर से क्षतिग्रस्त हो गया था, जिसे उस वक्त जल्दबाजी में मरम्मत कर चालू कर दिया गया। लेकिन समय बीतने के साथ अब पुल की स्थिति फिर से बेहद चिंताजनक हो गई है। पुल का फर्श कई जगहों से उखड़ चुका है, जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं, जिससे खासकर रात के समय वाहन चालकों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि दुपहिया वाहन चालकों के लिए यह पुल जानलेवा साबित हो सकता है। आए दिन




डलहौजी और चुराह को जोड़ने वाले कोटी पुल में पड़े गड्ढे। अनंत ज्ञान

वाहन फिसलने की घटनाएं हो रही हैं, लेकिन संबंधित विभाग आंखें मूंदे बैठा है।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि विभाग किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है। लोगों ने परेल क्षेत्र में निर्माण के दौरान क्षतिग्रस्त हुए कंक्रीट पुल का उदाहरण देते हुए आशंका जताई कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो यहां भी वैसा ही भयावह दृश्य देखने को मिल सकता है। स्थानीय बुजुर्गों और महिलाओं ने प्रशासन से जल्द से जल्द पुल की मरम्मत कराने की मांग की है। उनका कहना है कि यह पुल न केवल रोजमर्रा की आवाजाही का मुख्य साधन है, बल्कि आपात स्थिति में मरीजों, स्कूली बच्चों और अन्य जरूरी सेवाओं के लिए भी बेहद महत्वपूर्ण है।

ग्रामीणों ने आगे कहा कि प्रशासन इस गंभीर खतरे को कितनी गंभीरता से लेता है या फिर किसी बड़े हादसे के बाद ही नींद से जागेगा।

# एलपीजी सिलेंडर वितरण के लिए नया रोस्टर जारी, ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचेगी समय पर गैस

अनंत ज्ञान

◆ **खाद्य व नागरिक आपूर्ति विभाग ने जिले में एलपीजी आपूर्ति को किया सुचारु बनाने का प्रयास**

**चंबा।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग जिला चबा द्वारा जिले में एलपीजी सिलेंडर की सुचारू एवं समयबद्ध आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गैस वितरण रोस्टर/रूट चार्ट जारी किया गया है। यह रोस्टर जिले में कार्यरत गैस एजेंसियों एवं ग्रामीण वितरकों के माध्यम से उपभोक्ताओं को लाभ पहुंचाने के लिए लागू किया गया है।

इस अवसर पर जिला नियंत्रक खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले कर्ण ठाकुर ने कहा कि 'जिला चम्बा की अधिकांश आबादी ग्रामीण एवं दूर-दराज़ के क्षेत्रों में निवास करती है। ऐसे में विभाग का प्रयास है कि एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति पारदर्शी, नियमित और रोस्टर प्रणाली के माध्यम से की जाए, ताकि अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को इसका सीधा लाभ मिल सके। उन्होंने बताया कि इस व्यवस्था से विशेष रूप से दुर्गम क्षेत्रों में रहने वाले उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी और गैस सिलेंडर प्राप्त करने में होने वाली अनावश्यक कठिनाइयों से निजात मिलेगी। विभाग द्वारा जिले की सभी गैस एजेंसियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे निर्धारित रोस्टर के अनुसार उपभोक्ताओं को समय पर सेवा प्रदान करें। जिला नियंत्रक ने आम जनता से भी अपील की कि वे अपनी संबंधित गैस एजेंसी से संपर्क कर रोस्टर की जानकारी प्राप्त करें तथा समय पर एलपीजी सिलेंडर रिफिल करवाएं, ताकि किसी प्रकार की असुविधा न हो। जिला चंबा में एलपीजी गैस आपूर्ति हेतु पाराशर गैस एजेंसी करियां (चम्बा) संपर्क नंबर 98171-07241, जय श्री कृष्णा गिरी भारत गैस एजेंसी मुगला (चम्बा) 70182-05064, अर्जुन इंडेन ग्रामीण वितरक सलूणी 94180-95000, एचपीएससीएससी भरमौर 78766-79310, डलहौजी गैस सर्विस डलहौजी (भटियात) 94180-10575, बाबा इंडेन ग्रामीण वितरक चौवारी (भटियात) 78072-82355, एचपीएससीएससी तिस्सा 82195-72092, एम/एस जसरोतिया एचपी गैस दुर्गम क्षेत्रीय वितरक मेहला 94182-02722 तथा मां बैरबाली इंडेन ग्रामीण वितरक घुलेई (तिस्सा) 82795-56950 शामिल हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### किसान की बेटी दीपिका कौशल ने पहली ही कोशिश में पास की जेआरएफ परीक्षा

**अनंत ज्ञान, भटियात।** जिला चंबा के भटियात क्षेत्र की सुरपड़ा पंचायत के साहला गांव की दीपिका कौशल ने अपनी पहली ही कोशिश में यूजीसी नेट जेआरएफ (कोड 25 संस्कृत) परीक्षा उत्तीर्ण कर इतिहास रचा। एसटी कैटेगरी में जिले से एकमात्र जेआरएफ बनने का गौरव दीपिका को प्राप्त हुआ। उनके माता-पिता पवन कुमार और रुमला देवी ने बेटी की मेहनत और अनुशासन की सराहना की। दीपिका की प्रारंभिक शिक्षा साहला स्कूल में हुई और उच्च शिक्षा उन्होंने संस्कृति यूनिवर्सिटी, वेद से प्राप्त की। भोपाल से बीएड और एमएड की पढ़ाई के दौरान उन्होंने निरंतर मेहनत की। उनका सपना प्रोफेसर बनकर शिक्षा के क्षेत्र में योगदान देना है। सफलता से पूरे भटियात क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई।

### ग्रामीण कौशल योजना से नि:शुल्क प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, पांगी।** केंद्र सरकार की दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों के गरीब एवं बेरोजगार युवाओं को निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण और रोजगार के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। यह जानकारी खंड विकास अधिकारी पांगी, योगेश कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश में योजना राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, ग्रामीण विकास विभाग के माध्यम से लागू की जा रही है। इसके अंतर्गत युवाओं को उद्योगों की मांग के अनुरूप प्रशिक्षण दिया जाता है और उन्हें निजी क्षेत्र में रोजगार से जोड़ा जाता है। योजना में रिटेल सेल्स एसोसिएट, डेटा एंट्री/कंप्यूटर ऑपरेटर, हॉस्पिटैलिटी एवं पर्यटन, बीपीओ/कस्टमर केयर, इलेक्ट्रिशियन, प्लम्बर और हेल्थकेयर असिस्टेंट जैसे कोर्स संचालित किए जा रहे हैं। प्रशिक्षण 3 से 12 माह तक चलता है। 18 से 35 वर्ष आयु के युवा पात्र हैं, जबकि अनुसूचित जाति, जनजाति और दिव्यांग के लिए आयु सीमा 45 वर्ष तक है। पात्र युवा नजदीकी विकास खंड कार्यालय या अधिकृत प्रशिक्षण केंद्र में पंजीकरण कर योजना का लाभ उठा सकते हैं।

### सामाजिक सुरक्षा पेंशन धारक करें केवाईसी

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला कल्याण अधिकारी राज बहादुर ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन धारकों से अपील की है कि जिन्होंने अभी तक ई-केवाईसी प्रक्रिया नहीं पूरी की है, वे 15 फरवरी तक इसे अवश्य पूर्ण कर लें। राज्य सरकार के निर्देशानुसार सभी पेंशन लाभार्थियों के लिए ई-केवाईसी सत्यापन अनिवार्य है। लाभार्थी अपने नजदीकी आंगनवाड़ी केंद्र या संबंधित तहसील कल्याण अधिकारी कार्यालय में आवश्यक दस्तावेजों के साथ जाकर ई-केवाईसी सत्यापन करवा सकते हैं। अभियान जुलाई 2025 में आरंभ हुआ था और 31 जनवरी 2026 तक 47,064 लाभार्थियों का सत्यापन पूरा हो चुका है। शेष 10,642 लाभार्थियों का कार्य अभी लंबित है। राज बहादुर ने चेताया कि 15 फरवरी तक ई-केवाईसी नहीं कराने वाले लाभार्थियों की पेंशन स्थायी रूप से बंद कर दी जाएगी। जिनका आधार कार्ड अद्यतन नहीं है, वे संबंधित अधिकारी से संपर्क कर प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। विभाग ने सभी लाभार्थियों से समय पर ई-केवाईसी करवाने की अपील की है।

### नप सरकाघाट के 7 वार्डों का किया प्रकाशन

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं उपमंडलाधिकारी (ना.) सरकाघाट राजेन्द्र कुमार गौतम ने बताया कि नगर परिषद सरकाघाट के 7 वार्डों की निर्वाचक नामावली-2025 का अंतिम रूप से प्रकाशन कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश नगर पालिका निर्वाचन नियम, 2015 के अंतर्गत प्रारूप-17 में तैयार की गई निर्वाचक नामावलियों को सभी दावों एवं आपत्तियों के निपटारे के उपरांत अंतिम रूप प्रदान करते हुए आम जनता की जानकारी के लिए विधिवत रूप से प्रकाशित किया गया है।

### हिमाचल में 108-102 एंबुलेंस सेवा पर संकट

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** हिमाचल प्रदेश में 108 और 102 एंबुलेंस सेवा संकट में है। लंबित मांगों पर सुनवाई न होने के चलते एंबुलेंस कर्मचारियों ने राज्यव्यापी हड़ताल की घोषणा की है। यूनियन के मंडी जिला प्रधान सुमित कपूर और महासचिव पंकज कुमार ने बताया कि प्रस्तावित हड़ताल 12 फरवरी सुबह 8 बजे से 17 फरवरी सुबह 8 बजे तक चलेगी। कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में न्यूनतम वेतन लागू करना, 12 घंटे ड्यूटी पर ओवरटाइम और दोगुना वेतन, हड़ताल या अन्य कारणों से निकाले गए कर्मचारियों की बहाली, ठेका प्रथा समाप्त कर स्थायी नीति लागू करना शामिल है। यूनियन ने कहा कि सेवाएं तभी सुचारू रहेंगी जब कर्मचारियों को सम्मानजनक मानदेय और सुरक्षित कार्य-परिस्थितियां मिलें।

### मोबाइल पर परेशान करने पर मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकाघाट थाना क्षेत्र में एक छात्रा को लंबे समय से मोबाइल फोन के माध्यम से परेशान करने तथा घर तक पीछा करने के मामले में पुलिस ने युवक के खिलाफ अभियोग दर्ज किया है। पुलिस थाना सरकाघाट धारा 78 भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला पंजीकृत किया गया। शिकायतकर्ता सरकाघाट की युवती ने बताया कि वह राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट में बीकॉम तृतीय वर्ष की छात्रा है। आरोपी शिबू सरकाघाट काफी समय से उसे व उसके माता-पिता को फोन कर परेशान कर रहा था। 6 फरवरी की रात आरोपी उसका पीछा करते हुए घर पहुंच गया और महिला सदस्यों को डराया।

### फील्ड स्तर पर की तकनीकों का अवलोकन

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** आत्मा परियोजना के अंतर्गत प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एसपीआईयू शिमला से राज्य समन्वयक डॉ. हरीश ठाकुर एवं मीडिया सलाहकार रोहित पराशर ने सुंदरनगर विकास खंड की ग्राम पंचायत सलापड़ और जड़ोल में क्षेत्रीय भ्रमण एवं निरीक्षण किया। इस दौरान प्राकृतिक खेती के तहत स्थापित फॉर्म फील्ड स्कूल तथा प्रदर्शन स्थल का निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने लाभार्थी किसानों से संवाद कर परियोजना के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की प्रगति की जानकारी प्राप्त की तथा फील्ड स्तर पर अपनाई जा ही तकनीकों का अवलोकन किया। राज्य समन्वयक डॉ. हरीश ठाकुर ने किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने, फसल विविधीकरण पर ध्यान देने तथा आत्मा परियोजना के दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्य करने के लिए आवश्यक सुझाव एवं मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने कहा कि आत्मा परियोजना किसानों की आय में वृद्धि करने के साथ-साथ टिकाऊ एवं पर्यावरण-अनुकूल कृषि को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इस अवसर पर उप परियोजना निदेशक डॉ. संजय ठाकुर, डॉ. हितेंद्र ठाकुर, सुंदरनगर के खंड तकनीकी प्रबंधक नरेंद्र कुमार, सहायक प्रबंधक योगराज सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# मंदिर पुनर्निर्माण के लिए सरकार ने जारी किए ₹30 लाख, जल्दी होगा पुनर्निर्माण

अनंत ज्ञान

**भरमौर।** विधानसभा क्षेत्र भरमौर की बेलज वैली में स्थित प्रसिद्ध शक्ति पीठ गिरड माता मंदिर में हुई दुर्भाग्यपूर्ण अग्निकांड की घटना के बाद प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन ने त्वरित एवं संवेदनशील कार्रवाई की है। इस संबंध में जानकारी ललित ठाकुर, चेयरमैन एपीएमसी चंबा ने साझा करते हुए बताया कि मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश सुखविंदर सिंह सुक्खू के निर्देशानुसार जिला प्रशासन तुरंत हरकत में आया।

जिलाधीश चंबा मुकेश रेपसवाल के नेतृत्व में प्रशासनिक टीम ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। इस दौरान जिला भाषा अधिकारी, पटवारी, पुलिस विभाग, वन विभाग, स्थानीय जनप्रतिनिधि, मंदिर के पुजारी तथा स्थानीय जनता की उपस्थिति में स्थिति का जायजा लिया गया। आगजनी से हुए नुकसान का विस्तृत आकलन किया जा रहा है तथा घटना से जुड़ी सभी



ललित ठाकुर ग्रामीणों से जानकारी साझा करते हुए। अनंत ज्ञान

जानकारियों को एकत्र कर रिपोर्ट तैयार की जा रही है।

ललित ठाकुर ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुसार गिरड माता मंदिर के पुनर्निर्माण हेतु ₹25 लाख तथा मंदिर के सौंदर्यीकरण के लिए अतिरिक्त ₹5 लाख की राशि शीघ्र स्वीकृत करवाई जाएगी, ताकि आस्था के इस महत्वपूर्ण केंद्र का पुन: निर्माण जल्द पूरा हो सके। उन्होंने कहा कि इस

◆ **सीएम ने दिए पुनर्निर्माण व सौंदर्यीकरण के लिए वित्तीय निर्देश: ललित**

कठिन घड़ी में प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन स्थानीय जनता के साथ पूरी मजबूती से खड़ा है और गिरड माता मंदिर की गरिमा एवं धार्मिक महत्त्व को बनाए रखने के लिए हर संभव कदम उठाए जाएंगे।

# गिरड माता मंदिर में मूर्ति की पुनर्स्थापना

अनंत ज्ञान

**धरवाला।** विकासखंड मैहला के अंतर्गत पड़ने वाली ग्राम पंचायत खुन्देल की ऊपरी पहाड़ी पर स्थित सदियों पुराना गिरड माता मंदिर जो शुक्रवार को अचानक लगी आग में जलकर राख हो गया है जिसे लेकर स्थानीय लोगों तथा माता रानी के भक्तों में बेहद निराशा है।

अशोक शर्मा ने कि मंदिर की पुनर्स्थापना इसी जगह पर की जाए। ऐसे में वहां पर पहले से मौजूद पंडित अशोक शर्मा के द्वारा एक मूर्ति जो माता रानी के मंदिर के बाहर जो बिल्कुल सुरक्षित थी। मूर्ति की पुनर्स्थापना पूरे विधि विधान पूजा-अर्चना व मंत्रों उच्चारण से वहीं स्थापित की गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह कार्य न केवल मंदिर निर्माण के पुनर्निर्माण में पहला कदम है बल्कि क्षेत्र के लोगों वह श्रद्धालुओं की आस्था को फिर मजबूती देने का प्रयास है। इस दौरान क्षेत्र के लोगों ने मूर्ति की पुनर्स्थापना में बढ़ चढ़कर भाग लिया वह माता रानी के जयकारों के साथ मंदिर के पुनर्निर्माण का संकल्प भी लिया। अशोक शर्मा ने बताया कि



गिरड माता मंदिर में मूर्ति की पुनर्स्थापना की गई। अनंत ज्ञान

अभी फिलहाल माता रानी के गुर के आदेश पर मूर्ति की पुनर्स्थापना हुई है ताकि श्रद्धालु मां के दर्शन कर सकें वह आस्था बनी रहे। उन्होंने कहा कि मंदिर का निर्माण कार्य पूरे होने पर ही मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा पूरे विधि विधान से की जाएगी।

वहीं प्रशासनिक अधिकारी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया घटना से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां जुटाई जा रही हैं ताकि विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जा सके।

बता दें कि बताया कि शुक्रवार का दिन गिरड वासियों तथा श्रद्धालुओं के लिए बेहद निराशा जनक रहा। मंदिर जो पूरी तरह आग की भेंट चढ़ चुका है। मंदिर के गर्भगृह में रखी प्राचीन पत्थर व संगमरमर की मूर्ति खंडित हो चुकी है वहीं पीतल की दो मूर्तियां जो सुरक्षित बताई जा रही हैं। वहीं अब माता रानी पर श्रद्धा व विश्वास रखने वाले श्रद्धालुओं के लिए राहत की खबर सामने आई है। इस दौरान मंदिर के पास चीखने चिल्लाने तथा माता रानी के जयकारों से पूरा इलाका गूंज उठा ऐसे में माता रानी के गुर में दैवीय शक्ति आ गई ।

## मारपीट, धमकी और चोरी के मामले दर्ज जांच में जुटी पुलिस

**अनंत ज्ञान, चंबा।** चंबा जिला पुलिस ने शनिवार को कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए तीन अलग-अलग मामलों में अभियोग दर्ज किए हैं। पहले मामले में, पुलिस थाना सदर में शिकायतकर्ता अनिल कुमार ने विक्रम निवासी रूपनी व दो अन्य के खिलाफ मारपीट और गाली-गलौज का आरोप लगाया। दूसरे मामले में, ध्रुव ठाकुर ने खेम जरयाल व दो अन्य के खिलाफ जान से मारने की धमकी सहित मारपीट की शिकायत दर्ज करवाई। दोनों मामलों में पुलिस जांच जारी है। तीसरे मामले में, पुलिस थाना किहार में राजेश कुमार ने अपनी दुकान से 90 हजार रुपये मूल्य का डीजे, एम्पलीफायर, कुर्सियाँ, टेंट और अन्य सामान चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस ने सभी मामलों में छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक चम्बा ने जनता से आग्रह किया है कि किसी भी अपराध की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

# बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से मोहा मन

## डीएवी पब्लिक स्कूल सुरगानी में फेयरवेल कार्यक्रम का किया आयोजन

अनंत ज्ञान

**चंबा।** डीएवी पब्लिक स्कूल सुरगानी में फेयरवेल-2026 कार्यक्रम का भव्य एवं यादगार आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में उत्साह, उमंग और भावनाओं का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य वरिष्ठ विद्यार्थियों को स्नेहपूर्ण एवं भावभीनी विदाई देना तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित करना रहा।

समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने गीत, नृत्य एवं विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। रंगारंग कार्यक्रमों ने उपस्थित शिक्षकों, अभिभावकों और विद्यार्थियों का मन मोह लिया। प्रत्येक प्रस्तुति में विद्यार्थियों का आत्मविश्वास, अनुशासन और रचनात्मकता स्पष्ट रूप से झलकती रही। विद्यालय के प्रधानाचार्य नरेश कुमार शर्मा ने कार्यक्रम की




फेयरवेल कार्यक्रम के दौरान मौजूद गणमान्य। अनंत ज्ञान

◆ **प्रधानाचार्य नरेश ने विदाई कार्यक्रम में छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की**

जानकारी देते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायता मिलती है तथा उनमें आत्मविश्वास की भावना मजबूत होती है। उन्होंने सभी वरिष्ठ विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें जीवन में निरंतर सफलता की ओर अग्रसर होने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार द्वारा सभी वरिष्ठ विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया और उन्हें शुभकामनाओं के साथ भावभीनी विदाई दी गई। फेयरवेल-2026 समारोह विद्यालय जीवन की एक अविस्मरणीय स्मृति बनकर विद्यार्थियों के हृदय में सदैव अंकित रहेगा।

# पेंशनरों ने लंबित एरियर और बकाया किस्तों के शीघ्र भुगतान की मांग की

अनंत ज्ञान

◆ **साहू में पेंशनर्स महासंघ की अहम बैठक संपन्न**

**साहू (चंबा)।** भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ की मंडल इकाई साहू की बैठक कर्म चंद ठाकुर की अध्यक्षता में साहू में संपन्न हुई। बैठक का मंच संचालन मंडल साहू के महामंत्री भगत राम ठाकुर द्वारा किया गया।

बैठक में विशेष अतिथि के रूप में भारतीय राज्य पेंशनर महासंघ हिमाचल प्रदेश के राज्य उपाध्यक्ष डॉ. डीके सोनी तथा जिला अध्यक्ष बजीर सिंह यादव उपस्थित रहे। बैठक के प्रारंभ में हाल ही में दिवंगत दिनेश सिंह, मान सिंह तथा मंडल इकाई साहू के वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरि सिंह कपूर के चाचा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया तथा शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त की गईं। बैठक में उपस्थित सभी पेंशनरों ने एक स्वर में हिमाचल प्रदेश सरकार से लंबित पे रिवीजन एरियर, डीए एरियर तथा बकाया किस्तों के शीघ्र भुगतान की मांग की। पेंशनरों ने सरकार को चेतावनी दी कि जिस प्रकार माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पश्चिम बंगाल में सरकारी कर्मचारियों के लंबित डीए भुगतान के आदेश दिए गए हैं, उसी तर्ज पर यदि हिमाचल प्रदेश के लाखों पेंशनरों का भुगतान शीघ्र नहीं किया गया तो उन्हें न्यायालय का सहारा लेने के लिए विवश होना पड़ेगा। इस प्रस्ताव पर सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से सहमति जताई।

बैठक में मंडल इकाई साहू द्वारा अपना बैंक खाता खोलने के प्रस्ताव को भी स्वीकृति दी गई। इस अवसर पर राज्य उपाध्यक्ष डॉ. डी. के. सोनी तथा जिला अध्यक्ष बजीर सिंह यादव ने अपने विचार रखे और मंडल इकाई साहू के कार्यों पर संतोष व्यक्त किया।

# चालक से मारपीट, दो हमलावरों ने फोन तोड़ा, लाखों की नकदी लेकर हुए फरार

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** गत शुक्रवार शाम सात बजे मंडी कलखर सरकाघाट मेन रोड पर आंवला गलू में दो व्यक्तियों ने वाहन रोककर मारपीट की, फोन सड़क पर फेंक कर तोड़ दिया। हमलावरों ने वाहन चालक को बुरी तरह लहूलुहान करके डेढ़ लाख रुपए की नकदी लूट ली। घायल वाहन चालक रणवीर सिंह पुत्र श्री रंजीत सिंह निवासी गांव व डाकघर मसेरन सरकाघाट अपनी जीप नंबर एचपी 28 सी 2502 द्वारा रामपुर में दुधारू पशु छोड़ कर वापस सरकाघाट आ रहा था। जब वह कलखर से दो तीन किलोमीटर आगे आंवला गलू पहुंचा तो वहां ट्रक को पास देती बार दो अज्ञात लोगों ने उसे आवाज़ देकर गाड़ी रोकने को कहा और जीप का दरवाज़ा तोड़ कर लात घूंसे मारना शुरू कर दिया। हमला करने वालों ने पीड़ित का फोन छुड़ा कर सड़क पर दे मारा जिससे मोबाइल चकनाचूर हो गया। वाहन चालक को जख्मी करने के बाद उन्होंने बगल की सीट में रखे थैले से डेढ़ लाख कैश को लेकर अंधेरे में गायब हो गए। चालक शनिवार सुबह रिवालसर पुलिस चौकी पहुंचा और घटना की जांच हेतु लिखित शिकायत पत्र दिया, लेकिन वहां तैनात पुलिसकर्मी बीस मिनट तक सवाल पूछते रहे लेकिन उन्होंने शिकायत दर्ज करने में आनाकानी करते रहे। शिकायतकर्ता का कहना है कि पुलिस बार बार हमलावरों का पक्ष लेकर उसे उलूल जलूल सवाल करके प्रताड़ित करती रही जबकि वह मुंह, गाल और पीठ पर लगी चोटों का मेडिकल कराने का आग्रह करता रहा।

### हर हाल में होगी निष्पक्ष जांच: एसपी

**एसपी** मंडी विनोद कुमार ने इस मामले पर कहा की उन्हें मीडिया से इस मामले का पता चला है। शिकायतकर्ता को आखिरकार सोशल मीडिया का सहारा क्यों लेना पड़ा। चौकी में मारपीट और चोरी की रिपोर्ट क्यों नहीं लिखी गई। इस सारे मामले की निष्पक्ष की जाएगी।

### क्या कहते हैं बल्ह थाना प्रभारी संजय

**बल्ह** थाना प्रभारी इंस्पेक्टर संजय कुमार ने कहा कि मामला रिवालसर चौकी के तहत घटा है। पुलिस कर्मियों ने बताता कि रिपोर्ट लिखते समय डेढ़ लाख रुपये एक साथ होने पर शिकायतकर्ता संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया था और वह अपनी शिकायत पत्र फाड़ कर चला गया था। यह रोजनामचे में लिखा है

## पॉलिटेक्निक छात्र ने किराये के कमरे में की आत्महत्या

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता उपमंडल के कलोल क्षेत्र में एक पॉलिटेक्निक छात्र ने किराये के कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान गौरव (लगभग 19 वर्ष), पुत्र सुभाष चंद, निवासी गांव कच्छेहरा, तहसील जयसिंहपुर, जिला कांगड़ा के रूप में हुई है। गौरव पॉलिटेक्निक कॉलेज में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के छठे सेमेस्टर का छात्र था और कलोल में किराये के कमरे में रह रहा था।

मकान मालिक सुभाष चंद ने थाना तलाई को सूचना दी कि छात्र अपने कमरे में फंदे से लटका हुआ मिला। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को छत के पंखे के लोहे के कुंडे से चादर के फंदे से लटका पाया। शव के नीचे प्लास्टिक कुर्सी भी रखी हुई थी। प्रारंभिक जांच में बाहरी चोट के निशान नहीं पाए गए और कमरे में कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। परिजनों का कहना है कि मानसिक तनाव के कारण छात्र ने यह कदम उठाया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल घुमारवीं भेजा और धारा 174 बीएनएसएस के तहत मर्ग दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# शिवरात्रि महोत्सव में फोटोग्राफी स्पर्धा होगी आयोजित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव के दौरान जिला प्रशासन मंडी द्वारा फोटोग्राफी प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता के लिए प्रविष्टियां 23 फरवरी को दोपहर 3 बजे तक आमंत्रित की गई हैं। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता का उद्देश्य शिवरात्रि महोत्सव की सांस्कृतिक विरासत, देव आगमन, पारंपरिक वाद्य यंत्रों की गूंज, धार्मिक आस्था, जनजीवन तथा मंडी के प्राकृतिक और ऐतिहासिक सौंदर्य को छायाचित्रों के माध्यम से संजोना है। उपायुक्त ने बताया कि प्रतियोगिता में देशभर के 15 वर्ष या उससे अधिक आयु के शौकिया एवं पेशेवर फोटोग्राफर भाग ले सकते हैं तथा प्रतिभागी अधिकतम दो थीम में अपनी प्रविष्टियां भेज सकते हैं।

**OFFICE OF GENERAL MANAGER**
**DISTRICT INDUSTRIES CENTRE SOLAN, DISTRICT, SOLAN (H.P.)**

**NOTICE INVITING QUOTATION**

Sealed quotations are hereby invited from the eligible and registered contractors/ firms for the following work:

| S. No. | Name of work | Place of Work | Estimated Cost (in Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1. | Repair of roof of Shopping Complex, Electronic Complex, Chambaghat (including providing and laying in position cement concrete of specified grade 37.56 cum) | Electronic Complex, Chambaghat | Rs. 4,74,294/- |

1. The rate quoted should be written clearly in figures as well as in words and shall be inclusive of all taxes/ GST as applicable.
2. The sealed quotation should be reach in the O/o undersigned on or before 16.02.2026 at 03.00 PM.
3. The undersigned reserve the right to accept or reject any or all the quotations without assigning any reasons thereof.
4. For any query, please contact at gmdicsinhp@gmail.com or telephone No. 01792-230528 between 10.00 AM to 05.00 PM on working days.

Sd/-
General Manager,
District Industries Centre, Solan, District Solan, H.P.

**जो** अकारण अनुराग होता है उसकी प्रतिक्रिया नहीं होती है, क्योंकि वह तो स्नेहयुक्त सूत्र है जो प्राणियों को भीतर-ही-भीतर (हृदय में) सी देती है।

-उत्तररामचरित

## संपादकीय

# गिरफ्तारी सिर्फ वैधानिक विवेकाधिकार

सुप्रीम कोर्ट आए दिन ऐसे अहम फैसले सुनाता है जो न केवल कानून के क्षेत्र में, बल्कि आम नागरिकों के जीवन में भी अहम बदलाव लाते हैं। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने एक और महत्वपूर्ण फैसला सुनाकर नागरिकों को बड़ी राहत दी है। इस फैसले में यह स्पष्ट किया गया कि किसी भी व्यक्ति को केवल पूछताछ के लिए गिरफ्तार नहीं किया जा सकता। यह निर्णय पुलिस अधिकारियों की शक्तियों के दुरुपयोग को रोकने और नागरिकों के मौलिक अधिकारों की रक्षा करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है।

पुलिस की गिरफ्तारी की शक्ति कानून द्वारा दी गई एक विवेकाधिकार है, न कि कोई अनिवार्य कर्तव्य। इसका मतलब यह है कि पुलिस अधिकारी किसी व्यक्ति को केवल अपनी सुविधा या किसी जांच के त्वरित परिणाम के लिए गिरफ्तार नहीं कर सकते। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के प्रावधानों के अनुसार, गिरफ्तारी की शक्ति का प्रयोग एक सख्त वस्तुनिष्ठ आवश्यकता के आधार पर किया जाना चाहिए। यानी किसी व्यक्ति को परेशान करने, भय दिखाने या किसी अन्य असामान्य उद्देश्य के लिए गिरफ्तारी नहीं की जा सकती। पूर्व में देखा गया है कि पुलिस अधिकारी अपनी शक्ति का गलत इस्तेमाल करते थे। अक्सर अधिकारी अपने शोध और अनुभव के आधार पर नियमों में ढील दे देते थे, या कानून की सीमाओं को अपने पक्ष में मोड़ते थे। इससे न केवल निर्दोष व्यक्ति परेशान होते थे, बल्कि न्याय व्यवस्था की छवि भी धूमिल होती थी। सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला ऐसे दुरुपयोग पर लगाम लगाने का प्रयास है।

गिरफ्तारी केवल अपवाद के रूप में होनी चाहिए, न कि नियम के रूप में। इसका अर्थ यह है कि पुलिस की गिरफ्तारी की शक्ति को आम मामलों में नहीं, बल्कि केवल विशेष परिस्थितियों में ही प्रयोग किया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया है कि पुलिस अधिकारी से अपेक्षा की जाती है कि वे इस शक्ति का प्रयोग संयम और जिम्मेदारी के साथ करें। समय की मांग यही है कि पुलिस लोगों को तंग करने के लिए नहीं, बल्कि उन्हें न्याय दिलाने के लिए काम करे।

निश्चित रूप से इस फैसले के बाद नागरिकों की सुरक्षा और उनके मौलिक अधिकारों की रक्षा में एक नई दिशा मिली है। अब कोई भी व्यक्ति यह जान सकता है कि केवल पूछताछ के लिए उसकी गिरफ्तारी नहीं की जा सकती और यदि कोई ऐसा करता है तो वह कानून के खिलाफ होगा। यह फैसला विशेष रूप से उन नागरिकों के लिए महत्वपूर्ण है जो किसी भी कारण से पुलिस की पूछताछ या जांच में शामिल होते हैं।

सुप्रीम कोर्ट के इस निर्णय का कानूनी महत्व बहुत बड़ा है। इससे यह स्पष्ट हो गया कि पुलिस की गिरफ्तारी शक्ति अपराध रोकने और जांच में मदद करने के लिए है, न कि नागरिकों को परेशान करने के लिए। इससे पहले अक्सर देखा गया कि पुलिस केवल यह कहकर किसी व्यक्ति को गिरफ्तार कर लेती थी कि जांच के लिए पूछताछ आवश्यक है। यह निर्णय अब ऐसे दुरुपयोग को कानूनी दृष्टि से रोकेगा।

सामाजिक दृष्टि से भी यह फैसला महत्वपूर्ण है। अक्सर लोग पुलिस गिरफ्तारी को डर और आतंक के रूप में अनुभव करते हैं। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से लोगों के मन में सुरक्षा की भावना बढ़ेगी और नागरिक पुलिस के प्रति भरोसा महसूस करेंगे। जब पुलिस अपनी शक्ति का संयमित प्रयोग करेगी और केवल जरूरत पड़ने पर ही किसी को गिरफ्तार करेगी, तो समाज में कानून के प्रति सम्मान और विश्वास बढ़ेगा।

पुलिस का काम हमेशा नागरिकों की सुरक्षा और न्याय सुनिश्चित करना होना चाहिए। उन्हें अपनी शक्ति का प्रयोग केवल ऐसे मामलों में करना चाहिए, जिनमें वस्तुनिष्ठ आवश्यकता स्पष्ट रूप से दिखाई दे। गिरफ्तारी केवल एक साधन है, और इसका प्रयोग केवल तब होना चाहिए जब अन्य विकल्पों से परिणाम नहीं मिल सकते।

बहरहाल, सुप्रीम कोर्ट के फैसले से यह संदेश भी गया है कि कानून व्यवस्था का मकसद केवल अपराधियों को पकड़ना नहीं है, बल्कि नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। यह फैसला पुलिस अधिकारियों को याद दिलाता है कि उनकी शक्ति का दुरुपयोग न केवल अवैध है, बल्कि यह न्याय और समाज में विश्वास को भी कमजोर करता है।

सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला भारतीय न्याय व्यवस्था और नागरिक अधिकारों के लिए एक सशक्त संदेश है। यह फैसला न केवल पुलिस के दुरुपयोग पर लगाम लगाएगा, बल्कि आम नागरिकों को यह विश्वास भी दिलाएगा कि कानून उनके पक्ष में है। ■

## अनंत ज्ञान — आज की प्रमुख हस्ती

# गजलों की दुनिया के बादशाह

**जगजीत** सिंह गजलों के बादशाह और अपनी आवाज से लाखों दिलों पर राज करने वाले प्रसिद्ध गायक थे। राजस्थान के गंगानगर में जन्मे जगजीत का असली नाम 'जीत' था। उनका परिवार पंजाब के रोपड़ जिले और समराला का था। संगीत की शुरुआत पिता से हुई और पंडित छगन लाल शर्मा तथा उस्ताद जमाल खान से उन्होंने ख्याल, ठुमरी और ध्रुपद की बारीकियां सीखीं। पिता चाहते थे कि जगजीत आईएएस बनें, लेकिन संगीत में रुचि देखकर उन्होंने 1965 में मुंबई जाकर संगीत में करियर बनाया। शुरुआती संघर्ष में उन्होंने विज्ञापन जिंगल्स और शादी समारोह में गाकर रोजी-रोटी जुटाई।



जगजीत सिंह
जन्म : 8 फरवरी, 1914
मृत्यु : 10 अक्तूबर, 2011

1967 में उनका मिलन चित्रा सेन से हुआ और 1969 में दोनों ने शादी की। 1975 में एचएमवी ने उनका पहला एलबम 'द अनफॉरगेटेबल्स' रिलीज किया। 1987 में वे डिजिटल सीडी एलबम 'बियोंड टाइम' करने वाले पहले भारतीय संगीतकार बने। जीवन में निजी दुख भी झेले, जैसे 1990 में इकलौते बेटे विवेक की सड़क हादसे में मृत्यु और 2009 में चित्रा की बेटी मोनिका की आत्महत्या। जगजीत सिंह ने गजलों को आम आदमी तक पहुंचाया और गालिब, मीर, मजाज, जोश और फिराक जैसे शायरों से परिचय कराया। उन्होंने हिंदी, उर्दू, पंजाबी और भोजपुरी सहित कई भाषाओं में गीत गाए। 2003 में भारत सरकार ने उन्हें पद्मभूषण से सम्मानित किया। उनकी प्रमुख फिल्मी रचनाओं में 'प्रेमगीत', 'खलनायक', 'दुश्मन', 'साथ-साथ', 'सरफरोश' आदि रहीं। ■



कविता

## चिट्टे को मिटाना होगा

स्वामी राणा, गांव चौक, डा. महादेव, सुंदरनगर, जिला मंडी (हि.प्र.)

**अलख** को जगाना होगा, सबको आगे आना होगा
कसम आज ही खा लो सारे, चिट्टे को मिटाना होगा
बिकता चिट्टा घर और द्वार, मां-बाप भी हुए लाचार
कैसे बच्चे बचाएं अपने, तमाशा देख रही सरकार
ऐसा हथियार करो कोई तैयार, चिट्टे पर करे जो करे वार
सरकारों के न रहो भरोसे, सरकारों के भी जुड़े हैं तार
कल को देर न हो जाए, आज अगर न आवाज उठाई
जाकर पूछो उनका हाल, चिट्टे ने जहां की तबाही
चिट्टा आज यह बोल रहा, खा जाऊंगा मैं जवानी
मेरी लत है जिसे लगी, वो ना बचा फिर कभी
मैं काल हूं उस जवानी का, जिसने देश चलाना है
मुझे चिट्टा सारे बुलाते हैं, डरता मुझसे जमाना है
कैसा जहर ये घोल दिया, मेरे देश की जवानी में
राणा चिट्टा-चिट्टा सुन रहा, गीतों और कहानी में

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सएप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# 'वफादारों' को कार्यवाहक डीजीपी बनाने पर सवाल

भारतीय पुलिस व्यवस्था में डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (डीजीपी) का पद राज्य की कानून-व्यवस्था का सर्वोच्च प्रतीक माना जाता है। यह अधिकारी न केवल अपराध नियंत्रण, जांच, सुरक्षा व्यवस्था और जन-शांति सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार होता है, बल्कि पुलिस बल के प्रशिक्षण, आधुनिकीकरण, अनुशासन और सुधारों में भी निर्णायक भूमिका निभाता है।



**डॉ. अवधेश कुमार यादव**
(लेखक मीडिया संस्थानों में क्राइम रिपोर्टर रह चुके हैं)

डीजीपी का नेतृत्व पुलिस को पेशेवर, निष्पक्ष और जन-केंद्रित बनाने की दिशा तय करता है। डीजीपी पुलिस बल का प्रमुख होता है, जो मुख्यमंत्री और गृह मंत्री के साथ मिलकर राज्य की आंतरिक सुरक्षा नीतियों को आकार देता है। वह अपराध की रोकथाम, आतंकवाद विरोधी अभियानों, साइबर क्राइम, संगठित अपराध और साम्प्रदायिक सद्भाव बनाए रखने जैसे जटिल कार्यों का संचालन करता है। साथ ही, वह पुलिस कर्मियों के कल्याण, महिलाओं की सुरक्षा, बाल अपराध और मानवाधिकार उल्लंघन जैसे संवेदनशील मुद्दों पर भी नीतियां बनाता है, लेकिन पिछले कई वर्षों से आधा दर्जन से अधिक राज्यों में नियमित डीजीपी की नियुक्ति के बजाय कार्यवाहक (एक्टिंग या एड-हॉक) डीजीपी की प्रथा चल रही है। यह प्रथा सुप्रीम कोर्ट के स्पष्ट दिशा-निर्देशों की खुली अवहेलना है। पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट ने इस प्रथा पर कड़ी टिप्पणी करते हुए राज्यों की मनमानी पर गहरी नाराजगी जताई और यूपीएससी को ऐसे मामलों में अवमानना की कार्रवाई करने का अधिकार दिया। अदालत ने कहा कि राज्य सरकारें डीजीपी की स्थायी नियुक्ति के लिए समय से यूपीएससी को प्रस्ताव न भेजकर पूर्व आईपीएस अधिकारी प्रकाश सिंह मामले की सुनवाई के दौरान दिए गए दिशा-निर्देशों की अवहेलना कर रही हैं और कार्यवाहक डीजीपी की प्रथा को जानबूझकर जारी रखे हुए हैं। इससे योग्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को डीजीपी पद से वंचित किया जा रहा है, जो पुलिस संस्था की अखंडता और विश्वसनीयता को कमजोर करता है।

भारत में कार्यवाहक (एक्टिंग) पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) की प्रथा की जड़ें ब्रिटिशकाल में निहित हैं। पुलिस अधिनियम, 1861 के तहत पुलिस प्रमुख की नियुक्ति राज्य सरकार के पूर्ण विवेक पर निर्भर थी। इस व्यवस्था में न तो पारदर्शिता थी और न ही योग्यता-आधारित चयन की कोई स्पष्ट प्रक्रिया। स्वतंत्रता के बाद भी यह प्रणाली लगभग अपरिवर्तित बनी रही,




जिससे पुलिस प्रशासन में राजनीतिक हस्तक्षेप की गुंजाइश बनी रही। 1990 के दशक के बाद डीजीपी की नियुक्तियों में वरिष्ठता, सेवा-रिकॉर्ड और नेतृत्व क्षमता के बजाय राजनीतिक निकटता और 'वफादारी' को प्राथमिकता दिए जाने की प्रवृत्ति बढ़ी। जब नियमित डीजीपी की सेवानिवृत्ति, स्थानांतरण या निलंबन से पद रिक्त होता है, तब राज्य सरकारें वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी को अस्थायी रूप से डीजीपी का अतिरिक्त प्रभार सौंप देती हैं। जो व्यवस्था आरंभ में कुछ महीनों तक सीमित रहती थी, वह 2000 के दशक में वर्षों तक चलने लगी। 2010 के बाद यह समस्या और गंभीर हो गई। तेलंगाना में 2017 से नियमित डीजीपी नियुक्त नहीं हुआ है। पंजाब, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, आंध्र प्रदेश, ओडिशा और झारखंड जैसे कई राज्यों में भी लंबे समय तक कार्यवाहक डीजीपी कार्यरत रहे हैं। इस स्थिति से पुलिस नेतृत्व में नीतिगत अस्थिरता आती है और वरिष्ठ अधिकारियों का मनोबल गिरता है। कई योग्य आईपीएस अधिकारी डीजीपी पद से वंचित रह जाते हैं, जबकि राजनीतिक रूप से अनुकूल अधिकारियों को अवसर मिल जाता है।

कार्यवाहक डीजीपी की सबसे बड़ी समस्या उनकी असुरक्षित स्थिति है। वे हमेशा इस आशंका में रहते हैं कि सरकार की अपेक्षाओं के विरुद्ध जाने पर उनका प्रभार छीना जा सकता है। इससे निष्पक्ष जांच और कानून-व्यवस्था प्रभावित होती है। राजनीतिक दबाव में चयनात्मक कार्रवाई, विरोधियों को निशाना बनाना और संवेदनशील मामलों में पक्षपात जैसी शिकायतें सामने आती रहती हैं। परिणामस्वरूप पुलिस एक स्वतंत्र पेशेवर संस्था के बजाय राजनीतिक उपकरण के रूप में कार्य करने लगती है, जो लोकतंत्र के लिए घातक है।

इस प्रवृत्ति को चुनौती देने में पूर्व आईपीएस अधिकारी प्रकाश सिंह की भूमिका ऐतिहासिक रही है। उन्होंने 2006 में सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दायर कर पुलिस में राजनीतिक हस्तक्षेप और स्वायत्तता की कमी को प्रमुख मुद्दा बनाया। प्रकाश सिंह बनाम भारत संघ मामले में सुप्रीम कोर्ट ने 22 सितंबर 2006 को सात महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए। इनमें डीजीपी की नियुक्ति से संबंधित निर्देश प्रमुख थे।

न्यायालय ने निर्देश दिया कि डीजीपी की नियुक्ति यूपीएससी द्वारा तैयार किए गए तीन वरिष्ठ एवं योग्य आईपीएस अधिकारियों के पैनल से की जाए और चयनित डीजीपी को न्यूनतम दो वर्ष का निश्चित कार्यकाल मिले। 2018 में यह भी स्पष्ट किया गया कि सेवानिवृत्ति से तीन महीने पहले प्रस्ताव भेजा जाए। इसके बावजूद कई राज्य इन आदेशों की अनदेखी करते हैं। यह प्रथा न केवल न्यायालय की अवहेलना है, बल्कि लोकतांत्रिक शासन और पुलिस सुधारों को भी कमजोर करती है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# शून्य में विलीन होकर समष्टि बन जाना : मनुष्य की सबसे कठिन और सबसे सुंदर यात्रा

कुछ न होना भी जीवन का उद्देश्य हो सकता है। जीरो हो जाना, मतलब अहंकार रहित हो जाना, मतलब समष्टि से एकाकार हो जाना, मतलब समत्व हो जाना, मतलब सब कुछ हो जाना, मतलब सब में हो जाना, मतलब पृथक होने के भाव से मुक्त हो जाना।



**डॉ. दमन आहूजा**
जनस्वास्थ्य एवं सामुदायिक भागीदारी विशेषज्ञ
मो. 9816674020
damanahuja@gmail.com

जो हो रहा है आसपास, उसमें स्वयं को हिस्सा मानना और किसी को भी दोष देने की बजाय उसे अपनी ही किसी निष्कृष्ट स्थिति का अंग मानना एवं उसके प्राकृतिक दंड भुगतने के लिए तैयार रहना।

कब होगा ये? कैसे होगा ये? क्या इसका अर्थ ये हुआ है कि जो हो रहा है, उसे चुपचाप देखते रहना? क्या निष्क्रिय हो जाने से आनंदित हुआ जा सकता है ? अनेकों सवाल कौंध जाते हैं मन में। जैसे-जैसे मनुष्य की मानसिक स्थिति का विकास होता है, वैसे ही हर व्यक्ति को ऊपर लिखे शब्दों के अर्थ अपनी व्यक्तिगत आंतरिक अवस्था के मुताबिक समझ आने लगते हैं। कोई तो सिर्फ एक पंक्ति पढ़कर ही आत्मानुभूति में उतर सकता है, कोई तर्क की दृष्टि से अवलोकन करता है, तो कोई इसे बेकार की बकवास समझता है। सबका अपना अपना स्तर है, व इनमें से कोई भी गलत नहीं है।

इतना तो निश्चित है कि भीतरी शांति के लिए बाहरी माहौल का भी योगदान होता है, अर्थात ऐसे माहौल का निमार्ण, ऐसी गतिविधियों, प्रक्रियाओं का निर्माण हो, जहां क्लेश, प्रदूषण, कलह, अत्याधिक ट्रैफिक, कंक्रीट की बजाय, पेड़, पक्षी, सूर्य की रोशनी, हवा का क्रॉस वेंटिलेशन, जल के दूषण रोकने के साथ साथ व्यवस्था, नियम, धैर्य, एवं परहेज का विकास हो। एकांत हो, न की सूनेपन का विकास हो ताकि उच्च विचार शक्ति को विकसित होने का अवसर पैदा हो सके। खामोशी में कबूतरी के गुटर गूं सुनने की चाहत भी हो, और उसका महत्व



भी पता हो, विस्तृत समुद्र की विशाल जल राशि के देखने के आनंद एवं पहाड़ की चोटी के पहुंचने का संघर्ष एवं उस पर चढ़ने के रास्ते में पसीने की महक लेने की ललक हो। ऐसे में विचारों की ऊर्जा से सकारात्मकता की बिजली कौंधती है जो नित नए जीवन को प्रकाशमय करती है।

प्रकृति में प्रत्येक क्रिया सहज और निरभिमान है। पेड़ फल देते हैं, नदियां बहती हैं, सूर्य प्रकाश देता है, बादल वर्षा करते हैं और ऋतुएं बदलती हैं-इनमें किसी प्रकार का अहंकार नहीं होता। यह सब स्वाभाविक प्रक्रिया के अंतर्गत घटित होता है। इसके विपरीत मनुष्य अपने प्रत्येक कर्म में अभिमान से क्यों भर जाता है? इसका उत्तर 'कुछ न होने' की अनुभूति में निहित है, जो एक लंबी यात्रा के बाद प्राप्त होती है-सब कुछ पा लेने और उसकी सीमितता को समझने के पश्चात।

इतिहास और दर्शन इसके अनेक उदाहरण देते हैं। सिकंदर को ऋषि दद्दामी से, राजा जनक को अष्टाव, से और आधुनिक काल में अब्राहम मैसलो को अपनी 'हिरारकी ऑफ नीड्स' के माध्यम से यह बोध प्राप्त हुआ। मैसलो के अनुसार, मनुष्य की यात्रा भोजन, वस्त्र और सुरक्षा जैसी मूलभूत आवश्यकताओं से आरंभ होकर प्रेम, आत्मसम्मान और अंततः आत्मसाक्षात्कार तक पहुंचती है। जब तक छोटी आवश्यकताओं की पूर्ति नहीं होती, तब तक आत्मबोध का मार्ग प्रशस्त नहीं होता।

भारतीय सभ्यता के मूल में भी यही विचार विद्यमान है। गीता का निष्काम कर्म, रामायण का आदर्श जीवन और आदि शंकराचार्य की विवेकचूड़ामणि आत्मविमर्श की इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हैं। गुरुकुलों में आचार्यों को राजा से उच्च स्थान इसलिए मिला क्योंकि वे पद, प्रतिष्ठा और भोग से मुक्त थे। शिक्षा का उद्देश्य केवल भौतिक सफलता नहीं, बल्कि आत्मान्वेषण होना चाहिए।

विरासत के साथ विकास की अवधारणा तभी सार्थक है, जब सभ्यता के सत्य और कल्याणकारी अनुभवों को आगे बढ़ाया जाए। अंतिम परिणति स्वयं को समाज और प्रकृति में विलीन कर देना है-यही 'कुछ न होना' है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# सीबीएसई और एचपी बोर्ड के दोहरे मापदंड शिक्षक हित में नहीं

हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा सरकारी विद्यालयों में सीबीएसई प्रणाली लागू करने, इसके लिए अलग टेस्ट, विशेष इंसेंटिव और अलग कैडर व्यवस्था अपनाने के फैसले पर हिमाचल प्रदेश राजकीय भाषाई अध्यापक संघ ने गहरी आपत्ति जताई है। संघ का कहना है कि यह व्यवस्था शिक्षा सुधार नहीं, बल्कि शिक्षकों और छात्रों के बीच असमानता, प्रतिस्पर्धा और हीनभावना बढ़ाने वाली नीति है। संघ का मुख्य तर्क है कि एक ही पद, एक ही कार्य और एक ही योग्यता होने के बावजूद दो अलग कैडर बनाना संवैधानिक समानता और सेवा शर्तों के मूल सिद्धांतों के खिलाफ है। संघ ने सवाल उठाया कि क्या केवल एक टेस्ट पास कर लेने से कोई शिक्षक अचानक अधिक योग्य या 'इंटेलिजेंट' हो जाता है? वर्षों से एचपी बोर्ड में पढ़ा रहे शिक्षक अचानक अयोग्य नहीं हो जाते। यदि कार्य, पद और जिम्मेदारी समान है, तो वेतन और इंसेंटिव में भेद क्यों?



**हेमराज ठाकुर**
राज्य अध्यक्ष, हि.प्र. राजकीय भाषाई अध्यापक संघ, मो. 9816660197

संघ ने स्पष्ट किया कि सरकार पदोन्नति के लिए विभागीय परीक्षा का अधिकार रखती है, लेकिन पोस्ट-टू-पोस्ट टेस्ट के माध्यम से अलग बोर्ड के नाम पर शिक्षकों में प्रतिस्पर्धा और विद्वेष पैदा करना दुर्भाग्यपूर्ण है। यह नीति शिक्षकों को सुविधा-संपन्न कस्बाई स्कूलों में आर्थिक लाभ के लिए खींचती है, जबकि शिक्षा की मूलभूत समस्याओं का समाधान नहीं करती। संघ ने चेताया कि इससे सीबीएसई में चयनित शिक्षक स्वयं को श्रेष्ठ और एचपी बोर्ड शिक्षक हीन समझेंगे, और छात्र भी विभाजन महसूस करेंगे, जिससे समावेशी शिक्षा कमजोर होगी। ग्रामीण क्षेत्रों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता भी संघ ने जताई। आजादी के 75 साल बाद भी सीबीएसई स्कूल मुख्यत: कस्बों



में खोले जा रहे हैं, जबकि उनकी वास्तविक जरूरत दूरदराज और ग्रामीण क्षेत्रों में है। यहां शिक्षा की कमी के कारण पलायन बढ़ रहा है और बुजुर्ग अकेलेपन का शिकार हो रहे हैं। संघ ने सुझाव दिया कि नए सीबीएसई स्कूल गांवों में खोले जाएं और वहां नए शिक्षक नियुक्त किए जाएं, न कि पहले से पढ़ रहे शिक्षकों को दो भागों में बांटा जाए।

संघ ने यह भी कहा कि शिक्षक का मूल्यांकन केवल टेस्ट से नहीं किया जा सकता। शिक्षक का मूल्यांकन नैतिक और मानवीय मूल्यों, कक्षा संचालन, शिक्षण क्षमता, वार्षिक परीक्षा परिणाम, छात्र-अभिभावक संतुष्टि और शैक्षणिक नेतृत्व पर आधारित होना चाहिए। इंसेंटिव अगर देना है, तो दोनों बोर्ड के शिक्षकों को समान रूप से प्रदर्शन आधारित दिया जाए, अन्यथा किसी को नहीं।

साथ ही, बिना टीएटी पास शिक्षकों की नियुक्ति किसी भी बोर्ड में न की जाए, क्योंकि इससे बेरोजगार टीएटी पास शिक्षकों के अधिकारों का हनन होता है। संघ ने यह भी आग्रह किया कि जिन स्कूलों को सीबीएसई में बदला गया है, वहां पहले से पढ़ रहे छात्र अगर एचपी बोर्ड में पढ़ना चाहते हैं, तो उन्हें उसी या नजदीकी स्कूल में परिवहन सुविधा के साथ पढ़ाई सुनिश्चित की जाए, क्योंकि यह उनका मौलिक अधिकार है।

संघ ने सरकार से आग्रह किया कि इस प्रकार के बड़े शैक्षणिक परिवर्तन लागू करने से पहले सभी शिक्षक संगठनों से व्यापक संवाद किया जाए। संघ का कहना है कि शिक्षा सुधार का रास्ता विभाजन और प्रतिस्पर्धा से नहीं, बल्कि समानता, संवेदनशीलता और सार्वजनिक हित से होकर जाता है।

इस नीति से न केवल शिक्षक और छात्र असमान महसूस करेंगे, बल्कि ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्रों के बीच शैक्षणिक भेदभाव भी बढ़ेगा। संघ ने जोर देकर कहा कि शिक्षा में सुधार के लिए नीति ऐसी होनी चाहिए जो समान अवसर, समावेशिता और सभी शिक्षकों के न्यायपूर्ण मूल्यांकन को सुनिश्चित करे, न कि केवल कुछ चुनिंदा शिक्षकों को लाभ पहुंचाए।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# राजस्व घाटा अनुदान रोके जाने से हिमाचल में वित्तीय संकट गहराया

हिमाचल प्रदेश की सुक्खू सरकार आपदा अधिनियम का हवाला देकर पंचायत चुनावों को लटकाने के मामले में सर्वोच्च न्यायालय में चर्चा का केंद्र बन गई है। उच्च न्यायालय ने पहले ही राज्य सरकार को 30 अप्रैल से पहले चुनाव करवाने का आदेश दिया था, लेकिन राज्य सरकार देरी पर अड़ी हुई है। जनता जानना चाहती है कि आखिर सरकार पंचायत चुनावों में रुचि क्यों नहीं दिखा रही। भाजपा नेता लगातार इस मुद्दे को उठाकर सरकार को घेर रहे हैं।



**सुखदेव सिंह**
स्वतंत्र लेखक, नूरपुर
जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

प्रदेश में पिछले तीन वर्षों में आई प्राकृतिक आपदाओं ने जन-जन के जीवन और संपत्ति को भारी नुकसान पहुंचाया है। सड़कें, पुल और अन्य आधारभूत संरचनाएं ध्वस्त हुई हैं, जिससे जनता और पर्यटकों को गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है। सरकार इस आपदा को लेकर केंद्र पर वित्तीय मदद नहीं मिलने का आरोप लगाती है, जबकि विपक्ष इसे राजनीतिक लाभ के लिए भुनाने की कोशिश कर रहा है। राज्य सरकार ने इस कठिन परिस्थिति में अपनी उपलब्धियों का प्रदर्शन भी किया है, लेकिन विवादास्पद निर्णय जैसे माननीयों के वेतन, भत्ते और महंगी गाड़ियों की खरीद, सार्वजनिक भावनाओं के विपरीत ठहरते हैं। पंचायत प्रधानों का कार्यकाल समाप्त हो चुका है, लेकिन चुनाव न कराने से खंड विकास अधिकारियों और सीईओ पर अतिरिक्त कार्यभार बढ़ गया है। इससे पंचायत राज सशक्तीकरण का उद्देश्य प्रभावित हो रहा है।

प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को बकाया किश्तें लंबित हैं। पंचायत प्रतिनिधियों के कार्यकाल समाप्त होने के कारण औपचारिकताएं पूरी कराना मुश्किल हो रहा है, जिससे गरीब लाभार्थी ऋण लेकर अपने मकानों का काम करवा रहे हैं। केंद्र सरकार ने राजस्व घाटा अनुदान (आरडीजी) रोक दिया है, जिससे विकास कार्यों और



सरकारी कर्मचारियों की पेंशन व भत्ते प्रभावित हो रहे हैं। 16वें वित्त आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, हिमाचल प्रदेश की सरकार आय कम और खर्च अधिक होने के बावजूद विकास की बजाय कर्मचारियों की पेंशन और भत्तों पर अधिक खर्च कर रही है। इसका परिणाम राज्य की बढ़ती कर्जदारी और विकास कार्यों की ठप स्थिति के रूप में सामने आया है।

आरडीजी अनुदान पर निर्भरता और आय स्रोत बढ़ाने में विफलता के कारण प्रदेश में भविष्य में जनता पर कर बोझ बढ़ने की संभावना प्रबल है। सतापक्ष और विपक्ष के विधायक अपने विधानसभा क्षेत्रों में विकास कार्य नहीं करवा पा रहे हैं। गंभीर बीमारियों और 100त्न दिव्यांग नागरिकों के लिए सहारा योजना की राशि पर छह महीने से रोक है। कुल मिलाकर, सुक्खू सरकार आपदा अधिनियम का उपयोग अपनी मनमर्जी और राजनीतिक प्राथमिकताओं को पूरा करने के लिए कर रही है, जिससे पंचायत चुनाव स्थगित हैं और जनता के मूलभूत हित प्रभावित हो रहे हैं। केंद्र सरकार द्वारा आरडीजी अनुदान की रोक और राज्य सरकार की आय स्त्रोतों की निर्भरता ने वित्तीय संकट और विकास में बाधा पैदा की है। हिमाचल प्रदेश के सांसद और राज्य सरकार को मिलकर ठोस नीतियां बनानी होंगी, ताकि वित्तीय संतुलन बनाए रखा जा सके, पंचायत चुनाव समय पर हो सकें और विकास योजनाओं का लाभ वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हिमाचल को अपना दूसरा घर मानते हैं, और वर्तमान स्थिति में आरडीजी अनुदान की आवश्यकता अत्यंत महत्वपूर्ण है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# धनोटू एनएच-21 पुल की जर्जर रेलिंग बनी जानलेवा, हर पल हादसे का खतरा

## आवारा पशु और वाहन गिरने की घटनाएं आम, वैकल्पिक पुल की मांग तेज

अनंत ज्ञान

**भीम बसेडू राजपूत, महादेव।** राष्ट्रीय उच्च मार्ग नं 21 स्थित धनोटू की बीएसएल परियोजना (बीबीएमबी) नहर पर बने पुराने पुल की रेलिंग पिछले कई वर्षों से जर्जर पड़ी है जिससे यहां हादसों का खतरा बढ़ा है। वहीं आवारा पशु और वाहन यहां लुढ़कते रहते हैं। ऐसी स्थिति में लोग पहले भी कई बार संबंधित विभाग से इस पुराने पुल की जर्जर रेलिंग को सुधारने सहित पुल के पास ही एक अन्य वैकल्पिक पुल बनाने की मांग उठा चुके हैं, मगर अभी तक इस दिशा में किसी किस्म की कार्रवाई अमल में नहीं लाई जा सकी है।

धनोटू नेशनल हाईवे का यह पुल एक ऐसा व्यस्त चौक बनकर रह गया है। खासतौर पर यहां से यानि बग्गी की ओर से आने वाली गाड़ियों का रूख जब कनैड -नेरचौक की ओर कर उन्हें घुमाया जाता है तो वे सीधे पुल के टूटे फूटे भाग के पास से होकर गंतव्य की ओर बढ़ती हैं यह खतरा अचानक जरा सी चूक होने पर बढ़ना स्वाभाविक सी बात है। बढ़ते यातायात को देखते हुए पुल रेलिंग आदि का समय रहते सुधार करना जरुरी ही नहीं बल्कि समय की भी मांग है। लोगों ने संबंधित विभाग सहित मंडी की सांसद कंगना रनौत से पुरजोर मांग करते हुए कहा है कि अनहोनी को टालने को लेकर शीघ्र ही धनोटू नेशनल हाइवे के पुल की जर्जर रेलिंग को सुधारने सहित लंबित पड़ी मांग के मुताबिक यातायात के बढ़ते जा रहे दबाव के चलते पास ही नहर के ऊपर एक वैकल्पिक पुल का भी निर्माण किया जाए।



पुल की टूटी रेलिंग से हादसों का खतरा। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान मुद्दा

धनोटू नेशनल हाईवे का पुराना पुल एक ऐसा गंदा पुल बन गया है जिसकी स्वच्छता का खासा ख्याल रखा जाना चाहिए, क्योंकि पुल के इर्द-गिर्द एवं नीचे की तरफ जहरीली घास उगे फैले हैं। जहां से कई बार सरी सृप भी बाहर आकर नेशनल हाईवे का रास्ता अख्तियार करते रहे हैं इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि खतरा चौतरफा है।

## गृह कर सर्वेक्षण की प्रक्रिया शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** नगर निगम मंडी क्षेत्राधिकार के अंतर्गत गृह कर सर्वेक्षण का कार्य हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा अधिकृत नोडल एजेंसी आर्यभट्ट भू-सूचना एवं अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र 34-एसडीए परिसर कसुम्पटी शिमला-9 के माध्यम से घर-घर जाकर किया जा रहा है, जिसके तहत मकानों की पैमाइश तथा मकान मालिकों से संबंधित आवश्यक जानकारी एकत्र की जा रही है। यह सर्वेक्षण कार्य वार्ड नंबर 2 पुरानी मंडी, वार्ड नंबर 3 पड्ल, वार्ड नंबर 8 पैलेस-1, वार्ड नंबर 9 पैलेस-2, वार्ड नंबर 10 सुहड़ा, वार्ड नंबर 11 समखेतर, वार्ड नंबर 12 भगवाहन मुहल्ला तथा वार्ड नंबर 13 थनेहड़ा में आरंभ कर दिया गया है। सर्वेक्षण कार्य में तैनात टीमों को नगर निगम मंडी तथा उपरोक्त अधिकृत संस्था द्वारा संयुक्त हस्ताक्षरित पहचान पत्र एवं प्राधिकरण पत्र जारी किए गए हैं। आयुक्त, नगर निगम मंडी के आदेशानुसार नगर निगम क्षेत्र के सभी नागरिकों से अपील की गई है कि वे केवल इन्हीं अधिकृत टीमों को ही जानकारी उपलब्ध कराएं तथा गृह कर सर्वेक्षण कार्य को सफल बनाने में सहयोग करें।

# भाईचारे व सामाजिक एकता का दिया संदेश

## रिवालसर में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने की सर्वधर्म स्थलों की पूजा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** हिमाचल प्रदेश के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर के नेतृत्व में कांग्रेस की जिलाध्यक्ष चंपा ठाकुर, उच्च निदेशक शिक्षा विभाग अमरजीत शर्मा, एसडीएम बल्ह स्मृतिका नेगी, एसोशिएसन के पदाधिकारी लामा तथा अखिल भारतीय दलित पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद के महासचिव व राज्य प्रवक्ता चमन राही ने तीनों धर्मों की स्थली रिवालसर में स्थित बुद्ध मॉनेस्टरी में विधिवत पूजा-अर्चना की और दलाईलामा के समय की ऐतिहासिक पुस्तकों का अध्ययन कर क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से अवगत हुए।

इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल ने उस स्थल का भी दौरा किया जहां हिंदू धर्म की रक्षा और सर्वधर्म समन्वय के लिए रिवालसर में गुरु गोबिंद सिंह द्वारा सर्वधर्म सम्मेलन आयोजित किया गया था, वहीं शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने वहां के प्रबंधकों से मुलाकात कर ऐतिहासिक तथ्यों और वर्तमान व्यवस्थाओं पर चर्चा की। इसके उपरांत प्रतिनिधिमंडल ने नैणा माता मंदिर में भी पूजा-अर्चना कर मंडी जिला को आपदा से सुरक्षित रखने की कामना की। शिक्षा मंत्री ने सभी धर्मों के लोगों और धार्मिक स्थलों के प्रबंधकों से संवाद कर आपसी भाईचारा, सामाजिक सौहार्द और नशा मुक्त समाज के निर्माण का संदेश दिया तथा विशेष रूप से चिट्टे और अन्य नशे के खिलाफ चल रहे अभियानों में सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि रिवालसर जैसी ऐतिहासिक और आध्यात्मिक भूमि पर शिक्षा, साहित्य और इतिहास से जुड़े राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन आयोजित किए जाने चाहिए ताकि युवा पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ा जा सके।

इसके बाद कांग्रेस की जिलाध्यक्ष चंपा ठाकुर और चमन राही ने राजनीतिक चर्चा करते हुए सेंट्रल जोन मंडी को राजनीतिक दृष्टि से और अधिक सुदृढ़ करने की आवश्यकता पर बल दिया। वहीं शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने शिक्षा विभाग के कर्मचारियों को स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि कर्मचारी राजनीति से दूर रहें, क्योंकि शिक्षा का उद्देश्य देश निर्माण है, न कि राजनीतिक हित साधना।



शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर को सम्मानित करते हुए। अनंत ज्ञान

## न्यूज ब्रीफ

### चौक में सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया

**अनंत ज्ञान, भीम बसेडू राजपूत, महादेव।** राजकीय प्राथमिक पाठशाला चौक में नेशनल आयुष मिशन के अंतर्गत तीन दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में आयुष्मान आरोग्य मंदिर महादेव के योग प्रशिक्षक राजेंद्र कुमार एवं रीता कुमारी के द्वारा छात्रों को वृक्षासन, ताड़ासन, पादहस्तासन, अर्ध-चक्रासन, कपालभाति प्राणायाम, भस्त्रिका प्राणायाम, अनुलोम विलोम प्राणायाम, भ्रामरी प्राणायाम और अन्य शारीरिक क्रियाएं करवाई गई। शिविर में विशेष रूप से सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया गया। योग गाइड ने बताया की किस प्रकार सूर्य नमस्कार से हम अपने तन तथा मन को स्वस्थ रख सकते हैं। इस अवसर पर आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. अपूर्वा शर्मा, आयुर्वेदिक फार्मेसी अधिकारी शकुंतला शर्मा, शिक्षक सुनीता देवी एवं संगीता उपस्थित रहीं।

### जेआरएफ परीक्षा में भानु प्रिया का शानदार प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी द्वारा आयोजित जेआरएफ परीक्षा 2025 में इलाका हटली के गांव मनवाणा निवासी भानु प्रिया ने वाणिज्य विषय में सफलता हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। यह उपलब्धि खनोट सहित पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय बनी है।भानु प्रिया ने प्रारंभिक शिक्षा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला खनोट से प्राप्त की। इसके उपरांत बारहवीं की पढ़ाई राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बल्द्वाड़ा से पूरी की। आगे उन्होंने बीकॉम राजकीय महाविद्यालय बल्द्वाड़ा तथा एमकॉम हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला से उत्तीर्ण की। भानु प्रिया के पिता जगदीश चंद शर्मा किसान हैं जबकि माता मंजुला शर्मा गृहिणी हैं। इस उपलब्धि पर परिवारजनों, शिक्षकों एवं मित्रों ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### बिजली विधेयक के खिलाफ हड़ताल 12 को

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** बिजली संशोधन विधेयक-2025 एवं इसके प्रावधानों को लागू किए जाने के विरोध में विद्युत मंडल परिसर सरकाघाट में जॉइंट एक्शन कमेटी (जेएसी) की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जेएसी कन्वीनर एवं सहायक अभियंता इंजीनियर राज सिंह पराशर ने की। बैठक में विधेयक से उत्पन्न होने वाले दुष्प्रभावों पर विस्तार से चर्चा करते हुए 12 फरवरी को प्रस्तावित टूल डाउन-पेन डाउन कार्यक्रम को सफल बनाने का निर्णय लिया गया। वक्ताओं ने कहा कि यह विधेयक कर्मचारियों, पेंशनर्स तथा उपभोक्ताओं के हितों के खिलाफ है। हिमाचल प्रदेश स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड कर्मचारी यूनियन के मुख्य लेखा परीक्षक मदन लाल भारती विशेष रूप से उपस्थित रहे। स्थानीय यूनिट प्रधान बबलू राम, इकाई सचिव पंकज जम्बाल, जेएसी सदस्य इंजीनियर आशीष चौहान, वरिष्ठ उपप्रधान मनीष शर्मा तथा जोनल सचिव सुनील शर्मा सहित विभिन्न उपमंडलों से आए सैकड़ों कर्मचारियों ने भाग लिया।

### डीआईजी अरुण राष्ट्रपति अवार्ड से समानित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** मंडी जिले के जोगिंद्रनगर तहसील के गांव झमेहड़ निवासी डीआईजी अरुण कुमार भारद्वाज को भारतीय तटरक्षक सेना में उत्कृष्ट व सराहनीय सेवाओं के लिए राष्ट्रपति अवार्ड, तट रक्षक पदक मेरिटोरियस सेवा से सम्मानित किया गया। डीआईजी अरुण कुमार भारद्वाज के पिता स्वर्गीय कैप्टन सोहन लाल भारद्वाज ग्राम पंचायत धार के पांच बार प्रधान रह चुके हैं व उनकी माताजी ग्रहणी है। उनके बड़े भाई ललित भारद्वाज आरएसएस के स्वयं सेवक है जबकि छोटा भाई विजय भारद्वाज एडवोकेट हैं। डीआईजी अरुण कुमार भारद्वाज की इस उपलब्धि के लिए हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल, पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, पूर्व लोक निर्माण मंत्री ठाकुर गुलाब सिंह, जोगिंद्रनगर के समाजसेवी व पूर्व विधायक पद के प्रत्याशी वरिष्ट अधिवक्ता जीवन ठाकुर, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता पंकज जामवाल आदि ने हिमाचल प्रदेश के सपूत डीआईजी अरुण भारद्वाज व उनके परिवार को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दीं।

### पूर्व सैनिकों की मांगों व समस्याओं पर चर्चा

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सीएपीएफ की एक मासिक बैठक सरकाघाट में आयोजित की गई। इस बैठक में क्षेत्र के पूर्व सैनिकों तथा उनके आश्रितों की मांगों पर विशेष रूप से चर्चा की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों की समस्याओं एवं लंबित मांगों पर विचार-विमर्श किया गया। संगठन के महासचिव ज्ञानचंद ठाकुर सहायक सेनानी ने कहा कि पूर्व सैनिकों से जुड़ी पेंशन, स्वास्थ्य सुविधाएं, रोजगार व अन्य कल्याणकारी मुद्दों को लेकर केंद्र व प्रदेश सरकार से पत्राचार चला हुआ है और जल्दी उनकी यह मांगे पूरी होने वाली है। उन्होंने क्षेत्र के सभी पूर्व सैनिकों व उनके आश्रितों से आगामी बैठकों में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की है । इस अवसर कुलदीप ठाकुर ने भी अपने विचार रखें। इस अवसर पर कमांडेंट बलबीर सिंह, डिप्टी कमांडेंट संतराम, दिलीप सिंह, राम लाल सिंह, भागीरथ, बिशन दास, रविंद्र सिंह, कुलदीप ठाकुर मौजूद रहे।

### थुनाग में 12 और गोहर में 13 को पशु मित्र भर्ती

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** उपमंडल थुनाग और गोहर में पशु मित्रों के रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। थुनाग उपमंडल में पशु मित्रों के 4 रिक्त पदों तथा गोहर उपमंडल में 5 रिक्त पदों के लिए पात्र अभ्यर्थियों की शारीरिक परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसके तहत थुनाग उपमंडल के अभ्यर्थियों की शारीरिक परीक्षा 12 फरवरी को गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल जंजैहली के खेल मैदान में आयोजित होगी, जबकि गोहर उपमंडल के अभ्यर्थियों की शारीरिक परीक्षा 13 फरवरी को गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज बासा के मेला ग्राउंड, ख्योड़ में करवाई जाएगी। पशु मित्र संलग्नता समिति के सदस्य सचिव एवं वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेश कुमार ने बताया कि सभी पात्र अभ्यर्थी पंजीकरण के लिए निर्धारित तिथि को प्रातः 10 बजे परीक्षा स्थल पर उपस्थित हों।

### 45 पंचायतों की मतदाता सूचियां प्रकाशित

**अनंत ज्ञान, पधर।** विकास खंड द्रंग के अंतर्गत आने वाली 45 ग्राम पंचायतों की मतदाता सूचियों का जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत), मंडी द्वारा अंतिम प्रकाशन पहले ही कर दिया गया है। यह जानकारी खंड विकास अधिकारी द्रंग विनय चौहान ने दी। उन्होंने बताया कि मतदाता सूचियों को आमजन के निरीक्षण हेतु खंड विकास अधिकारी द्रंग के कार्यालय तथा संबंधित सभी ग्राम पंचायतों के नोटिस बोर्डों पर प्रकाशित कर दिया गया है, ताकि पात्र मतदाता अपने नाम, विवरण एवं अन्य प्रविष्टियों की जांच कर सकें। खंड विकास अधिकारी ने बताया कि जिन पात्र नागरिकों का नाम किसी कारणवश मतदाता सूची में शामिल नहीं हो पाया है, वे ₹2 विलंब शुल्क के साथ सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं जिला पंचायत अधिकारी, मंडी के समक्ष अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि मतदाता सूची में नाम शामिल करवाने की अंतिम तिथि 1 अक्टूबर 2025 निर्धारित की गई है।

# पाठ्यक्रम में शामिल हुईं पवन चौहान की कहानियां

◆ दूसरी और पांचवीं कक्षा के पढ़ेंगे विद्यार्थी

अनंत ज्ञान

**मंडी।** एक बार फिर साहित्यकार पवन चौहान के नाम एक अन्य उपलब्धि जुड़ गई है। इस बार पवन चौहान की दो बाल कहानियां सीबीएसई और आईसीएसई संबद्ध निजी विद्यालयों के पाठ्यक्रम में पढ़ाई जाएंगी। ये कहानियां दूसरी और पांचवीं कक्षा के बच्चे सत्र 2025-26 से अपने अतिरिक्त पठन के अंतर्गत पढ़ेंगे। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 तथा राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2023 की दूरदर्शी भावना के अनुरूप तैयार की गई 'आनंदी कहानी संचय' पुस्तक श्रृंखला विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। यह पुस्तकें भाषा-ज्ञान के साथ-साथ मूल्यबोध, संस्कार, देश-प्रेम, भारतीय सांस्कृतिक परंपराएं, जेंडर समानता और पर्यावरणीय चेतना को भी सशक्त रूप से पोषित करती हैं।

वोल्ट की पाठ्यपुस्तक श्रृंखला 'आनंदी' कहानी संचय के अंतर्गत इन्हें देशभर के विद्यार्थी पढ़ेंगे। कक्षा दूसरी में शामिल पवन की कहानी 'बाय चींटियों!' अच्छी आदत और कक्षा पांचवीं की कहानी 'कृपया रुक जाओ!' खान-पान और स्वास्थ्य संबंधी मूल्य परोसती है। इन पुस्तकों का संकलन एवं संपादन भाषाविद् एवं बाल साहित्यकार गुरप्रीत शर्मा ने किया है। उल्लेखनीय है कि पवन चौहान की रचनाएं इससे पूर्व भी विभिन्न सरकारी व निजी विद्यालयों तथा केरल व महाराष्ट्र के विश्वविद्यालय पाठ्यक्रम में विद्यार्थी पढ़ रहे हैं। पवन कविता, कहानी, बाल कहानी, फीचर लेखन में बराबर सक्रीय हैं।

पवन ने वर्ष 2014 में 'राष्ट्रीय सहारा' समाचार पत्र की रविवारीय मैगजीन 'उमंग' में 'टूर' नाम से पर्यटन पर नियमित स्तंभ भी लिखा है। साथ ही, कुछ पत्रिकाओं के बाल साहित्य विशेषांकों का अतिथि संपादन भी किया है। बाल साहित्य में इनका कार्य प्रशंसनीय है। पवन चौहान हिंदी के प्रवक्ता हैं। इनकी अब तक भिन्न-भिन्न विषयों की ग्यारह पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं।

## सीबीएसई बनाम एचपी बोर्ड दोहरे मापदंडों का कड़ा विरोध

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा सरकारी विद्यालयों में सीबीएसई प्रणाली लागू करने तथा इसके लिए अलग टेस्ट आधारित चयन, विशेष इंसेंटिव और पृथक कैडर व्यवस्था अपनाने के निर्णय पर हिमाचल प्रदेश राजकीय भाषाई अध्यापक संघ ने कड़ा विरोध जताया है। संघ का कहना है कि यह नीति शिक्षा सुधार के बजाय शिक्षकों और छात्रों के बीच असमानता व हीन-भावना को बढ़ावा देने वाली है।

संघ के राज्य अध्यक्ष हेमराज ठाकुर सहित समस्त पदाधिकारियों ने कहा कि एक ही पद, एक ही कार्य, समान योग्यता और एक ही विभाग होने के बावजूद यदि दो अलग कैडर बनाकर केवल एक वर्ग को इंसेंटिव दिया जाता है, तो यह संवैधानिक समानता के सिद्धांतों का उल्लंघन है। केवल एक टेस्ट पास कर लेने से कोई शिक्षक श्रेष्ठ नहीं हो जाता। जो शिक्षक वर्षों से एचपी बोर्ड में सेवाएं दे रहे हैं, उनकी योग्यता पर प्रश्नचिह्न लगाना अनुचित है। संघ ने आशंका जताई कि इस व्यवस्था से सीबीएसई व एचपी बोर्ड के शिक्षकों तथा छात्रों के बीच श्रेष्ठता और हीनता की भावना पनपेगी, जिससे इन्क्लूसिव शिक्षा व्यवस्था को नुकसान पहुंचेगा। संघ ने यह भी सवाल उठाया कि सीबीएसई स्कूल मुख्यतः कस्बाई क्षेत्रों में ही क्यों खोले जा रहे हैं, जबकि उनकी वास्तविक आवश्यकता ग्रामीण व दूरदराज क्षेत्रों में है। संघ ने मांग की कि सीबीएसई स्कूल ग्रामीण क्षेत्रों में खोले जाएं, इंसेंटिव यदि देना हो तो दोनों बोर्डों के शिक्षकों को समान रूप से प्रदर्शन आधारित दिया जाए, बिना टीईटी किसी भी बोर्ड में नियुक्ति न हो तथा स्कूल रूपांतरण से प्रभावित छात्रों के अधिकारों की पूर्ण रक्षा की जाए। संघ ने सरकार से सभी शिक्षक संगठनों से संवाद कर समानता व सार्वजनिक हित में निर्णय लेने का आग्रह किया।

# हिमाचल की राज्यसभा सीट पर कांग्रेस में हलचल, एलआर शर्मा की सक्रियता तेज

अनंत ज्ञान

**मंडी।** मंडी जिला के रिवालसर निवासी डॉ. एलआर शर्मा को लेकर हिमाचल की राजनीति में सरगर्मियां तेज हो गई हैं, जहां कांग्रेस पार्टी की राज्यसभा सीट के लिए उनका नाम मजबूती से उभरता दिख रहा है। डॉ. एलआर शर्मा पिछले 23 वर्षों से सक्रिय रूप से कांग्रेस राजनीति में भाग ले रहे हैं और मई 1978 से पार्टी के सक्रिय सदस्य रहे हैं। पूर्व प्रधानमंत्री नरसिंह राव के कार्यकाल में डॉ. एलआर शर्मा को बैंकिंग क्षेत्र में लीगल एडवाइजर की जिम्मेदारी सौंपी गई थी, जबकि वह वर्तमान में दिल्ली में प्रैक्टिसिंग एडवोकेट हैं और एक बैंक के लीगल एडवाइजर भी रह चुके हैं। गरीबों और जरूरतमंद लोगों की सेवा के उद्देश्य से उन्होंने राष्ट्रीय स्तर के एनजीओ का गठन कर सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है और हिमाचल से लेकर दिल्ली तक वंचित वर्ग के लिए निरंतर कार्यरत हैं।



पार्टी सूत्रों के अनुसार कांग्रेस हाईकमान ने उनसे संपर्क साधना आरंभ कर दिया है और गांधी परिवार के नजदीक होने के कारण उन्हें राज्यसभा भेजे जाने की संभावनाएं मजबूत मानी जा रही हैं। डॉ. एलआर शर्मा का लंबा प्रशासनिक और प्रबंधकीय अनुभव रहा है, जिसमें 34 वर्षों तक उन्होंने सीईओ सहित वरिष्ठ तकनीकी एवं प्रबंधकीय पदों पर कार्य किया है, साथ ही 1993 से 1996 के बीच मंत्रालय दूरसंचार में सलाहकार की भूमिका निभाई है। उन्होंने उद्योग जगत में व्यापक अनुभव प्राप्त किया है और रणनीतिक प्रबंधन, समाजशास्त्र व कोल्ड डेजर्ट डेवलपमेंट जैसे विषयों पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शोध पत्र प्रकाशित किए हैं।

डॉ. एलआर शर्मा पूर्व राष्ट्रपति शंकर दयाल शर्मा, पूर्व प्रधानमंत्री नरसिंहा राव, पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह और पूर्व संचार मंत्री पंडित सुखराम के साथ कार्य कर चुके हैं तथा पार्टी संगठन के कार्यक्रमों को सफल बनाने में अग्रणी भूमिका निभाते रहे हैं। लंबे समय से दिल्ली में पूर्व संचार मंत्री पंडित सुखराम के हिमाचल से न होने के कारण जो राजनीतिक शून्य बना हुआ है, उसकी भरपाई के लिए डॉ. एलआर शर्मा को हिमाचल से राज्यसभा में भेजना कांग्रेस के लिए रणनीतिक रूप से फायदेमंद माना जा रहा है, खासकर ऐसे समय में जब भाजपा ने जेपी नड्डा सहित कई ब्राह्मण नेताओं को राज्यसभा में भेजकर संतुलन साधा है।

## वार्षिक एथलेटिक मीट में दिखा छात्र-छात्राओं का जोश

# आरती व मनीष बने सर्वश्रेष्ठ एथलीट

अनंत ज्ञान

**जोगिंद्रनगर।** राजकीय महाविद्यालय लडभडोल में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के अंतर्गत वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता (एथलेटिक मीट) का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रकाश चौहान ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि खेल गतिविधियां विद्यार्थियों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के साथ-साथ अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता को भी सुदृढ़ करती हैं।एथलेटिक मीट के संयोजक डॉ. मुनीश ठाकुर तथा आयोजन सचिव प्रो. संजीव कुमार रहे। प्रतियोगिता में विभिन्न ट्रैक एवं फील्ड स्पर्धाओं का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

गोला फेंक प्रतियोगिता में महिला वर्ग में साक्षी ने प्रथम, आरती ने द्वितीय तथा कनिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पुरुष वर्ग में मनीष प्रथम, अक्षय द्वितीय और राजीव तृतीय स्थान पर रहे।चक्का फेंक प्रतियोगिता में महिला वर्ग में साक्षी प्रथम, आरती द्वितीय और कविता तृतीय रहीं, जबकि पुरुष वर्ग में मनीष प्रथम, आसिफ द्वितीय तथा राजीव तृतीय स्थान पर रहे।100 मीटर दौड़ में महिला वर्ग में आरती प्रथम, कशिश द्वितीय और कामिनी तृतीय रहीं। पुरुष वर्ग में मनीष ने प्रथम, सुजल ने द्वितीय और आसिफ ने तृतीय स्थान हासिल किया।

200 मीटर दौड़ में महिला वर्ग में आरती प्रथम, कामिनी द्वितीय और कविता तृतीय रहीं, जबकि पुरुष वर्ग में मनीष प्रथम, सुजल द्वितीय और अंशुल तृतीय स्थान पर रहे।ऊँची कूद प्रतियोगिता में महिला वर्ग में आरती प्रथम, कशिश द्वितीय तथा दीक्षा व साक्षी संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहीं। पुरुष वर्ग में सुजल प्रथम, अंशुल द्वितीय और साहिल तृतीय स्थान पर रहे। समापन अवसर पर महिला वर्ग में आरती को सर्वश्रेष्ठ एथलीट तथा पुरुष वर्ग में मनीष को सर्वश्रेष्ठ एथलीट घोषित किया गया। विजेता प्रतिभागियों को प्राचार्य द्वारा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।



वार्षिक एथलेटिक मीट के विजेता व अन्य। अनंत ज्ञान

## पीएम मोदी को जाता है भारत-अमेरिका की डील का श्रेय: सुरेश

**अनंत ज्ञान, कविता, पधर।** भाजपा पधर मंडल के महामंत्री सुरेश कटारिया ने कहा है कि हाल ही में भारत और अमेरिका के बीच संपन्न हुई ट्रेड डील का पूरा श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जाता है। यह डील भारत के आर्थिक हितों को सुरक्षित रखने के साथ-साथ देश को वैश्विक स्तर पर और अधिक मजबूत बनाती है। सुरेश कटारिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने पहले संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), फिर यूरोपीय यूनियन और अब अमेरिका के साथ व्यापार समझौते कर यह साबित किया है कि भारत अब अपने राष्ट्रीय हितों से कोई समझौता नहीं करता। अमेरिका के साथ हुई इस ट्रेड डील में भी भारत सरकार ने देश के हितों को सर्वोपरि रखा है। उन्होंने बताया कि पहले अमेरिका द्वारा भारत पर 50 प्रतिशत तक टैरिफ लगाया गया था, जिसे अब घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है। यह टैरिफ एशियाई देशों में सबसे कम है, जबकि अन्य एशियाई देशों पर इससे अधिक टैरिफ लागू है। इससे स्पष्ट होता है कि वैश्विक मंच पर प्रधानमंत्री मोदी की मजबूत नेतृत्व क्षमता और भारत की बढ़ती साख का प्रभाव आज भी कायम है। सुरेश ने कहा कि इस ट्रेड डील से भारत के निर्यात में उल्लेखनीय बढ़ोतरी होगी।

# सायेशा सूद को मिस व आरव को मिला मिस्टर फेयरवेल का खिताब



माउंट मौर्या स्कूल में फेयरवेल पार्टी में चयनित विद्यार्थी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर।** माउंट मौर्या इंटरनेशनल स्कूल जोगिंद्रनगर में जमा दो कक्षा के विद्यार्थियों के लिए बड़े हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जमा एक कक्षा के विद्यार्थियों ने अपने सीनियर्स के लिए रंगारंग सांस्कृतिक व मनोरंजक कार्यक्रम प्रस्तुत कर माहौल को यादगार बना दिया।

स्कूल के प्रधानाचार्य योगेश ठाकुर ने बताया कि फेयरवेल कार्यक्रम के दौरान रैंप वॉक, आइटम पिकिंग गेम, मैजिकल कप, पुल-अप गेम, टाइटल डिस्ट्रीब्यूशन, बैलून गेम सहित अनेक रोचक गतिविधियां आयोजित की गईं। इसके साथ ही जमा एक की छात्राओं द्वारा मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए गए, जबकि छात्रों ने पारंपरिक नाटी नृत्य से सभी का मन मोह लिया। प्रधानाचार्य ने बताया कि इस अवसर पर मिस्टर व मिस फेयरवेल का चयन भी किया गया। इसमें सायेशा सूद को मिस फेयरवेल तथा आरव को मिस्टर फेयरवेल चुना गया। वहीं आदेश सोनी को मिस्टर पर्सनैलिटी, अर्शिया को मिस पर्सनैलिटी, मंथन को मिस्टर 12 और जानवी को मिस प्लस टू के खिताब से नवाजा गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित विद्यार्थियों के लिए जलपान की भी विशेष व्यवस्था की गई थी। इस अवसर पर स्कूल का समस्त स्टाफ विशेष रूप से मौजूद रहा।

# सड़क सुरक्षा के नियमों और नशे के विरुद्ध विद्यार्थिओं को किया जागरूक



एसएचओ रजनीश ठाकुर बच्चों को सम्मानित करते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नबाही में प्रधानाचार्य सुरेश पठानिया की अध्यक्षता में विद्यालय में सड़क, सुरक्षा व नशे के विरुद्ध जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर मुख्यातिथि व स्त्रोत व्यक्ति एसएचओ सरकाघाट रजनीश ठाकुर ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा नियमों व नशे के कुप्रभाव व साइबर अपराध के बारे में विस्तारपूर्वक प्रेरणादायक जानकारी दी तथा विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने बारे, साइबर अपराध व नशे से बचने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य द्वारा भी विद्यार्थियों का प्रेरणादायक मार्गदर्शन किया व कंचन ठाकुर प्रवक्ता अंग्रेजी ने भी मंच का संचालन करते हुए अपने प्रेरणादायी भाषण से विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा नियमों के बारे में जागरूक किया।

इस अवसर पर सड़क सुरक्षा के क्लब विद्यार्थी सदस्यों के वर्षभर सड़क सुरक्षा नियमों की जागरुकता अभियान में हिस्सा लेकर उत्कृष्ट कार्य करने पर उन्हें मुख्यातिथि द्वारा सम्मानित किया गया। सड़क सुरक्षा क्लब प्रभारी नरेश कमल डीपीई व क्लब सलाहकार सुशीला ने इस अभियान को संपन्न करने के लिए सभी का धन्यवाद किया।

बैठक | ज्येष्ठ एवं वरिष्ठ नागरिक कल्याण परिषद इकाई सरकाघाट की बैठक संपन्न

# सीएम की घोषणा पूरी न करने पर जताया रोष

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** ज्येष्ठ एवं वरिष्ठ नागरिक कल्याण परिषद इकाई सरकाघाट की बैठक, इकाई के अध्यक्ष प्रकाश चंद चौहान की अध्यक्षता में सरकाघाट के विर्गो होटल में आयोजित की गई। इस बैठक में मुख्यमंत्री से आग्रह किया गया कि वो, उनके द्वारा 15 अगस्त को सरकाघाट में की गई सभी घोषणाओं को पूरी तरह से धरातल पर लागू कराने के दिशा निर्देश, संबंधित अधिकारियों को दें।

बैठक के उपरांत सरकाघाट में समय पर गैस की सप्लाई न पहुंचाने और पैसे ज्यादा वसूलने को लेकर आपत्ति जताई गई तथा नायब तहसीलदार से मुलाकात कर, इन समस्याओं के बारे में, उन्हें अवगत करवाया गया।

परिषद के प्रदेश महासचिव एम एस चंदेल ने नाराज़गी जाहिर की, कि वरिष्ठ नागरिकों की मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को 4 रिमाइंडर भेजे जा चुके हैं, लेकिन अभी तक मुख्यमंत्री कार्यालय की तरफ़ से, मिलने का समय नहीं दिया जा रहा है।

सेंट्रल पार्क, सरकाघाट और जिम जो पाठशाला परिसर में स्थित हैं, का रखरखाव पिछले कई महीनों से नहीं हो रहा है, इस संदर्भ में उपमंडल अधिकारी से आग्रह किया गया, कि वो इनके रखरखाव के लिए, प्राथमिकता के आधार पर, आवश्यक दिशा निर्देश, संबंधित अधिकारियों को दें। इसके अलावा, सरकाघाट में सीवरेज की व्यवस्था को सुचारु रूप से चलाने के लिए भी नगर परिषद और जल शक्ति विभाग से आग्रह किया गया तथा इस बैठक में सरकाघाट को जिला बनाने का प्रस्ताव पारित किया गया।यदि पाठशाला के निचले प्रांगण में पार्किंग की सुविधा संभव नहीं है, तो जिला उपायुक्त से निवेदन है, कि वो उस शर्त को हटाए, जिसके मुताबिक यदि शहरी विकास विभाग, राजस्व विभाग द्वारा दी गई ज़मीन को 2 वर्ष के अंदर पार्किंग के लिए उपयोग नहीं करता, तो उसे वह ज़मीन को पुनः राजस्व विभाग को ट्रांसफर कर देगी, जबकि एक कठोर रणनीति और कॉन्ट्रैक्ट एग्रीमेंट तैयार करने के बाद ही, राजस्व विभाग को जमीन शहरी विकास विभाग को ट्रांसफर करनी चाहिए थी

इस मौके पर प्रताप ठाकुर, प्रेम कुमारी ठाकुर, हरि दास प्रजापति, नेक राम शास्त्री, गांधी राम राणा, दलीप सिंह, अनंत राम राणा, ब्रह्म दास शर्मा, बी आर राणा, जगदीश चन्द वर्मा, दत्त राम, हेम राज आर्य, जीवन लाल शर्मा, के सी ठाकुर, रमेश चंदेल, रणजीत सिंह, राज कुमार शर्मा, जगदीश नरयाल, कैप्टन बलदेव चौहान सामाजिक कार्यकर्ता रमेश चंद्र भारद्वाज इत्यादि गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



ज्येष्ठ एवं वरिष्ठ नागरिक कल्याण परिषद इकाई सरकाघाट की बैठक में मौजूद सदस्य। अनंत ज्ञान

# ड्रोन और रोबोटिक्स के क्षेत्र में करें कार्य: उपमुख्यमंत्री

## मुकेश अग्निहोत्री ने आईआईआईटी ऊना के वार्षिक टेक्निकल फेस्टिवल 'मेराकी-2026' का किया शुभारंभ

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, ऊना।** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने शनिवार को भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान ऊना के वार्षिक टेक्निकल फेस्टिवल 'मेराकी-2026' का शुभारंभ किया। यह टेकफेयर 7 से 9 फरवरी तक आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने मेराकी-2026 के लोगों तथा संस्थान की पत्रिका 'प्रगति परिमल' का भी विमोचन किया।

उपमुख्यमंत्री ने ड्रोन तकनीक और रोबोटिक्स के क्षेत्र में कार्य करने पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान ड्रोन तकनीक की आवश्यकता स्पष्ट रूप से महसूस हुई। ऐसे अनुभव यह दर्शाते हैं कि भविष्य में सुरक्षा, आपदा प्रबंधन और अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में ड्रोन तकनीक की भूमिका अत्यंत निर्णायक होगी। उन्होंने युवाओं और तकनीकी संस्थानों से आह्वान किया कि वे इस दिशा में गंभीरता से कार्य करें, ताकि भारत ड्रोन तकनीक के क्षेत्र में अग्रणी राष्ट्र बन सके। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि टेकफेयर जैसे मंच युवाओं को नवाचार, सृजनशीलता और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार एक सशक्त डिजिटल इकोसिस्टम के निर्माण के लिए पूर्णत: प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम के दौरान उपमुख्यमंत्री की उपस्थिति में आईआईआईटी ऊना द्वारा शैक्षणिक एवं अनुसंधान सहयोग को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से तीन महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापनों (एमओयू) का आदान-प्रदान किया गया। ये एमओयू सीएसआईआर सीएसआईओ चण्डीगढ़, सरदार बेअंत सिंह स्टेट यूनिवर्सिटी गुरदासपुर तथा सिद्धार्था इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी हैदराबाद के साथ किए गए। इन समझौतों से संयुक्त अनुसंधान, शैक्षणिक आदान-प्रदान, कौशल विकास और नवाचार के नए अवसर सृजित होंगे। उपमुख्यमंत्री ने संस्थान के स्पोर्ट्स इवेंट 'यलगार', सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं एवं नवाचार स्पर्धाओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए। इसके उपरांत उन्होंने इनोवेशन एक्सपो का अवलोकन किया और विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत नवाचारी परियोजनाओं की सराहना की। सीएसआईआर सीएसआईओ के निदेशक प्रोफेसर शांतनु भट्टाचार्य ने मेराकी को युवा मस्तिष्कों का मंच बताते हुए नवाचारी सोच, एमएसएमई समाधान और लैब-टू-प्रोडक्ट मॉडल पर बल दिया। सरदार बेअंत सिंह स्टेट यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. सुशेंद्र कुमार मिश्रा ने युवाओं से स्टार्टअप और उद्यमिता की ओर आगे बढ़ने तथा 2047 तक आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। आईआईआईटी ऊना के निदेशक प्रोफेसर मनीष गौड़ ने उपमुख्यमंत्री एवं अन्य अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि उपमुख्यमंत्री की अपेक्षाओं के अनुरूप संस्थान के द्वार हरोली क्षेत्र के युवाओं के लिए और अधिक व्यापक रूप से खोले जा रहे हैं। मेराकी समन्वयक डॉ. तनु वढेरा ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की, जबकि डॉ. भामती दास ने पत्रिका प्रगति परिमल की सामग्री की जानकारी दी।



टेक्निकल फेस्टिवल 'मेराकी-2026' का शुभारंभ करते डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री। अनंत ज्ञान

### जलशक्ति कर्मियों को दिया सभी जायज मुद्दों के समाधान का भरोसा

**अनंत ज्ञान, ऊना।** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने जलशक्ति विभाग के कर्मचारी महासंघों के संयुक्त सम्मेलन में कर्मचारियों को आश्वस्त किया कि राज्य सरकार उनकी सभी जायज़ समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। यह सम्मेलन शनिवार को हरोली स्थित पालकवाह ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। अपने संबोधन में उपमुख्यमंत्री ने कहा कि विभाग के कर्मचारियों के साथ किसी प्रकार का अन्याय नहीं होने दिया जाएगा और जिन मामलों में नई नीति की आवश्यकता होगी, वहां सरकार सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखते हुए निर्णय लेगी। उन्होंने 419 करुणामूलक भर्तियों और पेंशन लाभ से जुड़े प्रावधानों की जानकारी भी दी। सम्मेलन में कर्मचारियों ने नियमितीकरण, पदोन्नति, ड्यूटी व्यवस्था, नीति निर्माण और पेंशन से संबंधित अपनी समस्याएं रखीं, जिनके शीघ्र समाधान का उपमुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया।

## न्यूज ब्रीफ

### नीलगाय बचाने के प्रयास में पुल से टकराया ट्रक

**अनंत ज्ञान, अंब।** अंब क्षेत्र के कटोहड़ कलां स्थित गुरुकुल स्कूल के समीप पुल पर शनिवार सुबह एक ट्रक दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जानकारी के अनुसार ट्रक फरीदाबाद से कांगड़ा की ओर जा रहा था। सुबह करीब 6:30 बजे अचानक सड़क पर नीलगाय आ जाने से चालक ने उसे बचाने का प्रयास किया, जिससे ट्रक अनियंत्रित होकर पुल से टकरा गया। सौभाग्यवश इस हादसे में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ, हालांकि ट्रक को भारी क्षति पहुंची है। दुर्घटनाग्रस्त वाहन का पंजीकरण नंबर एचपी 72 सी 3493 बताया गया है। सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और सहायता की। लोगों ने क्षेत्र में सड़क सुरक्षा और जंगली जानवरों से बचाव के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है।

### अभिव्या शर्मा का घर लौटने पर किया स्वागत

**अनंत ज्ञान, ऊना।** ऊना जिले के जखेड़ा गांव की होनहार छात्रा अभिव्या शर्मा ने हैंडबॉल में स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय, गांव और जिले को गौरवान्वित किया है। उन्होंने यह उपलब्धि 1 से 5 फरवरी तक भुवनेश्वर में आयोजित 69वीं अंडर-19 गर्ल्स स्कूल नेशनल गेम्स में हासिल की। प्रतियोगिता के दौरान अभिव्या ने उत्कृष्ट खेल कौशल, अनुशासन और टीम भावना का परिचय दिया। उनकी इस सफलता पर विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षकगण और स्कूल प्रबंधन समिति ने उन्हें बधाई दी। कोच भीष्म पाल ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। गांव लौटने पर अभिव्या का ढोल-नगाड़ों और फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया।

### अंब में पात्र नागरिकों के बनाए ई-श्रम कार्ड

**अनंत ज्ञान, अंब।** नगर पंचायत अम्ब के वार्ड नंबर 04 में शनिवार को वार्ड सभा एवं समाधान शिविर का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर पंचायत अम्ब की अध्यक्षा इंदु धीमान, सचिव हर्ष शर्मा, कनिष्ठ अभियंता प्रमोद सिंह, वार्ड पार्षद अर्चना, लिपिक सुनीता देवी, कम्युनिटी ऑर्गेनाइजर सुनीता, सफाई पर्यवेक्षक कृपाल सिंह ठाकुर तथा जिला सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट एक्सपर्ट मुनीश जस्सल उपस्थित रहे। शिविर के दौरान वार्ड के नागरिकों के परिवार रजिस्टर का सत्यापन किया गया। साथ ही 'स्वच्छ शहर, समृद्ध शहर' अभियान के अंतर्गत समाधान शिविर लगाकर विभिन्न समस्याओं का मौके पर निपटारा किया गया। इस दौरान पात्र नागरिकों के ई-श्रम कार्ड भी बनाए गए। शिविर में लगभग 80 से 90 परिवारों ने भाग लेकर सरकारी सेवाओं का लाभ उठाया।

### बिलासपुर सीनियर क्रिकेट टीम के ट्रायल आज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर के ऐतिहासिक लुहणू क्रिकेट मैदान में 8 फरवरी को बिलासपुर की सीनियर क्रिकेट टीम के ट्रायल आयोजित किए जा रहे हैं। यह जानकारी देते हुए बिलासपुर क्रिकेट संघ के सचिव विशाल जगोता ने बताया कि रविवार को चयन प्रक्रिया दस बजे शुरू हो जाएगी। उन्होंने बताया कि इस ट्रायल के संयोजक महेंद्र चंदेल होंगे जबकि चयनकर्ताओं में आशीष कपिल, जितेंद्र ठाकुर, विशाल रतवान, प्रिंस गौतम को शामिल किया गया है। जबकि दीपक चेहान, मनोहर ठाकुर और पंकज ठाकुर विशेष आमंत्रित सदस्य होंगे। विशाल जगोता ने बताया कि चुनी गई टीम का प्रशिक्षण शिविर लुहणू क्रिकेट मैदान में होगा व बिलासपुर की टीम 20 फरवरी को ऊना में अपना पहला मैच कुल्लू के साथ खेलेगी। उन्होंने सभी इच्छुक खिलाड़ियों से आग्रह किया कि समय पर लुहणू क्रिकेट मैदान में रिपोर्ट करें।

### नर्सिंग की छात्राओं ने ली सेवा की शपथ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जीएनएम नर्सिंग ट्रेनिंग स्कूल बिलासपुर में छात्राओं के लिए ओथ सेरेमनी तथा प्रथम, द्वितीय और तृतीय वर्ष की बैज सेरेमनी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. शशी दत्त शर्मा ने किया। इस अवसर पर एमओएच, एसपीएच ऑफिसर डॉ. गुराग, स्कूल की डायरेक्टर नीरज वर्मा, प्रिंसिपल आशा शर्मा, मैट्रन रीता शर्मा सहित कई वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी उपस्थित रहे। छात्राओं ने नर्सिंग सेवा के मूल्यों और कर्तव्यों की शपथ ली। आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समारोह को यादगार बना दिया। कार्यक्रम के दौरान अनुशासन, सेवा भावना और नर्सिंग पेशे की गरिमा पर विशेष जोर दिया गया। अंत में सिस्टर ट्यूटर वीना खजूरिया ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया।

### डीसी को सौंपी अवैध कब्जे की शिकायत

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** घुमारवीं क्षेत्र की ग्राम पंचायत बम के गांव बम निवासी हंसराज पुत्र रिड़कू राम ने वन विभाग की भूमि पर कथित अवैध कब्जे और लोक निर्माण विभाग द्वारा खड्ड को संकरा किए जाने को लेकर जिला उपायुक्त बिलासपुर को लिखित शिकायत सौंपी है। शिकायत में बताया गया है कि बम-लाहड़ संपर्क मार्ग का निर्माण कथित रूप से वन भूमि पर बिना आवश्यक एनओसी और अनुमति के किया जा रहा है तथा लगभग 700 मीटर कार्य पूरा भी हो चुका है। इसके अलावा खड्ड की चौड़ाई में असमानता का आरोप लगाते हुए कहा गया है कि अन्य स्थानों पर चौड़ाई करीब 50 फीट है, जबकि उनकी भूमि से सटे हिस्से में इसे मात्र 10 फीट तक सीमित किया गया है। इससे बरसात में बाढ़ व नुकसान की आशंका जताई गई है। शिकायतकर्ता ने निष्पक्ष जांच और खड्ड को मूल स्वरूप में बहाल करने की मांग की है।

### नितिन चड्ढा ने किया हिमाचल का प्रतिनिधित्व

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** घुमारवीं महाविद्यालय के छात्र नितिन चड्ढा ने स्टेट ट्रेनिंग सेंटर रिवालसर में आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय एडवोकेसी वर्कशॉप ऑन सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स (एसडीजी) में हिमाचल प्रदेश राज्य सेवा टीम के सदस्य के रूप में भाग लिया। यह कार्यशाला 1 से 5 फरवरी तक आयोजित की गई, जिसमें देशभर से लगभग 70 प्रतिभागियों ने सहभागिता की। कार्यशाला के दौरान सामाजिक विकास, पर्यावरण संरक्षण, समानता, शिक्षा और सतत जीवनशैली जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श और गतिविधियां आयोजित की गईं। कार्यशाला से लौटने पर नितिन चड्ढा ने महाविद्यालय के प्राचार्य प्रीतम लाल से भेंट की। इस अवसर पर रोवर लीडर मनीष कुमार भी उपस्थित रहे। प्राचार्य ने छात्र की उपलब्धि की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### अवैध शराब मामले में 3 के खिलाफ केस दर्ज

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** उपमंडल घुमारवीं के पनोह क्षेत्र में बिना लाइसेंस व परमिट अवैध रूप से शराब पिलाने के मामले में घुमारवीं पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। यह कार्रवाई नियमित गश्त के दौरान मिली गुप्त सूचना के आधार पर की गई। पुलिस के अनुसार एक दुकान में अवैध रूप से शराब परोसे जाने की सूचना पर मौके पर दबिश दी गई। जांच के दौरान दुकान मालिक को बिना वैध लाइसेंस शराब पिलाते हुए पकड़ा गया, जबकि दो अन्य व्यक्ति शराब का सेवन करते पाए गए। डीएसपी घुमारवीं विशाल शर्मा ने बताया कि अवैध गतिविधियों के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी है और नियमों का उल्लंघन करने वालों के साथ सख्ती से निपटा जाएगा।

### 73 छात्रों की बीपी, शुगर व रक्त जांच की

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, रेड क्रॉस सोसाइटी बिलासपुर, गैर सरकारी संस्था स्पर्श तथा महाविद्यालय के विभिन्न क्लबों के संयुक्त तत्वावधान में 'प्रोटेक्टिव एजिंग' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में एसडीएम घुमारवीं गौरव चौधरी ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। उन्होंने युवाओं से बुजुर्गों के साथ समय बिताने और पारिवारिक संवाद को मजबूत करने का आह्वान किया। कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों, अभिभावकों और वरिष्ठ नागरिकों के बीच संवाद सत्र आयोजित किया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया, जिसमें 73 विद्यार्थियों की बीपी, शुगर व रक्त जांच की गई।

### श्री नयना देवी में महाशिवरात्रि उत्सव शुरू

**अनंत ज्ञान, नयना देवी।** हिमाचल प्रदेश के विश्व विख्यात शक्तिपीठ श्री नयना देवी में महाशिवरात्रि उत्सव श्रद्धा और भक्ति के साथ आरंभ हो गया है। यह धार्मिक आयोजन 16 फरवरी तक चलेगा, जिसका आयोजन पुजारी वर्ग और मंदिर न्यास के संयुक्त सहयोग से किया जा रहा है। उत्सव का शुभारंभ विधिवत शोभायात्रा, वैदिक मंत्रोच्चारण और धार्मिक अनुष्ठानों के साथ किया गया। इस दौरान शिव महापुराण कथा, शिव संध्या तथा प्रातःकालीन शिव पूजा का आयोजन होगा। स्थानीय पुजारी आनंद गोपाल और चंडी शर्मा ने बताया कि प्रतिदिन 31 ब्राह्मण पूजा-अर्चना करेंगे। आयोजन के अंतिम दिन विशाल भंडारा आयोजित किया जाएगा तथा पूर्ण आहुति डाली जाएगी। महोत्सव को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह बना हुआ है।

### कश्मीर बने फेडरेशन ऑफ जर्नलिस्ट के जिला प्रधान

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** घुमारवीं में फेडरेशन ऑफ जर्नलिस्ट बिलासपुर की जिला बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें जिलेभर के पत्रकारों ने भाग लिया। बैठक में पत्रकारिता की चुनौतियों, कानूनी पहलुओं और संगठन की मजबूती पर विचार-विमर्श हुआ। सर्वसम्मति से वरिष्ठ पत्रकार कश्मीर ठाकुर को जिला प्रधान चुना गया, जबकि राकेश शर्मा को महासचिव और लोकेश ठाकुर को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों को कार्यकारिणी गठित करने का अधिकार भी दिया गया। बैठक में जिला उपायुक्त राहुल कुमार, पुलिस अधीक्षक संदीप धवल, एसडीएम गौरव चौधरी और अन्य प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अतिथियों का शॉल, टोपी और माता नयना देवी की चुनरी से सम्मान किया गया।

## ढोंगा में संदिग्ध पीआईए गुब्बारा मिलने से हड़कंप, पुलिस ने की जांच

अनंत ज्ञान

**चिंतपूर्णी।** समीपवर्ती पुलिस जिला देहरा के मोईन पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत ढोंटा पंचायत के वार्ड नंबर 3 में शनिवार को एक संदिग्ध गुब्बारा मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। हरे और सफेद रंग के इस गुब्बारे पर अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में पीआईए (पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइन) लिखा हुआ था, जिसे देखकर स्थानीय निवासियों में हड़कंप मच गया।

शनिवार सुबह ढोन्टा पंचायत के वार्ड नंबर 3 में ग्रामीणों ने एक अजीबोगरीब गुब्बारा जमीन पर गिरा हुआ देखा। गुब्बारे पर पीआईए की मार्किंग देखकर लोगों को तुरंत इसके पाकिस्तान से संबंधित होने का शक हुआ। सुरक्षा की चिंता को देखते हुए स्थानीय निवासियों ने बिना देरी किए इसकी सूचना मोईन पुलिस को दी।

सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंचा और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने एहतियात के तौर पर पूरे इलाके की घेराबंदी की और गुब्बारे को अपने कब्जे में ले लिया। मौके पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों और स्थानीय ग्रामीणों के बयान दर्ज किए गए हैं ताकि घटना के समय की पूरी जानकारी जुटाई जा सके।



प्रारंभिक जांच में राहत की बात यह रही कि गुब्बारे के साथ कोई भी आपत्तिजनक सामग्री, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण या जासूसी यंत्र नहीं पाया गया है। हालांकि, सीमा पार से आने वाले ऐसे संदिग्ध गुब्बारों के पिछले मामलों को देखते हुए पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां इसे पूरी गंभीरता से ले रही हैं।

## 'मेरा युवा भारत' ऊना ने युवाओं के लिए बजट क्विज और विकास अभियान किया लॉन्च

**अनंत ज्ञान, ऊना।** मेरा युवा भारत ऊना द्वारा युवाओं को नए अवसर प्रदान करने के लिए आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की जा रही है। इस संबंध में रोटरी गली स्थित कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिला युवा अधिकारी प्रदीप कुमार ने युवा स्वयंसेवकों और युवा मंडल सदस्यों को केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी दी। मेरा युवा भारत पोर्टल पर बजट क्विज 2026, युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम और युवा मंडल विकास अभियान जैसे अभियान चलाए जा रहे हैं। बजट क्विज में 15 से 29 वर्ष के युवा भाग लेकर अपनी राय राष्ट्रीय स्तर के नीति निर्माणकर्ताओं के साथ साझा कर सकते हैं। इसके लिए पंजीकरण करना अनिवार्य है। युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत ऊना के 15 युवा 16 से 20 फरवरी तक राजस्थान के जयपुर और हरियाणा के गुरुग्राम में जाकर 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' अभियान में भाग लेंगे और वहां की संस्कृति से रूबरू होंगे। युवा मंडल विकास अभियान के अंतर्गत बंगाणा विकासखंड में पुराने निष्क्रिय युवा मंडलों को पुनः सक्रिय किया जाएगा और नए मंडल बनाए जाएंगे। 09 से 13 फरवरी तक चलने वाले इस अभियान में युवा स्वयंसेवक अक्षय कौंडल और ऋषभ चौधरी की अध्यक्षता में 10 सदस्यीय दल ग्राम पंचायतों में जाकर मंडल निर्माण करेंगे।

## अंब-गगरेट के लोकमित्र केंद्रों में फीस लिस्ट गायब

### प्रमाण पत्रों के मनमाने दाम वसूलने के आरोप, आम जनता परेशान

अनंत ज्ञान

**अंब।** सब डिवीजन अंब व गगरेट के लोकमित्र केंद्रों में सरकारी प्रमाण पत्रों की अधिकृत फीस सूचियां न होने से आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आरोप है कि फीस लिस्ट प्रदर्शित न होने के कारण किसान, छात्र और अन्य लोग फर्द, अक्स व विभिन्न प्रमाण पत्र बनवाने के लिए मनमाने दाम चुकाने को मजबूर हैं। ठाकुर सीता राम ने कहा कि सरकार ने पहले ही प्रमाण पत्रों की फीस बढ़ाकर किसानों और छात्रों पर अतिरिक्त बोझ डाल दिया है, वहीं दूसरी ओर लोकमित्र केंद्रों में निर्धारित शुल्क की जानकारी न होने से लोगों से मनचाही वसूली की जा रही है।

उन्होंने आरोप लगाया कि ऑफलाइन व्यवस्था समाप्त कर ऑनलाइन प्रणाली लागू करने से लोकमित्र केंद्रों को खुली लूट की छूट मिल गई है। उन्होंने कहा कि इस अव्यवस्था के कारण आम जनमानस आर्थिक और मानसिक रूप से परेशान हो रहा है। ठाकुर सीता राम ने जिलाधीश ऊना से मांग की है कि प्रत्येक लोकमित्र केंद्र में सभी प्रमाण पत्रों की सरकारी फीस लिस्ट अनिवार्य रूप से अंकित करवाई जाए, ताकि लोगों से हो रही मनमानी वसूली पर रोक लग सके।

## टक्का में नवनिर्मित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा का उद्घाटन

**अनंत ज्ञान, ऊना।** कुटलेहड़ विधान सभा क्षेत्र के तहत गावं टक्का में शनिवार को नवनिर्मित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा का विधिवत उदघाटन बोलै सो निहाल सत श्री अकाल के जयकारों के बीच किया गया। इस अवसर पर प्रात्काल श्री अखंड पाठ साहिब के भोग डाले गए व उपरांत गुरमत समागम का आयोजित किया गया जिसमें विभिन्न रागी जथों भाई गोपाल सिंह बालीवाल, भाई अमर सिंह ने कथा कीर्तन द्वारा निहाल गया। इस अवसर पर गुरु नानक देव जी के वंशज बाबा सरबजोत सिंह जी बेदी ने संगत को गुरुद्वारा साहिब के निर्माण के लिए बधाई दी। इस अवसर पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा बाबा सरबजोत सिंह जी बेदी तथा अन्य महापुरुषों व सेवादारों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बाबा जीत सिंह, बावा चरणजीत सिंह, बाबा परितपाल सिंह, हरपाल सिंह कोटला, बलविंदर सिंह, गुरमेल सिंह, तारा सिंह, तरसेम सिंह, प्रदीप, रविंदर सिंह सहत अन्य उपस्थित थे।



## लदरौर मारपीट मामला: 4 दिन तक केस दर्ज न करने पर पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

अनंत ज्ञान

**अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर।** लदरौर में एक फरवरी की शाम दंपती के साथ हुई मारपीट के मामले में अब भराड़ी पुलिस थाना में शनिवार को एफआईआर दर्ज कर ली गई है। हालांकि एफआईआर दर्ज होने के बावजूद पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर सवाल कम नहीं हुए हैं। मामला सामने आने के चार दिन तक पुलिस द्वारा न तो नियमित और न ही जीरो एफआईआर दर्ज की गई, जबकि पीड़ित दंपती ने उसी दिन पुलिस को शिकायत दे दी थी।

पीड़ित दंपती लहुलुहान हालत में पहले लदरौर पुलिस चौकी और फिर भोरंज थाना पहुंचा। मेडिकल कराए जाने के बावजूद पुलिस ने क्षेत्राधिकार का हवाला देकर कार्रवाई टाल दी। चार फरवरी को मामला बिलासपुर जिला का बताकर भराड़ी पुलिस को भेजा गया, लेकिन वहां भी मेडिकल ओपिनियन का इंतजार करते हुए एफआईआर नहीं की गई।

कानून के जानकारों के अनुसार, सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के मुताबिक संज्ञेय अपराध के मामलों में पुलिस को तुरंत एफआईआर दर्ज करनी होती है। क्षेत्राधिकार या मेडिकल रिपोर्ट एफआईआर दर्ज न करने का आधार नहीं बन सकते। ऐसे मामलों में जीरो एफआईआर का प्रावधान है, जिसे बाद में संबंधित थाने में स्थानांतरित किया जा सकता है। शुक्रवार शाम को जब मारपीट से जुड़ा सीसीटीवी फुटेज सामने आया, जिसमें दंपती पर डंडों से हमला होते हुए साफ दिखाई दे रहा है, तब पुलिस की भूमिका पर और सवाल खड़े हो गए। सवाल यह उठ रहा है कि यदि सीसीटीवी सामने न आता तो क्या मामला इसी तरह लंबित रहता। अब जबकि एफआईआर दर्ज हो चुकी है, असली मुद्दा यह है कि कानून के स्पष्ट प्रावधानों और सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के बावजूद चार दिन तक पीड़ितों को न्याय क्यों नहीं मिला। यही सवाल इस पूरे मामले में पुलिस की जवाबदेही तय करने की मांग को मजबूत कर रहा है।

### मामले की तह तक पहुंचने के किए जा रहे प्रयास: एसपी

**इस** मामले में बिलासपुर के एसपी संदीप धवल का कहना है कि शनिवार को एफआईआर दर्ज कर दी गई है और इस मामले में वह तहकीकात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस मामले की तह तक पहुंचाने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं।

**कानून की स्थिति:** कानून के अनुसार मारपीट जैसे संज्ञेय अपराध के मामलों में पुलिस को शिकायत मिलते ही एफआईआर दर्ज करना अनिवार्य है। सुप्रीम कोर्ट ने ललिता कुमारी बनाम उत्तर प्रदेश सरकार (2014) के फैसले में स्पष्ट किया है कि एफआईआर दर्ज करने से पहले किसी भी प्रकार की जांच, मेडिकल रिपोर्ट या मेडिकल ओपिनियन का इंतजार नहीं किया जा सकता। यदि अपराध का स्थान किसी अन्य थाना क्षेत्र में आता हो, तब भी पुलिस के पास जीरो एफआईआर दर्ज करने का अधिकार और दायित्व होता है। जीरो एफआईआर बाद में संबंधित थाना क्षेत्र में स्थानांतरित की जाती है, लेकिन एफआईआर दर्ज करने में देरी नहीं की जा सकती। कानून विशेषज्ञों का कहना है कि पीड़ित को थानों के चक्कर कटवाना, क्षेत्राधिकार का बहाना बनाना या मेडिकल के नाम पर एफआईआर टालना कर्तव्य में लापरवाही माना जाता है। ऐसे मामलों में संबंधित पुलिस अधिकारियों पर विभागीय कार्रवाई तक का प्रावधान है। इस मामले में अब जबकि एफआईआर दर्ज हो चुकी है, कानूनी सवाल यह बना हुआ है कि शिकायत के दिन ही कानून के प्रावधानों का पालन क्यों नहीं किया गया और चार दिन तक जीरो एफआईआर दर्ज न करने का निर्णय किस आधार पर लिया गया।

अनंत ज्ञान खास खबर

## 2021 से लंबित श्रमिक क्लेमों को लेकर इंटक प्रतिनिधिमंडल ने उठाई आवाज

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** प्रदेश इंटक के वरिष्ठ नेता धर्म सिंह सहगल के नेतृत्व में इंटक के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने श्रम कल्याण बोर्ड के चेयरमैन नरदेव सिंह कंवर से उनके हमीरपुर कार्यालय में भेंट कर श्रमिकों से जुड़े गंभीर मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। बैठक में जिला कांगड़ा, बिलासपुर व हमीरपुर से आए प्रदेश इंटक कार्यकारिणी सदस्यों ने भाग लिया।

प्रतिनिधिमंडल में इंटक के प्रेम लाल भाटिया, संजय सैनी, धर्म सिंह सहगल, विनोद चैधरी, रमेश संडयार व उत्तम मेहता शामिल रहे। इंटक नेताओं ने कहा कि वर्ष 2021 से श्रम कल्याण बोर्ड में श्रमिकों के क्लेम लंबित पड़े हैं, जिसके कारण हजारों श्रमिक आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। प्रतिनिधिमंडल ने इन लंबित क्लेमों का तत्काल भुगतान करने की मांग की। बैठक के दौरान दो बार पेनल्टी लगने के बाद श्रमिकों की रजिस्ट्रेशन रद्द करने की व्यवस्था को श्रमिक विरोधी बताते हुए इसे समाप्त करने की मांग की गई। इसके साथ ही पात्र श्रमिकों को पेंशन का भुगतान न होने का मुद्दा भी मजबूती से उठाया गया। इंटक नेताओं ने स्पष्ट कहा कि अपात्र व्यक्तियों को श्रम कल्याण योजनाओं का लाभ नहीं मिलना चाहिए जबकि पात्र श्रमिकों का बड़े स्तर पर श्रम कल्याण बोर्ड में पंजीकरण सुनिश्चित किया जाना चाहिए। श्रम कल्याण बोर्ड के चेयरमैन नरदेव सिंह कंवर ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि श्रमिकों के हितों से जुड़े सभी मामलों पर गंभीरता से विचार करते हुए शीघ्र ठोस निर्णय लिए जाएंगे।



नरदेव कंवर से मिलता प्रतिनिधिमंडल। अनंत ज्ञान

- कंवर ने श्रमिकों के हितों से जुड़े सभी मामलों पर गंभीरता से विचार करने का दिया आश्वासन

**उपलब्धि** प्रदेशभर में अपनी काबिलियत का लोहा मनवाकर हासिल किया द्वितीय स्थान

## सूर्यांश ने जीती 1,80,000 की छात्रवृत्ति

अनंत ज्ञान

**बलवंत कमल, दधोल।** दधोल क्षेत्र के लिए यह अत्यंत गर्व और हर्ष का विषय है कि दधोल स्कूल के छठी कक्षा के प्रतिभाशाली विद्यार्थी सूर्यांश ने स्वर्ण जयंती मिडिल मेरिट स्कॉलरशिप परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पूरे हिमाचल में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि से सूर्यांश ने न केवल अपने विद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र और जिले का नाम रोशन किया है।

स्वर्ण जयंती मिडिल मेरिट स्कॉलरशिप परीक्षा दो चरणों—स्टेज-1 एवं स्टेज-2—में आयोजित की जाती है। यह छात्रवृत्ति उन विद्यार्थियों के लिए होती है जिन्होंने पाँचवीं कक्षा सरकारी विद्यालय से उत्तीर्ण की हो तथा छठी कक्षा में सरकारी विद्यालय में अध्ययनरत हों। स्टेज-1 परीक्षा के माध्यम से जिला स्तर पर मेधावी विद्यार्थियों का चयन कर उन्हें राज्य स्तरीय स्टेज-2 परीक्षा में सम्मिलित किया जाता है। इस वर्ष राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दधोल से सूर्यांश एवं अक्षत का चयन स्टेज-2 के लिए हुआ। 2 नवम्बर 2025 को आयोजित राज्य स्तरीय परीक्षा में सूर्यांश ने प्रदेश भर के सैकड़ों विद्यार्थियों को पीछे छोड़ते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस सफलता के फलस्वरूप सूर्यांश को कुल ₹1,80,000 की छात्रवृत्ति शिक्षा हेतु प्रदान की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि सूर्यांश का चयन इससे पूर्व सैनिक स्कूल में भी हो चुका है, जो उसकी प्रतिभा, अनुशासन और निरंतर परिश्रम को दर्शाता है। यह सफलता प्रमाण है कि राजकीय विद्यालयों के विद्यार्थी भी हर प्रतिस्पर्धा में आगे हैं। इस उपलब्धि में सूर्यांश की माता श्रीमती प्रिंसी का विशेष योगदान रहा है। वे स्वयं राजकीय केंद्र पाठशाला दधोल में जेबीटी शिक्षिका के पद पर कार्यरत हैं। उनके शैक्षणिक मार्गदर्शन, अनुशासन और प्रेरणा ने सूर्यांश की इस सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दधोल के विद्यार्थी शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ खेलों के क्षेत्र में भी निरंतर प्रदेश, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। विद्यालय के अनेक विद्यार्थियों का चयन राष्ट्रीय स्तर की विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के लिए हो चुका है। इस वर्ष विशेष रूप से विद्यालय से प्रतिभाशाली विद्यार्थीयों का चयन बास्केटबॉल की अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चीन के लिए हुआ है, जो विद्यालय के लिए अत्यंत गौरव का विषय है।

विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. सुरेश कुमार भारद्वाज ने सूर्यांश को इस ऐतिहासिक सफलता पर हार्दिक बधाई दी तथा प्राथमिक स्तर से मार्गदर्शन देने वाले मुख्य केंद्र शिक्षक किशोरी लाल एवं प्रिंसी संतोष व रितिक के योगदान की विशेष सराहना की। इस विशेष अवसर पर विद्यालय परिसर में उत्सव जैसा माहौल रहा। विद्यालय परिवार द्वारा सूर्यांश व अक्षत को मेडल व हार पहनाकर कर तथा मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया। समस्त विद्यालय परिवार ने सूर्यांश के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए अन्य विद्यार्थियों को भी मेहनत और लगन से आगे बढ़ने का संदेश दिया।



सूर्यांश व अक्षत को सम्मानित करते अध्यापक एवं अन्य। अनंत ज्ञान

## अनुराग पर बीसीसीआई का बैन हटना सत्य की जीत: सोनल शर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला भाजपा के मीडिया प्रभारी ने पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता अनुराग ठाकुर पर बीसीसीआई से संबंधित बैन हटाए जाने का स्वागत करते हुए इसे सत्य, धैर्य और न्याय की जीत बताया है। उन्होंने कहा कि अनुराग ठाकुर ने अपने पूरे सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी, पारदर्शिता और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखा है। बीसीसीआई से जुड़े प्रकरण में भी उन्होंने कानूनी और संवैधानिक प्रक्रिया पर पूर्ण विश्वास रखा, और आज सच्चाई सामने आने से यह स्पष्ट हो गया कि उनके खिलाफ लगाए गए आरोप निराधार थे।

उन्होंने कहा कि अनुराग ठाकुर ने न केवल खेल प्रशासन में सुधार के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, बल्कि खिलाड़ियों के हित, पारदर्शी व्यवस्था और संस्थागत सुधार के लिए साहसिक निर्णय भी लिए। बैन हटने से यह सिद्ध होता है कि सत्य को दबाया नहीं जा सकता। सोनल शर्मा ने विश्वास जताया कि अनुराग ठाकुर भविष्य में भी देश, प्रदेश और खेल जगत के हित में सक्रिय भूमिका निभाते रहेंगे और युवाओं को प्रेरणा देते रहेंगे।भाजपा इस निर्णय का स्वागत करती है और इसे न्यायिक प्रक्रिया पर भरोसे की जीत मानती है। उन्होंने कहा कि अनुराग ठाकुर ने अपने राजनीतिक जीवन में ईमानदारी, परिश्रम और स्पष्ट दृष्टि के साथ कार्य किया है। केंद्रीय मंत्री के रूप में उन्होंने खेल, युवा मामलों, सूचना एवं प्रसारण जैसे महत्वपूर्ण मंत्रालयों में उल्लेखनीय कार्य करते हुए भारत की वैश्विक छवि को मजबूत किया। उन्होंने कहा कि खेल प्रशासन से लेकर संसद तक, अनुराग ठाकुर ने पारदर्शिता, सुधार और नवाचार को प्राथमिकता दी।

# भुंतर का क्षतिग्रस्त जिया फुट ब्रिज पुनर्निर्माण फाइलों में दफन

## स्कूली बच्चों व ऐतिहासिक संगम स्थल आने वाले श्रद्धालुओं को हो रही परेशानी

अनंत ज्ञान


भुंतर का जिया फुट ब्रिज क्षतिग्रस्त। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान मुद्दा

**भुंतर।** भुंतर का जिया फुट ब्रिज के बिना ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यही नहीं ऐतिहासिक संगम स्थल जिया आने वाले देवी- देवताओं और श्रद्धालुओं को बहुत लंबा सफर तय कर जिला के सबसे बड़े पवित्र स्थान में पहुंच रहे है। जिया के ग्रामीणों का कहना है कि वर्ष 2023 की बाढ़ में क्षतिग्रस्त जिया पैदल पुल के पुनर्निर्माण की मांग प्रदेश सरकार व प्रशासन के समक्ष उठाई लेकिन अभी कोई कर्रवाई नजर नहीं आई। ग्रामीण वीर सिंह ठाकुर पूर्व बीडीसी, जगदीश पूर्व पंच, कांता देवी, कृष्णा देवी भोले राम आदि का कहना हैं कि बाढ़ से जिया पुल टूट कर नदी के किनारे पर फंसा हुआ था जिसे लोकनिर्माण विभाग मुरम्मत करने के बजाए वहां से उठाकर ले गया। यह पुल गांव में स्थित ऐतिहासिक पार्वती-व्यास संगम स्थल को जोड़ता है । कुल्लू घाटी के सभी देवी-देवताओं का जिया संगम पर पवित्र स्नान के लिए आना जाना लगा रहता है, लेकिन पुराना पुल न होने के कारण देवताओं के रथों को गांव के दूसरे छोर से लगभग तीन चार किलोमीटर होकर गुजरना पड़ रहा है। गौरतलब है कि जिया में नेशनल हाईवे के फलाई ओवर भी हैं, लेकिन देव संस्कृति के अनुसार देवताओं के रथ को किसी पुल के नीचे से गुजरना पूरी तरह वर्जित है। जिस वजह से दूर-दूर से आने वाले देवलुओं को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। स्कूली बच्चों को स्कूल जाने व जिया गांव की जनता को भी भुंतर बाजार आदि स्थानों को जानें के लिए लंबा सफर करना पड़ रहा है । इस पुल का पुनर्निर्माण न होने से बच्चों के अभिभावकों में भारी रोष है। ग्रामीणों ने पुन: प्रदेश सरकार, लोक निर्माण विभाग मंत्री विक्रमादित्य सिंह व प्रशासन से शीघ्र इस पुल के निर्माण की मांग की है ।

## तलोगी में होटल की छत से गिरे व्यक्ति की पीजीआई में मौत, शिनाख्त को रखा शव

**अनंत ज्ञान, भुंतर।** कुल्लू के तलोगी में कुछ दिन पहले होटल की छत से गिरे व्यक्ति की उपचार के दौरान पीजीआई में मौत हो गई है। क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू से सूचना प्राप्त हुई कि प्रदीप नामक व्यक्ति (स्थायी पता अज्ञात), जो तलोगी क्षेत्र, जिला कुल्लू में स्थित होटल/ढाबा फ्रीडम में कार्यरत था, प्रातः लगभग 5:00 बजे होटल की छत से लगभग एक मंज़िल नीचे गिर गया, जिससे उसे सिर इत्यादि में चोटें आईं। घायल को तत्काल होटल संचालक साहिल पुत्र स्वर्गीय किशन चंद, निवासी अखाड़ा बाज़ार, कुल्लू तथा अन्य स्टाफ सदस्यों द्वारा उपचार हेतु क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू लाया गया। जहां से उसकी गंभीर अवस्था को दृष्टिगत रखते हुए उसी दिन उच्च चिकित्सा हेतु पीजीआई चंडीगढ़ रेफर किया गया। उपचार के दौरान चंडीगढ़ में उसकी मृत्यु हो गई ।तत्पश्चात मृतक के शव को शिनाख्तगी हेतु क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू के शव गृह में सुरक्षित रखा गया है तथा शिनाख्तगी पूर्ण होने के उपरांत पोस्टमार्टम नियमानुसार करवाया जाएगा। मामले में आवश्यक विधिसम्मत कार्रवाई जारी है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए पुलिस थाना कुल्लू के दूरभाष नंबर 01902-222775 पर संपर्क किया जा सकता है ।

# मनाली के अलेउ में टीन का खोखा जलकर राख, लाखों का नुकसान

अनंत ज्ञान


मनाली में खोखे में लगी आग। अनंत ज्ञान

**मनाली।** मनाली के अलेउ में टीन का खोखा जलकर राख हो गया है। आग से बुरुआ निवासी अमर चंद को दो लाख का नुकसान हुआ है। इस खोखे में पांच परिवार किराएदार के तौर पर रहते थे। आग सुबह साढ़े 11 बजे के बाद लगी। आग लगने की सूचना मिलते ही अलेऊ में अफरा तफरी मच गई। सूचना मिलते ही अग्निशमन केंद्र मनाली की टीम मौके पर पहुंची और आग को बुझाया लेकिन तक तक खोखा आग की भेंट चढ़ चुका था।

अग्निशमन केंद्र मनाली के प्रभारी सरनपत विष्ट ने बताया कि उन्हें सुबह 11 बजकर 42 मिनट में आग लगने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही वह टीम सहित 6 मिनट के भीतर घटनास्थल पर पहुंच गए और आग को काबू पाया। उन्होंने बताया कि खोखा नुमा मकान बुरुआ गांव के अमर चंद पुत्र किशन चंद का है। उन्होंने बताया कि इस खोखे में पांच परिवार रह रहे थे। सभी किराएदार आग लगने से प्रभावित हुए है। उन्होंने बताया कि साथ लगती लगभग 50 लाख की संपत्ति बचा ली गई है। आग की घटना से कोई जानी नुकसान नहीं हुआ है लेकिन किराएदारों का सारा सामान जलकर राख हो गया है। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। उधर, डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### दियार, त्रैहन में कल से बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, भुंतर।** सहायक अभियन्ता, विद्युत उपमंडल भुंतर अमन कुमार ने जानकारी दी कि 11 केवी दियार फीड़र में एलआईएस हुरला और एलआईएस बाहमीनाला को सब-स्टेशन शाड़ाबाई से 11 केवी का अतिरिक्त फीडर उपलब्ध कराने के लिए 10, 11 व 13 फरवरी को बगीचा, दियार, कहुधार, त्रैहन, भाटग्रां, बाहमीनाला जरड़, कलहैली, लॉअर कलहैली, कमांद, लॉअर बजौरा, लॉअर हाट और आसपास के इलाको में सुबह 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उपरोक्त तिथियों में मौसम खराब या बारिश रहती है तो यह कार्य अगले दिन किया जाएगा।

### मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन की सूचना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** नगर परिषद मनाली से मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन की सूचना निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी (नगरपालिकाएं)-सह उपमंडल अधिकारी, मनाली रमन शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि कुल्लू जिले की नगर परिषद मनाली की मतदाता सूची हिमाचल प्रदेश नगर पालिका चुनाव नियम, 2015 के अनुसार डाउनलोड कर ली गई है और उक्त मतदाता सूची प्रारूप -17 पर अंतिम रूप से प्रकाशित कर दी गई है।

### उतम चंद नेगी के निधन से शोक की लहर

**अनंत ज्ञान, मनाली।** जगतसुख मनाली क्षेत्र से एक अत्यंत दुःखद समाचार सामने आया है। माता सन्ध्या गायत्री के कारदार उतम चन्द नेगी का निधन हो गया है।उनके निधन से पूरे देव समाज और क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। जिला कारदारों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है। उन्होंने कहा कि उतम चन्द नेगी एक सरल, मिलनसार और धर्मपरायण व्यक्तित्व के धनी थे। उन्होंने माता सन्ध्या गायत्री की सेवा में वर्षों तक निष्ठा और समर्पण के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया। देव कार्यों और सामाजिक गतिविधियों में उनकी सक्रिय भूमिका हमेशा स्मरणीय रहेगी। उनके आकस्मिक निधन से न केवल उनके परिवार को, बल्कि पूरे देव समाज को गहरा आघात पहुँचा है। क्षेत्र के लोगों, देव अनुयायियों और श्रद्धालुओं ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

# कटराई में 170 लोगों का जांचा स्वास्थ्य

## कुल्लू वैली अस्पताल ने किया फ्री हेल्थ कैंप का आयोजन


स्वास्थ्य जांच शिविर के दौरान मरीजों की जांच करते हुए चिकित्सक। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**पतलीकूहल।** ग्राम पंचायत कटराईं के पंचायत भवन में शनिवार को कुल्लू वैली अस्पताल के सौजन्य से फ्री हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। इस दौरान अस्पताल के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा लगभग 170 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। कुल्लू वैली अस्पताल के विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम में डॉक्टर मोहित सर्जन, डॉ राजेश आॅर्थो तथा मेडिकल ऑफिसर डॉ सतीश उपस्थित रहे ।

डॉ मोहित ने जानकारी देते हुए बताया कि कैंप के दौरान हर्निया, उच्च रक्तचाप, लीवर से संबंधित बहुत से रोगी उनसे मिले और उन्हें उचित निदान तथा मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

हड्डी रोगों से संबंधित रोगी भी इस शिविर में बहुत अधिक संख्या पहुंचे और अपनी जांच करवाई हड्डी रोगियों में महिलाओं की संख्या सर्वाधिक थी। इस अवसर पर मरीजों के नि:शुल्क क्लीनिकल टेस्ट भी किए गए जिनमें से यूरिक एसिड, ब्लड शुगर, थायराइड, कोलेस्ट्रॉल, यूरिन रूटीन माइक्रोस्कॉपी इत्यादि प्रमुख रहे ,जबकि मरीज़ों को कुछ बीमारियों से संबंधित निशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं।

## बीड़ी, सिगरेट व तंबाकू की कालाबजारी पर अंकुश लगाए प्रशासन

**अनंत ज्ञान, मनाली।** पर्यटन नगरी मनाली में बीड़ी सिगरेट और तंबाकू का सेवन करने वाले लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय दुकानदार अपनी मनमर्जी का मूल्य वसूल रहे हैं। ऐसा ही एक मामला शनिवार को मनाली में देखने को मिला, जब एक स्थानीय निवासी छेरिंग थॉमस सिगरेट लेने एक दुकान में गया तो दुकानदार ने 340 रुपए प्रिंट के मूल्य की सिगरेट की डब्बी 400 रुपए की ग्राहक को थमा दी। ग्राहक ने बताया कि यदि स्थानीय लोगों से यह दुकानदार इतना अधिक मूल्य वसूल रहे हैं तो पर्यटकों के साथ तो इससे भी अधिक पैसा वसूला जा रहा होगा। इस बारे जब 'अनंत ज्ञान' ने दुकानदार से इस बारे बात की तो बताया कि डिस्ट्रीब्यूटर ही हम से अधिक मूल्य ले रहे हैं और सिगरेट का बिल भी नहीं दे रहे हैं। हमें भी मजबूरन ग्राहकों को प्रिंट मूल्य से अधिक में सिगरेट बेचनी पड़ रही है। कई स्थानीय दुकानदारों ने बीड़ी, सिगरेट और तंबाकू को डमप कर रखा है फिर इसे ब्लैक में बेचा जा रहा है। लोगों ने भी सरकार और प्रशासन से मांग की है कि बीड़ी, सिगरेट व तंबाकू की काला बजारी पर अंकुश लगाया जाए। वहीं एसडीएम रमण शर्मा से बात की गई तो बताया कि अधिक मूल्य वसूलने बालों पर औचिक निरीक्षण कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# मनाली में होटल के कमरे से 39 .650 ग्राम हेरोइन बरामद

अनंत ज्ञान

◆ भुंतर में 560 ग्राम चरस के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**मनाली/ भुंतर।** जिला कुल्लू पुलिस को नशा तस्करों के खिलाफ बड़ी सफलता हाथ लगी है। थाना मनाली क्षेत्र में गश्त व सुरागबुरारी के दौरान पुलिस ने होटल के कमरे से चिट्टा (हेरोइन) की खेप बरामद करते हुए पंजाब के दो युवकों को गिरफ्तार किया है।

वहीं भुंतर में एक व्यक्ति को 560 ग्राम चरस सहित पकड़ा गया है। एसपी मदन लाल कौशल ने जानकारी देते हुए बताया कि मनाली में एचसी नरेश और एचसी जगदीश कुमार गश्त पर थे। शाम करीब 6:15 बजे वन विहार पार्किंग के पास पुलिस को मुखबिर खास से सूचना मिली कि होटल वीर विल्ला, गोम्पा रोड, मनाली में ठहरे दो युवक चिट्टा बेचने का अवैध धंधा कर रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने होटल के कमरे की नियमानुसार तलाशी ली। इस दौरान उपेंदर जीव सिंह (21 वर्ष) निवासी जिला जालंधर और बलकार लाल (25 वर्ष) निवासी जिला अमृतसर, पंजाब के कब्जे से 39.650 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) बरामद की गई।

पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। मामले की आगामी जांच एचसी नरेश (अन्वेषण अधिकारी), थाना मनाली द्वारा की जा रही है। उधर, भुंतर क्षेत्र में पुलिस ने एक अन्य कार्रवाई के दौरान एक व्यक्ति को 560 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया है।

एसपी मदन लाल कौशल ने कहा कि दोनों मामलों में जांच तेज कर दी गई है और यह पता लगाया जा रहा है कि इनके साथ और कौन-कौन लोग संलिप्त हैं। नशा तस्करी में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

# ...यहां पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बने हॉट बैलून

## 200 फुट ऊंचाई से धरती का नजारा देख रहे पर्यटक, कुल्लू से मनाली तक लगे हैं हॉट बैलून

अनंत ज्ञान


हॉट बैलून का लुत्फ उठाते पर्यटक। अनंत ज्ञान

**कमलेश वर्मा, कुल्लू/मनाली।** कुल्लू मनाली सैर सपाटे के लिए आने वाले पर्यटकों के लिए विभिन्न साहसिक गतिविधियों के साथ साथ हॉट बैलून में बैठने का रोमांच भी आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।पर्यटन नगरी मनाली में आने वाला पर्यटक आजकल ऐसे हो रोमांच का आनंद ले रहा है। हॉट बैलून में बैठकर पर्यटक करीब 200 फुट की ऊंचाई से धरती का नजारा देख रहे हैं। कुल्लू से मनाली तक जगह-जगह पर्यटक इस रोमांच का हिस्सा बन रहे हैं।ऊंचाई पर पहुंचकर धरती का नजारा देखने का आनंद ही कुछ और है।

गौरतलब है कि मनाली में साहसिक खेलें पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र रही हैं। पिछले कुछ सालों से पैराग्लाडिंग, रिवर राफ्टिंग, रिवर क्रॉसिंग के साथ हॉट बैलून भी सैलानियों को आकर्षित कर रहा है। कुल्लू-मनाली हाईवे तीन पर कुल्लू से मनाली तक जगह-जगह ब्यास नदी के किनारे हॉट बैलून लगाए गए हैं। कटराई, डोभी, 16 मील, आलूग्राउंड, वशिष्ट चौक में हर रोज सैकड़ों पर्यटक इसका लुत्फ उठा रहे हैं। सोलंगनाला में तो अब पैराग्लाडिंग के साथ हॉट बैलून का भी रोमांच पर्यटक ले रहे हैं। पर्यटन कारोबारी मुकेश, रोशन सहित अन्य के अनुसार मनाली में पर्यटकों को करवाई जाने वाली साहसिक खेलों में भी इजाफा हो रहा है। लगभग पांच सालों में इसका प्रचलन बढ़ गया है। वहीं, पर्यटकों ने बताया कि उन्होंने जहां पहले पैराग्लाइडिंग का लुत्फ उठाया वहीं, उसके बाद मनाली में हॉट बैलून में आसमान में ऊंची उड़ान भी भरी। लगभग 200 फुट की ऊंचाई पर जाकर धरती का नजारा ही कुछ और दिखा, जो उनके लिए यादगार अनुभव रहा।

सनद रहे कि कुल्लू मनाली में अब धीरे धीरे पर्यटकों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है और पर्यटक यहां पर घूमने फिरने के साथ साथ साहसिक गतिविधियों का लुत्फ उठाना नहीं भूल हैं। उधर, जिला पर्यटन अधिकारी रोहित शर्मा ने बताया कि हॉट बैलून पंजीकरण करवाने के बाद ही चलाए जा सकते हैं। इसकी अनुमति लेना अति आवश्यक है। उन्होंने हॉट बैलून के संचालकों से अनुमति लेकर ही चलाने की अपील की है और ऐसा न करने वालों पर विभाग की ओर से कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी।

## टैक्सी ऑपरेटर यूनियन सैंज की बैठक में उठाया गया गैर-टैक्सी वाहन का मुद्दा

# सवारियों को उठा रहे गैर-टैक्सी नंबर वाले वाहन

अनंत ज्ञान


टैक्सी ऑपरेटर यूनियन सैंज की बैठक आयोजित। अनंत ज्ञान

**सैंज।** जिला कुल्लू की सैंज घाटी में टैक्सी ऑपरेटर यूनियन सैंज की बैठक शनिवार को आयोजित हुई। इस बैठक की अध्यक्षता यूनियन के प्रधान दलीप सिंह विष्ट ने की। बैठक में युनियन के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी और प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य यूनियन के सदस्यों के सामने आने वाली समस्याओं और उनके समाधान पर विस्तार से चर्चा करना था। बैठक में सबसे अहम मुद्दा यह रहा कि कुछ गैर-टैक्सी नंबर वाले वाहन सवारियों को उठा रहे हैं, जिससे टैक्सी चालकों के कामकाज और आमदनी पर सीधा असर पड़ रहा है। यूनियन के सदस्यों ने इस मुद्दे को गंभीरता से उठाया और पुलिस थाना सैंज में थाना प्रभारी छज्जू राम के समक्ष इसे रखा। उन्होंने कहा कि वोलैरो, कैंपर और अन्य निजी वाहनों में सवारी उठाने पर तत्काल रोक लगाई जाए ताकि टैक्सी चालकों के हित की रक्षा हो सके।

बैठक में शांघड़ में यूनियन की नई शाखा खोलने की सिफारिश भी की गई। इस शाखा का संचालन मुख्य शाखा सैंज के नियंत्रण में होगा। नई शाखा के लिए रसीद बुक मुख्य कार्यालय सैंज से उपलब्ध कराई जाएगी और शांघड़ में पर्ची काटने की अनुमति दी जाएगी। यदि शांघड़ में वाहनों की मांग बढ़ती है, तो मुख्य कार्यालय सैंज से अतिरिक्त वाहनों की पूर्ति की जाएगी। बैठक में स्पष्ट किया गया कि दूसरी यूनियन से वाहनों को लाने की अनुमति नहीं होगी। यदि कोई चालक इस नियम का उल्लंघन करता है और दूसरी यूनियन से वाहन मंगवाता है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर यूनियन अध्यक्ष दलीप विष्ट ने सभी सदस्यों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जो वाहन नियमों और कागजात के अनुसार योग्य नहीं होंगे, उनकी पर्ची नहीं कटेगी और उन्हें चलाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि जून 2025 से अब तक बाढ़ के कारण युनियन में कोई भी पर्ची नहीं काटी गई थी। अब इसे सुचारू रूप से पुन: शुरू किया जाएगा।

बैठक में यह भी चर्चा हुई कि औट में शाखा खोलने की प्रक्रिया भी युनियन सैंज की देखरेख में पूरी होगी। युनियन का लक्ष्य यह है कि सभी टैक्सी चालकों के लिए नियम स्पष्ट हों और किसी प्रकार की अनियमितता न हो।बैठक के समाप्त होने के बाद युनियन के सभी सदस्य पुलिस थाना सैंज गए और थाना प्रभारी छज्जू राम से मुलाकात कर बैठक में उठाए गए मुद्दों और सुझावों को साझा किया। उन्होंने सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने पर भी चर्चा की। युनियन और पुलिस के बीच संवाद से आशा जताई जा रही है कि आने वाले समय में टैक्सी चालकों के कामकाज और नियमों का पालन बेहतर तरीके से सुनिश्चित होगाइस बैठक ने यह संदेश दिया कि टैक्सी आपरेटर युनियन सैंज अपने सदस्यों के हितों के लिए लगातार काम कर रही है और सभी नियमों का पालन कराने के लिए सजग है।

# आयात शुल्क घटा तो हिमाचल के सेब पर पड़ेगा सीधा असर: राजीव

अनंत ज्ञान

**पतलीकूहल।** भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को लेकर देशभर में व्यापक बहस छिड़ी हुई है। यह समझौता भारत को वैश्विक बाजार से जोड़ने और निर्यात बढ़ाने का अवसर तो देता है, लेकिन इसके कुछ पहलू देश के कृषि क्षेत्र, विशेषकर सेब उत्पादकों के लिए चिंता का विषय भी बन सकते हैं। ग्राम पंचायत हलान-2 के पूर्व प्रधान राजीव ठाकुर ने इस समझौते पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सरकार को इसके दूरगामी प्रभावों पर गंभीरता से विचार करना चाहिए।

राजीव ठाकुर का कहना है कि यदि यूरोपीय संघ और अन्य देशों से आयात होने वाले फलों पर शुल्क में कटौती की जाती है, तो इसका सीधा असर देश के सेब उत्पादकों पर पड़ेगा। हिमाचल प्रदेश की अर्थव्यवस्था में सेब मुख्य नकदी फसल है और लाखों परिवार प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से इससे जुड़े हुए हैं। आयात शुल्क घटने से यूरोप सहित अन्य देशों से सस्ते सेब भारतीय बाजार में आ सकते हैं, जिससे स्थानीय सेब को उचित मूल्य मिलना मुश्किल हो जाएगा।



उन्होंने कहा कि पहले से ही हिमाचल के सेब उत्पादक मौसम की मार, बढ़ती लागत, पैकेजिंग, परिवहन और मंडियों में दाम गिरने जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं। यदि विदेशी सेब कम दाम पर बाजार में उपलब्ध होने लगे, तो घरेलू सेब की मांग और कीमत दोनों पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। इसका सीधा नुकसान छोटे और मध्यम बागवानों को होगा। पूर्व प्रधान ने स्पष्ट किया कि वे व्यापार समझौते के विरोध में नहीं हैं, लेकिन यह समझौता संतुलित होना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि सेब जैसे संवेदनशील कृषि उत्पादों को आयात शुल्क में छूट से बाहर रखा जाए या फिर इनके लिए विशेष सुरक्षा प्रावधान किए जाएं। साथ ही, हिमाचल जैसे पहाड़ी राज्यों के सेब उत्पादकों को तकनीकी सहायता, भंडारण सुविधाएं और निर्यात प्रोत्साहन दिए जाने चाहिए। राजीव ठाकुर ने यह भी कहा कि यदि सरकार भारतीय सेब की गुणवत्ता, ग्रेडिंग और ब्रांडिंग पर ध्यान दे, तो हिमाचल का सेब अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी प्रतिस्पर्धा कर सकता है। लेकिन इसके लिए नीति स्तर पर ठोस कदम उठाने की जरूरत है। कुल मिलाकर, पूर्व प्रधान राजीव ठाकुर का कहना है कि यूरोपीय संघ-भारत व्यापार समझौता तभी सही साबित होगा, जब इसमें देश के किसानों, विशेषकर हिमाचल के सेब उत्पादकों के हितों की पूरी सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। विकास और वैश्विक व्यापार के साथ-साथ स्थानीय किसान का भविष्य सुरक्षित रखना सरकार की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है।

**परेशानी** सप्ताहांत के चलते बढ़ी पर्यटकों की आमद, पलचान पुल से सोलंगनाला तक लगा जाम

# सोलंगनाला में गहराई ट्रैफिक जाम की समस्या

अनंत ज्ञान


नेहरूकुंड से लेकर सोलंगनाला तक ट्रेफिक जाम में फंसे वाहन। अनंत ज्ञान

**मनाली।** पर्यटन स्थल सोलंगनाला में ट्रैफिक जाम की समस्या गहरा गई है। पार्किंग न होने के कारण पर्यटक वाहन मजबूरन सड़क किनारे खड़े करने पड़ रहे है। हालांकि सोलंगनाला में पार्किंग की बेहतर व्यवस्था है लेकिन पार्किंग चार फीट बर्फ की मोटी परत से ढकी हुई है। मनाली में सप्ताहांत के चलते पर्यटकों की आमद भी बढ़ी है। हालांकि पर्यटकों का अभी सैलाब नहीं उमड़ा है लेकिन सप्ताहांत के चलते शनिवार को पर्यटकों की आमद बढ़ गई। शनिवार को भी भारी संख्या में पर्यटक बर्फ के दीदार को सोलंगनाला रवाना हुए लेकिन पलचान पुल से लेकर सोलंगनाला तक उन्हें भारी ट्रैफिक जाम का सामना करना पड़ा। वाहन चालक दिनेश, जगदीश व विजय ने बताया कि शनिवार को दिन भर पलचान से सोलंगनाला के बीच वाहन घंटों रेंगते रहे।

पर्यटन कारोबारी रोशन, वेद राम व टीकम राम ने बताया कि सोलंगनाला में बर्फ होने के कारण पार्किंग की कोई उचित व्यवस्था नहीं है। लोग व पर्यटक बेतरतीब अपने वाहन सड़क किनारे ही खड़े कर रहे हैं।

इससे आवाजाही में दिक्कतें हो रही हैं। इसकी वजह से पर्यटकों और स्थानीय लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने बताया कि जब तक पार्किंग की उचित व्यवस्था नहीं हो जाती तब तक यह समस्या दूर नहीं होगी। डीएसपी केडी शर्मा ने बताया कि सोलंगनाला में शनिवार को ही डंपिंग एरिया को खाली कर पार्किंग की व्यवस्था बनाई जा रही है। पुलिस जवान लगातार ट्रैफिक सुचारु करने में जुटे हुए है।

# सनौरा-नेरीपुल सड़क के विस्तारीकरण पर कांग्रेस-भाजपा में लगी श्रेय लेने की होड़

अनंत ज्ञान

**बीआर चौहान, राजगढ़।** राजगढ़ उप मंडल से गुजरने वाले कुम्हारहट्टी-यशवंतनगर-नेरीपुल-छैला सड़क के सुधारीकरण के लिए भारत सरकार के भूतल परिवहन मंत्रालय द्वारा सीआरआईएफ के तहत 200 करोड़ रुपए की सैद्धांतिक मंजूरी मिलने के उपरांत भाजपा और कांग्रेस में श्रेय लेने की होड़ लगी है। हालांकि इस सड़क के लिए भाजपा कार्यकाल में कोई डीपीआर तैयार नहीं गई है, परंतु जब भी किसी प्रोजेक्ट के तहत हिमाचल प्रदेश के लिए केंद्र से मंजूरी मिलती है, उसका श्रेय लेने के लिए भाजपा सबसे अग्रिम पंक्ति में होती है।

बता दें कि सेब सीजन के दौरान हर वर्ष सनौरा से नेरीपुल वाले हिस्से में काफी दुर्घटनाएं होती हैं। चूंकि कई स्थानों पर मोड़ काफी तंग है और वाहनों को साइड देते हुए ओवर लोडिड ट्रक अनियंत्रित होकर गिरि नदी में पहूंच जाते हैं। प्रशासन द्वारा भी सड़क के इस हिस्से को एक्सिडेंटल जोन के दर्जे में रखा गया है।



## सुधारीकरण को पहले भी जारी हुए थे 46 करोड़

**इससे** पहले भी इस सड़क के सुधारीकरण के लिए 46 करोड़ की राशि स्वीकृत हुई थी। वर्ष 2020 में इस सड़क को पक्का व चौड़ा करने का कार्य एक निजी कंपनी को सौंपा गया था। इस दौरान भी निजी कंपनी द्वारा की गई टायरिंग केवल तीन माह के अंतराल में उखड़ गई थी, लोगों ने भारी विरोध जिसके चलते कंपनी ने दोबारा टायरिंग करवाई थी। अर्थात इस धनराशि का उपयोग इस सड़क के सुधारीकरण पर सही परिप्रेक्ष्य में नहीं हुआ था। यही नहीं लोक निर्माण विभाग की डीपीआर के अनुसार इस सड़क को केवल नौ टन भार क्षमता वाले वाहनों के लिए बनाया गया था जबकि इस रोड़ पर 30 से 40 टन भार क्षमता के ट्रॉलों की आवाजाही सेब सीजन में बरकरार रहती है, जिस कारण सड़कें उखड़ जाती हैं।

## क्या 200 करोड़ से बदलेगी सड़क की हालत

**अब** सवाल उठता है कि क्या 200 करोड़ से इस सड़क से इस सड़क की काया पलट होगी अथवा बीते जुलाई 2025 में संपन्न हुए 46 करोड़ प्रोजेक्ट की तरह इस सड़क की दुदर्शा ऐसी रहेगी। गौर रहे कि छैला-नेरीपुल-सनौरा-ओच्छघाट-कुम्हारहट्टी रोड़ एक ऑल वेदर रोड़ है और अपर शिमला का सारा सेब इस रोड़ के माध्यम से देश की विभिन्न मंडियों में पहुंचता है। इसके बावजूद भी इस सड़क का स्तर नहीं बढ़ाया है अपितु सरकार ने स्टेट हाई वे से इस रोड़ को काफी वर्ष पहले मेजर डिस्ट्रिट रोड़ बना दिया है। एक्सियन लोनिवि का कहना है कि 200 करोड़ मिलने के बाद भी इस रोड़ का स्तर एमडीआर ही रहेगा।

## क्या कहते हैं अधिशाषी अभियंता पवन गर्ग

**अधिशाषी** अभियंता लोक निर्माण मंडल राजगढ़ पवन गर्ग के अनुसार इस रोड के सुधारीकरण हेतू विभाग ने वर्ष 2024 में डीपीआर तैयार करके राज्य सरकार को भेजी थी, जिसके चलते भारत सरकार ने इस सड़क के लिए 200 करोड़ देने की मोहर लगा दी। एक्सियन के मुताबिक नेरीपुल से सनौरा तक केवल 37 किलोमीटर सड़क के हिस्से को पक्का व तथा जो मोड़ तंग है, उन्हें इस प्रोजेक्ट के तहत चौड़ा किया जाएगा। इसमें तीन छोटे पुल पैरवी खड्ड, जघेड़ नाला और बझेतु खड्ड पर पुल का निर्माण करना प्रस्तावित है।

## राजगढ़ ब्लॉक के लोगों का कहना

**राजगढ़** ब्लॉक के लोगों का कहना है कि दोनों राजनैतिक पार्टियां श्रेय लेने की बजाए सड़क के निर्माण कार्यों में गुणवता बनाए रखने पर ध्यान दे अन्यथा अतीत की भांति इस रोड़ पर करोड़ों रुपए व्यय करने के बावजूद भी इस सड़क की हालत आशानुकूल नहीं सुधर पाई है।

## न्यूज ब्रीफ

### 8 फरवरी को विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी

**सोलन।** हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड सोलन से प्राप्त जानकारी के अनुसार आवश्यक रखरखाव के दृष्टिगत 8 फरवरी, 2026 को विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी अतिरिक्त अधीक्षण अभियंता सोलन राहुल वर्मा ने दी। राहुल वर्मा ने कहा कि 8 फरवरी को प्रातः 10.00 बजे से सांय 03.00 बजे तक ओच्छघाट, नंदल, गवाहीली, दोलांजी, कालाघाट, टटूल, शूलिनी विश्वविद्यालय, मझोली, शमरोड़, धारों की धार, कोईघाट, बदलेच, जटोली, कोठों, मझगांव, पंडाह, नौणी विश्वविद्यालय और आस-पास के क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने कहा कि खराब मौसम व किन्हीं अपरिहार्य कारणों से उक्त तिथि व समय में परिवर्तन किया जा सकता है।

### राजगढ़ के रोबिन ने प्रथम प्रयास में उतीर्ण की यूजीसी नेट जेआरफ परीक्षा

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** तहसील राजगढ़ के धरोटी गांव के होनहार युवा रॉबिन ठाकुर न समाजशास्त्र विषय में राष्ट्रीय स्तर की यूजीसी नेट जेआरएफ परीक्षा उत्तीर्ण कर पूरे राजगढ़ क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इनके पिता संजू ठाकुर किसान है, जबकि माता वंदना ठाकुर एक गृहिणी हैं। गौर रहे कि रोबिन ठाकुर ने इस प्रतिष्ठित परीक्षा में पूरे भारतवर्ष में 91वां स्थान प्राप्त कर 99.66 परसेंटाइल स्कोर किया है। इस उपलब्धि के फलस्वरूप इन्हें पीएचडी कार्यक्रम में प्रवेश का अवसर प्राप्त होगा। साथ ही उन्हें भारत सरकार की ओर से प्रतिमाह लगभग 37 से 40 हजार रुपये की शोध फैलोशिप (फंडिंग) भी प्रदान की जाएगी, जिससे वह अपने शोध कार्य को सुचारु रूप से आगे बढ़ा सकेंगे। वर्तमान में रोबिन ठाकुर हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला में समाजशास्त्र विषय में एमए की पढ़ाई कर रहे हैं। उनकी इस उपलब्धि से न केवल उनके परिवार में बल्कि पूरे गांव और क्षेत्र में खुशी का माहौल है।



रोबिन ठाकुर

### नशे के दुष्प्रभाव पर प्रतियोगिता का आयोजन

**अनंत ज्ञान, अर्की।** शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अर्की में चित्रकला प्रतियोगिता, नारा लेखन तथा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य राज कुमार गौतम के प्रेरणादायक संबोधन एवं मार्गदर्शन से हुआ। उन्होंने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने तथा स्वस्थ व अनुशासित जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया। चित्रकला एवं नारा लेखन के माध्यम से विद्यार्थियों ने नशे के विरुद्ध अपने विचार रचनात्मक रूप से प्रस्तुत किए। इसके उपरांत आयोजित रैली के माध्यम से समाज को नशामुक्ति का संदेश दिया गया।

### कार्य के चलते चायल मार्ग को बंद करने के आदेश

**अनंत ज्ञान, सोलन।** राष्ट्रीय उच्च मार्ग संख्या 05 पर सोलन से कैथलीघाट के मध्य फोरलेन कार्य के दृष्टिगत मशीनरी एवं उपकरण स्थापित करने के लिए चायल मार्ग को कुछ समय तक बंद करने के आदेश जारी किए गए हैं। यह आदेश अतिरिक्त उपायुक्त सोलन राहुल जैन द्वारा जारी किए गए हैं। इन आदेशों के अनुसार 6 फरवरी, 11 फरवरी तथा 17 फरवरी, 2026 को रात्रि 10 बजे से अर्धरात्रि 2 बजे तक कंडाघाट से चायल मार्ग को बंद रखा जाएगा। आदेशों में स्पष्ट किया गया है कि फोरलेन कार्य के लिए मशीनरी व उपकरणों को स्थापित करने के लिए चायल मार्ग के अतिरिक्त कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं है। जान-माल की सुरक्षा के दृष्टिगत उक्त तिथियों को निर्धारित अवधि में मार्ग बंद करने का निर्णय लिया गया है।

### दो दिन पहले मिले शव की हुई शिनाख्त

**अनंत ज्ञान, सोलन।** पुलिस ने परवाणू के जंगलों में दो दिन पहले मिले अज्ञात शव की गुत्थी आखिरकार सुलझाकर मृतक की शिनाख्त कर ली है। शनिवार को नवनियुक्त एसपी सोलन तिरु अमलाराजू एसडी वर्मा ने बताया कि शव की पहचान आसपास के क्षेत्र के एक व्यक्ति के रूप में हुई है। पुलिस ने परिजनों को सूचित कर दिया है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। प्रारंभिक जांच में किसी संदिग्ध गतिविधि के संकेत नहीं मिले हैं, हालांकि सभी पहलुओं से जांच जारी है।

### नीरज चंदेल मेमोरियल फुटबॉल प्रतियोगिता शुरू

**अनंत ज्ञान, नाहन।** ऐतिहासिक चौगान मैदान नाहन में नीरज चंदेल मेमोरियल फुटबॉल प्रतियोगिता का आज शुभारंभ नागरिक सभा के अध्यक्ष दिग्विजय गुप्ता द्वारा किया गया। इस मौके पर दिवंगत नीरज चंदेल की आत्मिक शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा गया और उनके परिवार जनों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की गईं। दिग्विजय गुप्ता ने कहा कि यह प्रतियोगिता स्वर्गीय नीरज चंदेल की स्मृति में आयोजित की जा रही है। जिला फुटबॉल एसोसिएशन और अन्य संस्थाओं द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता का दूसरी बार यहां आयोजन किया जा रहा है, जिसमें युवा बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। दिग्विजय गुप्ता ने कहा कि नाहन की धरती से कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के फुटबॉल खिलाड़ी निकल चुके हैं और इस तरह की प्रतियोगिताएं युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर देती हैं।

## थाने में शिकायतकर्ता के साथ पुलिस की मारपीट, सीसीटीवी फुटेज वायरल



मारपीट की वीडियो

अनंत ज्ञान

**नाहन।** सिरमौर जिला के काला अंब पुलिस थाना में जमीनी विवाद को लेकर पुलिस थाना पहुंचे एक व्यक्ति के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। यहां शिकायतकर्ता व्यक्ति द्वारा पुलिस कर्मियों पर ही मारपीट के आरोप लगाए जा रहे हैं, जिसका शिकायतकर्ता द्वारा एक सीसीटीवी फुटेज भी साझा किया गया है। शिकायतकर्ता पीयूष ने बताया की कालाअंब पुलिस थाने में जमीनी विवाद से जुड़े मामले को लेकर वह पुलिस थाना पहुंचे थे और इस दौरान उनके साथ पुलिसकर्मियों द्वारा मारपीट की गई। उन्होंने कहा कि पुलिस पूरे मामले को लेकर एकतरफा कार्रवाई कर रही है, जिसकी शिकायत उन्होंने पुलिस की उच्च अधिकारियों को भी की है। उन्होंने कहा कि मारपीट करने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ कोई भी कार्रवाई नहीं हुई है, जबकि मारपीट का वीडियो भी सामने आया है।

उधर इस मामले को लेकर पुलिस अधीक्षक सिरमौर निश्चिन्त सिंह नेगी ने कहा कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिरमौर योगेश रोल्टा मामले की जांच कर रहे हैं और इस मामले को लेकर मारपीट करने वाले पुलिसकर्मी को कारण बताओं नोटिस भी जारी किया गया है।

### निधन पर किया गहरा शोक व्यक्त

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** राजगढ़ से सटे मढेड़ा गावं के प्रसिद्ध हलवाई संजय शर्मा के हाथों से बने ललीज एवं स्वादिष्ट पकवान अब क्षेत्र के लोगों को नसीब नहीं होगें। शादी विवाह अथवा किसी मांगलिक कार्यो में इनके हाथों से बने ललीज पकवान का हर कोई कायल था। संजय शर्मा (42) के आक्समिक निधन पर श्री ब्राह्मण समाज कल्याण राजगढ़ इकाई द्वारा शोकसभा की गई, जिसमें संजय शर्मा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया।

# सोलन शहर के पार्कों में लगे झूले जर्जर, गुणवत्ता पर उठे कई सवाल

## वार्ड क्षेत्रों में लगे झूले सब स्टैंडर्ड के पाए जाने पर हो चुकी है कार्रवाई

अनंत ज्ञान मुद्दा

अनंत ज्ञान

**आर मोहन चौहान, सोलन।** शहर के प्रमुख पार्क जवाहर पार्क, चिल्ड्रन पार्क और मोहन पार्क में लगे झूलों की हालत कुछ समय बाद ही जर्जर हो गई। सूरत-ए-हाल ऐसे हैं कि इसमें बच्चों का झूलना खतरे से खाली नहीं रह गया। इसका मुख्य कारण गुणवत्ता की कमी और व्यस्क लोगों का उपयोग बताया जा रहा है। झूलों की क्षमता छोटे बच्चों के लायक होती है, पर वयस्कों का बेरोकटोक उपयोग करना झूलों पर भारी पड़ रहा है। इससे बच्चों और पर्यटकों की सुरक्षा गंभीर चिंता में बढ़ गई है। पहले ये झूले बच्चों के खेलने और मनोरंजन का मुख्य केंद्र हुआ करते थे, लेकिन अब कई झूले टूटे या क्षतिग्रस्त हालत में हैं। चिल्ड्रन पार्क में कुछ वर्ष पहले लगे झूले अब जर्जर हालत में हैं, जिससे बच्चों के चोटिल होने का खतरा है।

सोलन के विभिन्न पार्कों में स्थापित ओपन एयर जिम उपकरण भी खस्ता हालत में हैं। लोहे के हिस्से जंग लगे, कुछ उपकरण ढीले और टूटे हुए हैं, जिससे व्यायाम करने वालों की सुरक्षा खतरे में पड़ गई है। स्थानीय लोग और युवा इसे गंभीर समस्या मान रहे हैं। कई लोग चोट लगने के डर से जिम का इस्तेमाल नहीं कर पा रहे। इन पार्कों में लगे झूले कुछ समय पहले लगाए गए थे, लेकिन सब-स्टैंडर्ड सामग्री और रखरखाव की कमी के कारण कई झूले टूटने लगे, सीटें टूट चुकी हैं और सुरक्षा की दृष्टि से जरूरी बोल्ट और नट ढीले पड़ गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पार्कों में झूलों की हालत इतनी खराब है कि बच्चे यहां खेलने से डरने लगे हैं।



टूटा झूला बच्चों की सुरक्षा को खतरा। अनंत ज्ञान

### सिरे नहीं चढ़ी झूलों को बदलने की योजना

**नगर निगम** ने झूलों को नए सिरे से लगाने और सब-स्टैंडर्ड झूलों को बदलने की योजना बनाई थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। झूलों की खराब गुणवत्ता ने पार्कों की उपयोगिता को गंभीर रूप से प्रभावित किया है और पार्कों में पर्यटकों की संख्या में भी कमी आई है। स्थानीय लोग उम्मीद कर रहे हैं कि नगर निगम जल्द ही सभी झूलों की मरम्मत और नए झूलों की स्थापना कर सुरक्षा मानकों को सुनिश्चित करेगा।

### वार्ड क्षेत्रों में लगे झूले निकले सब स्टैंडर्ड

**नगर निगम** के वार्ड 4, 7, 10 और 16 में लगाए गए झूले घटिया गुणवत्ता सुरक्षा मानकों पर खरे नहीं उतरे और बच्चे खतरे में पड़ सकते थे। कमिश्नर एकता कपटा ने कार्रवाई करते हुए ठेकेदार को सामान तुरंत वापस लेने और नया टेंडर प्रक्रिया शुरू करने के आदेश दिए हैं। अब सभी झूलों को नए सिरे से लगाया जाएगा और गुणवत्ता जांच को प्राथमिकता दी जाएगी।

**मरम्मत की मांग:** नगर निगम से शहर के पार्कों और ओपन एयर जिम की मरम्मत की मांग की है। अभिभावकों ने कहा कि नगर निगम तुरंत सभी झूलों और जिम उपकरणों की मरम्मत करें और नए सुरक्षित उपकरण लगाए जाएं।

## स्मार्ट मीटर से बिजली बिल व तकनीकी खामियों से लोग परेशान : गोविंद शर्मा

अनंत ज्ञान

**कृष्ण रघुवंशी, अर्की।** हिमाचल प्रदेश में स्मार्ट मीटर लगाने के फैसले के खिलाफ जन आक्रोश बढ़ रहा है, जिसमें लोग बढ़े हुए बिजली बिल और तकनीकी खामियों के चलते प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन प्रदेश सरकार पर इसका कोई असर नहीं पड़ रहा है। यह बात पूर्व विधायक गोविंद राम शर्मा ने एक प्रेस वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर के बाद लोगों को भारी भरकम बिल आ रहे हैं।



अर्की क्षेत्र में दर्जनों ऐसे उदाहरण है, जिसमें लोग कई बार अपना विरोध बिजली बोर्ड को दर्ज कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि लोगों को बिजली के बिल घर पर मिलते थे, जिस कारण लोगों समय पर बिल का भुगतान करते थे, लेकिन मोबाइल में बिल न आने के बाद कई लोगों का कनेक्शन कट रहे हैं। इस कारण लोगों को परेशानी हो रही है। शर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत किया बजट बहुत ही सराहनीय है।

बजट हर वर्ग को ध्यान में रखते हुए प्रस्तुत किया गया है। उन्होंने प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश की सड़कों के लिए केंद्र से करोड़ों रुपए भेजा जा रहा है लेकिन सड़कों हालत दिन-प्रतिदिन दयनीय होती जा रही है।

### बजट से होगा अनुसूचित जाति वंचित वर्ग और गरीबों का सशक्तिकरण : अमरदीप पंजा

**अनंत ज्ञान, सोलन।** भारतीय जनता पार्टी सोलन शहरी मंडल अनुसूचित जाति के अध्यक्ष अमरदीप पंजा ने केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2026 देश के अनुसूचित जाति वर्ग, गरीब, वंचित और सामाजिक रूप से पिछड़े तबकों के लिए आशा और विश्वास का बजट है। यह बजट केवल आंकड़ों का दस्तावेज नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, समावेशी विकास और समान अवसर की भावना को साकार करने वाला प्रयास है। यह बजट 'सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास' की भावना को मजबूत करता है।

## कार गहरी खाई में गिरी एक की मौत, दो घायल

अनंत ज्ञान

**नाहन।** सिरमौर जिले के संगड़ाह क्षेत्र में एक वाहन दुर्घटना में एक व्यक्ति की जान चली गई और दो अन्य घायल हुए। हादसा पहाड़ी मार्ग पर वाहन अनियंत्रित होकर लगभग 100 मीटर गहरी खाई में जा गिरा। दुर्घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग और पुलिस मौके पर पहुंचे व बचाव कार्य शुरू किया गया। हादसे में पालर पंचायत के चौकीदार अभिमन्यु (31) पुत्र सुंदर सिंह की मौके पर ही मृत्यु हो गई। वाहन में सवार दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें उपचार के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां से तीनों को सीएचसी संगड़ाह पहुंचाया गया। जहां पर डॉक्टर ने अभिमन्यु को मृत घोषित कर दिया जबकि अशोक को इलाज हेतु नाहन का रेफर कर दिया। सूचना के आधार पर दिनांक 5 फरवरी को गाड़ी चालक अशोक, संजय कुमार तथा अभिमन्यु उपरोक्त दिन को डेबरघाट से वापिस आ रहे थे तो शाम करीब 07:45 बजे सतयायी नाला के पास गाड़ी लगभग 100 मीटर नीचे खाई में चली गई।

## नेशनल युवान फैलोशिप-2025 : हिमाचल को मिला तीसरा स्थान

अनंत ज्ञान

**सोलन।** राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित नेशनल युवान फैलोशिप-2025 में हिमाचल प्रदेश ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए देशभर में तीसरा स्थान हासिल किया है। इस उपलब्धि की घोषणा राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर 12 जनवरी 2026 को की गई थी। प्रतियोगिता में गुजरात ने पहला, उड़ीसा ने दूसरा और हिमाचल प्रदेश ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। हिमाचल प्रदेश की ओर से यह सम्मान नेशनल यूथ प्रोजेक्ट हिमाचल प्रदेश के समन्वयक यशपाल कपूर को प्रदान किया गया। उन्हें यह पुरस्कार 7 फरवरी 2026 को डॉ. एस.एन. सुब्बाराव (भाई जी) के जन्मदिन के अवसर पर पंजाब के लहरा गागा में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम में पंजाब के वित्त मंत्री सरदार हरपाल सिंह चीमा द्वारा दिया गया।

नेशनल युवान फैलोशिप-2025 के अंतर्गत युवान ट्रस्ट (आहिल्यानगर, महाराष्ट्र) के संस्थापक व प्रधान संदीप कुसालकर के नेतृत्व में देशभर में 'दान उत्सव' का आयोजन किया गया। नेशनल यूथ प्रोजेक्ट के तत्वावधान में गांधी जयंती के अवसर पर 2 से 8 अक्टूबर तक यह उत्सव मनाया गया, जिसमें समाज सेवा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले राज्यों को सम्मानित किया गया। हिमाचल प्रदेश में नेशनल यूथ प्रोजेक्ट के स्वयंसेवकों ने सामाजिक दायित्व, पर्यावरण, शिक्षा और स्वच्छता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए। सोलन स्थित मानव मंदिर में मस्कुलर डिस्ट्रॉफी से ग्रस्त बच्चों को फूड पैकेट वितरित किए गए और उनके साथ समय बिताया गया। सारथी संस्था के सहयोग से झुग्गियों में रहने वाले लोगों को गर्म वस्त्र बांटे गए।

## गोल्ड मेडलिस्ट स्नेहा का कोटडी व्यास में जोरदार स्वागत

## 69th स्कूल नेशनल गेम में जीता गोल्ड मेडल

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** सिरमौर के विकासखंड पांवटा साहिब की पंचायत कोटडी व्यास में गोल्ड मेडलिस्ट प्लेयर स्नेहा का ग्रामीणों व खिलाड़ियों व स्कूल प्रशासन ने स्वागत किया। पिछले कल संपन्न हुई 69 स्कूल गेम गर्ल्स घुमारवीं हिमाचल प्रदेश टीम ने इस प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल प्राप्त किया है। जिसमें शहीद कमल कांत मेमोरियल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोटडी व्यास की खिलाड़ी छात्रा स्नेहा उस टीम का हिस्सा रही है। इस उपलब्धि पर स्कूल प्रशासन ने फूलमाला से छात्रा व शारीरिक शिक्षक धर्मेंद्र चौधरी का स्वागत किया।



गोल्ड मेडलिस्ट स्नेहा का स्वागत करते लोग। अनंत ज्ञान

## पर्यटन में उभरता सिरमौर

### सिरमौर जिले में 160 होमस्टे और 'सिरमौर का क्यूजीन' से पर्यटन की उभरी नई पहचान

# 11 लाख पर्यटक आने से पहाड़, परंपरा व स्वाद ने बनाया नया टूरिज्म मॉडल

अनंत ज्ञान

**बीआर चौहान, राजगढ़।** जिला सिरमौर में पर्यटन अब केवल पहाड़ और मंदिरों तक सीमित नहीं रहा। वर्ष 2025 के अंत तक जिले में करीब 11 लाख पर्यटकों की आमद दर्ज की गई है, जो अपने आप में एक बड़ा संकेत है कि सिरमौर अब प्रदेश के उभरते पर्यटन जिलों में मजबूती से अपनी जगह बना रहा है।

मौसम में आए बदलाव, डिजिटल मीडिया पर सिरमौर के पारंपरिक हिमाचली व्यंजनों की बढ़ती मौजूदगी और प्राकृतिक वातावरण में ठहरने की चाह ने यहां के होमस्टे टूरिज्म को नई उड़ान दी है। वर्तमान में जिला सिरमौर में लगभग 160 होमस्टे पंजीकृत हैं, जिनमें 150 पुराने और 10 नए पंजीकरण शामिल हैं। राज्य सरकार और पर्यटन विभाग की ओर से भी होमस्टे को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री द्वारा भी होमस्टे के ऑनलाइन पंजीकरण पर विशेष जोर दिया गया है। प्रदेश होमस्टे नियम-2025 के तहत जिले की सभी होमस्टे इकाइयों को अधिसूचना जारी होने के तीन माह के भीतर जिला पर्यटन विकास अधिकारी के पास पंजीकरण करवाना अनिवार्य किया गया है।



सिरमौर का प्रसिद्ध पर्यटन स्थल चूड़धार। अनंत ज्ञान

### होटल, रिसॉर्ट्स पर्यटन को दे रहे मजबूत आधार

**जिले** के प्रमुख होटल और रिसॉर्ट्स भी पर्यटन को मजबूत आधार दे रहे हैं। ग्रैंड व्यू रिजॉर्ट, जमटा, सलानी रिसोर्ट सेन वाला नहान होटल जय क्लार्क, होटल ब्लैक मैंगो, काला अंब और सरांहा स्थित होटल यूनिवर्स बेहतर सेवाओं, सुविधाजनक लोकेशन और आरामदायक ठहराव के चलते पर्यटकों की पहली पसंद बनते जा रहे हैं। धार्मिक पर्यटन सिरमौर की रीढ़ बना हुआ है। श्री रेणुका जी, बाला सुंदरी मंदिर त्रिलोकपुर, भुर्शिग महादेव पच्छाद, श्रृंग ऋषि की गुफाएं बागथन, चूड़धार स्थित चूड़ेश्वर महादेव, हरिपुरधार मां भगांइनी मंदिर, नाहन की मां काली मंदिर, पांवटा साहिब का ऐतिहासिक गुरुद्वारा, पातालेश्वर महादेव, पौड़ी वाला शिव मंदिर और आदि बद्री स्थित मां सरस्वती का उद्गम स्थल जिले को धार्मिक नक्शे पर विशेष पहचान दिलाते हैं। पर्यटन विभाग अब भविष्य की दिशा भी तय कर रहा है। एडवेंचर टूरिज्म के साथ-साथ ट्रैकिंग, नेचर वॉक, फॉरेस्ट स्टे और ग्रामीण पर्यटन की संभावनाओं पर भी मंथन किया जा रहा है। इसके अलावा केंद्र सरकार के हालिया बजट में सामने आए हेल्थ टूरिज्म के विज़न को सिरमौर में लागू करने की संभावना भी तलाशी जा रही है। प्राकृतिक वातावरण में नेचर ट्रीटमेंट और वेलनेस यूनिट स्थापित कर न केवल पर्यटकों को आकर्षित किया जा सकता है, बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी पैदा हो सकते हैं।

### प्राकृतिक वातावरण के बीच पारंपरिक होमस्टे

**सिरमौर** की खास पहचान अब उसके क्यूजीन टूरिज्म से भी बन रही है। हरिपुरधार स्थित मानव हिल रिजॉर्ट, बढ़ियालटा इसका बड़ा उदाहरण है, जहां प्राकृतिक वातावरण के बीच पारंपरिक होमस्टे व्यवस्था, स्थानीय उत्पादों से बना ट्रेडिशनल फूड और महिलाओं के समूहों द्वारा तैयार किया गया 'शी-हाट' स्वाद पर्यटकों को खासा आकर्षित कर रहा है।

### चूड़धार चोटी में चूड़ेश्वर महादेव मंदिर व अन्य भवन

**जिला** पर्यटन विकास अधिकारी पदमा नेगी ने बताया कि आने वाले समय में होमस्टे और होटल संचालकों के सहयोग से फूड फेस्टिवल आयोजित किए जाएंगे, जिसमें प्राकृतिक खेती से उत्पादित सब्जियां, फल और पारंपरिक व्यंजनों के जरिए सिरमौर की फूड कल्चर को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का प्रयास किया जाएगा। कुल मिलाकर 11 लाख पर्यटकों की आमद संकेत है कि सिरमौर अब पहाड़ी जिला नहीं, बल्कि परंपरा, प्रकृति, स्वाद और संभावनाओं का समृद्ध पर्यटन केंद्र बनकर उभर रहा है।

## सरकार के सकारात्मक निर्णय से रेणुका बांध प्रभावित 152 परिवारों को मिली राहत

अनंत ज्ञान

**एसपी जैरथ, नाहन।** रेणुका बांध परियोजना से प्रभावित परिवारों की लंबित मांगों पर राज्य सरकार ने सकारात्मक निर्णय लिया है। बांध से बेघर हुए परिवारों को भी प्रभावित श्रेणी में शामिल करने पर क्षेत्र में संतोष व्यक्त किया गया। प्रदेश कांग्रेस से जुड़े विधायक विनय कुमार ने कहा कि रेणुका बांध निर्माण से बेघर हुए 152 परिवारों को अब पुनर्वास एवं राहत (आरआर) नीति के तहत भूमिहीन मानकर प्रभावित श्रेणी में शामिल किया गया है। इस निर्णय पर उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने बताया कि हाल ही में उनके नेतृत्व में बांध प्रभावितों का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री से मिला था और लंबित मांगों को विस्तार से रखा गया था। सरकार द्वारा सकारात्मक रुख अपनाए जाने से प्रभावित परिवारों में उम्मीद जगी है। विनय कुमार ने कहा कि श्री रेणुका जी क्षेत्र में सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और पेयजल सुविधाओं के विस्तार को प्राथमिकता दी जा रही है। गिरी नदी पर निर्माणाधीन पुल के शेष कार्य को भी जल्द पूरा करने की दिशा में प्रयास तेज किए गए हैं। नई दिल्ली में कांग्रेस संगठन से संबंधित एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई गई है, जिसमें प्रदेश के पदाधिकारियों की भागीदारी होगी। संगठन सृजन अभियान के तहत प्रदेश और जिला स्तर की कार्यकारिणी को लेकर निर्णय लिए जाने की संभावना जताई गई है। विधायक ने कहा कि राजस्व घाटा अनुदान बंद किए जाने के मुद्दे पर सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई है। इस विषय पर प्रदेशहित में सभी दलों से सहयोग की अपेक्षा जताई गई है।

## न्यूज ब्रीफ

### ईरान के साथ व्यापार किया तो लगेगा अतिरिक्त टैरिफः ट्रंप

**एजेंसी, वॉशिंगटन।** अमेरिका और ईरान के बीच लगातार खींचतान जारी है। इसी कड़ी में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के खिलाफ एक और कड़ा कदम उठाया है।



उन्होंने एक नया आदेश जारी करते हुए कहा है कि जो देश ईरान के साथ व्यापार करेंगे, उन पर अमेरिका अतिरिक्त टैरिफ (आयात शुल्क) लगाएगा। इस फैसले को ईरान पर दबाव बनाने की अमेरिकी रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। नए आदेश के तहत अगर कोई देश ईरान से तेल, गैस, या बाकी सामान खरीदता है या उसके साथ किसी भी तरह का व्यापार करता है, तो अमेरिका उस देश से आने वाले सामान पर 25 फीसदी तक टैरिफ लगा सकता है। ट्रंप प्रशासन का कहना है कि यह फैसला अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति को ध्यान में रखकर लिया गया है। अमेरिका का आरोप है कि ईरान अपनी नीतियों से मिडल ईस्ट में अस्थिरता फैला रहा है। ट्रंप सरकार का मानना है कि ईरान पर आर्थिक दबाव डालकर उसे अपनी गतिविधियां बदलने के लिए मजबूर किया जा सकता है। इसी वजह से अमेरिका पहले भी ईरान पर कई तरह के प्रतिबंध लगा चुका है। इस फैसले का असर उन देशों पर ज्यादा पड़ सकता है, जो ईरान के साथ लगातार व्यापार करते हैं, इनमें चीन, भारत, तुर्की और कुछ खाड़ी देश शामिल हैं। (अनंत ज्ञान)

### देश में ब्रेस्ट कैंसर के 13 प्रतिशत मामले बढ़े

**एजेंसी, नई दिल्ली।** देश में महिलाओं के स्वास्थ्य पर कैंसर का संकट गहराता जा रहा है। राज्यसभा में स्वास्थ्य राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने बताया कि 2021 से 2025 के बीच में ब्रेस्ट कैंसर के नए मामलों और इससे होने वाली मौतों में करीब 13 प्रतिशत की बड़ी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। 2025 में ब्रेस्ट कैंसर के नए अनुमानित मामलों का आंकड़ा 2.40 लाख के पार पहुंचने का अनुमान है, जो स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए एक बड़ी चुनौती है। वहीं, ओवेरियन कैंसर सबसे अधिक खतरनाक साबित हो रहा है। इससे मृत्यु दर लगभग 61 प्रतिशत है। सर्वाइकल कैंसर में मृत्यु दर 54 प्रतिशत और ब्रेस्ट कैंसर में 43 प्रतिशत है। यूपी, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, बंगाल व राजस्थान में सबसे ज्यादा कैंसर के केस हैं। वहीं, बिहार और छत्तीसगढ़ में कैंसर का ग्राफ सबसे तेजी से बढ़ा है। यहां नए मामलों में लगभग 21-22 प्रतिशत और मौतों में करीब 20 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि सरकार 30 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं की अनिवार्य स्क्रीनिंग पर जोर दे रही है, ताकि रोग का जल्द पता चल सके। (अनंत ज्ञान)

### ओवैसी ने हिमंता को कहा '2 रुपए का भिखारी'

**एजेंसी, निजामाबाद।** एआईएमआईएम अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने निजामाबाद रैली में असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा के मियां मुस्लिम बयान पर तीखी प्रतिक्रिया दी। ओवैसी ने कहा कि मुझे पता है तुम 2 रुपए के भिखारी हो, क्या मैं ये पैसे तुम्हारे अकाउंट में ट्रांसफर कर दूं। इससे पहले हिमंता ने कहा था कि अगर मियां मुस्लिम 5 रुपए मांगें, तो केवल 4 रुपए दें। ओवैसी ने रैली में कहा कि संविधान सबको बराबर का अधिकार देता है और पीएम या सीएम के साथ किसी तरह का भेदभाव सही नहीं है। ओवैसी ने पाकिस्तान की टीम के ज्ज20 वर्ल्ड कप में भारत में मैच नहीं खेलने के फैसले पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि भारत मेजबानी कर रहा है, लेकिन सरकार चुप है और चीन मामले पर भी खामोश रहती है। तेलंगाना नगर निगम चुनावों से पहले आयोजित इस रैली में ओवैसी ने एमएम नरवण की अनपब्लिश किताब और पीएम के राज्यसभा भाषण पर भी अपनी राय रखी। (अनंत ज्ञान)

### इस्लामाबाद मस्जिद धमाकाः 3 गिरफ्तार

**एजेंसी, नई दिल्ली।** पाकिस्तान में पुलिस ने 3 लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनमें दो भाई और एक महिला शामिल हैं। ये तीनों इस्लामाबाद की खदीजा अल-कुबरा शिया मस्जिद में शुक्रवार को हुए आत्मघाती हमले से जुड़े बताए जा रहे हैं। इस हमले में 31 लोग मारे गए और 169 घायल हुए थे। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ जारी है और जांच एजेंसियां पूरी साजिश का पता लगाने में जुटी हैं। इस घटना पर भारत ने कड़ी प्रतिक्रिया दी। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत के शामिल होने का दावा निराधार है और पाकिस्तान अपनी परेशानियों के लिए दूसरों को दोषी ठहरा रहा है। मंत्रालय ने कहा कि पाकिस्तान खुद को ही धोखा दे रहा है। यह बयान पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के दावे के बाद आया, जिसमें उन्होंने हमले में भारत और अफगानिस्तान की संलिप्तता बताई थी। (अनंत ज्ञान)

# समंदर के ऊपर गरजेगा राफेल का भाई, दुश्मनों का फट जाएगा सीना

## सुखोई-30 और ग्रिपेन जेट्स के साथ संचालन कौशल साझा करेंगे दोनों देशों के पायलट

**एजेंसी, नई दिल्ली**



भारतीय सेना के तीनों अंग और मित्र देशों की सेनाएं ऑपरेशन सिंदूर के सफल आयोजन के बाद लगातार अभ्यास में जुटी हैं। इसी कड़ी में साल 2026 का पहला द्विपक्षीय अभ्यास भारतीय वायुसेना और रॉयल थाईलैंड एयर फोर्स के बीच 9 फरवरी को अंडमान के पास नॉर्थ मलक्का स्ट्रेट में आयोजित किया जाएगा।

अभ्यास में भारतीय वायुसेना के फ्रंटलाइन सुखोई-30 फाइटर जेट और थाईलैंड के ग्रिपेन एयरक्राफ्ट हिस्सा लेंगे। इसके अलावा मिड एयर रिफ्यूलर टैंकर और एडब्ल्यूएसीएस सिस्टम भी तैनात रहेंगे। चार से छह विमान दोनों देशों की ओर से अभ्यास में शामिल होंगे। सर्च एंड रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए समुद्र में जहाजों की तैनाती भी की जाएगी।

रक्षा अधिकारियों के अनुसार अभ्यास का मुख्य उद्देश्य वायुसेनाओं के बीच समन्वय बढ़ाना, बेहतरीन ऑपरेशनल प्रैक्टिस साझा करना और द्वीप क्षेत्रों में लॉजिस्टिक एंड्यूरेंस की क्षमता परखना है। सुखोई-30 विमान अंडमान एयरबेस से टेकऑफ करेंगे, जबकि ग्रिपेन थाईलैंड के एयरबेस से उड़ान भरेंगे।

ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारतीय वायुसेना लगातार मल्टीनेशनल अभ्यास कर रही है। अगले दो महीनों में फ्रांस, अमेरिका और ग्रीस के साथ बड़े अभ्यास प्रस्तावित हैं।

भारत और थाईलैंड के द्विपक्षीय रक्षा संबंध लुक ईस्ट नीति (बाद में एक्ट ईस्ट नीति) के तहत मजबूत हुए हैं। मई 2003 में सुरक्षा सहयोग शुरू किया गया और 15 जनवरी 2012 को संयुक्त अभ्यास और समुद्री गश्त, आतंकवाद व तस्करी रोधी प्रयासों, अधिकारी प्रशिक्षण और अनुभव आदान-प्रदान पर समझौता ज्ञापन (स्र्थ) पर हस्ताक्षर किए गए। (अनंत ज्ञान)

# 2026 तक सभी विधानसभाएं एक डिजिटल प्लेटफॉर्म पर : ओम बिरला

◆ बिहार विधानसभा स्थापना दिवस पर बोले–सशक्त विधायक से ही मजबूत लोकतंत्र, पारदर्शी शासन की नींव

**एजेंसी, पटना**

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शनिवार को बिहार विधानसभा के स्थापना दिवस के अवसर पर विधान मंडल के सेंट्रल हॉल में आयोजित समारोह में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने सदस्यों को 'सशक्त विधायक-सशक्त लोकतंत्र' विषय पर संबोधित किया।



अपने व्याख्यान में ओम बिरला ने कहा कि जिस सभागृह के जनप्रतिनिधि नियमों, प्रक्रियाओं, परंपराओं और संविधान की गहरी समझ रखते हैं तथा जनता की अपेक्षाओं को सही ढंग से सदन में रखते हैं, उसी से सदन की गरिमा और नेतृत्व सशक्त होता है। उन्होंने घोषणा की कि 2026 तक देश के सभी राज्यों की विधानसभाओं की कार्यवाहियों का डिजिटलीकरण कर उन्हें एक साझा प्लेटफॉर्म पर लाया जाएगा। कई राज्यों में यह प्रक्रिया पहले ही पूरी हो चुकी है। इससे सभी जानकारियां एक जगह उपलब्ध होंगी और विधायकों की कार्यक्षमता बढ़ेगी।

उन्होंने कहा कि किसी भी सदन की असली ताकत उसके जनप्रतिनिधि होते हैं। कितने ही अच्छे नियम बना लिए जाएं, लेकिन यदि जनप्रतिनिधि मर्यादा और जिम्मेदारी नहीं निभाते, तो सदन की गरिमा प्रभावित होती है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि सदन में मर्यादा और सशक्त विधायक से ही शासन में पारदर्शिता आती है और कार्यपालिका पर प्रभावी नियंत्रण संभव होता है। उन्होंने कहा कि आज जरूरत है कि शासन में पारदर्शिता हो, प्रशासन में जवाबदेही हो और समाज के अंतिम व्यक्ति की आवाज सदन के माध्यम से सरकार तक पहुंचे।

उन्होंने जनप्रतिनिधियों से बेहतर संवाद और निरंतर अध्ययन का आह्वान किया और स्थापना दिवस के अवसर पर सभी विधायकों को शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर ओम बिरला ने एनईवीए (नेशनल ई-विधान एप्लीकेशन) के तहत संचालित डिजिटल हाउस का उद्घाटन भी किया। बिहार विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने उन्हें अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। समारोह में राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश और केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू भी उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

# यौन शोषण मामले में ब्रिटेन में डॉक्टर को 24 साल जेल की सजा

**एजेंसी, लंदन**

एक सामान्य चिकित्सक मनीष शाह को महिला मरीजों के साथ यौन शोषण के गंभीर मामलों में दोषी पाए जाने पर अदालत ने तीन आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने उसे 'धोखे का उस्ताद' करार देते हुए कहा कि उसने अपने पेशे, अधिकार और मरीजों के भरोसे का योजनाबद्ध तरीके से दुरुपयोग किया। शाह ने 15 से 39 वर्ष की आयु की 24 महिला मरीजों को अनावश्यक अंतरंग जांच के लिए राजी कर करीब 90 यौन हमले किए।

अदालत में सामने आया कि शाह ने एंजेलीना जोली और जेड गुडी जैसी मशहूर हस्तियों के कैंसर से जुड़े मामलों का हवाला देकर महिलाओं में भय पैदा किया और उन्हें जांच के लिए तैयार किया। उसने चिकित्सा दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करते हुए 25 वर्ष से कम उम्र की स्वस्थ महिलाओं का स्मीयर टेस्ट किया और 50 वर्ष से कम उम्र की महिलाओं की स्तन जांच की। कई मामलों में वह बिना दस्ताने जांच करता था और सहायक की मौजूदगी से जुड़े नियमों को भी नजरअंदाज करता था।

न्यायाधीश ऐनी मोलिनक्स क्यूसी ने कहा कि शाह ने चापलूसी और भय का इस्तेमाल कर अपने पद का दुरुपयोग किया और यह विश्वास का घोर उल्लंघन है। अभियोजन पक्ष के अनुसार, उसके कृत्यों के कारण कई पीड़ित महिलाओं को गहरी मानसिक पीड़ा झेलनी पड़ी और वे अब पुरुष डॉक्टरों से इलाज कराने में भी असहज महसूस करती हैं। अदालत ने माना कि ये अपराध वर्षों तक योजनाबद्ध तरीके से किए गए, जिनसे पीड़ितों को गंभीर मानसिक आघात पहुंचा और स्वास्थ्य व्यवस्था में भरोसे को भी नुकसान हुआ। (अनंत ज्ञान)

# हिंदू राष्ट्र का सपना देखने वाले नेपाल के इतिहास से लें सीख : अरशद मदनी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने हिंदू राष्ट्र की मांग को लेकर एक बार फिर तीखा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि हिंदू राष्ट्र का सपना देखने वालों को पड़ोसी देश नेपाल के इतिहास से सबक लेना चाहिए। मदनी ने कहा कि नेपाल में भी एक समय हिंदू राष्ट्र की व्यवस्था लागू की गई थी, लेकिन वह ज्यादा समय तक टिक नहीं सकी और आखिरकार वहां लोकतांत्रिक संविधान के तहत नई व्यवस्था अस्तित्व में आई।



बोले-इस्लाम का चिराग बुझाने वाले खुद मिट गए

उनका कहना है कि यही उदाहरण बताता है कि किसी भी देश की तरक्की, स्थिरता और शांति लोकतंत्र और संविधान से ही संभव है, न कि किसी एक धर्म को राष्ट्र पर थोपकर।

मदनी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर किए में पोस्ट में लिखा कि नफरत के सौदागर और हिंदू राष्ट्र का सपना देखने वालों को नेपाल से सबक लेना चाहिए। मदनी ने कहा कि इतिहास गवाह है कि जब-जब किसी देश में एक खास विचारधारा या धर्म को थोपने की कोशिश की गई, वहां अंततः वह व्यवस्था ढह गई और जनता ने लोकतांत्रिक मूल्यों को चुना। (अनंत ज्ञान)

# यूक्रेन के ऊर्जा ठिकानों पर रूस ने दागे 400 ड्रोन और 40 मिसाइलें

**एजेंसी, कीव**



यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लोदिमीर जेलेंस्की ने कहा है कि रूस ने यूक्रेन के ऊर्जा ढांचे पर बड़े पैमाने पर हमला करते हुए 400 से अधिक ड्रोन और लगभग 40 मिसाइलें दागीं। हमलों में पावर ग्रिड, बिजली संयंत्रों और डिस्ट्रीब्यूशन सबस्टेशनों को निशाना बनाया गया, जिससे कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई।

जेलेंस्की ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर तस्वीरें साझा करते हुए कहा कि रूस कूटनीति के रास्ते पर चलने के बजाय लगातार हमले कर रहा है और ठंड को हथियार के तौर पर इस्तेमाल कर रहा है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से कड़ी प्रतिक्रिया देने की अपील की। यूक्रेनी अधिकारियों के मुताबिक शुक्रवार और शनिवार की दरमियानी रात हुए हमलों में वोलिन, इवानो-फ्रैंकिवस्क, लविव और रिव्ने क्षेत्रों को नुकसान पहुंचा है।

रिव्ने में एक अपार्टमेंट इमारत क्षतिग्रस्त हुई, जबकि विन्नित्सिया क्षेत्र के लेडीझिन में ड्रोन हमले से एक कृषि कॉलेज की प्रशासनिक इमारत को नुकसान हुआ। कीव और खार्किव क्षेत्रों में भी हमले दर्ज किए गए, जहां कुछ इलाकों में एयर डिफेंस ऑपरेशन जारी हैं। इस बीच, हाल ही में अमेरिका की मध्यस्थता में हुई बातचीत के बावजूद युद्धविराम और क्षेत्रीय विवादों पर कोई ठोस सहमति नहीं बन सकी है। (अनंत ज्ञान)

# सोनीपत में 24 एकड़ की अवैध कॉलोनियों पर चला पीला पंजा

**अनंत ज्ञान**



**सोनीपत।** जिले में अवैध कॉलोनियों और अनाधिकृत निर्माणों पर रोक लगाने के लिए प्रशासन ने सख्त अभियान चलाया। उपायुक्त सुशील सारवान के निर्देश पर जिला नगर योजनाकार विभाग ने प्रारंभिक स्तर पर ही अवैध गतिविधियों को खत्म करने की कार्रवाई की।

शनिवार को गांव जवाहरी में राष्ट्रीय राजमार्ग 352 ए और कामी रोड के पास लगभग 24 एकड़ क्षेत्र में विकसित तीन अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त किया गया। इन कॉलोनियों में कच्चा रोड नेटवर्क तैयार किया गया था, चार बाउंड्री वॉल बनाई गई थीं और एक वाणिज्यिक निर्माणाधीन संरचना खड़ी की जा रही थी। जिला प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और सभी अवैध निर्माणों को समाप्त कर दिया। जिला नगर योजनाकार अजमेर सिंह ने आमजन से अपील की कि वे अवैध कॉलोनियों में प्लॉट न खरीदें। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसी कॉलोनियों में सड़क, पानी, सीवरेज और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं होतीं, जिससे लोगों की मेहनत की कमाई खतरे में पड़ सकती है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि जिले में किसी भी अवैध कॉलोनी के निर्माण की अनुमति नहीं दी जाएगी। यदि कोई व्यक्ति अवैध कॉलोनी विकसित करता पाया गया, तो उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी। नगर योजनाकार ने कहा कि कॉलोनी खरीदने से पहले उसकी वैधता की पुष्टि अवश्य करें। प्रशासन ने यह भी बताया कि इस कार्रवाई का उद्देश्य लोगों को धोखे से बचाना और नियमों का सख्ती से पालन कराना है। इस अभियान के तहत यह संदेश दिया गया कि अवैध निर्माण बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे और प्रशासन लगातार निगरानी रखेगा, ताकि जिले में नियमों का उल्लंघन रोक सके और कानून के तहत कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

## फरीदाबाद में अवैध हथियार सहित तीन आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस द्वारा अवैध हथियार रखने वालों के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में पुलिस की क्राइम ब्रांच की विभिन्न शाखाओं ने कार्रवाई करते हुए अलग-अलग मामलों में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से तीन देसी कट्टा बरामद किए हैं। पुलिस प्रवक्ता ने शनिवार को बताया कि क्राइम ब्रांच सेक्टर 65 की टीम ने अपने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी लक्ष्मण(25) निवासी संजय कॉलोनी सेक्टर 58 फरीदाबाद को देसी कट्टे सहित कैली बाई पास के पास से, क्राइम ब्रांच एनआईटी की टीम ने सोनू शेख (24) निवासी सूर्य विहार पार्ट 3 फरीदाबाद को देसी कट्टे सहित पल्ला एरिया से व क्राइम ब्रांच उंचा गांव की टीम ने राकेश (31) निवासी पर्वतीय कालोनी सारन फरीदाबाद को दशहरा ग्राउंड बल्लभगढ़ के पास से देसी कट्टे सहित गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ संबंधित थाना में शस्त्र अधिनियम की धारा के अंतर्गत मामले दर्ज किए गए हैं। सभी आरोपितों को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

# सिरसा में कर्मचारियों ने फूंका मंत्री राव नरबीर सिंह का पुतला

**अनंत ज्ञान**



**सिरसा।** हरियाणा सरकार के उद्योग मंत्री राव नरबीर सिंह द्वारा फायर विभाग के कर्मचारियों के खिलाफ आपत्तिजनक बयान के विरोध में शनिवार को कर्मचारियों ने सिरसा में मंत्री नरबीर सिंह का पुतला फूंका और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि अगर समय रहते मंत्री द्वारा कर्मचारियों से माफी नहीं मांगी गई तो आगामी समय में अनिश्चितकालीन हड़ताल की जाएगी।

फायर विभाग यूनियन के जिला प्रधान राजेश खिचड़ ने कहा कि सरकार के किसी भी मंत्री द्वारा ऐसा आपत्तिकजनक बयान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भाजपा सरकार भी ऐसा आश्वासन दे कि भविष्य में किसी भी मंत्री द्वारा ऐसा आपत्तिजनक बयान नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मंत्री जल्द से जल्द माफी मांगें। कर्मचारी नेता राजेश खिचड़ ने कहा कि सरकार कर्मचारियों की मांगों को पूरा करें, अन्यथा 12 फरवरी को प्रस्तावित राष्ट्र व्यापी हड़ताल में एक-एक कर्मचारी भाग लेगा और पूरे भारत में चक्का जाम होगा। इस मौके पर कर्मचारी नेता सुखदेव सिंह, मदनलाल खोथ, रमेश सनी, ललित सोलंकी, रमेश, अजय पासी, महेंद्र शर्मा, अशोक पटवारी, बाबूलाल, नरेश व कुलदीप सहित फायर विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय सम्मेलन के लिए आज चंडीगढ़ में जुटेंगे भारत के प्रमुख थायरॉइड विशेषज्ञ

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** इंडियन थायरॉइड सोसायटी (आईटीएस) अपने प्रतिष्ठित मिड-टर्म राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन 8 फरवरी को चंडीगढ़ में करने जा रही है, जिसमें देशभर से 350 से अधिक प्रतिष्ठित एंडोक्राइनोलॉजिस्ट, सर्जन एवं थायरॉइड विशेषज्ञ भाग लेंगे। यह सम्मेलन भारत में थायरॉइड उपचार, अनुसंधान और क्लिनिकल उत्कृष्टता को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि सिद्ध होगा। इस सम्मेलन में केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगे।

इंडियन थायरॉइड सोसायटी के प्रेसीडेंट लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) डॉ. नरेंद्र कोटवाल सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे। उनके दूरदर्शी नेतृत्व में आईटीएस ने थायरॉइड अनुसंधान को सशक्त करने, क्लीनिकल प्रैक्टिस में सुधार लाने और देशभर में रोगी देखभाल के मानकों को ऊंचा उठाने के लिए एक प्रमुख राष्ट्रीय मंच के रूप में अपनी भूमिका को और मजबूत किया है। आयोजन सचिव डॉ. सचिन मित्तल के अनुसार, सम्मेलन में थायरॉइड विकारों पर व्यापक मंथन किया जाएगा, जो भारत में एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती बने हुए हैं और 4.2 करोड़ से अधिक भारतीयों को प्रभावित कर रहे हैं। यह सम्मेलन विशेषज्ञों को विचार साझा करने, विकसित होती निदान रणनीतियों की समीक्षा करने और प्रमाण-आधारित उपचार प्रोटोकॉल को परिष्कृत करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करेगा।

# बधिर एवं मूक विद्यालय के छात्रों के लिए करवाई चित्रकला प्रतियोगिता



**अनंत ज्ञान**

**चंडीगढ़।** लायंस क्लब चंडीगढ़ (होस्ट) ने हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड के सहयोग से उनके चल रहे अभियान 'सक्षम-तेल एवं गैस संरक्षण, हरित पर्यावरण' के अंतर्गत सेक्टर-18, चंडीगढ़ स्थित बधिर एवं मूक विद्यालय के विद्यार्थियों के लिए एक चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया।

इस अवसर पर क्लब द्वारा पीजीआईएमईआर के सहयोग से विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क श्रवण जांच शिविर भी लगाया गया। शिविर का नेतृत्व डॉ. धरमवीर, एसोसिएट प्रोफेसर, डॉ. जय मंती बक्शी, विभागाध्यक्ष (ईएनटी) तथा उनकी टीम के डॉ. अंकित एवं डॉ. पायल ने किया। शिविर में कुल 30 विद्यार्थियों की जांच की गई।

चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार लायन एचएस अटवाल, अध्यक्ष, लायंस क्लब चंडीगढ़ द्वारा लायन एमएस संधू एवं लायन जगदीश कुमार, सचिव की उपस्थिति में एचपीसीएल की ओर से वितरित किए गए।

**मौसम** अगले 2 दिन मौसम साफ, लेकिन न्यूनतम तापमान कम

# उत्तर भारत में कोहरा और शीतलहर पहाड़ों में बारिश-बर्फबारी का अलर्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

उत्तर भारत में फिलहाल मौसम में उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है। पिछले दिनों बारिश और ओलावृष्टि के कारण सर्दी का ग्राफ कायम है। फिलहाल, अगले 2 दिन तक मौसम साफ रहने का अनुमान है, लेकिन शीतलहर और कोहरे के कारण न्यूनतम तापमान निचले स्तर पर रहेगा, जिससे लोगों को कड़ाके की ठंडी का एहसास होता रहेगा।

मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि अगले 24 से 36 घंटों के दौरान हिमालयी क्षेत्र पर वेस्टर्न डिस्टर्बेंस एक्टिव रहेगा, जिस कारण उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर के कुछ हिस्सों में गरज चमक व आकाशीय बिजली कड़कने के साथ अच्छी खासी बारिश-बर्फबारी होगी। आईएमडी का अनुमान है कि 9 और 10 फरवरी को एक नया पश्चिमी विक्षोभ आएगा, जो पहाड़ों के साथ उत्तर भारत के कुछ राज्यों को प्रभावित कर सकता है। फिलहाल, समूचे उत्तरी हिस्सों पर कोहरा और शीतलहर की मौजूदगी से गलन वाली सर्दी महसूस की जाएगी। वहीं, दक्षिण में तमिलनाडु और अंडमान में बारिश का अलर्ट है।



## राजस्थान-छत्तीसगढ़ में फरवरी के पहले हफ्ते ही पारा 30 डिग्री पार

**देशभर** में मौसम बदल रहा है। मध्य प्रदेश में सर्दी फिर से बढ़ गई, वहीं राजस्थान और छत्तीसगढ़ में फरवरी के पहले ही हफ्ते में तापमान 32एष्ट का आंकड़ा पार कर गया। हरियाणा के कई जिलों में पारा 25एष्ट तक पहुंचा गया है। मौसम विभाग के मुताबिक हिमाचल और उत्तराखंड में 9 फरवरी से बारिश-बर्फबारी होने की संभावना है। उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिलों में 3000 मीटर से ज्यादा ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी हो सकती है।

# पंचकूला गोल्फ लीग सीजन-2: चौथे दिन के बाद ग्रुप-बी की तस्वीर हुई साफ

**अनंत ज्ञान**

**पंचकूला।** पंचकूला गोल्फ लीग सीजन-2 के चौथे दिन के मुकाबलों के बाद ग्रुप-बी की अंकतालिका काफी हद तक स्पष्ट हो गई है। दो-दो मैच पूरे कर चुकी सभी टीमों के बीच क्वालिफिकेशन की दौड़ रोमांचक मोड़ पर पहुंच गई है।

चौथे दिन के बाद हंसा लीजेंड्स शीर्ष स्थान पर हैं। टीम ने 662 गेम प्वॉइंट्स और 37 बोनस पॉइंट्स के साथ कुल 699 अंक जुटाए। वहीं, टी बर्ड्स 695 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं और बोनस प्वॉइंट्स में बराबरी के चलते शीर्ष स्थान की लड़ाई और कड़ी हो गई है।

पार-टी क्रैशर्स ने 683 अंकों के साथ स्थिर प्रदर्शन जारी रखा, जबकि गोल्फिंग ईगल्स 681 अंकों के साथ उनसे कुछ ही पीछे हैं। मध्य तालिका में फैंटास्टिक फोर्स 594, विक्ट्री वेव्स 591 और रेजिंग बुल्स 588 अंकों के साथ करीबी मुकाबले में हैं। दो मैचों के बाद गोल्फिंग पैंथर्स 573 अंकों के साथ तालिका में सबसे नीचे हैं।

# दिल्ली बाइकर मौत मामला : गड्ढे पर कोई लाइट या बैरिकेड नहीं, सब-कॉन्ट्रैक्टर काबू

**एजेंसी, नई दिल्ली**

जनकपुरी में मोटरसाइकिल सवार कमल भयानी (25) की 5 फरवरी की देर रात कंस्ट्रक्शन साइट पर खोदे गए गड्ढे में गिरने से मौत हो गई। एफआईआर में कहा गया है कि साइट पर कोई वॉर्निंग साइन, बैरिकेड या लाइटिंग नहीं थी और कोई गार्ड भी तैनात नहीं था। गड्ढा बिना किसी सुरक्षा उपाय के खुला छोड़ दिया गया था।

दिल्ली पुलिस ने इस मामले में साइट के सब-कॉन्ट्रैक्टर राजेश प्रजापति को गिरफ्तार किया। जांच में पता चला कि उसे घंटों पहले ही हादसे की जानकारी थी, लेकिन उसने कोई कार्रवाई नहीं की। दिल्ली के शहरी विकास मंत्री आशीष सूद ने बताया कि लापरवाही के आरोप में तीन इंजीनियरों को सस्पेंड किया गया है और उनके खिलाफ केस दर्ज किया गया है। हादसे की जानकारी 6 फरवरी सुबह पीसीआर कॉल के बाद पुलिस को मिली। (अनंत ज्ञान)

## टी-20 वर्ल्ड कप : आज के मैच

### अफगानिस्तान के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन करना होगा न्यूजीलैंड को

**एजेंसी, चेन्नई।** उलटफेर करने में माहिर अफगानिस्तान जैसी खतरनाक टीम के खिलाफ न्यूजीलैंड को टी-20 विश्व कप के ग्रुप डी के पहले मैच में रविवार को खेल के हर विभाग में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। विश्व कप से पहले इस प्रारूप में न्यूजीलैंड का प्रदर्शन अपेक्षा के अनुरूप नहीं रहा है और भारत ने उसे श्रृंखला में 4-1 से हराया। टिम सीफर्ट और फिन एलेन के आने से शीर्षक्रम मजबूत लग रहा है लेकिन रचिन रविंद्र, मार्क चैपमैन और डेवोन कोंवे को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। भारत के खिलाफ मध्यक्रम की नाकामी न्यूजीलैंड को बहुत खली है। ऐसे में कोई कोताही महंगी पड़ सकती है क्योंकि इस ग्रुप में दक्षिण अफ्रीका भी है। न्यूजीलैंड को अपने गेंदबाजों के भी फॉर्म में लौटने की उम्मीद होगी जो भारत के खिलाफ काफी महंगे साबित हुए थे। लॉकी फर्ग्युसन ने भारत के खिलाफ एक ही मैच खेला, लेकिन उनकी गेंदों में अतिरिक्त रफ्तार और विविधता देखी गई। उन्हें अफगानिस्तान के खिलाफ अहम भूमिका निभानी होगी। अफगानिस्तान काफी दमदार टी-20 टीम है, जिसने पिछले सप्ताह वेस्टइंडीज का श्रृंखला में सूपड़ा साफ किया। (अनंत ज्ञान)

### इंग्लैंड का सामना आज नेपाल से कैप्टन ब्रूक को टीम पर पूरा भरोसा

**एजेंसी, मुंबई।** दो बार की चैंपियन इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक को उम्मीद है कि टी-20 विश्व कप के पहले मैच में रविवार को उनकी टीम जब नेपाल से खेलेगी तो फोकस वेलिंगटन क्लब में हुई घटना की बजाय मैदान में प्रदर्शन पर रहेगा। टी-20 प्रारूप में दमदार टीमों में से एक इंग्लैंड की कमान ब्रूक के हाथ में है लेकिन एशेज दौरे से पहले रात को नाइटक्लब में एक बाउंसर से हुई उनकी झड़प को लेकर लगातार वह सुर्खियों में रहे हैं। कप्तानों की प्रेस कांफ्रेंस में उनसे उस घटना से जुड़ा सवाल पूछा गया और हरफनमौला विल जैक्स को भी उन सवालों का जवाब देना पड़ा। जैक्स ने कहा,'मैं उस समय न्यूजीलैंड में नहीं था तो मुझे जानकारी नहीं है। वहां उसने गलत फैसला लिया और उसे स्वीकार किया। उसके बाद से वह सकारात्मक राह पर मुड़ गया।' उन्होंने कहा कि उसे पता है कि उसने क्या किया और अब उसे कोई बदल नहीं सकता लिहाजा उसे इतनी तवज्जो देना सही नहीं है। वह चाहता है कि बस क्रिकेट पर ही बात हो। मैदान से बाहर की उस घटना के अलावा इंग्लैंड ने विश्व कप की पुख्ता तैयारी की है और प्रबल दावेदारों में से एक है। (अनंत ज्ञान)

### खराब फॉर्म से जूझ रही श्रीलंका का सामना पहले मैच में आयरलैंड से

**एजेंसी, कोलंबो।** खराब दौर से गुजर रही श्रीलंकाई टीम टी20 विश्व कप ग्रुप बी के अपने पहले मैच में रविवार को आयरलैंड से खेलेगी तो पिछली निराशाओं को भुलाकर अपने घरेलू दर्शकों को मुस्कुराने का मौका देने का इरादा होगा। भारत के साथ टूर्नामेंट की सह मेजबान श्रीलंका की तैयारी अच्छी नहीं रही है। उसे घरेलू टी20 श्रृंखला में इंग्लैंड ने 3 . 0 से हराया। अब श्रीलंका उन गलतियों से सबक लेकर बेहतर प्रदर्शन करना चाहेगा। श्रीलंका की समस्या प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव रही है। इंग्लैंड के खिलाफ दबाव के हालात में उसके बल्लेबाज और गेंदबाज दोनों नहीं चल सके। बारह साल पहले टी20 विश्व कप जीत चुकी श्रीलंका को घरेलू मैदान पर खेलने का फायदा मिलेगा और कागजों पर उसकी टीम मजबूत भी दिख रही है। श्रीलंका को पेचीदा ग्रुप मिला है जिसमें आस्ट्रेलिया भी है। आयरलैंड और जिम्बाब्वे उलटफेर कर सकते हैं और ओमान भी ग्रुप में है। दासुन शनाका की कप्तानी वाली टीम को हरफनमौला प्रदर्शन करना होगा और सीनियर खिलाड़ियों पर बड़ी जिम्मेदारी रहेगी। (अनंत ज्ञान)

### अमेलिया केर खूबसूरत महिला क्रिकेटर

**न्यूजीलैंड** की अमेलिया केर की गिनती दुनिया की सबसे खूबसूरत महिला क्रिकेटरों में होती है। केर ने न्यूजीलैंड की टी20 विश्व कप जीत में अहम भूमिका निभाई थी। हाल में वह महिला प्रीमियर लीग में मुंबई इंडियंस के खेली हैं।



# अंडर-19 चैंपियन को 7.5 करोड़ का इनाम

## भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने खोला खजाना, बेहतरीन प्रदर्शन की तारीफ भी की

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय टीम ने शुक्रवार को रिकॉर्ड छठी बार अंडर-19 वर्ल्ड कप खिताब जीता। आयुष म्हात्रे के नेतृत्व वाली भारतीय टीम ने हरारे में खिताबी मुकाबले में इंग्लैंड को 100 रन से मात देकर ट्रॉफी अपने नाम की। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अंडर-19 वर्ल्ड कप चैंपियन टीम की

**◆ बीसीसीआई के सचिव देवजित साइकिया ने की इनामी घोषणा**

खुशियों में इजाफा करते हुए 7.5 करोड़ रुपए इनामी राशि की घोषणा की। बीसीसीआई सचिव देवजित साइकिया ने टीम के बेहतरीन प्रदर्शन की तारीफ करते हुए इनामी राशि की घोषणा की।

भारत के खिताब जीतने के बाद साइकिया ने कहा कि बोर्ड को गर्व है कि किस तरह युवा टीम ने बड़े मंच पर दबाव में रहते हुए शानदार प्रदर्शन किया। पूरे देश और बीसीसीआई को अपनी अंडर-19 टीम पर अंडर-19 वर्ल्ड कप 2026 जीतने के लिए गर्व है। हमारी टीम ने फाइनल में जिस तरह इंग्लैंड को हराया और पूरे टूर्नामेंट में अजेय रही। हम सभी को गर्व है। बीसीसीआई टीम को 7.5 करोड़ रुपए का नकद पुरस्कार देगी। (अनंत ज्ञान)



### फाइनल मैच में वैभव ने खेली 175 रन की पारी

**भारतीय** टीम को फाइनल मुकाबले में पहले बल्लेबाजी का न्योता मिला। वैभव सूर्यवंशी ने एकतरफा पारी खेलकर इंग्लैंड के गेंदबाजों का दम निकाल दिया। बाएं हाथ के बल्लेबाज ने केवल 80 गेंदों में 175 रन की तूफानी पारी खेली। इस ऐतिहासिक पारी में उन्होंने 15 चौके और 15 छक्के जड़े। वैभव की पारी के दम पर भारत ने 50 ओवर में 9 विकेट खोकर 411 रन का हिमालयीन स्कोर बनाया।



### सूर्यवंशी दो पुरस्कार जीतकर बने हीरो

**लक्ष्य** का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की टीम ने अच्छी शुरुआत करने की कोशिश की, लेकिन भारतीय गेंदबाजों ने नियमित अंतराल पर विकेट लेकर दबाव बना दिया। नतीजा यह रहा कि इंग्लैंड की पूरी टीम 311 रन पर ऑलआउट हो गई। अपनी ऐतिहासिक पारी के लिए वैभव सूर्यवंशी को 'प्लेयर ऑफ द मैच' और 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' दोनों पुरस्कारों से नवाजा गया। उनकी इस शानदार प्रदर्शन ने उन्हें टूर्नामेंट का सबसे बड़ा सितारा बना दिया।

# नीदरलैंड को हराने में भी पाकिस्तान के छूटे पसीने

**एजेंसी, कोलंबो**

पाकिस्तान को टी-20 वर्ल्ड कप-2026 के अपने पहले ही मैच में खूब पसीना बहाना पड़ा। शनिवार को विश्व कप के पहले मैच में नीदरलैंड जैसी कमजोर टीम को हराने में भी पाकिस्तान को सात विकेट गंवाकर आखिरी ओवर तक खेलना पड़ा। निचले क्रम के बल्लेबाज फहीम अशरफ की 11 गेंदों में 29 रन की विस्फोटक पारी की बदौलत ही पाकिस्तान नीदरलैंड को तीन विकेट से हराया। 148 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान ने 10 ओवर में दो विकेट पर 90 रन बना लिए थे, लेकिन इसके बाद लगातार विकेट गंवाने से टीम दबाव में आ गई। इससे पहले नीदरलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.5 ओवर में 147 रन बनाए।

**◆ 7 विकेट खोकर आखिरी ओवर में हासिल किया लक्ष्य**

कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स और बास डि लीडे के बीच चौथे विकेट के लिए 40 रन की साझेदारी हुई, लेकिन इसके बाद पाकिस्तानी गेंदबाजों ने मैच पलट दिया। सलमान मिर्जा ने तीन विकेट लिए, जबकि मोहम्मद नवाज, अबरार अहमद और सईम अयूब ने महत्वपूर्ण विकेट चटकाकर नीदरलैंड को बड़े स्कोर तक पहुंचने से रोक दिया। पाकिस्तान की ओर से साहिबजादा फरहान ने 31 गेंदों में सर्वाधिक 47 रन बनाए, जबकि सईम अयूब ने 13 गेंदों में 24 रन का योगदान दिया। बाबर आजम 18 गेंदों में 15 रन ही बना सके। पॉल वान मीकेरेन ने फरहान और उस्मान खान को आउट किया, जबकि काइल क्लेन और अन्य गेंदबाजों ने मध्य ओवरों में पाकिस्तान को दबाव में रखा, लेकिन अंत में अशरफ ने टीम को संकट से उबार लिया। (अनंत ज्ञान)

### नीदरलैंड को एक कैच छोड़ना पड़ गया भारी

**एक** समय 16.1 ओवर में पाकिस्तान का स्कोर सात विकेट पर 114 रन था और जीत के लिए 34 रन की जरूरत थी। आखिरी दो ओवर में 29 रन चाहिए थे, जहां अशरफ ने लोगान वान बीक की गेंदों पर तीन छक्के और एक चौका लगाया। आखिरी ओवर में चौका जड़कर उन्होंने तीन गेंद शेष रहते पाकिस्तान को जीत दिलाई। इससे पहले 19वें ओवर में अशरफ का कैच छोड़ना नीदरलैंड को भारी पड़ा।

# डेविस कप : नॉर्वे को हराकर ब्रिटेन क्वालिफायर्स के दूसरे दौर में पहुंचा

**एजेंसी, ओस्लो**

ग्रेट ब्रिटेन ने डेविस कप क्वालिफायर्स के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया है। ओस्लो में खेले गए मुकाबले में ब्रिटेन ने नॉर्वे को 3-0 से हराया। निर्णायक डबल्स मुकाबले में जूलियन कैश और लॉयड ग्लासपूल की जोड़ी ने 6-2, 2-6, 7-6(5) से जीत दर्ज कर ब्रिटेन की जीत पक्की की। इस जीत के साथ अब ग्रेट ब्रिटेन का सामना डेविस कप क्वालिफायर्स के दूसरे दौर में इक्वाडोर या ऑस्ट्रेलिया से होगा। इस मुकाबले का विजेता नवंबर में होने वाले फाइनल-8 में जगह बनाएगा। क्वालिफायर्स के दूसरे दौर के मुकाबले सितंबर में खेले जाएंगे।

लियोन स्मिथ की अगुआई वाली ब्रिटिश टीम को इस टाई को जीतने के लिए न्यूनतम मैच खेलने पड़े, क्योंकि नॉर्वे की टीम पहले से ही कमजोर नजर आ रही थी। बुधवार को विश्व नंबर-12 कैस्पर रूड के नाम वापस लेने के बाद नॉर्वे को अंडरडॉग माना जा रहा था। डबल्स में खेल की शीर्ष रैंकिंग जोड़ी कैश और ग्लासपूल को हालांकि कड़ी चुनौती मिली। नॉर्वे की अस्थायी जोड़ी निकोलाई बुडकोव क्यार और विक्टर दुरासोविक ने मुकाबले को निर्णायक टाईब्रेक तक खींच दिया, लेकिन अहम पलों में ब्रिटिश जोड़ी ने अपना दबदबा कायम रखा। इस टाई का सबसे ज्यादा इंतजार किया जा रहा मुकाबला पहला सिंगल्स मैच था, जिसमें ब्रिटेन के नंबर-1 खिलाड़ी जैक ड्रेपर ने लंबे अंतराल के बाद कोर्ट पर वापसी की। अगस्त 2025 के बाद अपना पहला मुकाबला खेल रहे ड्रेपर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विक्टर दुरासोविक को सिर्फ 61 मिनट में 6-2, 6-2 से हरा दिया। ड्रेपर ने उस फॉर्म की झलक दिखाई, जिसकी बदौलत वह पिछले साल करियर की सर्वश्रेष्ठ विश्व नंबर-4 रैंकिंग तक पहुंचे थे। इसके बाद कैम नॉरी ने 19 वर्षीय निकोलाई बुडकोव क्यार के खिलाफ 6-4, 6-4 से जीत दर्ज की। दूसरे सेट में 1-4 से पिछड़ने के बावजूद नॉरी ने दमदार वापसी करते हुए मुकाबला अपने नाम किया।

दो मुकाबलों में बढ़त बनाने के बाद दूसरे दिन ब्रिटेन को सिर्फ एक जीत की जरूरत थी। एटीपी टूर की पिछले साल की नंबर-1 डबल्स जोड़ी कैश और ग्लासपूल ने निर्णायक सेट के टाईब्रेक में दबाव में बेहतरीन खेल दिखाते हुए 6-2, 2-6, 7-6(5) से जीत दर्ज कर टाई अपने नाम कर ली। (अनंत ज्ञान)

# शेफर्ड की हैट्रिक से वेस्टइंडीज ने स्कॉटलैंड को हराया

## शेफर्ड ने 20 रन देकर 5, जेसन होल्डर ने 30 रन देकर झटके 3 विकेट

**एजेंसी, कोलकाता**

रोमारियो शेफर्ड की घातक गेंदबाजी और शिमरोन हेटमायर की विस्फोटक बल्लेबाजी के दम पर वेस्टइंडीज ने आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2026 के अपने पहले मुकाबले में स्कॉटलैंड को 35 रन से हराकर दमदार शुरुआत की। यह मुकाबला शनिवार को ईडन गार्डन्स में खेला गया। 183 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी स्कॉटलैंड की टीम शुरुआत से ही दबाव में दिखी। पावरप्ले में माइकल जोन्स जल्दी आउट हो गए। ब्रैंडन मैकमुलेन और जॉर्ज मंसी ने रन गति बढ़ाने की कोशिश की, लेकिन मैकमुलेन रैंप शॉट खेलते हुए बोल्ड हो गए जबकि मंसी डीप स्क्वेयर लेग पर शिमरोन हेटमायर के शानदार एक हाथ से लपके गए



कैच का शिकार बने। कप्तान रिची बेरिंगटन ने टॉम ब्रूस के साथ पारी संभालने की कोशिश की। दोनों के बीच चौथे विकेट के लिए 78 रन की साझेदारी हुई। इस दौरान ब्रूस को जीवनदान भी मिला, लेकिन जेसन होल्डर ने बेरिंगटन (42 रन) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ दिया। इसके साथ ही होल्डर पुरुष टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 100 विकेट लेने वाले पहले वेस्टइंडियन गेंदबाज बने। मैच यहीं से वेस्टइंडीज के पक्ष में पूरी तरह झुक गया। 17वें ओवर में रोमारियो शेफर्ड ने कहर बरपाते हुए मैथ्यू क्रॉस और माइकल लीस्क को आउट करने के बाद ओलिवर डेविडसन को बिना खाता खोले बोल्ड कर हैट्रिक पूरी की। उसी ओवर में उन्होंने एक और विकेट लेकर पांच विकेट पूरे किए और स्कॉटलैंड की रही-सही उम्मीदें भी खत्म कर दीं। स्कॉटलैंड की पूरी टीम 18.5 ओवर में 147 रन पर सिमट गई। इससे पहले, टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत धीमी रही। 10 ओवर के बाद स्कोर 66/2 था। इसके बाद शिमरोन हेटमायर ने मैच का रुख पूरी तरह बदल दिया। उन्होंने सिर्फ 22 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया, जो पुरुष टी20 विश्व कप में किसी वेस्टइंडियन बल्लेबाज का सबसे तेज़ अर्धशतक है। हेटमायर ने 64 रनों की पारी में कई शानदार छक्के लगाए। उनका साथ रोवमैन पॉवेल और बाद में शेरफेन रदरफोर्ड ने बखूबी निभाया। अंत में रोमारियो शेफर्ड (5/20) और जेसन होल्डर (3/30) की शानदार गेंदबाजी के दम पर वेस्टइंडीज़ ने स्कॉटलैंड को 147 रन पर रोकते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया। (अनंत ज्ञान)

# लवलीना और सचिन ने बॉक्सैम एलीट इंटरनेशनल के फाइनल में बनाई जगह

**एजेंसी, ला नूसिया**

ओलंपिक कांस्य पदक विजेता मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन और विश्व कप स्वर्ण विजेता सचिन सिवाच ने शानदार जीत दर्ज करते हुए 'बॉक्सैम एलीट इंटरनेशनल 2026' के फाइनल में जगह बना ली। इन दोनों के अलावा 10 अन्य भारतीय मुक्केबाज भी फाइनल में पहुंचे हैं। स्वर्ण पदक की दावेदारी में भारत की आठ महिलाएं और चार पुरुष मुक्केबाज शामिल हैं। लवलीना ने 75 किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल में वेल्स की रोजी एक्लेस को 5-0 के सर्वसम्मत फैसले से हराकर दमदार प्रदर्शन किया।

**◆ 10 अन्य भारतीय मुक्केबाजों ने भी फाइनल में बनाई जगह**

महिलाओं के 54 किग्रा वर्ग में भारत का स्वर्ण पदक पक्का हो गया है। एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता प्रीति पवार ने सेमीफाइनल में फ्रांस की आया हम्दी को 5-0 से हराया और अब फाइनल में उनका मुकाबला पूनम से होगा। पूनम ने इंग्लैंड की आइवी-जेन स्मिथ को 4-1 से मात दी। महिलाओं में फाइनल में पहुंचने वाली अन्य भारतीय मुक्केबाजों में मंजू रानी (48 किग्रा), नीतू घंघास (51 किग्रा), प्रिया (60 किग्रा), अरुंधति चौधरी (70 किग्रा) और नैना (80 किग्रा) शामिल हैं।

वहीं, पुरुष वर्ग में 60 किग्रा में सचिन सिवाच ने इंग्लैंड के जैक ड्रायडन को हराकर अपना शानदार फॉर्म जारी रखा। इसके अलावा दीपक (70 किग्रा), आकाश (75 किग्रा) और अंकुश (80 किग्रा) ने भी जीत दर्ज कर भारत के लिए फाइनल में जगह बनाई। दीपक ने सत्र के सबसे शानदार मुकाबलों में से एक में कजाकिस्तान के विश्व मुक्केबाजी कप फाइनल्स के रजत पदक विजेता नुरबेक मुरसल को पहले ही दौर में आरएससी से हराया। आकाश और अंकुश ने कजाकिस्तान के मुक्केबाजों के खिलाफ कड़े मुकाबलों में जीत दर्ज कर स्वर्ण पदक मुकाबले में प्रवेश किया। (अनंत ज्ञान)

### रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल

## उत्तराखंड ने झारखंड के खिलाफ पहली पारी में कायम की बढ़त

**एजेंसी, जमशेदपुर।** अवनीश सुधा, कुणाल चंदेला और जगदीश सुचित की अर्धशतकीय पारियों से उत्तराखंड ने रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल के दूसरे दिन का समापन पांच विकेट पर 282 रन के साथ कर पहली पारी में झारखंड पर बढ़त कायम कर ली है। झारखंड की टीम पहली पारी में 235 रन पर आउट हो गयी थी। उत्तराखंड ने दिन की शुरुआत बिना किसी नुकसान के चार रन से आगे से की। सलामी बल्लेबाज अवनीश सुधा ने 120 गेंदों में 64 रन की संयमित पारी खेली। उन्होंने साथी भूपेन लालवानी (24) के साथ पहले विकेट के लिए 41 रन जोड़े।

कप्तान कुणाल चंदेला ने 112 गेंदों में 68 रन की पारी के दौरान अवनीश के साथ 99 रन की साझेदारी कर झारखंड के गेंदबाजों को परेशान किया। इसके बाद स्पिन हरफनमौला जगदीश सुचित ने 135 गेंदों में 60 रन की नाबाद पारी के दौरान सौरभ रावत (70 गेंदों में 32) के साथ 64 रन की साझेदारी की। उत्तराखंड ने पांच विकेट रहते पहली पारी में झारखंड पर 47 रन की बढ़त कायम कर ली है। स्टंप्स के समय जगदीश के साथ शाश्वत डंगवाल (नाबाद 14) क्रीज पर मौजूद थे। उत्तराखंड के सभी बल्लेबाजों ने बेहद संयमित बल्लेबाजी की और झारखंड के गेंदबाजों को ज्यादा मौके नहीं दिये। टीम के लिए इकलौता छक्का डंगवाल ने लगाया। (अनंत ज्ञान)

# राष्ट्रीय भारोत्तोलन चैंपियनशिप में राजा ने 65 किग्रा में जीता गोल्ड

**एजेंसी, मोदीनगर**

तमिलनाडु के एम राजा ने शनिवार को यहां राष्ट्रीय भारोत्तोलन चैंपियनशिप में पुरुषों के 65 किग्रा वर्ग में राष्ट्रमंडल खेलों के चैंपियन जेरेमी लालरिननुंगा सहित मजबूत प्रतिस्पर्धियों को पछाड़ते हुए स्वर्ण पदक जीता। राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता 26 वर्षीय राजा ने कुल 302 किग्रा (130 किग्रा स्नैच में, 172 किग्रा क्लीन एंड जर्क में) वजन उठाकर पहला स्थान हासिल किया।



सेना खेल नियंत्रण बोर्ड के चारु पेसी ने 296 किग्रा (129 किग्रा और 167 किग्रा) के कुल वजन के साथ रजत पदक हासिल किया। मिजोरम के जेरेमी का प्रदर्शन फीका रहा। 2018 युवा ओलंपिक चैंपियन कुल तीन प्रयासों में असफल रहे, जिसमें दो स्नैच में रहे। उन्हें 295 किग्रा (133 किग्रा और 167 किग्रा) के कुल वजन के साथ कांस्य पदक पर संतोष करना पड़ा। राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप के पूर्व स्वर्ण पदक विजेता शुभम टोडकर का अभियान निराशाजनक रहा। वह 263 किग्रा (118 किग्रा और 145 किग्रा) के कुल वजन के साथ सातवें स्थान पर रहे। सेना के भारोत्तोलक अरुमुगापांडियन महाराजन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए युवा और जूनियर दोनों वर्गों में स्वर्ण पदक अपने नाम किए। उन्होंने 282 किग्रा के कुल वजन से दोनों वर्गों में शीर्ष स्थान हासिल किया। (अनंत ज्ञान)

**◆ मिजोरम के जेरेमी को मिला रजत पदक**

# सोलंग की ढलान पर स्टेट चैंपियनशिप में जोबरंग की प्रकृति ने मनवाया अपना लोहा

## सीनियर सलालम स्नो बोर्डिंग में गोल्ड, जायंट सलालम में जीती चांदी

**अनंत ज्ञान**

**ब्यूरो, कुल्लू।** दिल में कुछ कर दिखाने की इच्छा हो तो मंजिल तक पहुंच पाना मुश्किल नहीं है। ऐसा ही कुछ कर दिखाया है जोबरंग पंचायत के रापे गांव की होनहार बेटी प्रकृति ठाकुर ने, जिनका शीतकालीन खेल स्नोबोर्डिंग चैंपियनशिप में डंका हिमाचल में नहीं, पूरे देश में बजता है। प्रकृति ठाकुर की माता उमा ठाकुर स्कीइंग में परशुराम आवार्ड हासिल करने वाली देश की पहली महिला रही हैं।

अपनी मां से यह प्रेरणा लेकर प्रकृति ठाकुर स्नोबोर्डिंग के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ रही है। अभी मनाली के सोलंग वैली की ढलान में आयोजित स्टेट चैंपियनशिप में जेंट स्लालम स्नोबोर्डिंग



चैंपियनशिप में प्रकृति ठाकुर ने सिल्वर और सीनियर स्लालम स्नोबोर्डिंग चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल हासिल कर एक बार पुनः लाहौल- स्पीति का नाम रोशन किया है! प्रकृति ठाकुर ने इस चैंपियनशिप में लाहौल- स्पीति की ओर से प्रतिनिधित्व किया था! उनकी इस सफलता पर परिवार के लोग ही नहीं बल्कि घाटी के लोग भी गर्व महसूस कर रहे हैं। इससे पूर्व भी प्रकृति ठाकुर ने वर्ष 2025 में जम्मू कश्मीर में आयोजित खेलो इंडिया स्नो बोर्डिंग चैंपियनशिप में भी सिल्वर मेडल हासिल कर हिमाचल का नाम रोशन किया था।

प्रकृति ठाकुर के पिता प्रताप ठाकुर बेटी की उपलब्धि पर बेहद खुश है। वहीं, मनाली के सोलंग की ढलान पर पुनः प्रकृति ठाकुर की दमदार प्रदर्शन पर विधायक लाहौल-स्पीति अनुराधा राणा ने उन्हें बधाई दी है साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की भी कामना की है। विधायक ने कहा कि लाहौल-स्पीति की बेटियां शीतकालीन खेलों में निरंतर आगे बढ़ रही हैं।

### टी-20 वर्ल्ड कप

## श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड के आग्रह पर पीसीबी ने सरकार से बात करने का दिलाया भरोसा

# भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबले की जगी उम्मीद

**एजेंसी, कोलंबो**

टी-20 वर्ल्ड कप-2026 में भारत-पाकिस्तान मुकाबले को लेकर उम्मीद जगी है। श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) से इस मैच पर दोबारा विचार करने की अपील की है। अब पीसीबी 15 फरवरी को होने वाले इस हाई-वोल्टेज मुकाबले के बहिष्कार के फैसले पर सरकार से बातचीत करेगा।

न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने पीसीबी से कहा ने कहा, 'हम भारत के साथ मिलकर इस टूर्नामेंट को होस्ट कर रहे हैं। अगर भारत-पाकिस्तान मैच नहीं होता है तो हमें रेवेन्यू में भारी नुकसान होगा।'

दरअसल, पाकिस्तान ने 1 फरवरी को घोषणा की कि वह टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में हिस्सा लेगा, लेकिन भारत के खिलाफ मैच का बॉयकॉट करेगा। पाकिस्तान सरकार ने यह फैसला इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल के बांग्लादेश को टूर्नामेंट से हटाने के बाद लिया। बांग्लादेश सरकार ने भारत में खेलने को लेकर सुरक्षा चिंता जताई थी।

पाकिस्तान की सरकार ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ पाकिस्तान की सरकार, पाकिस्तान क्रिकेट टीम को आईसीसी वर्ल्ड कप -2026 में हिस्सा लेने की मंजूरी देती है। हालांकि, पाकिस्तान क्रिकेट टीम 15 फरवरी को भारत के खिलाफ होने वाले मैच में मैदान पर नहीं उतरेगी। पिछले साल नवंबर में सुरक्षा चिंताओं के बावजूद श्रीलंकाई सरकार ने अपने खिलाड़ियों को पाकिस्तान दौरा पूरा करने का निर्देश दिया था और उस वक्त श्रीलंका ने पाकिस्तान का मजबूती से साथ दिया था। दूसरी ओर भारतीय टी-29 क्रिकेट टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था कि भारतीय क्रिकेट टीम श्रीलंका में मैच खेलने के लिए तैयार है। (अनंत ज्ञान)

### श्रीलंका ने पीसीबी से कहा इमेज को होगा नुकसान

**इस** मुद्दे को लेकर श्रीलंका क्रिकेट ने पीसीबी को मेल लिखा है। इसमें कहा गया है कि भारत-पाक मैच नहीं होने से श्रीलंका क्रिकेट को आर्थिक नुकसान होगा और टूर्नामेंट की इमेज को भी नुकसान होगा। श्रीलंका इस टूर्नामेंट की मेजबानी भारत के साथ मिलकर कर रहा है।

### पाकिस्तान और श्रीलंका के बीच रिश्ते काफी अच्छे

**पाकिस्तान** और श्रीलंका के बीच सरकार और क्रिकेट स्तर पर हमेशा अच्छे रिश्ते रहे हैं, इसलिए पीसीबी इस अपील को नजरअंदाज नहीं कर सकता। पीसीबी चीफ मोहसिन नकवी से श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष शमी सिल्वा ने संपर्क किया। उन्होंने कहा- भारत-पाक मैच नहीं होने पर टिकट बिक्री और हॉस्पिटैलिटी से होने वाली अतिरिक्त कमाई भी खत्म हो जाएगी। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, मोहसिन नकवी ने भरोसा दिलाया है कि वह इस मुद्दे पर सरकार से बात करेंगे। मीडिया में आई यह खबर भी गलत बताई गई है कि पाकिस्तान ने श्रीलंका की अपील खारिज कर दी है। मोहसिन नकवी फिलहाल देश से बाहर हैं और आज लौट रहे हैं। इस मामले पर सोमवार तक फैसला हो सकता है।